RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 172
लखनऊ, बुधवार, 14 अप्रैल, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
पायनियर
www.dailypioneer.com



मैरी मिलबन ने हिंदू नववर्ष की बधाई दी
विविध-12

# कोरोना के मामलों में जबरदस्त उछाल

## ● प्रदेश में मिले 18021 संक्रमित, 82 की मौत
## ● लखनऊ में 18 की गई जान, 5382 मरीज निकले पॉजिटिव

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** में बीते सोमवार को धीमी पड़ने वाली कोरोना की रफ्तार में मंगलवार को जबरदस्त तेजी देखने को मिली है। बीते चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश में 18021 नए संक्रमित मरीज मिले हैं। इतना ही इस दौरान मौत के आंकड़े में भी इजाफा हुआ है। प्रदेश में एक दिन के अंदर रिकार्ड 85 लोगों की मौत हुई है। वहीं लखनऊ का आंकड़ा पांच हजार पार कर गया है। लखनऊ में 5382 नए मरीज मिले हैं जबकि 18 की मौत हुई है। प्रयागराज में 1856, कानपुर नगर में 1271, वाराणसी में 1404, गाजियाबाद में 199, गौतम बुद्ध नगर में 229, मेरठ में 321, गोरखपुर में 602, बरेली में 271, मुरादाबाद में 155, झांसी में 503, अलीगढ़ में 64, आगरा में 234, सहारनपुर में 135, मुजफ्फरनगर में 150, बलिया में 271, अयोध्या में 139, बाराबंकी में 132, लखीमपुर खीरी में 112, मथुरा में 96, जौनपुर में 156, शाहजहांपुर में 59, देवरिया में 119, रायबरेली में 274, आजमगढ़ में 204, बुलंदशहर में 89, हरदोई में 146, इटावा में 138, गाजीपुर में 289, कुशीनगर में 64, प्रतापगढ़ में 144, महाराजगंज में 83, रामपुर में 49, चंदौली में 75, सोनभद्र में 183, सुलतानपुर में 198, बस्ती में 68, गोंडा में 93, सीतापुर में 77, उन्नाव में 95, फर्रुखाबाद में 72, बिजनौर में 77, अमरोहा में 44, बांदा में 116, हापुड़ में 66, बहराइच में 68, ललितपुर में 125, फिरोजाबाद में 40, बदायूं में 78, जालौन में 78, सिद्धार्थनगर में 38, मिर्जापुर में 118, पीलीभीत में 16, शामली में 48, फतेहपुर में 42, मैनपुरी में 57, अमेठी में 40, औरैया में 84, संत कबीर नगर में 23, संभल में 34, मऊ में 73, एटा में 68, भदोही में 84, बलरामपुर में 41, चित्रकूट में 85, कौशाम्बी में 54, बागपत में 23, कानपुर देहात में 31, अम्बेडकरनगर में 47, कासगंज में 8, हमीरपुर में 47, महोबा में 24, श्रावस्ती में 14 और हाथरस में कोरोना के पांच नए मरीज मिले हैं।



पटना रेलवे स्टेशन पर कोरोना की जांच कराते यात्री

### भारत में संक्रमण के 1,61,736 नए मामले, 879 की मौत

**नई दिल्ली।** भारत में एक दिन में कोरोना वायरस संक्रमण के 1,61,736 नए मामले सामने आने के साथ देश में इस महामारी के मामले बढ़कर 1,36,89,453 हो गए। कोविड-19 से पीड़ित लोगों के ठीक होने की दर और गिर गई, अब यह 89.51 प्रतिशत है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मंगलवार की सुबह आठ बजे के अद्यतन आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। इनमें बताया गया कि संक्रमण के कारण और 879 लोगों की मौत होने से मरने वालों की कुल संख्या 1,71,058 हो गई। संक्रमण के दैनिक मामलों में लगातार 34वें दिन हुई बढ़ोतरी के बीच देश में उपचाराधीन लोगों की संख्या बढ़कर 12,64,698 हो गई है, जो संक्रमण के कुल मामलों का 9.24 प्रतिशत है। देश में सबसे कम 1,35,926 उपचाराधीन मरीज 12 फरवरी को थे और सबसे अधिक 10,17,754 उपचाराधीन मरीज 18 सितंबर 2020 को थे।

### प्रभावित नगरों में पूर्ण लॉकडाउन लगाने पर विचार करे प्रदेश सरकारः उच्च न्यायालय

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

**इलाहाबाद** हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को पूर्ण लॉकडाउन लगाने पर विचार करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने प्रभावित नगरों में राज्य सरकार को दो या तीन हफ्ते के लिए पूर्ण लाकडाउन लगाने पर विचार करने को कहा है। कोर्ट ने कहा है कि सरकार ट्रैकिंग, टेस्टिंग और ट्रीटमेंट योजना में तेजी लाये। खुले मैदानों में अस्थायी अस्पताल बनाकर कोरोना पीड़ितों के इलाज की व्यवस्था करे। जरूरी हो तो संविदा पर स्टाफ तैनात किये जायें। हाईकोर्ट ने सुनवाई की अगली तारीख 19 अप्रैल को सचिव से हलफनामा भी मांगा है। कोर्ट ने कहा कि सड़क पर कोई भी व्यक्ति बिना मास्क के दिखायी न दे। अन्यथा कोर्ट पुलिस के खिलाफ अवमानना कार्यवाही करेगी। कोर्ट ने कहा कि सामाजिक धार्मिक आयोजनों में 50 से अधिक लोग न इकट्ठा हो। कोर्ट ने आज कोरोना मामले को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर यह आदेश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति सिद्धार्थ वर्मा और न्यायमूर्ति अजित कुमार की खंडपीठ ने दिया है। कोर्ट ने कहा है कि नाइट कर्फ्यू छोटा कदम है। नदी में जब तूफान ( शेष पेज 9 )

### योगी ने खुद को किया आइसोलेट

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने खुद को आइसोलेट कर लिया है। उनके दफ्तर के कई अधिकारियों के पॉजिटिव मिलने के बाद सीएम ने यह कदम उठाया है। उन्होंने इस बात की जानकारी ट्वीट करके दी है। सीएम योगी ने लिखा कि मेरे कार्यालय के कुछ अधिकारी कोरोना से संक्रमित हुए हैं। यह अधिकारी मेरे संपर्क में रहे हैं, अत: मैंने एहतियातन अपने को आइसोलेट कर लिया है।

सभी कार्य वर्चुअली प्रारम्भ कर रहा हूं। मुख्यमंत्री के ओएसडी अभिषेक कौशिक, प्रमुख सचिव एसपी गोयल और सीएम के सचिव अमित सिंह संक्रमित हो गए हैं। सीएम आवास के भी दो कर्मचारियों के संक्रमित होने की बात कही जा रही है। कोरोना संक्रमण के मंडराते खतरों के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आइसोलेट करने के साथ ही अपने रूटीन कामकाज का तरीका भी बदला लिया है। सीएम ने आज से टीम 11 की बैठक वर्चुअल करनी शुरू कर दी है। कोरोना से जंग शुरू होने के बाद से सीएम योगी लगभग हर दिन टीम 11 के साथ कोरोना की समीक्षा करते आ रहे थे।

# महाराष्ट्र में आज रात से 15 दिन का कर्फ्यू

## ● पाबंदियां लागू रहने तक धारा 144 लागू रहेगी, आवश्यक सेवाओं को छूट

**पायनियर समाचार सेवा।** पुणे, मुंबई

**महाराष्ट्र** में मंगलवार को कोरोना वायरस संक्रमण के 60,212 नए मामले सामने आए और 281 लोगों की मौत हो गई। वहीं, राज्य सरकार ने हालात पर गौर करते हुए 14 अप्रैल रात आठ बजे से 15 दिनों का राज्यव्यापी कर्फ्यू लगाने की घोषणा की है। राज्य के स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि नए मामलों के सामने आने के साथ राज्य में अब तक संक्रमित हुए लोगों की कुल संख्या बढ़ कर 35,19,208 हो गई, जबकि अब तक कुल 58,526 लोगों की महामारी से मौत हो चुकी है।

संक्रमण के मामले चिंताजनक तरीके से बढ़ने के मद्देनजर मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे नीत महाविकास आघाडी सरकार ने 14 अप्रैल से 15 दिनों का राज्यव्यापी कर्फ्यू लगाने की मंगलवार को घोषणा की। ठाकरे ने राज्य के लोगों को सोशल मीडिया के माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि बुधवार की रात आठ बजे से कर्फ्यू शुरू होगा और आवश्यक सेवाओं को इससे छूट दी गई है। ठाकरे ने कहा कि लॉकडाउन की तरह पाबंदियां लागू रहने तक आपराधिक दंड प्रक्रिया की धारा 144 (निषेधाज्ञा) लागू रहेगी। हालांकि, उन्होंने नई पाबंदियों को लॉकडाउन नहीं कहा। ठाकरे ने कहा कि कोरोना वायरस के कारण जारी निषेधाज्ञा के कारण राज्य सरकार अगले एक महीने तक हर गरीब एवं जरूरतमंद व्यक्ति को तीन किलोग्राम गेहूं और दो किग्रा चावल नि:शुल्क मुहैया कराएगी। वहीं कोरोना वायरस संक्रमण की रोकथाम के लिए महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की घोषणा के पहले वित्तीय राजधानी में मंगलवार शाम लोग अफरा-तफरी में घरों से जरूरी सामान खरीदने के लिए दुकानों में पहुंचने लगे। दूसरी ओर मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराष्ट्र में ऑक्सीजन की आपूर्ति और बिस्तरों की कमी है और रेमडेसिविर की मांग बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि केंद्र को वायुसेना के विमानों का इस्तेमाल कर राज्य में कोरोना वायरस के रोगियों के लिए ऑक्सीजन की आपूर्ति करने में मदद करनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा, कोरोना वायरस के खिलाफ युद्ध एक बार फिर शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि कोविड-19 के मामलों में बढ़ोतरी होने से महाराष्ट्र के स्वास्थ्य ढांचे पर दबाव काफी बढ़ गया है। दूसरी ओर महाराष्ट्र के मंत्री असलम शेख ने मंगलवार को आरोप लगाया कि कुछ सेलिब्रिटी लोग और क्रिकेट खिलाड़ी कथित तौर ( शेष पेज 9 )

### द्वितीय ब्रह्मचारिणी



**दधाना करपद्माभ्यामक्षमाला कमण्डलू।**
**देवी प्रसीदतु मयि ब्रह्मचारिण्यनुत्तमा॥**

मां दुर्गा की नवशक्ति का दूसरा स्वरूप ब्रह्मचारिणी का है। यहां ब्रह्म का अर्थ तपस्या से है। मां दुर्गा का यह स्वरूप भक्तों और सिद्धों को अनंत फल देने वाला है। इनकी उपासना से तप, त्याग, वैराग्य, सदाचार और संयम की वृद्धि होती है। ब्रह्मचारिणी का अर्थ तप की चारिणी यानी तप का आचरण करने वाली। देवी का यह रूप पूर्ण ज्योतिर्मय और अत्यंत भव्य है। इस देवी के दाएं हाथ में जप की माला है और बाएं हाथ में कमण्डल धारण किए हैं।

# प्रधानमंत्री ने संयुक्त वैश्विक प्रयास का किया आह्वान

## ● कोविड-19 महामारी को लेकर रायसीना डायलॉग में बोले मोदी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने कोविड-19 महामारी के खिलाफ जंग में संयुक्त वैश्विक प्रयासों पर बल देते हुए मंगलवार को कहा कि जब तक सभी इसके खिलाफ एकजुट नहीं होंगे, तब तक मानवजाति इसे पराजित करने में समर्थ नहीं होगी। वार्षिक रायसीना डायलॉग को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि कोविड-19 जैसी महामारी आखिरी बार लगभग एक शताब्दी पहले आई थी लेकिन इसके बावजूद आज पूरी दुनिया इस महामारी से जूझ रही है। उन्होंने कहा कि भारत ने इन विषम परिस्थितियों के बीच अपने 130 करोड़ नागरिकों को कोविड-19 से बचाने का प्रयास किया और महामारी से मुकाबला करने में दूसरे देशों की भी सहायता की। प्रधानमंत्री ने कहा कि कोविड-19 महामारी ने दुनिया में एक ऐसी व्यवस्था विकसित करने का अवसर दिया, जिससे मौजूदा समस्याओं और भावी चुनौतियों का निराकरण किया जा सके।

उन्होंने कहा, कोविड-19 महामारी ने हमें अवसर दिया है कि हम वैश्विक व्यवस्था में बदलाव कर सकें और अपनी सोच में परिवर्तन ला सकें। हमें ऐसी व्यवस्था बनानी चाहिए, जिससे आज की समस्याओं और आगामी चुनौतियों का निराकरण हो सके। उन्होंने कहा, हम अच्छी तरह समझते हैं कि मानव जाति इस महामारी को तब तक नहीं हरा पाएगी, जब तक ( शेष पेज 9 )

# बाहरी पर निर्भर हैं टीएमसी, कांग्रेस, वामदलः शाह

## ● कहा, कांग्रेस का नेतृत्व इटली से आया है, तृणमूल वोट बैंक के लिए अवैध प्रवासियों पर निर्भर, वाम दलों ने विचारधारा रूस-चीन से आयात की

**भाषा।** नगराकटा



**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए कहा कि तृणमूल कांग्रेस, वाम दलों और कांग्रेस को बाहरी लोगों पर निर्भर होना पड़ा है।

गौरतलब है कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख बनर्जी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और शाह को अकसर बाहरी बताकर उनपर हमला करती हैं। शाह ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस की सुप्रीमो बनर्जी उन्हें और मोदी को बाहरी बताती हैं लेकिन उनकी पार्टी अवैध प्रवासियों के वोट पर निर्भर है। जलपाईगुड़ी जिले में आयोजित एक रैली में शाह ने कहा, क्या मैं बाहरी हूं? क्या मैं इस देश का नागरिक नहीं हूं? दीदी देश के प्रधानमंत्री को बाहरी बताती हैं। उन्होंने कहा कि बनर्जी की जानकारी काफी कम है। भाजपा के शीर्ष नेता ने कहा, दीदी मैं आपको बताता हूं कि बाहरी कौन है। कम्युनिस्टों ने अपनी विचारधारा चीन और रूस से आयात की है। कांग्रेस नेतृत्व भी बाहरी है- यह इटली से आया है। उन्होंने कहा, और तृणमूल कांग्रेस का वोट बैंक बाहरी है- अवैध प्रवासी। शाह ने कहा कि उनका जन्म इस देश में हुआ है और वह यहीं की मिट्टी में मिल जाएंगे। उन्होंने पूछा, तो फिर मैं कैसे बाहरी हुआ? बनर्जी भाजपा नेतृत्व पर लगभग रोजाना ही पश्चिम बंगाल में बाहरी होने का आरोप लगाती हैं और कहती हैं कि राज्य में चल रहे विधानसभा चुनावों के लिए वह दूसरे राज्यों से गुंडा लाते हैं। शाह ने कहा कि टीएमसी सुप्रीमो राज्य के लोगों से ज्यादा समय तक धोखा नहीं कर सकतीं क्योंकि पश्चिम बंगाल के लिए भाजपा का मुख्यमंत्री यहीं का होगा।

उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी उनका इस्तीफा मांगती हैं, लेकिन दो मई को उन्हें जाना पड़ेगा। शाह ने कहा, यह चुनाव मेरे इस्तीफा के बारे में नहीं है, बल्कि यह आपके (बनर्जी) के लिए है। बनर्जी ने कूचबिहार के सीतलकूची में दस अप्रैल को चौथे चरण के चुनाव में केंद्रीय बलों द्वारा चार लोगों की हत्या के बाद शाह से इस्तीफा मांगा था। शाह ने दावा किया कि मुख्यमंत्री ने चाय बागान के मजदूरों की मजदूरी नहीं बढ़ाई है, जबकि वह नियमित रूप से चाय विक्रेता के बेटे मोदी को गाली देती हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भाजपा सभी शरणार्थियों को नागरिकता देगी और आरोप लगाया कि बनर्जी उन्हें अधिकार नहीं देना चाहती हैं क्योंकि उन्हें भय है इससे उनका वोट ( शेष पेज 9 )

# ममता 24 घंटे की पाबंदी के विरोध में धरने पर बैठीं

**भाषा।** कोलकाता



**पश्चिम** बंगाल की मुख्यमंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी ने उनके चुनाव प्रचार करने पर 24 घंटे की पाबंदी के निर्वाचन आयोग के अंसवैधानिक फैसले के विरोध में मंगलवार को शहर के मध्य में करीब साढ़े तीन घंटे तक धरना दिया। ममता पिछले महीने चोटिल होने के कारण आज व्हीलचेयर पर बैठकर पूर्वाह्न करीब 11 बजकर 40 मिनट पर यहां मायो सड़क पहुंचीं और उन्होंने महात्मा गांधी की प्रतिमा के निकट बैठकर धरना शुरू किया।

इस दौरान सुरक्षा बलों ने उस क्षेत्र को घेर रखा था। धरना के समय तृणमूल के किसी नेता या समर्थक को उनके पास नहीं देखा गया। इस संबंध में सवाल किए जाने पर तृणमूल के एक वरिष्ठ नेता ने कहा, प्रदर्शन स्थल के निकट किसी पार्टी नेता को जाने की अनुमति नहीं थी। वह वहां अकेली धरना पर बैठीं। ममता ने विरोधस्वरूप अपने गले में एक काला स्कार्फ लपेट रखा था। धरना के दौरान उन्होंने पेंटिंग की। पेंटिंग करना उनके पसंदीदा शौक में से एक है। निर्वाचन आयोग ने ममता बनर्जी के केंद्रीय बलों के खिलाफ बयानों और कथित धार्मिक प्रवृत्ति वाले एक बयान के कारण 24 घंटे तक उनके चुनाव प्रचार करने पर रोक लगा दी है।

इस फैसले की निंदा करते हुए ममता ने ट्वीट किया था, निर्वाचन आयोग के अलोकतांत्रिक और असंवैधानिक फैसले के विरोध में मैं कल (मंगलवार) दिन में 12 बजे से कोलकाता में गांधी मूर्ति के पास धरने पर बैठूंगी। तृणमूल प्रमुख मंगलवार को रात आठ बजे के बाद बारासात और बिधाननगर ( शेष पेज 9 )

### बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 48,544 | ↑ | 660 | |
| निफ्टी | 14,504 | ↑ | 194 | |
| सोना | 46,093 | ↓ | 130 | /10g |
| चांदी | 66,040 | ↓ | 305 | /kg |

### क्विक न्यूज

#### उच्चतम न्यायालय ने उच्च न्यायालयों को आगाह किया

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कहा कि संज्ञेय अपराधों की जांच लंबित होने के दौरान आरोपी को गिरफ्तारी से संरक्षण देने या उनके खिलाफ दंडात्मक कदम नहीं उठाने का आदेश पारित करते समय उच्च न्यायालय सावधानी बरतें ताकि प्रारंभिक दौर में ही आपराधिक कार्यवाही निष्प्रभावी नहीं हो। कोर्ट ने कहा कि बिना कारण बताए ऐसे अंतरिम आदेश पारित होने से जांच में बाधा आएगी। कोर्ट ने कहा कि अदालतों को संज्ञेय अपराधों में किसी भी जांच को निष्प्रभावी नहीं करना चाहिए और एकशिकायत या प्राथमिकी रद्द करना सामान्य नियम के बजाय अपवाद होना चाहिए। न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने याचिका निरस्त करने के अनुरोध पर विचार से इनकार करते हुए अपने फैसले में यह महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

# आरोपों से घिरे केरल के मंत्री जलील को देना पड़ा इस्तीफा

**पायनियर समाचार सेवा।** कोच्चि



**केरल** की पिनाराई विजयन सरकार में विवादों से घिरे उच्च शिक्षा मंत्री केटी जलील ने मंगलवार को मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया। कुछ दिन पहले ही राज्य लोकायुक्त ने कहा था कि जलील ने अपने करीबी रिश्तेदार केटी अदीब को केरल स्टेट माइनरिटी डेवलपमेंट फाइनेंस कारपोरेशन का मैनेजर बनाकर लोक सेवक के तौर पर सत्ता का दुरुपयोग किया है। यह भाई-भतीजावाद है और उन्हें पद पर रहने का अधिकार नहीं है। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने जलील का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। जलील ने फेसबुक पर इस्तीफे की ( शेष पेज 9 )

# ज्ञानवापी मस्जिद पर फैसले पर रोक के लिए हाईकोर्ट में याचिका दायर

**भाषा।** प्रयागराज

**उत्तर** प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड ने वाराणसी के ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) से पुरातात्विक सर्वेक्षण कराने के जिला अदालत के फैसले के खिलाफ मंगलवार को इलाहाबाद उच्च न्यायालय में याचिका दायर की।

वहीं ज्ञानवापी मस्जिद की प्रबंधन समिति अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद कमेटी ने सोमवार को इलाहाबाद उच्च न्यायालय में एक अति आवश्यक अर्जी दाखिल कर स्थानीय अदालत के आदेश पर रोक लगाने की मांग की। उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड के स्थाई अधिवक्ता पुनीत कुमार गुप्ता ने बताया, हमने निचली अदालत के फैसले के खिलाफ इलाहाबाद उच्च न्यायालय का आज रुख किया और एक याचिका दायर की। उन्होंने कहा, चूंकि इस मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति प्रकाश पाडिया ने 15 मार्च 2021 को निर्णय सुरक्षित रख लिया है, ऐसे में निचली अदालत कैसे इस मामले पर सुनवाई कर आदेश पारित कर सकती है।

उल्लेखनीय है कि वाराणसी की एक स्थानीय अदालत ने गत आठ अप्रैल को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को मस्जिद के संपूर्ण परिसर का पुरातात्विक सर्वेक्षण करने की अनुमति दी थी। मस्जिद कमेटी के वकील एसएफए नकवी ने पीटीआई-भाषा को बताया कि निचली अदालत के आदेश में पूजा स्थल (विशेष प्रावधान) कानून, 1991 आड़े आता है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में उच्च न्यायालय में पहले से सुनवाई चल रही थी और फैसला सुरक्षित रख लिया गया है। नकवी ने कहा, उच्च न्यायालय में फैसला सुरक्षित रखे ( शेष पेज 9 )

# इस साल सामान्य रहेगा मानसूनः स्काइमेट

## ● लगातार तीसरे वर्ष पूरे देश में अच्छी बरसात की संभावना

**भाषा।** नई दिल्ली

**मौसम** संबंधी पूर्वानुमान व्यक्त करने वाली निजी एजेंसी स्काइमेट वेदर ने मंगलवार को कहा कि जून से सितंबर के दौरान देश में 75 प्रतिशत से अधिक वर्षा का योगदान देने वाला दक्षिण-पश्चिम मानसून इस साल सामान्य रहेगा। भौगोलिक जोखिम के आधार पर उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के कुछ हिस्सों के साथ उत्तरी भारत में इस मौसम में कम बारिश होने की भी आशंका है।

स्काइमेट वेदर के अध्यक्ष (मौसम विज्ञान) जीपी शर्मा ने कहा कि जून से सितंबर के दौरान वर्षा का दीर्घावधि औसत (एलपीए) 103 प्रतिशत रहेगा। इसमें चूक की संभावना पांच प्रतिशत अधिक या कम की है। शर्मा ने कहा, इस तरह, सामान्य मानसून रहने की संभावना है। उन्होंने कहा कि सामान्य मानसून रहने की 60 प्रतिशत संभावना है और सामान्य से ज्यादा बारिश की 15 प्रतिशत संभावना है। स्काइमेट ने कहा कि मासिक आधार पर जून में 106 प्रतिशत वर्षा जबकि जुलाई में 97 प्रतिशत वर्षा की संभावना है। अगस्त और सितंबर में 99 प्रतिशत और 116 प्रतिशत बारिश का अनुमान है। दीर्घावधि औसत के हिसाब से 96-104 प्रतिशत के बीच मानसून को सामान्य माना जाता है और 103 प्रतिशत वर्षा सामान्य रेंज में सबसे अधिक औसत है।



प्रतीकात्मक चित्र

शर्मा ने कहा कि लगातार तीसरे वर्ष 2021 में अच्छा मानसून रहेगा। पिछले दो वर्षों में सामान्य से ज्यादा बारिश दर्ज की गई थी। स्काइमेट ने कहा, आंतरिक कर्नाटक में भी मानसून के प्रमुख महीने जुलाई-अगस्त में इसके कमजोर प्रदर्शन यानि कम बारिश की आशंका है। मानसून के आरंभिक महीने जून और आखिरी चरण सितंबर में देश भर में व्यापक वर्षा के संकेत हैं। स्काइमेट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) योगेश पाटिल ने बताया कि प्रशांत महासागर में पिछले वर्ष से ला नीना की स्थिति बनी हुई है और अब तक मिल रहे संकेत इशारा करते हैं कि पूरे मानसून में यह तटस्थ स्थिति में रहेगा।

ला-नीना प्रभाव का आशय प्रशांत महासागर में पानी के ठंडा होने की स्थिति से है। महाद्वीप के मौसम पर इसका असर पड़ता है। पाटिल ने कहा, मनसून के मध्य तक आते-आते प्रशांत महासागर के मध्य भागों में समुद्र की सतह का तापमान फिर से कम होने लगेगा। हालांकि समुद्र की सतह के ठंडा होने की यह प्रक्रिया बहुत धीमी रहेगी। इस आधार पर कह सकते हैं कि ( शेष पेज 9 )

# असहयोग करने वाले निजी संस्थानों पर करें कार्रवाई



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कोरोना को लेकर अधिकारियों को युद्ध गति से कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सख्त निर्देश दिए हैं कि हर हाल में प्रदेश में एल 2 और एल 3 स्तर के बेडों की संख्या में जल्द से जल्द इजाफा करें, यदि निजी संस्थान इस महामारी में असहयोग कर रहे हैं, तो उनके खिलाफ कार्रवाई करें। इसके अलावा उन्होंने एमबीबीएस के चौथे और पांचवें साल के छात्रों की परीक्षाएं निरस्त होने के कारण इनकी ड्यूटी हास्पिटल में लगाने के निर्देश दिए हैं। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कोरोना के बढ़ते प्रसार को ध्यान में रखते हुए दूसरे प्रदेशों से पलायन कर रहे प्रवासी मजदूरों की व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए हैं। सीएम ने टीम-11 के अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश के जिन जिलों में प्रवासी मजदूर लौट रहें हैं उन जिलों में क्वारेंटाइन सेंटर की व्यवस्था जल्द से जल्द की जाए।

सीएम योगी ने मंगलवार को सरकारी आवास से कोरोना के प्रभावी रोकथाम को लेकर उच्चाधिकारियों के साथ वर्चुअली समीक्षा बैठक की। सीएम योगी ने बेड बढ़ाने के लिए सरकारी संस्थानों, निजी मेडिकल कॉलेजों के अलावा अन्य विकल्पों पर भी कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। उन्होंने टेस्ट की क्षमता बढ़ाने के लिए केजीएमयू में 5500 से 1100 और राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में 5000 से एक हजार करने के निर्देश दिए हैं। पूर्व में आगरा, बरेली और नोएडा में संचालित केंद्रीय संस्थाओं की लैब में 12 सौ जांचें रोजाना होती थीं। सीएम योगी ने इनका भी उपयोग करने के निर्देश दिए हैं।

सीएम योगी ने कहा कि लखनऊ में एरा, टीएसएम और इंटीग्रल मेडिकल कॉलेज में दो हजार बेड बढ़ाए जा रहे हैं। हालांकि बलरामपुर हास्पिटल में तीन सौ और बेडों की व्यवस्था हो गई है। इसमें 215 बेड आक्सिजन युक्त, 40 बेड वेंटिलेटर युक्तए आज शाम तक 25 और बेड वेंटिलेटर युक्त हो जाएंगे। उन्होंने लखनऊ के कैंसर हास्पिटल को टेकओवर कर तीन सौ बेड में 50 बेड आईसीयू के बनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने हिंद और मेयो हास्पिटल को भी टेकओवर करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने प्रदेश में ऐसे हास्पिटल और मेडिकल कॉलेजों में एक एक नोडल अधिकारी तैनात करने के निर्देश दिए हैं, ताकि इनकी देखभाल में लोगों को सुचारू उपचार मिलता रहे। उन्होंने कानपुर में रामा मेडिकल कॉलेज को टेक ओवर करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही प्रयागराज में यूनाईटेड हास्पिटल को टेकओवर करने के निर्देश दिए हैं। यहां अतिरिक्त रूप से सौ और बेड की व्यवस्था हो गई है।

सीएम योगी के निर्देशों का ही असर है कि 12 जिलों अमेठी, औरैया, बिजनौर, कुशीनगर, देवरिया, मऊ, सिद्धार्थनगर, सोनभद्र, बुलंदशहर, सीतापुर, महोबा और कासगंज में नई आरटीपीसीआर की लैब बनाई जा रही हैं। प्रदेश में अभी तक रोजाना करीब दो लाख से ज्यादा हो रही जांचों में करीब आधी जांच आरटीपीसीआर से हो रही थी, इसे बढ़ाकर उन्होंने रोजाना डेढ़ लाख करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने ज्यादा जांचों के लिए निजी लैबों को भी प्रोत्साहित करने और उनसे वार्ता करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने निजी लैबों में जांच बढ़ाने के लिए राज्य सरकार की ओर से भुगतान करने पर भी विचार करने को कहा है।

सीएम योगी ने मंत्रियों को निर्देश दिया है कि अपने अपने प्रभार वाले जिलों की रोजाना समीक्षा करें। सभी जिलों में वेंटिलेटर उपलब्ध कराए गए हैं, यह सुनिश्चित करें कि उनका उपयोग हो रहा है या नहीं। इसके अलावा यदि किसी अन्य संसाधन की आवश्यकता है, तो उससे तुरंत अवगत कराएं। प्रदेश में 108 एंबुलेंस करीब 47 सौ हैं।

# हालात नहीं सुधरे तो लखनऊ में लगाना पड़ सकता है लॉकडाउन: बृजेश पाठक

**कानून मंत्री के सोमवार को अपर मुख्य सचिव चिकित्सा व स्वास्थ्य तथा प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा को भेजे गए व सोशल मीडिया में वायरल पत्र में जताई गई हैआशंका**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश सरकार के कानून मंत्री ब्रजेश पाठक ने स्वास्थ्य महकमे के उच्चाधिकारियों को पत्र लिखकर स्वास्थ्य सेवाओं की चिंताजनक हालत की ओर ध्यान आकर्षित किया और कहा कि अगर हालात में जल्दी सुधार नहीं हुआ तो कोविड-19 रोकथाम के लिए लखनऊ में लॉकडाउन लगाना पड़ सकता है। कानून मंत्री ब्रजेश पाठक का सोमवार को अपर मुख्य सचिव चिकित्सा व स्वास्थ्य तथा प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा को भेजा गया कथित पत्र मंगलवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इस पत्र के भेजे जाने के बारे में जब पाठक से बातचीत की गई तो उन्होंने कहा, मैंने एक गोपनीय पत्र भेजा है। लेकिन उन्होंने पत्र में क्या लिखा है इस बारे कुछ भी बताने से इंकार कर दिया। सोशल मीडिया पर वायरल पत्र में पाठक ने लिखा है कि अगर कोविड-19 जनित परिस्थितियों को शीघ्र नियंत्रित नहीं किया गया तो हमें रोकथाम के लिए लखनऊ में लॉकडाउन लगाना पड़ सकता है। उन्होंने पत्र में लिखा है, अत्यंत कष्ट के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि वर्तमान समय में लखनऊ जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति अत्यंत चिंताजनक है। विगत एक सप्ताह से हमारे पास पूरे लखनऊ जनपद से सैकड़ों फोन आ रहे हैं, जिनको हम समुचित इलाज नहीं दे पा रहे हैं। पत्र में लिखा है, मुख्य चिकित्सा अधिकारी के कार्यालय में फोन करने पर बहुधा फोन का उत्तर नहीं मिलता। इसकी शिकायत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री से और अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य से करने के उपरान्त फोन तो उठता है किन्तु सकारात्मक कार्य नहीं होता। उन्होंने आगे लिखा है कि मरीज की जांच रिपोर्ट मिलने में चार से सात दिन का समय लग रहा है, एंबुलेंस नहीं मिल रही है। उन्होंने यह शिकायत की है, आज मेरे विधानसभा क्षेत्र के पद्मश्री पुरस्कार प्राप्त डॉ योगेश प्रवीण की अचानक तबियत बिगड़ गई। इसकी सूचना मिलने पर मैंने स्वयं मुख्य



चिकित्सा अधिकारी से फोन पर बात की और उन्हें तत्काल एंबुलेंस व चिकित्सा मुहैया कराने का अनुरोध किया, किंतु खेद का विषय है कि कई घंटों बाद भी उन्हें एंबुलेंस नहीं मिली और समय से इलाज नहीं होने के कारण उनकी मृत्यु हो गई।

श्री पाठक ने कहा कि वर्तमान कोविड 19 जनित परिस्थितियों में जबकि प्रतिदिन 4 से 5 हजार कोरोना के रोगी जनपद में मिल रहे है, ऐसे में कोविड अस्पतालों में बैड की संख्या अत्यधिक कम है। लखनऊ में प्राइवेट पैथोलॉजी सेन्टरों में कोविड की जॉच बन्द करा दी गयी है एवं सरकारी अस्पतालों में कोविट की जाँच में कई दिनों का समय लग रहा है। चिकित्सा विभाग के एक बड़े अधिकारी से एक सप्ताह पूर्व मेरी बात हुयी थी, जिन्होंने मुझे बताया कि उन्हें प्रतिदिन 17000 किट जॉच हेतु चाहिए किन्तु मात्र 10000 जाँच किट ही उन्हें उपलब्ध हो पा रही है । उपरोक्त वर्णित वस्तुस्थिति के परिप्रेक्ष्य में मेरा अनुरोध है कि कोविड अस्पतालों में कोविड के मरीजों हेतु बैड की सख्या बढ़ाई जाये, कोविड जॉच की संख्या बढ़ाई जाये एवं पर्याप्त जॉच किट उपलवा करायी जाये। प्राइवेट अस्पतालों, संस्थानों एवं पैथालॉजी को कोविट जाँच का पुन: अधिकार दिया जाये। पूर्व की भाँति कोविड के रैण्डम टेस्ट शुरू किये जाये तथा आरटीपीसीआर की जॉच रिपोर्ट सम्बन्धित को 24 घण्टे के अन्दर पहले की तरह उपलब्ध करायी जाये। आईसीयू की संख्या बढ़ाई जाये एवं गम्भीर रोगियों को तुरन्त भर्ती करने की सुविधा प्रदान की जाये तथा कोविड रोगियों को लगने वाले रैमडेसिबिर इन्जेक्शन को पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराया जाये। उक्त के अतिरिक्त जो रोगी कोविड के पेशेन्ट नहीं है, अथवा जो हार्ट, किडनी, लीवर, कैन्सर, डायलसिस एवं अन्य गम्भीर रोगों से ग्रसित है, उनकी और भी अधिक दयनीय स्थिति है क्योंकि कोविड पैनडेमिक के कारण उन्हें समय से उचित इलाज नहीं मिल पा रहा है, ऐसे रोगियों को भर्ती किये जाने के इन्तजाग भी हमें गम्भीरता से देखना है। उपरोक्त कोविड जनित परिस्थितियों को यदि शीघ्र नियन्त्रित नहीं किया गया तो हमें कोविड की रोकथाम हेतु लखनऊ में लॉकडाउन लगाना पड़ सकता है।

## मुख्यमंत्री ने जानी हकीकत, अफसरों के कसे पेंच

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कोरोना** संक्रमण के सरकारी दावों के विपरीत कैबिनेट मंत्री ब्रजेश पाठक द्वारा लिखा गया पत्र आज सरकार और सियासत के बीच चर्चा के केंद्र रहा। पत्र को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी अपनी सरकार के मंत्री से बात की और हकीकत को जाना। उन्होंने पूरे मामले पर अधिकारियों के भी पेंच कसे हैं और कोरोना की जंग में किसी भी तरह की लापरवाही न होने की हिदायत दी है।

## डॉ. आंबेडकर की जयंती पर राज्यपाल व सीएम ने दीं शुभकामनाएं

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राज्यपाल** आनंदीबेन पटेल व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारतीय संविधान के शिल्पी डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयन्ती के अवसर पर समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। राज्यपाल ने अपने सन्देश में कहा है कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर महान कृतित्व के धनी महापुरु ष थे। उनका पूरा जीवन मानव सेवा को समर्पित था। उन्होंने कहा कि बाबा साहब के संघर्ष भरे जीवन और उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर सभी को समर्पित भाव से राष्ट्रहित में कार्य करना चाहिए। वहीं मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहब डा आंबेडकर ने सामाजिक असमानता को दूर करने तथा वंचित वर्गा को सामाजिक न्याय दिलाने के उद्देश्य से भारत के संविधान में अनेक प्राविधान किये। भारतीय संविधान के निर्माण में बाबा साहब डा आंबेडकर के योगदान के लिए देशवासी सदैव उनके प्रति कृतज्ञ रहेंगे। उन्होंने आजीवन अनुसूचित जाति वर्ग सहित सभी उपेक्षित वर्ग के अधिकारों के लिए संघर्ष किया। समाज के अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के सशक्तीकरण के लिए बाबा साहब डा आंबेडकर द्वारा किए गये प्रयास हम सभी को प्रेरणा देते रहेंगे। भेदभावरहित एवं समरस समाज का निर्माण ही हम सभी की डा आंबेडकर के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

## राजधानी लखनऊ जलती चिताओं का शहर बन गया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में कोरोना संक्रमण से हाहाकार मचा हुआ है। सरकारी स्वास्थ्य सेवाएं चरमरा गई हैं। राजधानी लखनऊ जलती चिताओं का शहर बन गया है। कोरोना पर नियंत्रण का झूठा ढिंढोरा पीटने वाली भाजपा सरकार को जवाब देना होगा कि उसने लोगों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ क्यों किया। टीका, टेस्ट, डाक्टर, बेड, एम्बूलेंस सबकी कमी है और टेस्ट रिपोर्ट समय से न मिलने से गम्भीर रूप से बीमार इलाज के लिए सड़कों पर तड़प रहे हैं। दवाइयों की काला बाजारी पर रोक नहीं। खुद सरकार के एक मंत्री ने चिट्ठी लिख कर कोरोना अवधि में बदइंतजामी के हालात बयान किए है।

मुख्यमंत्री जी को क्या सबूत चाहिए। अखिलेश ने कहा कि कोरोना महामारी में कहीं कोई सुनवाई नहीं। जनता त्रस्त है परन्तु सरकार मदमस्त है। गोरखपुर में, राजधानी लखनऊ में और अतिविशिष्ट जनपद वाराणसी में हालात विचलित करने वाले हैं। बाबा राघव दास अस्पताल के बाहर संक्रमित युवक ढाई घंटे तड़पता रहा। अंतत: उसकी मौत हो गई। लखनऊ में मरीजों को एक अस्पताल से दूसरे अस्पताल तक दौड़ाए जाने से कइयों ने रास्ते में दम तोड़ दिया। वेंटीलेटर और बेड के अभाव में गम्भीर मरीज तड़पते रहते हैं। यशभारती और पद्मश्री सम्मान से सम्मानित सुप्रसिद्ध लेखक योगेश प्रवीण को तमाम प्रयासों के बाद भी समय से एम्बूलेंस नहीं मिल सकी और अस्पताल पहुंचने से पहले ही उनकी सांसे उखड़ गई। प्रधानमंत्री के क्षेत्र वाराणसी में भी सोमवार को 1347 केस मिले। वहां भी लोगों के हाल बेहाल हैं। अखिलेश ने कहा कि कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर में पुन: लॉकडाउन की आशंका से चिंतित मुम्बई जैसे बड़े महानगर में काम करने वाले उत्तर प्रदेश के श्रमिक बड़ी संख्या में पुन: वापस लौट रहे हैं। इनके रोटी रोजगार की समस्या तो सामने आएगी ही, उनमें जो संक्रमित हैं उनसे यह संक्रमण गांवों में फैलने की भी आशंका है। झांसी में ही जांच के दौरान 20 मरीज संक्रमित मिले। सरकार को संक्रमण रोकने के लिए कड़े कदम उठाने चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा के मुख्यमंत्री द्वारा आपदा में भी राजनीति और भ्रष्टाचार के अवसर तलाशने की वजह से ही आज प्रदेश में कोरोना महामारी नियंत्रण से बाहर हो गई है। उत्सव में डूबी सरकार का बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं पर ध्यान नहीं गया। इन बिगड़े हालात में भी मुख्यमंत्री स्टार प्रचारक बने घूम रहे हैं, उन्हें अपने पद की गरिमा और संविधान की ली गई शपथ को याद रखना चाहिए।

## घर में ही रहकर रमजान के धार्मिक कार्य करें: सीएम

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पवित्र रमज़ान माह के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। इसके साथ ही सीएम ने कहा है कि कोरोना संक्रमण के मद्देनजर लोग रमज़ान के दौरान घर में ही रहकर धार्मिक कार्य सम्पन्न करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि रमज़ान के पवित्र दिनों में रोज़ा, मानवता की सेवा, ईश्वर की बन्दगी जैसे नेक कार्यों से धैर्य, आत्म अनुशासन, सहनशीलता, सादगी आदि मूल्यों को बढ़ावा मिलता है। इससे परस्पर प्रेम और भाईचारे की भावना बलवती होती है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रदेश समरसता, भाईचारे और सांस्कृतिक एकता की मिसाल है। इसी विरासत और परम्परा को अक्षुण्ण रखते हुए कोरोना संक्रमण के मद्देनजर लोग रमज़ान के दौरान घर में ही रहकर धार्मिक कार्य सम्पन्न करें।

## प्रमोद तिवारी ने बार काउंसिल के पूर्व अध्यक्ष के निधन पर शोक जताया

**लखनऊ।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा है कि बार काउंसिल ऑफ इण्डिया तथा बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष एवं अधिवक्ताओं की सबसे सशक्त आवाज और लगभग 6 दशक तक उनका नेतृत्व करने वाले वीसी मिश्रा का निधन अपूर्णनीय क्षति है। ईश्वर उनकी आत्मा को चिरशांति प्रदान करे तथा अपने श्रीचरणों में स्थान दे तथा उनके परिवार को इस दारुण दु:ख को सहन करने की शक्ति दे । तिवारी ने कहा है कि अधिवक्ता के रूप में जब मैने अपना इनरोल कराने के लिए बार काउंसिल के सदस्य के रूप में उनसे अनुरोध किया था तो मुझे इस बात का हर्ष है कि उन्होंने मेरा इनरोल ही नहीं किया बल्कि मेरे घर आकर उन्होंने अधिवक्ता के रूप में मेरा पंजीकरण संख्या भी मुझे सौंपी थी ।

## भाजपा समरसता दिवस के रूप में मनाएगी डॉ. आंबेडकर जयंती

**लखनऊ (पीएनएस)।** भारतीय जनता पार्टी भारत रत्न डॉ. भीमराव आम्बेडकर की जयंती को समरसता दिवस के रूप में मनाते हुए हर बूथ पर श्रद्धा सुमन अर्पित करेगी। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह कल 14 अप्रैल को राजधानी लखनऊ के हजरतगंज स्थित अटल चौक पर डॉ. भीमराव आम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके नमन करेंगे।

पार्टी के प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ला ने बताया कि विगत माह लखनऊ में हुई प्रदेश कार्यसमिति बैठक में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह एवं प्रदेश महामंत्री संगठन सुनील बंसल द्वारा तय दो दिवसीय कार्ययोजना के अनुसार आज 13 अप्रैल को बाबा साहेब जयंती की पूर्व संध्या पर राजधानी लखनऊ सहित प्रदेश के सभी जिलों में बाबा साहेब भीमराव आम्बेडकर की प्रतिमाओं पर अनुसूचित मोर्चा के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने दीप जलाकर संविधान निर्माता को दीपांजलि अर्पित की।

श्री शुक्ला ने बताया की पार्टी परंपरागत रूप से डॉ. भीमराव आम्बेडकर की जन्म जयंती को समरसता दिवस के रूप में मनाते हुए समरसता के प्रणेता को कृतज्ञ श्रद्धांजलि अर्पित करती है। कल 14 अप्रैल को पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष लखनऊ में बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके नमन करेंगे। वहीं पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता प्रत्येक बूथ पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। प्रदेश सरकार के मंत्री, पार्टी के पदाधिकारी, आयोगों, निगमों, बोर्डों के अध्यक्ष व सदस्य सहित पार्टी कार्यकर्ता कोविड.19 प्रोटोकॉल का पालन करते हुए चौराहों व सार्वजनिक स्थानों पर स्थित बाबा साहब की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे।

## जैव ऊर्जा विकास बोर्ड की बैठक संपन्न

**लखनऊ।** मुख्य सचिव राजेन्द्र कुमार तिवारी की अध्यक्षता में राज्य जैव ऊर्जा विकास बोर्ड की कार्यकारी समिति की सातवीं बैठक आयोजित की गई, जिसमें कोविड19 के दृष्टिगत प्रशासनिक विभाग, अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग के अधिकारियों के अतिरिक्त शेष सदस्यों द्वारा वेबनार के माध्यम से प्रतिभाग किया गया।मुख्य सचिव द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों पर आवश्यक कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये। उल्लेखनीय है कि उप्र राज्य जैव ऊर्जा विकास बोर्ड के क्रियाकलापों एवं उसके उद्देश्यों की पूर्ति के लिए उप्र राज्य जैव ऊर्जा बोर्ड का प्रशासनिक विभाग नियोजन विभाग के स्थान पर अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग किये जाने के क्रम में राज्य जैव ऊर्जा विकास बोर्ड के कार्यालय यूपीनेडा भवन में स्थापित कर 20 जनवरी से संचालित किया जा चुका है।

## फर्जी जांच रिपोर्ट तैयार कराने वालों के खिलाफ सीएम करें सख्त कार्रवाई: सभाजीत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**आम** आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत सिंह ने कहा है कि लखनऊ के डीएम ने खुद यह सच्चाई बयां की है कोरोना से राजधानी में लोग सड़कों पर मर रहे हैं। इसके बाद सोमवार को आम आदमी पार्टी के यूपी प्रभारी संजय सिंह ने बेकाबू होते कोरोना संक्रमण को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और सरकार पर सवाल खड़े किए तो वायरस पर अंकुश लगाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से नए दिशा-निर्देश जारी किए गए।

उन्होंने कहा कि गनीमत है आम आदमी पार्टी के आवाज उठाने पर योगी आदित्यनाथ जाग तो गए। उन्होंने कहा कि सरकार की लापरवाही न सिर्फ जनता के लिए मुसीबत साबित हो रही है, बल्कि यह खुद सरकार के लिए भस्मासुर बन गई है। सरकार की ओर से महामारी पर नियंत्रण को लेकर अब जिस संजीदगी का प्रदर्शन किया जा रहा है, उसकी जरूरत पहले से ही थी। अब भी अगर सरकार साफ नीयत और सही नीति के साथ कोविड प्रबंधन में जुट जाती है तो प्रदेश की जनता को बड़ी राहत मिल सकती है। मुख्यमंत्री को कोरोना की फर्जी जांच करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करके प्रदेश की जनता को यह संदेश देना चाहिए कि अब वो कोविड पर नियंत्रण पाने के लिए गंभीर हो चुके हैं। सभाजीत सिंह ने कहा कि लखनऊ के डीएम ने कोरोना को लेकर सच बोला है।

## कानून मंत्री की चिट्ठी ने खोली कोरोना के इंतजामों को लेकर सरकार की पोल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने कहा है कि कानून मंत्री बृजेश पाठक की चिट्ठी ने योगी सरकार की कोरोना महामारी को रोकने की तैयारियों एवं उपलब्ध सुविधाओं की कलई खोल कर रख दी है। कोरोना संक्रमण को लेकर योगी सरकार की उदासीनता व संवेदनहीनता उजागर हो गई है। कोरोना कंट्रोल करने में योगी सरकार अपना भरोसा जनता के बीच खो चुकी है। कांग्रेस पार्टी द्वारा लगातार इस सम्बन्ध में योगी सरकार पर लगाये जा रहे आरोपों की पुष्टि हो गई है। उन्होंने कहा कि कानून मंत्री ने खुद उत्तर प्रदेश शासन के अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य व प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा को पत्र लिखकर कोराना संक्रमण को नियंत्रित न कर पाने एवं चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने में अपनी ही सरकार की विफलता पर चिन्ता व्यक्त की है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि लखनऊ के हालात बेहद खौफ नाक एवं चिन्ताजनक हैं। कानून मंत्री की यह चिट्ठी स्वास्थ्य व्यवस्था का हाल बयां कर रही है। उन्होंने कहाकि कानून मंत्री ने अपने पत्र में साफ कहा है, न एंबुलेंस है, न बेड और न ही जांच। लल्लू ने कहा कि मुख्यमंत्री कोरोना कन्ट्रोल में भरोसा खो चुके हैं और सरकार जनता का भरोसा खो चुकी है।

# सूखे तालाब, कुएं, झील सब होंगे लबालब

**● बुंदेलखंड में जून तक बन जाएंगे 106 चेकडैम व 126 तालाब**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सूबे** की योगी सरकार जनता की समस्याओं का निदान करने के लिए एक साथ कई मोर्चों पर कार्य कर रही है। जिसके तहत वर्तमान में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सबसे अधिक ध्यान कोरोना संक्रमण के फैलाव को रोकने और ज्यादा से ज्यादा लोगों को कोरोना से बचाव की वैक्सीन लगवाने पर है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री बुंदेलखंड में हर खेत को पानी और हर घर में नल पहुंचाने के अपने अभियान पर भी विशेष ध्यान दे दे रहे हैं। मुख्यमंत्री द्वारा दी जा रही इस तबज्जो के चलते जिलाधिकारियों की देखरेख में अब समूचे बुंदेलखंड में बारिश की बूंदों को बचाकर खेत तक पहुंचाने के लिए तमाम सूखे तालाबों को गहरा किया जा रहा है, पुराने कुओं का जीर्णोद्धार किया जा रहा है, नए तालाब, कुएं और चैकडैम भी बनाए जा रहे हैं। ताकि बुंदेलखंड की प्यासी धरती पर बने तालाब, चेकडैम, झील आदि को इस बरसात में लबालब भर कर फसलों को लहलहाया जाए और भीषण



गर्मी के दौरान लोगों को कुओं, झील और तालाब के जरिए पीने का पानी मिल सके।

बुंदेलखंड में अपेक्षाकृत कम बारिश होती है। आये दिन सूखा पड़ना आम बात है। जिसका संज्ञान लेते हुए ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सूबे की सत्ता संभालने की बाद मुख्यमंत्री ने हर खेत को पानी मुहैया कराने के अपने संकल्प के तहत बुंदेलखंड में सिंचन क्षमता के विस्तार और वर्षा जल के संचयन पर जोर देना शुरु किया था। जिसके तहत बुंदेलखंड पैकेज के तीसरे चरण में कुल 269 चेकडैम और 219 तालाब बनाने का फैसला किया गया। लघु सिंचाई विभाग के जरिए यह निर्माण कार्य होना था। इनमें से 163 चेकडैम और 93 तालाब बीते वर्ष तक बना दिए गए और अब 106 चेकडैम तथा 126 तालाब बनाए जाने का कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है। आगामी जून माह तक यह निर्माण कार्य पूरा किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। लघु सिंचाई विभाग के अधिकारियों के अनुसार, बुंदेलखंड की सरजमीं पर व्यर्थ बह जाने वाले बारिश के पानी को रोकने के लिए बनाए जा रहे चेकडैम बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। बुंदेलखंड के सातों जिलों में चेकडेम का निर्माण बरसाती नालों पर किया जा रहा है। बारिश के दौरान इन नालों से बड़ी मात्र में पानी व्यर्थ बह जाता है, जिसे चेकडैम से रोक लिया जाएगा। इसके दो फायदे हैं। एक तो अधिक समय तक पानी रुके रहने से जमीन में रीचार्ज होता है वहीं तालाब, कुएं व नालों में एकत्र पानी सिंचाई के काम आता है। बनाए जा रहे इन चेकडैम और तालाबों से बुंदेलखंड की सूखती जमीन को काफी राहत मिलेगी।

झांसी के जिलाधिकारी खुद भी जिले में बनाए जा रहे चेकडैमम तालाब और कुओं के निर्माण पर नजर रख रहें है। हर हफ्ते वह खुद मौके पर जा कर तालाब, चेकडैम और कुओं के निर्माण की प्रगति का आंकलन कर रहे हैं। जिलाधिकारी वामसी के मुताबिक बुंदेलखंड में सूखा किसी से छिपा नहीं। यहां पर हर साल तालाब और जलाशय सूख जाते हैं। कुएं का पानी नीचे चला जाता है।

पायनियर वर्गीकृत

सूचना

सूच्य हो कि पूर्व में मेरी पुत्री का नाम दामिनी सिंह था जो कि प्रत्येक अभिलेखों में अंकित है लेकिन अब मैंने उसका नाम बदलकर अदिति चौधरी रख दिया है। अब से समस्त अभिलेखों में मेरी पुत्री का नाम अदिति चौधरी पढ़ा व समझा जाये। अमित कुमार पुत्र स्व0 जंग बहादुर निवासी-मोहल्ला दुर्गापुरवा, तहसील व जिला-सीतापुर।

कार्यालय-जिलाधिकारी/लाइसेंस प्राधिकारी, चित्रकूट।

पत्रांक- 97/जि0आ0अ0/चित्रकूट/दे.श.दु.-बरद्वारा व सांईपुर/2020-21 दिनांक -13.04.2021

आबकारी की देशी शराब दुकानों को दैनिक आधार पर चलाने हेतु

-: विज्ञप्ति :-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी के पत्र सं0-1070/जि0आ0अ0/चित्रकूट/दे.श.दु.-बरद्वारा व सांईपुर/2020-21/दिनांक-मार्च 22.2021 के क्रम में जनपद चित्रकूट में देशी शराब दुकान वरद्वारा व देशी शराब दुकान सांईपुर निलम्बित हो गयी है। उक्त दुकानों को दैनिक आधार पर पुन: दिनांक 15.04.2021 से 28.04.2021 तक चलाया जाना है। उक्त दुकानों का टेंण्डर/आफर द्वारा दुकानों को दैनिक आधार पर व्यवस्थित किया जाना है। जिसके लिये दिनांक 14.04.2021 को प्रात: 10.00 बजे से 15.04.2021 को प्रात: 11.00 तक आंमत्रित किये जाते है। सर्वोच्च ऑफर(एम.जी.क्यू) प्रस्तुत करने वाले आवेदक को दुकान का आवंटन किया जायेगा। दुकान का विवरण निम्न प्रकार है -

| क्र0 सं0 | दुकान का प्रकार | दुकान का नाम | शॉप आई0 डी0 | प्रास्थिति | निर्धारित M.G.Q. in B.L.) (2021-22) 36% V/V के टर्म में | वार्षिक बेसिक लाइसेंस फीस (रु0 में) | दैनिक एम.जी. क्यू (ब.ली. में) 36 प्रति0 वी/वी के टर्म में | दैनिक बेसिक लाइसेंस फीस (रु0 में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | देशी शराब | बरद्वारा | 6927 | ग्रामीण | 10572BL | 316722.00 | 29BL | 1030.00 |
| 2 | देशी शराब | सांईपुर | 34471 | ग्रामीण | 15636BL | 515950.00 | 43BL | 1527.00 |

उपरोक्त के सम्बन्धित विस्तृत विवरण जनपद की वेबसाईट पर अथवा जिला आबकारी अधिकारी कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है। अधिक जानकारी के लिये जिला आबकारी अधिकारी चित्रकूट अथवा क्षेत्रीय निरीक्षकों से सम्पर्क किया जा सकता है।

(शुभ्रान्त कुमार शुक्ल)
जिलाधिकारी/लाईसेंस प्राधिकारी
चित्रकूट।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# धर्म गुरुओं का पहले जैसा सहयोग जरूरीः राज्यपाल

●राज्यपाल व मुख्यमंत्री का कोविड प्रबन्धन पर संतों, धर्माचार्यों एवं धर्म गुरुओं से वर्चुअल संवाद

●आस्था से ऊपर उठकर मानवता को बचाने के प्रयास करने होंगेः योगी





पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राज्यपाल** आनंदीबेन पटेल एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कोविड नियंत्रण एवं प्रबन्धन कार्यो के सम्बन्ध में समाज को जागरूक करने में संतों, धर्माचार्यों एवं धर्म गुरुओं की महत्वपूर्ण भूमिका के मद्देनजर आज उनसे वर्चुअल संवाद किया। राज्यपाल ने धर्म गुरुओं से कोरोना नियंत्रण में पूर्व की भांति सक्रिय सहयोग प्रदान करने का अनुरोध किया। उन्होंने कोरोना नियंत्रण के सम्बन्ध में राज्य सरकार के सार्थक प्रयासों की जानकारी देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा टेस्टिंगए टेऊसिंगए सैनिटाइजेशन को लगातार बढ़ाया जा रहा है। कोविड अस्पतालों में कोविड मरीजों के लिए बेहतर एवं समुचित व्यवस्थाएं लगातार की जा रही हैं। मानवता को बचाने के लिए सभी मिलकर अपन अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं।

कोरोना की दूसरी लहर में संक्रमण की दर अधिक है। कोरोना से बचाव जागरूकता के अभियान में सभी धर्म गुरुओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि वह अपने सभी अनुयायियों एवं श्रद्धालुओं को जागरूक करते हुए लक्षित आयु वर्ग के अधिक से अधिक टीकाकरण के लिए प्रेरित करें। इस वैश्विक महामारी में योग एवं साधना महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी भारत सरकार एवं राज्य सरकार के कोरोना प्रोटोकाल का अनिवार्य रूप से पालन करें। मास्क का निरन्तर उपयोग करें। जरूरत पड़ने पर ही घर से बाहर निकलें तथा व्यक्तिगत स्वच्छता का विशेष ध्यान दें। राज्यपाल ने कहा कि 130 करोड़ से अधिक आबादी वाले भारत को वैक्सीन की अधिक जरूरत है। आज हमारे यहां 2 प्रकार की वैक्सीन उपलब्ध हैं तथा तीसरी वैक्सीन की इजाजत भी मिल गई है। प्रदेश में अब तक 93 लाख से अधिक वैक्सीन डोज़ लगायी जा चुकी हैं। वैक्सीन लगवाने के बाद कोरोना का प्रभाव बहुत कम हो जाता है। उन्होंने कोरोना नियंत्रण में डाक्टर, नर्स, पैरामेडिकल स्टाफ एवं समस्त अधिकारीगणों की सक्रिय भूमिका की प्रंशसा की। राज्यपाल ने जनसामान्य से अपील की कि कोविड-19 के सुरक्षात्मक उपायों का कड़ाई से सभी पालन करें। मास्क लगाने के साथ-साथ दो गज की दूरी बनाएं रखें। उन्होंने धर्माचार्यों से अपील की कि 45 वर्ष तथा उससे ऊपर के उम्र के लोगों को वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेरित करें तथा वैक्सीन के संबंध में फैलाई जा रही अफवाहों से बचे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विगत वर्ष से प्रधानमंत्री के नेतृत्व एवं राज्यपाल के मार्गदर्शन में हम कोरोना के खिलाफ लड़ाई लड़ रहे हैं। इस लड़ाई में प्रदेश ने एक अच्छा उदाहरण स्थापित किया है। इसके लिए प्रदेश के हर व्यक्ति ने जाति धर्म से ऊपर उठकर अपना सार्थक सहयोग दिया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना महामारी के लिए बचाव ही सर्वोत्तम उपाय है। कोरोना की यह दूसरी लहर ज्यादा खतरनाक है। कोरोना संक्रमितों की संख्या में बढ़ोत्तरी दर्ज हुई है। हमारा मानना है कि आस्था का सम्मान होना चाहिए। आस्था मानव के लिए हैए मानव आस्था के लिए नहीं हैए क्योंकि जब मानव का अस्तित्व रहेगाए तभी अन्य चीजों की सार्थकता है। आज आस्था से ऊपर मानवता को बचाने के प्रयास करने होंगे। इसके लिए सभी को देश के सबसे बड़े कोरोना नियंत्रण एवं प्रबन्धन अभियान का हिस्सा बनना होगा। प्रधानमंत्री जी द्वारा दिए गए मंत्र ष्दो गज की दूरीए मास्क है जरूरीष् का अनुपालन करना होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा सार्वजनिक स्थलों एवं धर्म स्थलों पर भीड़ नियंत्रण हेतु मानक तय किए गए हैंए क्योंकि संक्रमित व्यक्ति के सम्पर्क में आने पर अन्य लोगों के संक्रमित होने का खतरा ज्यादा है। घनी आबादी वाले क्षेत्रों में सतर्कता की विशेष जरूरत है। हमें मानव के जीवन को बचाने के साथ ही उसकी जीविका को भी बचाना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्व के सर्वाधिक सुविधा सम्पन्न देशों के मुकाबले उत्तर प्रदेश में आबादी के अनुपात में कोरोना संक्रमित व्यक्तियों की संख्या न्यूनतम है। विगत दिनों में होलीए पंचायत चुनाव एवं कृषि कार्य में सहभागिता के दृष्टिगत प्रदेश में लोगों का आगमन बढ़ा है। परिणामस्वरूप कोरोना संक्रमित व्यक्तियों की संख्या में भी बढ़ोत्तरी हुई है।

# अब ट्रूनेट मशीन के जरिए की जाएगी कोविड-19 की टेस्टिंग

●प्रदेश में अब तक की गई 37173548 सैम्पल की जांच

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने कहा है कि प्रदेश में बड़ी संख्या में टेस्टिंग का कार्य करते हुए टेस्टिंग की क्षमता निरन्तर बढ़ाई जा रही है । गत एक दिन में कुल 218965 सैम्पल की जांच की गई। प्रदेश में अब तक कुल 37173548 सैम्पल की जांच की गई है। इसमें 97000 सैम्पलों की जांच आरटीपीसीआर के माध्यम से की गई है।

उन्होंने बताया कि अब ट्रूनेट मशीन के द्वारा कोविड-19 की टेस्टिंग की जाएगी। इसके लिए जनपदों में 300 ट्रूनेट मशीन उपलब्ध करा दी गई हैं। इसके अलावा 12 नए आरटीपीसीआर लैब अमेठी, औरैया, बिजनौर, कुशीनगर, देवरिया, मऊ, सिद्धार्थनगर, सोनभद्र, बुलन्दशहर, सीतापुर, महोबा तथा कासगंज में स्थापित करने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में कोविड संक्रमण की जांच तथा उपचार सरकारी अस्पतालों में निशुल्क किया जा रहा है ।

उन्होंने बताया कि प्रदेश में 95980 कोरोना के एक्टिव मामलों में से 49163 लोग होम आइसोलेशन में हैं। निजी चिकित्सालयों में 1446 लोग तथा शेष मरीज चिकित्सालयों में इलाज भी करा रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में विगत 24 घंटे में 3474 तथा अब तक 618293 लोग कोविड-19 से ठीक होकर डिस्चार्ज हो चुके हैं। प्रदेश में सर्विलांस टीम के माध्यम से 200486 क्षेत्रों में 530419 टीम दिवस के माध्यम से 32145274 घरों के 155818108 जनसंख्या का सर्वेक्षण किया गया है।

प्रदेश में 45 वर्ष से अधिक आयु वालों का कोविड वैक्सीनेशन किया जा रहा है । अब तक 8018671 लोगों को वैक्सीन की पहली डोज दी गई तथा पहली डोज लेने वालों में से 1344110 लोगों को वैक्सीन की दूसरी डोज दी गई हैं । इस प्रकार कुल 9362781 वैक्सीन की डोज लगाई जा चुकी है। प्रसाद ने बताया कि 11 अप्रैल से 14 अप्रैल तक टीका उत्सव मनाया जा रहा है। कल 12 अप्रैल 2021 को 5 लाख 8 हजार अधिक कोविड-19 के टीके लगाए गए। उन्होंने बताया कि कोविड संक्रमण नियंत्रित करने के लिए कोविड-19 की टेस्टिंग की जा रही है।

प्रसाद ने बताया कि लखनऊ, प्रयागराज, कानपुर तथा वाराणसी में कोविड संक्रमण को देखते हुए अधिक सावधानी बरतने की आवश्यकता है। मास्क का प्रयोग समाज के प्रति जिम्मेदारी व सामाजिक उत्तरदायित्व का पालन है । उन्होंने बताया कि मास्क सही तरीके से पहनें। जब भी किसी से मिले या किसी से बात करें तो मास्क जरूर पहने रहें। उन्होंने बताया कि संक्रमण अभी समाप्त नहीं हुआ है, इसलिए विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है। टीकाकरण के बाद भी कोविड प्रोटोकॉल का पालन अवश्य करें। अपने हाथ को साबुन-पानी से निरन्तर धोते रहें। भीड़-भाड़ वाली जगहों पर जाने से बचें। उन्होंने कहा कि घर के बड़े-बुजुर्गों का टीकाकरण अवश्य कराएं।

# कबाड़ के गोदाम में लगी भीषण आग

●दो मजदूर मामूली रूप से झुलसे, पड़ोस की झुग्गियां भी जलीं

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राजधानी** के इंदिरानगर इलाके में स्थित अपूर्वा कालोनी में मंगलवार की प्रातः अचानक कबाड़ी स्टोर में आग लग गयी। हड़कंप मचा तो स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी दमकल विभाग को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची दमकल की चार गाड़ियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया वहीं इस आगजनी में दो मजदूर मामूली रुप से झुलस गये जिन्हें उपचार के बाद घर रवाना कर दिया गया। आग की तेज लपटों ने पड़ोस की झुग्गी झोपड़ियों में भी फेल गयी जिससे काफी नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार इंस्पेक्टर इंदिरानगर अजय त्रिपाठी ने बताया कि खुर्रमनगर निवासी यासिर व आरिफ का कबाड़ स्टोर है जहां मंगलवार की सुबह अचानक शार्टसर्किट से आग लग गयी। इस दौरान जब तक सूचना पाकर दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची तब तक आग ने पास की झोपड़ पटिटयों को भी अपनी आगोश में लिया। बताया जा रहा है कि मौके पर पहुंची दमकल की करीब चार गाड़ियों ने घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया है। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि गोदाम में फायर ब्रिगेड के मानकों को दरकिनार कर संचालन किया जा रहा था और आकसमिक स्थित से निपटने के लिए अग्निशम यंत्र भी नहीं लगाए गये थे।

## बैकुंठ धाम पर अंतिम संस्कार में आए लोगों की ही गाड़ी उठाने लगी पुलिस




पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राजधानी** में मंगलवार को उस समय लखनऊ पुलिस व नगर निगम की संवेदनहीनता देखने को मिली जब बैकुंठ धाम (भैसाकुंड) पर अपनों के अंतिम संस्कार के लिए आए लोगों की गाड़ियों को क्रेन द्वारा उठा लिया गया इतना ही नहीं आरोप है कि गाड़ी छोड़ने के एवज में उन लोगों से रकम भी ऐंठी गयी। भैसाकुंड के पास सड़क किनारे खड़ी गाड़ियों को क्रेन द्वारा उठाए जाने की फोटो जैसे ही सोशल मीडिया पर वायरल हुई वैसे ही पुलिस कमिशनरेट व डीसीपी ट्रैफिक मैदान में आ गये और उन्होंने इस आरोप को यह कहते हुए नकार दिया कि ट्रैफिक ज्यादा होने की वजह से जाम लग रहा था जिसकी वजह से उन्हें क्रेन द्वारा उठाकर हटाया गया है। मामला बढ़ता देख डीसीपी ट्रैफिक ख्याति गर्ग ने ट्वीट कर कहा कि जाम लगने के कारण क्रेन वहां भेजी गयी थी। उन्होंने यहां तक कह दिया कि अफवाह उड़ाने वालों पर एफआईआर दर्ज कराई जायेगी। उधर कमिश्नर के मैदान में आते ही पुलिस बैक फुट पर आ गयी और एक मोबाइल नम्बर जारी कर पीड़ितों से इस सम्बंध में शिकायत करने के लिए अपील की गयी।

## नवरात्र में गुलजार रहने वाले चंद्रिका देवी मंदिर में पसरा रहा सन्नाटा



**बख्शी का तालाब (सं.)।** कोरोना वायरस के बढ़ते प्रकोप से हो रही मौतों ने आमजन को झकझोर कर रख दिया है । संक्रमण फैलने की आशंका से आमजन को भीड़ भाड़ में न जाने की हिदायत दी जा रही है। अधिकतर मन्दिर के कपाट आमजन के दर्शनों के लिये बंद कर दिये गए हैं । बख्शी का तालाब के कठवारा स्थित चंद्रिका देवी मंदिर को नवरात्रों में बंद करने का फैसला प्रशासन ने लिया है । मंगलवार को नवरात्र के पहले दिन पूरे मंदिर परिसर में सन्नाटा पसरा रहा । पुलिस बल के अलावा मेला कमेटी के सदस्य ही परिसर में इधर उधर बैठे नजर आ रहे थे ।



## कोविड टीकाकरण के महत्व को लेकर वेबिनार आयोजित

**लखनऊ।** पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के उत्तर प्रदेश चैप्टर ने मंगलवार को टीका उत्सव (कोविड टीकाकरण का महत्व) पर जागरूकता बढ़ाने के लिए एक वेबिनार आयोजित किया। सत्र का मुख्य उद्देश्य जागरूकता पैदा करना और इस तथ्य पर जोर देना है कि कोविड टीकाकरण कोरोना संक्रमण से बचने का एक सुरक्षित तरीका है, यह टीकाकरण इस भयानक महामारी के प्रसार को रोकने में मदद करने के लिए एक महत्वपूर्ण कारक है। अगर हम टीके लगवायेगे तो यह हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करेगा तथा यह वायरस से लड़ने के लिए भी मदद करेगा। इस सत्र में जय प्रताप सिंह कैबिनेट मंत्री चिकित्सा स्वास्थ्य, परिवार और बाल कल्याण, पद्म श्री मालिनी अवस्थी, डॉ सूर्यकांत, प्रोफेसर केजीएमयू, डॉ ज़ी एन सिंह पूर्व सचिव सह वैज्ञानिक निदेशक भारतीय फार्माकोपिया आयुक्त और पूर्व ड्रग कंट्रोलर जनरल स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार, प्रदीप मुल्तानी, अतुल श्रीवास्तव स्थानीय निदेशक यूपी स्टेट चैप्टर, व मीडिया जगत के वरिष्ठ जनों ने अपने विचार साझा किये।

# दांडी यात्रा भारत की पहली आत्मनिर्भर यात्रा थीः राज्यपाल

- राज्यपाल ने राजभवन से ऑनलाइन किया 'दांडी यात्रा- एवं आत्मनिर्भर भारत एक चर्चा' विषयक संगोष्ठी व 'एकल प्रदर्श प्रदर्शनी' का उद्घाटन



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा है कि महात्मा गांधी की दांडी यात्रा भारत की पहली आत्मनिर्भर यात्रा थी, जिसके द्वारा अंग्रेजी शासन के विरूद्ध स्वदेशी नमक बनाकर देश को आत्मनिर्भर करने का प्रयास किया गया।

उन्होंने कहा कि 12 मार्च 1930 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने अहमदाबाद के साबरमती आश्रम से दांडी मार्च की शुरुआत करके अपनी अहिंसात्मक ताकत का परिचय दिया था। राज्यपाल मंगलवार को राजभवन से इलाहाबाद संग्रहालय, प्रयागराज द्वारा आयोजित 'दांडी यात्रा–एवं आत्मनिर्भर भारत एक चर्चा' विषयक संगोष्ठी तथा 'एकल प्रदर्श प्रदर्शनी' का ऑनलाइन उद्घाटन करने के बाद संबोधित कर रहीं थीं।

राज्यपाल ने कहा कि प्रयागराज जो उस समय इलाहाबाद के नाम से जाना जाता था, वह स्वाधीनता आन्दोलन का बहुत बड़ा केन्द्र था। दाण्डी में महात्मा गांधी द्वारा बनाए गए नमक का एक हिस्सा 13 अप्रैल 1930 को प्रयागराज लाया गया। यह दांडी नमक इलाहाबाद वासियों के लिए कोई मामूली नमक नहीं था, अपितु देश में हजारों की संख्या में स्वाधीनता की अपेक्षा रखने वाले भारतवासियों के लिए एक जगी हुई उम्मीद की किरण थी। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ने देश के दर्द को महसूस किया और नमक सत्याग्रह के रूप में लोगों की नब्ज को समझा। इसलिए यह आन्दोलन जन–जन का आन्दोलन बन गया था। उन्होंने कहा कि इलाहाबाद संग्रहालय में सुरक्षित दांडी में बनाए गए नमक का अपना ऐतिहासिक महत्व है। आनंदीबेन पटेल ने कहा कि 15 अगस्त 2022 को भारत अपनी स्वतंत्रता संग्राम की 75वीं वर्षगांठ मनाने जा रहा है। देशवासियों में देशभक्ति की भावना जगाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसके लिए 'अमृत महोत्सव' मनाए जाने का निर्णय लिया है, जो सभी के लिए खुशी का अवसर है।

## आधारभूत सुविधाओं के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा नाबार्ड

**लखनऊ।** नाबार्ड उत्तर प्रदेश क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ का राज्य में समग्र कृषि एवं ग्रामीण विकास में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। राज्य मे ऋण प्रवाह को बढ़ाने एवं आधारभूत सुविधाओं के निर्माण में नाबार्ड महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। साथ ही साथ सामाजिक पूंजी के निर्माण जैसे की स्वयं सहायता समूह, संयुक्त देयता समूह, कृषि उत्पादक समूह के गठन के में भी नाबार्ड की उल्लेखनीय भूमिका रही है।

प्राकृतिक संसाधनों के प्रबंधनए अनुसूचित जन जाति विकास एवं जल छाजन जैसे कार्य से भी नाबार्ड ग्रामीण विकास के कई अहम पहलुओं को छु रहा है। वित्तीय वर्ष 2020–21के दौरान नाबार्ड ने बैंकों और राज्य सरकार के विभागों के माध्यम से उत्तर प्रदेश को 14729 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जो की विगत वर्षों मे सर्वाधिक हैं। 2020–2021 के दौरान नाबार्ड ने अल्पावधि और दीर्घावधि पुनर्वित्त के माध्यम से कृषि और उससे संबद्ध क्षेत्रों के साथ साथ कृषीतर क्षेत्रों के वित्तपोषण के लिए वाणिज्यिक बैंकों, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों तथा सहकारी बैंकों को जारी 9139.00 करोड़ की राशि जारी की है।

# उन्नाव में लगेगी प्रदेश की पहली सोलर प्रोडक्ट असेम्बली यूनिट

- उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत प्रेरणा ओजस के तहत की गई शुरुआतः शैलेन्द्र द्विवेदी

**पायनियर समाचार सेवा, लखनऊ।**



**प्रदेश** की पहली सोलर प्रोडक्ट असेम्बली यूनिट उन्नाव के हसनगंज ब्लाक में स्थापित की जा रही है। यह यूनिट कई घरों में उजाला करने के साथ ही साथ क्षेत्रीय महिलाओं के लिए रोजगार को बड़ा माध्यम बनने जा रहा है।

प्रेरणा ओजस के सीईओ शैलेन्द्र द्विवेदी ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत प्रेरणा ओजस की शुरुआत की गयी है जिसके अंतर्गत प्रदेश की पहली सभी सोलर प्रोडक्ट असेम्बली यूनिट की स्थापना जनपद उन्नाव के ब्लॉक हसंगज में मुख्य विकास अधिकारी सरनीत कौर बोक्रा के निर्देशन में स्थापना कर ली गयी है व साथ इस यूनिट में सोलर प्रोडक्ट असेम्बली के कार्य करने हेतु विभिन्न गांव से समूह की 25 महिलाओं का चयन कर लिया गया है और 15 व 16 अप्रैल को 2 दिवसीय महिलाओं के प्रशिक्षण का भी आयोजन किया गया है। इस यूनिट में सोलर से चलित सभी प्रोडक्ट की असेम्बली कार्य समूह की महिलाएं करेगी। इस यूनिट में सोलर लालटेन, सोलर टॉर्च, सोलर लैम्प, सोलर दीया, होम लाइटिंग सिस्टम इत्यादि प्रकार विभिन्न सोलर प्रोडक्ट बनेंग। शैलेन्द्र द्विवेदी ने बताया कि सभी प्रोडक्ट समूह की महिलाओं द्वारा पूरे प्रदेश में संचालित सोलर स्मार्ट शॉप के माध्यम से बिक्री की जाएगी। साथ साथ इलेक्ट्रॉनिक लोकल मार्केट में भी बिक्री की जाएगी। उन्होंने बताया कि इन सभी सोलर प्रोडक्ट की खराबी आने पर 1 साल की फ्री ऑफ कास्ट वारंटी भी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि इसके उपरान्त प्रदेश में विभिन्न जनपदों में सोलर प्रोडक्ट असेम्बली यूनिट स्थापित किये जायेंगे साथ ही सोलर स्मार्ट शॉप भी खोली जाएगी। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को आत्म निर्भर बनाते हुए रोजगार प्रदान करना है। सोलर एनर्जी को बढ़वाया देना व साथ साथ महिलाओं का स्किल डेवलपमेंट भी होगा। डीसी एनआरएलएम चंद्रशेखर ने बताया कि जनपद उन्नाव के सभी ब्लॉको मे सोलर स्मार्ट शॉप खोली जायेगी और समूह की महिलाओं अपनी दुकान पर विभिन्न तरह के प्रोडक्ट की बिक्री करेगी और वह अपने रोजगार पाकर अपने परिवार का जीविका चलाने में मदद कर सकेगी व उनको बीच में विभिन्न प्रकार का प्रशिक्षण भी दिलाया जाएगा।

## प्रथम चरण का चुनाव प्रचार थमा, मतदान कल

**लखनऊ।** पंचायत चुनाव के प्रथम चरण का चुनाव प्रचार मंगलवार की शाम पांच बजे थम गया। अब बुधवार 14 अप्रैल को प्रत्याशी घर–घर दस्तक देकर अपने लिए मत और समर्थन मांगेंगे। पहले चरण के लिए प्रदेश के 18 जिलों क्रमशः अयोध्या, आगरा, कानपुर नगर, गाजियाबाद, गोरखपुर, जौनपुर, झांसी, प्रयागराज, बरेली, भदोही, महोबा, रामपुर, रायबरेली, श्रावस्ती, संत कबीर नगर, सहारनपुर, हरदोई एवं हाथरस में 15 अप्रैल को सुबह 8 बजे से शाम पांच बजे तक मतदान होगा। प्रथम चरण के 18 जनपदों में होने वाले निर्वाचन में 779 जिला पंचायत वार्ड के लिए कुल 12157 नामांकन प्राप्त हुए थे, जिसमें 233 नामांकन रद्द होने और 175 नामांकन वापसी की वजह से 11749 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इसी तरह 19313 क्षेत्र पंचायत वार्ड के लिए कुल 73954 नामांकन हुए थे, जिसमें 1401 नामांकन रद्द हो गया जबकि 1135 नामांकन वापस हुआ, जिसकी वजह से 71418 उम्मीदवार चुनाव के मैदान में हैं।

## कोतवाली में उमड़ रही भीड़ बढ़ा रही कोरोना संक्रमण का खतरा



**मोहनलालगंज।** चुनाव से पूर्व 107-116 की नोटिस मिलने के बाद इन दिनों मोहनलालगंज कोतवाली परिसर में विशेष कार्यपालक मजिस्ट्रेट कोर्ट के बाहर उमड़ रही भीड़ पुलिसकर्मियों के लिए कोरोना संक्रमण का खतरा बढ़ा रही है। सर्वाधिक खतरा कोर्ट में तैनात पुलिसकर्मियों के सिर पर मंडरा रहा है। जबकि बगल में एसीपी आफिस और कोतवाली में मौजूद रहने वाले पुलिसकर्मी भी सुरक्षित नहीं हैं। वहीं भीड़ जुटने से बढ़ रहा कोरोना संक्रमण का जोखिम अलग अलग गांव से आ रहे लोगों के लिए भी मुश्किलें खड़ी कर सकता है। सुबह से शाम तक पुलिसकर्मी लोगों को कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने के लिए हिदायत देते रहते हैं लेकिन बेकाबू भीड़ कोरोना के खतरे से बेपरवाह नजर आती है। उधर ग्रामीणों की मानें तो पुलिस ने इस बार इतने बड़े पैमाने पर लोगो को पाबन्द करने की नोटिस दी है कि घबराए लोग न चाहते हुए भी थाने और कोर्ट के चक्कर लगाने को विवश हो रहे हैं।

## बीकेटी के वरिष्ठ पत्रकार दुर्गा शुक्ला का निधन

**बख्शी का तालाब।** तीन दशक से ज्यादा बीकेटी क्षेत्र की हर ख़बर को बेबाकी से पाठकों के बीच पहुंचाने वाले सारथी का सोमवार देर रात निधन हो गया। बख्शी का तालाब क्षेत्र में एक दैनिक अख़बार के स्थानीय पत्रकार दुर्गा प्रसाद शुक्ला आज़ाद का सोमवार को उनके बीकेटी के बरगदी स्थित आवास पर आकस्मिक निधन हो गया। उनके पुत्र देवांश ने बताया कि वह पिछले कई दिनों से बुखार से पीड़ित थे। रात्रि को लगभग 12 बजे उन्हें सांस लेने में दिक्कत महसूस हुई। जिसके बाद परिजन उन्हें लेकर अस्पतालों के चक्कर काटते रहे। इसी दौरान उनका देहांत हो गया। उनका अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव मतिकरपुर बिसवां सीतापुर में विधि विधान से किया गया।

## गोमांस तस्कर पर लगा रासुका

**बख्शी का तालाब।** बाजपुर गंगौरा से गोमांस लेकर जा रही तेज रफ्तार कार की चपेट में आकर सुबह पुलिस भर्ती के लिये दौड़ लगा रहे दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गयी थी। इटौंजा पुलिस द्वारा मंगलवार को अभियुक्त बाबूजी पुत्र हसमत निवासी मदेहगंज खदरा थाना हसनगंज जनपद लखनऊ पर रासुका की कार्रवाई की गयीं।

## सीएमएस छात्रा को 48,000 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर (प्रथम कैम्पस) की प्रतिभाशाली छात्रा पावनी चौहान को उच्चशिक्षा हेतु अमेरिका के विल्सन कालेज द्वारा 48,000 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप से नवाजा गया है। पावनी को यह स्कॉलरशिप चार वर्षीय उच्चशिक्षा अवधि के दौरान प्रदान की जायेगी। इसके अलावा, अमेरिकी की टेम्पल यूनिवर्सिटी एवं यूनिवर्सिटी ऑफकनेक्टिकट ने भी इस मेधावी छात्रा को स्कॉलरशिप के साथ उच्चशिक्षा हेतु आमन्त्रित किया गया है। इस प्रकार, सीएमएस की एक और प्रतिभाशाली छात्रा ने अपनी लगन, प्रतिभा व शैक्षणिक उत्कृष्टता के दम पर विदेश के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में स्कॉलरशिप के साथ चयनित होकर लखनऊ का नाम गौरवान्वित किया है। सीएमएस के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने बताया कि प्रतिवर्ष सीएमएस के 100 से अधिक मेधावी छात्र विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में उच्चशिक्षा हेतु चयनित होते हैं। इस वर्ष अभी तक सीएमएस के 45 से अधिक छात्र अमेरिका, इंग्लैण्ड, कैनडा, आस्ट्रेलिया, जापान, सिंगापुर, जर्मनी आदि विभिन्न देशों के ख्यातिप्राप्त विश्वविद्यालयों में चयनित हो चुके है, जिनमें से अधिकतर को स्कॉलरशिप प्राप्त हुई है।

## दारोगा पुत्र फांसी के फंदे पर झूला

**बख्शी का तालाब।** मोहम्मदपुर सरैया गांव में वायरलेस पुलिस में तैनात दरोगा के पुत्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सुसाइड नोट में उसने अपनी मौत का जिम्मेदार खुद को बताया है। घटना सुबह 6 बजे के करीब की है। लखीमपुर में वायरलेस पुलिस में नंदकिशोर दरोगा के पद पर तैनात है। मंगलवार सुबह चार बजे के करीब वह अपनी ड्यूटी करने लखीमपुर चले गये। सुबह 6 बजे के करीब उनकी पत्नी ने (दरोगा की पहली पत्नी के पुत्र) 21 वर्षीय राहुल को जगाने के लिये आवाज दी लेकिन जब वह नही बोला तो खिड़की से अंदर देखा तो उनके होश उड़ गये। राहुल का शव रस्सी के सहारे पंखे के हुक से झूल रहा था। सूचना पर पहुचीं पुलिस ने ‍घरवालों के बयान दर्ज करने के बाद शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया हैं। थाना प्रभारी योगेंद्र सिंह ने बताया कि कमरे से मिले सुसाइड नोट मे उसने खुद को मौत का दोषी बताया हैं। मृतक कई बार परीक्षा दे चुका था। लेकिन सफल न होने के कारण डिप्रेशन में रहता था।

# आईएएस एवं पीसीएस संवर्ग के 23 अधिकारी प्रेक्षक के रूप में तैनात


**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**त्रिस्तरीय** पंचायत सामान्य निर्वाचन 2021 के प्रथम चरण के 18 जनपदों में 15 अप्रैल को निष्पक्ष एवं पारदर्शिता के साथ मतदान कराने के लिए प्रदेश के आईएएस एवं पीसीएस संवर्ग के 23 अधिकारियों को प्रेक्षक के रूप में तैनात किया गया है। आयुक्त राज्य निर्वाचन आयोग मनोज कुमार ने प्रथम चरण के 18 जनपदों में तैनात 23 प्रेक्षकों को निर्देश दिए हैं कि आयोग से निर्गत आदेशों निर्देशों तथा आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। निर्गत आचार संहिता का पालन न करने वाले कार्मिकों, मतदाताओं एवं प्रत्याशियों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाए। उन्होंने कहा है कि प्रेक्षकों सहित संबंधित जनपदों के निर्वाचन अधिकारियों का दायित्व है कि आगामी प्रथम चरण चुनाव प्रत्येक दशा मे स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शान्तिपूर्ण ढ़ंग से सम्पादित कराएं जाएं साथ ही कोविड से संबंधित निर्गत निर्देशों का शत.प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। प्रथम चरण के चुनाव में जनपद जौनपुर हेतु सदस्य, न्यायिक राजस्व परिषद ओमप्रकाश आर्या को, जनपद गाजियाबाद हेतु ग्रामीण विकास विभाग के प्रमुख सचिव के रविन्द्र नायक, जनपद महोबा हेतु विशेष सचिव पुनर्गठन एवं समन्वय विभाग अभय तथा जनपद रामपुर हेतु महानिदेशक दीनदयाल उपाध्याय राज्य ग्रामीण विकास संस्थान एल वेंकटेश्वर लू को प्रेक्षक तैनात किया गया है। इसी प्रकार जनपद रायबरेली हेतु सचिव रेरा राजेश कुमार त्यागी कानपुर नगर हेतु, श्रमायुक्त कानपुर नगर मोहम्मद मुस्तफा जनपद अयोध्या हेतु, नागेन्द्र प्रताप सीईओ उत्तर प्रदेश ब्रजतीर्थ मथुरा, जनपद सहारनपुर हेतु, रणवीर प्रसाद सचिव राजस्व एवं बेसिक शिक्षा जनपद झांसी हेतु, विशेष सचिव अल्पसंख्यक कल्याण देवी शरण उपाध्याय जनपद बरेली हेतु, अरविन्द कुमार चौरसियाए अपर निदेशक बाल विकास पुष्टाहार जनपद गोरखपुर हेतु, अटल राय विशेष सचिव गृह को प्रेक्षक के रूप में तैनात किया गया है। जनपद प्रयागराज हेतु हरिप्रताप शाही परियोजना प्रसाशक ग्रेटर शारदा, जनपद आगरा हेतु प्रेम रंजन सिंह उपाध्यक्ष अलीगढ़ विकास प्राधिकरण, जनपद हाथरस हेतु घनश्याम सिंह विशेष सचिव कार्यक्रम क्रियान्वयन, जनपद हरदोई हेतु विशेष सचिव ग्रामीण विकास से अरविन्द कुमार पाण्डेय, जनपद भदोही हेतु राजेन्द्र पेंसिया उपाध्यक्ष आगरा विकास प्राधिकरण, जनपद श्रावस्ती हेतु रवि कुमार एनजी, सचिव पर्यटन एवं संस्कृति तथा जनपद संत कबीर नगर हेतु रतिभान अपर आयुक्त, गोरखपुर को प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। 16 विकास खण्डों से अधिक वाले जनपदों में प्रेक्षक के साथ एक अतिरिक्त प्रेक्षक तैनात किया गया है जिसमें जनपद हरदोई हेतु उप निदेशक मंडी चन्द्रपाल जनपद प्रयागराज हेतु शिवसहाय अवस्थी, विशेष सचिव गन्ना जनपद रायबरेली हेतु अपर आयुक्त अयोध्या मण्डल रवि प्रकाश श्रीवास्तव जनपद गोरखपुर हेतु संजय कुमार खत्री संयुक्त प्रबन्ध निदेशक जल निगम तथा जनपद जौनपुर हेतु अपर आयुक्त प्रयागराज रमेश चन्द्र को अतिरिक्त प्रेक्षक के रूप में तैनात किया गया है।

# पुणे के उद्यमी को नहीं मिली बच्ची की कस्टडी

- उद्यमी ने कहा था, पुणे जैसी सुविधा बच्ची को लखनऊ में नहीं मिल सकती
- हाईकोर्ट ने कहा, लखनऊ भी पुणे से कम नहीं

**विधि संवाददाता।** लखनऊ



**हाईकोर्ट** की लखनऊ खंडपीठ ने पुणे के एक उद्यमी को उसकी नौ साल की बेटी की कस्टडी देने से इंकार कर दिया है। पीठ ने उसे सिर्फ गर्मी व सर्दी की आधी–आधी छुट्टियां व्यतीत करने के लिए बच्ची को अपने साथ रखने की छूट दी है। साथ ही कुछ शर्तों के साथ बच्ची से मिलने व बात करने की छूट भी प्रदान की है। पीठ ने पिता की इस बात को मानने से इंकार कर दिया कि लखनऊ में बेहतर शिक्षा व स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं है। पीठ ने अपने फैसले में कहा है कि देश के सबसे बड़े राज्य की राजधानी है लखनऊ। और यह देश से पूरी तरह कनेक्टेड है। यहां की शिक्षा उतनी खराब नहीं है, जितना बच्ची के पिता बता रहे हैं। जस्टिस दिनेश कुमार सिंह की एकल पीठ ने यह आदेश बच्ची के पिता की ओर से दाखिल एक बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका को निस्तारित करते हुए दिया है। याचिका में पिता का कहना था कि 2004 में उसकी शादी लखनऊ से हुई थी। 2011 में बच्ची हुई। वह पुणे में अपने दादा व दादी के साथ एक पॉश इलाके में रहती थी। वहां के नामचीन संट मैरी स्कूल में पढ़ती थी। 29 अगस्त 2019 को बच्ची को उसकी मां स्कूल से लेकर चली गई। उसी दिन फ्लॉइट पकड़ कर लखनऊ भी आ गई। याचिका में पिता ने बच्ची की कस्टडी के साथ उससे मुलाकात का अधिकार भी मांगा था। उसका कहना था कि वह एक उद्यमी है। और पुणे में उसके रहन सहन का स्तर काफी ऊंचा है। जबकि लखनऊ में बच्ची के लिए कम सुविधाएं हैं। एकल पीठ के समक्ष सुनवाई के इस याचिका का बच्ची की मां ने विरोध करते हुए कहा कि वह एमबीए हैं और कमा रही हैं। वह बच्ची के नाना–नानी व मामा–मामी के साथ मायके में रहती हैं। बच्ची सेठ जयपुरिया स्कूल में पढ़ती है। वह लखनऊ में बच्ची का अच्छी तरह ख्याल रख रही है। जबकि पुणे में बच्ची के पिता उससे अच्छा व्यवहार नहीं करते थे। यह भी कहा कि बच्ची के पिता के साथ उसका वैवाहिक विवाद चल रहा हैं। एकल पीठ ने फैसले से पूर्व इस मामले को आपसी सुलह समझौते से सुलझाने के लिए मीडिएशन सेंटर भेजा था। वहां माता पिता को साथ रहने के लिए बहुत समझाया गया लेकिन बात नही बनी। सब व्यर्थ रहा। पीठ ने अंततः मेरिट के आधार पर अपना फैसला सुना दिया।


# लोनिवि कराएगा 75 शासकीय भवनों का निर्माण


**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उपमुख्यमंत्री** केशव प्रसाद मौर्य के कुशल मार्गदर्शन में ईपीसी मोड पर 50 करोड़ रूपए से अधिक लागत के कुल 75 शासकीय भवनों का निर्माण कार्य कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग द्वारा कराया जायेगा, जिसमें श्रम विभाग के 18 कार्य, चिकित्सा शिक्षा विभाग के 16 कार्यए अल्पसंख्यक एवं वक्फ विभाग के 3 कार्य, गृह विभाग के 18 कार्य, कारागार विभाग के 3 कार्य, उच्च शिक्षा विभाग के 4 कार्य, न्याय विभाग के 6 कार्य, माध्यमिक शिक्षा विभाग के 1 कार्य, आयुष विभाग का 1 कार्य, पशुधन विभाग का 1 कार्य, खेल विभाग का 1 कार्य, नगर विकास विभाग का 1, चिकित्सा एवं स्वास्थ विभाग का 1 कार्य एवं धर्मार्थ विभाग का1 कार्य सम्मिलित है। इन 75 कार्यों में से 38 कार्य पूर्व से स्वीकृत है, जिनमें 1 कार्य धर्मार्थ विभाग का काशी विश्वनाथ मन्दिर का विस्तारीकरण एवं सौन्दर्गीकरण लागत 345.27 करोड़, श्रम विभाग के 18 अटल आवासीय विद्यालायों की स्वीकृत लागत 1256.64 करोड़ रुपए, 13 मेडिकल कॉलेज की स्वीकृत लागत 637.21 करोड़ रुपए, अटल मेडिकल विश्वविद्यालय 01 कार्य की स्वीकृत लागत 201.76 करोड़ एवं यूनानी मेडिकल कॉलेज 1 कार्य की स्वीकृत लागत 129. 50 करोड़ है एवं 3 विश्वविद्यालय अलीगढ़एबलिया एवं सहारनपुर लागत कमशः रुपए 10141 करोड़, 92.76 करोड़ एवं 92.04 करोड़, 1 कार्य न्याय विभाग का मल्टीलेवल कार पार्किंग उच्च न्यायालय प्रयागराज लागत 573 करोड़ रुपए के स्वीकृत हैं। लोक निर्माण विभाग भवन सेल से प्राप्त जानकारी के अनुसार 75 कार्यों में से 65 कार्यों में परामर्शी के चयन की प्रक्रिया पूर्ण हो गयी है।

# कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने के लिए जागरूक कर रहे दुकानदार

**संवाददाता।** मोहनलालगंज





**राजधानी** में बेकाबू हो रहे कोरोना संक्रमण को मात देने के लिए मोहनलालगंज के कुछ दुकानदारों ने जीवन और जीविका दोनों बनाए रखने के लिए आमजन को कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने के लिए जागरुक करने की मुहिम छेड़ दी है। दुकानदारों की इस कोशिश को सोशल मीडिया पर खूब जनसमर्थन मिल रहा है।

मोहनलालगंज समेत समूची राजधानी में कोरोना संक्रमण तेजी से लोगों को अपनी चपेट में ले रहा है। मास्क व सेनेटाइजर का प्रयोग और सामाजिक दूरी अमल में लाने के लिए प्रशासन और पुलिस अफसर आमजन को जागरुक करने के लिए लगातार अभियान चला रहे हैं। कोविड चालान के जरिए लोगों से जुर्माना भी वसूला जा रहा है। फिर भी संक्रमण के बढ़ते दायरे ने स्वास्थ्य सेवाओं को वेण्टीलेटर पर पहुंचाना शुरु कर दिया है। लिहाजा ओवरलोड से कराह रहीं स्वास्थ्य सेवाओं को जागरुकता अभियान की मदद से पटरी पर लाने के लिए मोहनलालगंज के कुछ जागरुक दुकानदारों ने भी लोगों को जागरुक करने की मुहिम शुरु कर दी है। जिसके तहत सामाजिक दूरी बरकरार रखने के लिए दुकान के बाहर रस्सी और अवरोध लगाया गया है। लोगों को मास्क पहनने और हाथ सेनेटाइज करने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से दुकान के बाहर पोस्टर चस्पा किए गए हैं। इस पर भी कोविड प्रोटोकॉल को नजरअंदाज करने वाले लोगों को दुकान पर पहुंचते ही कोरोना से बचने के लिए सचेत कर टोंकाटाकी का सहारा लिया जा रहा है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही जागरुकता मुहिम की फोटो और पोस्ट को लोगों की खूब सराहना मिल रही है। वहीं कई लोग इससे प्रेरणा लेकर गलती नहीं दोहराने की अपील भी कर रहे हैं।

**क्या कहते हैं इंस्पेक्टर**

इंस्पेक्टर दीनानाथ मिश्र ने बताया कोरोना को भगाने के लिए सामूहिक प्रयास की बेहद आवश्यकता है। आमजन कोविड प्रोटोकॉल का पालन करें इसके लिए पुलिस और प्रशासन की कोशिशों को लोगों के सहयोग की काफी जरुरत है। सिर्फ खुद कोरोना से बचाव के एहतियाती उपाय अमल में लाने से काम नहीं चलेगा बल्कि दूसरों को भी इसके लिए जागरुक और प्रेरित करना आवश्यक है। इसके साथ ही सभी को कुछ दिन के लिए बेवजह बाहर निकलने से बचने की भी आवश्यकता है।

**क्या कहते हैं एसडीएम**

एसडीएम विकास सिंह ने बताया आम लोग मास्क पहने हाथों को निश्चित अन्तराल पर धुलते रहें और दो गज की दूरी बनाकर रखें। इन छोटे से प्रयासों के बल पर काफी हद तक कोरोना से बचाव किया जा सकता है। स्वास्थ्य में गिरावट और कुछ भी लक्षण नजर आने पर फौरन आईसोलेट हो जाएं।

## बंदियों के बाहर जाने पर लगे प्रभावी रोकः डीजी जेल

**लखनऊ।** प्रदेश में कोविड–19 के तेजी से बढ़ते संक्रमण को देखते हुए डीजी जेल आनंद कुमार जेल अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि बंदियों के बाहर जाने पर प्रभारी रोक लगाई जाए। उन्होंने अधिकारियों को अन्य कई दिशा निर्देश भी जारी किए हैं। डीजी जेल ने अधिकारियों से कहा है कि पूर्व की भांति जेलों में जिस प्रकार से मास्क एवं सैनिटाइजर का निर्माण, होम्योपैथिक दवाई का वितरण, काढ़ा का सेवन एवं इस्तेमाल किया गया वही व्यवस्था इस संकट की घड़ी में सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा है कि यह देखें कि मास्क की कोई कमी न होने पाए और मास्क निर्माण की कार्रवाई को सुचारू रूप से दोबारा प्रारम्भ कर दिया जाए।

सोशल डिस्टेंसिंग का भी यथासम्भव पालन किया जाए। बंदियों के बाहर जाने पर प्रभावी रोक संक्रमण को रोकने में कारगर होगा। उन्होंने कहा है कि यथासम्भव ऐसे सभी कदम अमल में लाए जाएं जिससे बंदियों और जेल कर्मचारियों के प्राणों की रक्षा हो सके।

**कार्यालय परियोजना प्रबंधक, गोमती प्रदूषण नियंत्रण इकाई तृतीय (वि./याँ.), उ0प्र0 जल निगम, 22, जापलिंग रोड, लखनऊ**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

**पत्रांक : 494/विविध-6/17**

**दिनांक : 07.04.2021**

इस कार्यालय द्वारा 'डिपाजिट वर्क' के अन्तर्गत **एच0ए0एल0 कोरवा, अमेठी** के 2.5 एम0एल0डी0 सीवेज ट्रीटमेण्ट प्लान्ट का संचालन एवं अनुरक्षण हेतु इस इकाई द्वारा निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसका विवरण जल निगम की साइट गोमती एक्शन **www.upjn.org** पर उपलब्ध है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 17.04.2021** से **दिनांक 28.04.2021** तक निम्नलिखित सम्बन्धित कार्यालय से कार्य दिवस में क्रय की जा सकती है। **1.** परियोजना प्रबंधक, चतुर्थ निर्माण इकाई (वि0/याँ0) उ0प्र0 जल निगम, लखनऊ। **2.** परियोजना प्रबंधक, गोमती प्रदूषण नियंत्रण इकाई, तृतीय (वि0/याँ0) उ0प्र0 जल निगम, लखनऊ।

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल–चतुर्थ, सिस गोमती–लेसा, मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि0 82–83 इन्द्रलोक हाईडिल कालोनी, कृष्णानगर, लखनऊ (ई–निविदा आमंत्रण सूचना)**

विद्युत वितरण मण्डल–चतुर्थ, लेसा–सिस गोमती, लखनऊ के कार्य क्षेत्रान्तर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा में प्रथम भाग में लगाये जाने वाले सभी प्रपत्रों का विवरण एवं धरोहर धनराशि, निविदा प्रपत्र मूल्य का विवरण तथा अन्य समस्त नियम व शर्तें निविदा प्रपत्र से अवलोकन करना सुनिश्चित करें जो कि उ0प्र० सरकार की ई–टेण्डर वेबसाइट http:// etender.up.nic.in पर 28.04.2021 को 12:00 बजे तक डाउनलोड किये जा सकते हैं, जिसका प्रथम भाग उसी दिन को 16:00 बजे अथवा बाद में खोला जायेगा। यदि निविदा खुलने की तिथि को सार्वजनिक अवकाश पड़ता है तो निविदायें अगले कार्यदिवस में नियत समय पर खोली जाएगी। निविदा में यदि कोई भी संशोधन अथवा निविदा खोलने की तिथि में विस्तार एवं निविदा द्वितीय भाग खोले जाने की सूचना उ0प्र० सरकार की ई–टेण्डर वेबसाइट पर उपलब्ध कराई जाएगी। अधोहस्ताक्षरी को एक अथवा समस्त निविदा प्रपत्र को बिना कारण बताये निरस्त/विभक्त करने का अधिकार सुरक्षित है। निविदा का विवरण निम्नवत् है :– **अल्पकालीन ई–निविदा सूचना सं0 06/2021–22** 1. वि0वि0ख0, सेस–द्वितीय, सिस गोमती, लेसा, लखनऊ के अधीनस्थ स्थापित मीटरों को कम ऊँचाई पर स्थापित करने हेतु। निविदा प्रपत्र 1180.00 (जीएसटी सहित), धरोहर राशि रू0 5,000.00। **अल्पकालीन ई–निविदा सूचना सं0 07/2021–22** 2. वि0वि0ख0, सेस–तृतीय, सिस गोमती, लेसा, लखनऊ के अधीनस्थ स्थापित मीटरों को कम ऊँचाई पर स्थापित करने हेतु। निविदा प्रपत्र 1180.00 (जीएसटी सहित), धरोहर राशि रू0 5,000.00। **अल्पकालीन ई–निविदा सूचना सं0 08/2021–22** 3. वि0वि0ख0, सेस–चतुर्थ, सिस गोमती, लेसा, लखनंऊ के अधीनस्थ स्थापित मीटरों को कम ऊँचाई पर स्थापित करने हेतु। निविदा प्रपत्र 1180.00 (जीएसटी सहित), धरोहर राशि रू0 5,000.00। **अल्पकालीन ई–निविदा सूचना सं0 09/2021–22** 4. वि0वि0ख0, सेस–द्वितीय, सिस गोमती, लेसा, लखनऊ के अधीनस्थ सिंगल फेस इलेक्ट्रानिक मीटरों की स्थापना का कार्य। निविदा प्रपत्र 1180.00 (जीएसटी सहित), धरोहर राशि रू0 5,000,00। **अधीक्षण अभियन्ता (चतुर्थ)** पत्रांक संख्या : 34/वि0वि0मं0(च0) /कैम्प/निविदा दिनांक :13.04.2021 "राष्ट्र हित में बिजली बचायें"

**कार्यालय, उप निदेशक (निर्माण)**

**राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, देवीपाटन (गोण्डा)**

पत्रांकः नि0ख0देवी(गोण्डा)/(निविदा प0)/2021– 1208 दिनांकः–13/04/2021

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन–2021 की व्यवस्थान्तर्गत निम्नलिखित मरम्मत कार्यों हेतु मण्डी परिषद में पंजीकृत तथा वित्तीय रूप से सुदृढ़ ठेकेदारों/फर्मों से दिनांकः–24.04.2021 को अपरान्ह 3.00 बजे तक सीलबन्द निविदाएं उप निदेशक (निर्माण) मण्डी परिषद, देवीपाटन (गोण्डा) के कार्यालय में आमंत्रित की जाती हैं। जो उसी दिनांक को 3.30 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा मनोनीत प्रतिनिधि द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र उप निदेशक (निर्माण) कार्यालय मण्डी परिषद, देवीपाटन (गोण्डा), उप निदेशक (प्रशा0/विपणन) मण्डी परिषद, अयोध्या एवं भारतीय स्टेट बैंक, नवीन फल सब्जी मण्डी स्थल, गोण्डा से भी दिनांकः–23.04.2021 तक क्रय की जा सकती है। विवरण निम्न प्रकार हैः–

| क्र0 सं0 | कार्य का विवरण | कार्य की लागत रू0 लाख में GSTरहित) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | निविदा का मूल्य GST सहित) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | पंजीकृत ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन 2021 हेतु अधिग्रहीत नवीन मण्डी स्थल नानपारा जनपद बहराइच में 12x44मी0 01 नग नीलामी चबूतरे की टीनशेड बदलने एवं फर्श की मरम्मत एवं 05 नग "अ" श्रेणी की दुकानों की आन्तरिक पुताई का कार्य। | 8.53 | 0.85 | 590.00 | 05 दिन | "द" |
| 2 | त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन 2021 हेतु अधिग्रहीत उप गण्डी स्थल कैसरगंज,. जनपद बहराइच में 12x88मी0 01 नग नीलामी चबूतरे के 12x52 मी0 छायादार नीलामी चबूतरे के फर्श एवं दिवारों का मरम्मत कार्य। | 8.70 | 0.87 | 590.00 | 05 दिन | "द" |

**मुख्य शर्तें :–** 1. निविदा क्रय करते समय निविदा का मूल्य नगद कार्यालय में जमा करना होगा, जो नान रिफण्डेबल होगा। 2. निविदा की धरोहर धनराशि जमानत खाता सं0–30394522015 आई0एफ0एस0सी0 कोड सं0– SBIN0014612 उप निदेशक (निर्माण) के नाम आर0टी0जी0एस0 करना होगा, जिसका बैंक से सत्यापित यू0टी0आर0 नम्बर निविदा क्रय के समय प्रस्तुत करना होगा। 3. शासनादेश सं0–8/2017/836/23.07.17–176(सा0)/06 दिनांकः–08.06.2017 के अनुसार कार्यों की विभागीय दरों से ठेकेदार द्वारा 10 प्रतिशत बिलो तक 0.50 प्रतिशत प्रति 1 प्रतिशत कम दर पर तथा 10 प्रतिशत से अधिक कम दर डालने पर 01 प्रतिशत (निविदा लागत पर) परफार्मेंस सिक्योरिटी की घनराशि अतिरिक्त देय होगी। 4. शेष नियम एवं शर्तें तथा अन्य विवरण अधघोहस्ताक्षरी कार्यालय में किसी भी कार्यदिवस में देखी व पढ़ी जा सकती हैं।

(महेश कुमार खरे)
प्र0उप निदेशक (निर्माण)

# चैत्र के वासंतिक नवरात्र में कोरोना पर आस्था पड़ी भारी

● मां शैलपुत्री देवी व मुखनिर्मालिका गौरी के दर्शन पाकर श्रद्धालु हुए अभिभूत

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी





**चैत्र के** वासंतिक नवरात्रि में गौरी के पूजन-अर्चन का दिन होता है। प्रथम दिन मॉ मुखनिर्मालिका गौरी के मंदिर गायघाट स्थित गंगा के किनारे स्थित है। श्रद्धालु गंगा स्नान कर मुख निर्मालिका गौरी का पूजन-अर्चन किया तथा मॉ को नारियल,चुनरी, माला-फूल, प्रसाद आदि चढ़ाकर कपूर से आरती भी किया। इस दौरान मंदिर में सुबह से लेकर देर रात तक दर्शन-पूजन का क्रम चलता रहा।रात्रि साढ़े दस बजे मंदिर के महंत ने मुख निर्मालिका गौरी की महाआरती की।मंदिर में श्रद्धालुओं ने लगाया उद्घोष 'बोल सच्चे दरबार की जय', हे दरबारा वाली आपकी सदा जय-जयकार हो'।

चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन सुबह लोग नित्य क्रिया से निवृत्त होकर तय मुहूर्त में माता के आगमन पर कलश स्थापित किया। उसके बाद पूरे विधि.विधान से माता का पूजन किया गया। इसके साथ ही मंगलवार सुबह से घरों में अखंड ज्योत जलाया गया। इसके बाद व्रती जनों ने माता को ध्यान करते हुए पाठ किया।

**देवी दरबार में उमड़ी आस्थावानों की भीड़:** घर में पूजन करने के बाद युवतियों और महिलाओं की भारी भीड़ देवी दरबार में उमड़ी। शास्त्रीय मान्यता के अनुसार प्रथम दिन माता शैलपुत्री देवी के दर्शन का विधान है। सरैया स्थित मंदिर के महंत गणेश गोस्वामी ने बताया कि सुबह में माता को स्नान कराकर नूतन वस्त्र और आभूषण धारण कराया गया। उसके बाद भोर में मां की विशेष आरती की गयी। उसके बाद भक्तों के दर्शन के लिए मां का कपाट कोल दिया गया। बीच.बीच में पुलिस प्रशासन के लोगों ने बढ़ते कोरोना संक्रमण को देखते हुए मंदिर कोना.कोना सैनिटाइज कर रहे थे। बिना मास्क के किसी भी श्रद्धालु को प्रवेश नहीं दिया जा रहा था। जिला प्रशासन के आदेशानुसार एक बार मात्र पांच श्रद्धालुओं को ही दर्शन के लिए भेजा जा रहा था। वहीं दुर्गाकुंड स्थित मां कुष्मांडा देवी के दरबार में भी भोर से श्रद्धालुओं की जुटान हो गयी थी। मंदिर के महंत ने बताया कि सुबह में आरती के बाद मंदिर का पट आम श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया था। सुबह से ही मंदिरों में आस्थावानों की कतार लग गयी है। इसके साथ शहर के अन्य टोले.मोहल्ले में स्थित देवी दरबार में भी आस्थावानों की भीड़ देखी गयी। जिला प्रशासन की ओर से सभी मंदिरों में सुरक्षा के पूरे इंतजाम किए गए थे। कलश स्थापना और पूजन के बाद व्रती जनों ने फ्लाहार किया। फ्लाहार में लोगों ने आलूए मुमफ्लीए सेबए केला सहित अन्य फ्लों से जलपान किया।

## क्विक न्यूज

### हत्या में वांछित बदमाश को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**वाराणसी।** सारनाथ पुलिस ने मंगलवार को हत्या के मामले में वांछित बदमाश पंकज सिंह पुत्र प्रदीप कुमार सिंह निवासी सारनाथ थाना क्षेत्र के रूप्पनपुर नटुनी, मूल पता निवासी ग्राम राजापुर थाना बहरियाबाद जिला गाजीपुर को सिंहपुर रिंगरोड अंडरपास से सुबह 9:10 बजे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने गिरफ्तार बदमाश से हत्या के संबध में पूछताछ कर रही है।

### पंचायत चुनावः आराजी लाइन में सर्वाधिक बूथ, बनारस में 2592 बूथों की कमान संभालेंगे 12,448 कार्मिक, बाहर से पुलिस-पीएसी बल मंगाये गये



**वाराणसी।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में नामांकन प्रक्रिया समाप्त होते ही मतदान की तैयारी में प्रशासन जुट गया है। जिले में 2592 बूथ बनाए गए हैं। प्रत्येक बूथ पर वन प्लस थ्री यानी एक पीठासीन अधिकारी व तीन मतदान अधिकारी की तैनाती की गई है। वर्तमान में कार्मिकों का प्रशिक्षण शुरू हो चुका है। 20 फीसद कार्मिकों को आरक्षित श्रेणी में रखा गया है। सेवापुरी ब्लाक में 306 मतदेय स्थल होंगे। इस पर कुल 1224 कार्मिकों की तैनाती कर दी गई है। इसी प्रकार बड़ागांव ब्लाक में 308 मतदेय स्थल पर 1480 कार्मिक मोर्चा संभालेंगे। पिंडरा में 378 बूथों की कमान 1816 कार्मिकों के कंधे पर होगी। हरहुआ ब्लाक में 254 बूथ पर 1220 कार्मिकए चोलापुर ब्लाक में 317 बूथ पर 1520 कार्मिकए चिरईगांव में 305 बूथ पर 1464 कार्मिकए आराजीलाइन ब्लाक के 433 बूथ पर 2080 कार्मिकों की तैनाती की गई है। सर्वाधिक बूथ वाला यही ब्लाक होगा। काशी विद्यापीठ ब्लाक में 291 बूथ की कमान 1400 कार्मिकों के जिम्मे होगी।कार्मिकों का प्रशिक्षण यूपी कालेज में पिछले तीन दिन से चल रहा है। पोड्क्षलग पार्टियां ब्लाक से 18 अप्रैल को सुबह बूथों के लिए रवाना होंगी। जिले में 19 अप्रैल को मतदान निर्धारित है। मतदान सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक होगा।

### खेल प्रतियोगिताओं की जल्द होगी घोषणा

**प्रयागराज।** अब लगातार प्रतियोगिताओं की घोषणा की जा रही है। यह प्रतियोगिता आईपीएल के लोगों को सबसे अधिक खुशी और संतोष देगी। वर्षों से इंडियन प्रीमियर लीग अपने लोगों को रोमांचित और उत्साहित करता आ रहा है। उत्साह के इस स्तर को एक पायदान और ऊपर ले जाने के लिए इनोवेटिव ग्लोबल स्मार्टफोन ब्रांड और आईपीएल दो हजार इक्कीस के शीर्षक प्रायोजक वीवो ने डाई हार्ड क्रिकेट फैंस के लिए परफेक्ट फैन प्रतियोगिता की घोषणा की है। क्योंकि इसके जरिए खेल के प्रेमियों को विराट कोहली से मिलने और रोमांचक पुरस्कार जीतने का अवसर मिलेगा। ब्रांड स्ट्रेट्जी निदेशक निपुन मार्य ने कहा भारत में क्रिकेट केवल एक खेल नहीं है। यह एक भावना है जो पूरे देश को एक साथ बांधती है। अनुभव को बेहतर बनाने और उनके जीवन में खुशियां लाने का प्रयत्न करते हैं। क्रिकेट प्रेमियों को अपने क्रिकेट हीरो विराट कोहली से मिलने का मौका देने से बेहतर क्या होगा। यह मुश्किल समय है क्योंकि प्रशंसक आईपीएल के रोमांच और उत्साह का अनुभव स्टेडियम जाकर नहीं कर सकते हैं। प्रतियोगिता का उद्देश्य स्टेडियम के इस रोमांच को लोगों के घरों तक पहुंचाना है। यह प्रतियोगिता प्रशंसकों को अपने हीरो से मिलने टेलीविज़न पर लाइव आने और कई रोमांचक पुरस्कार जीतने का शानदार अवसर देती है।

### मडुवाडीह क्षेत्र में गत दिनों हुई हत्या में शामिल दो बदमाश हुए गिरफ्तार

**वाराणसी।** मंडुआडीह क्षेत्र के शिवदासपुर लालबत्ती क्षेत्र में विगत दिनों महिला लालता देवी 48 वर्ष की गला दबाकर हुई हत्या में पुलिस ने अंकित कुमार सिंह ;21द्ध निवासी अकथाए पहड़िया थाना लालपुर व विक्की जायसवाल ;21द्ध निवासी संजय नगर कॉलोनीए पहड़िया थाना लालपुर को एक कार के साथ पुलिस लाइन फ्लाई ओवर के ऊपर से गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार दोनों पकड़े गए आरोपियों ने बताया कि हम लोग व हिना तथा राहुल उर्फ रंजन त्रिपाठी सभी मिलकर मृतका लालता देवी की संपत्ति हथियाने के लिए उसकी हत्या का प्लान बनाया और लालता देवी की हत्या कर उसका शव दरी व कंबल में लपेट कर कार में रख कर कहीं सुनसान जगह फेकने का प्लान बना रहे थे तभी मृतका का भाई विजय द्वारा अपनी बहन को खोजे जाने से परेशान थे।बताया कि हम लोग मृतका के शव को मकान के पीछे के हिस्से में फेंक कर और दरवाजे में ताला बंद कर उसी कार से हम लोग वहां से भाग निकले। पुलिस टीम द्वारा दोनों आरोपियों के पास से एक टाटा जेस्ट कार बरामद की गई है।

## बनारस में कोरोना के 1376 मरीज पॉजिटिव पाए गए, तीन की मौत



पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

● जिले में एक्टिव मरीजों की संख्या 8779 हो गई

**कोरोना संक्रमण** की बढ़ती रफ्तार थमने का नाम ही ले रही।पुराने सारे रिकॉर्ड एक एक ध्वस्त होते जा रहे हैं।दस मार्च को जिले में जहाँ 50 सक्रिय मरीज थेए वही 13 अप्रैल को यह आंकड़ा 8799 हो गया।इससे पता चलता है कि संक्रमण कितनी तेजी से फैल रहा है।जिले में सोमवार को 1376 पॉजिटिव मिले।वही आज तीन मरीजो की मौत हो गई।इसी के साथ कोरोना से मरने वालों की संख्या 405 हो गया है।अब एक्टिव मरीजो की संख्या 8779 हो गया है।जबकि 360 मरीज होमआइसोलेशन से डिस्चार्ज किये गए।कोरोना से जिले में मरने वालों की संख्या 405 हो गई है।

**पीएम के संसदीय कार्यालय पर पसरा सन्नाटा:** कार्यालय प्रभारी की रिपोर्ट पॉजिटिव आने और अन्य के भी पॉजिटिव की आशंका से लोग यहां आने में कतराने लगे हैं। ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी यह कहते हुए किसी को अंदर जाने से मना कर रहे हैं कि कार्यालय में कोई नहीं बैठा है। दोपहर 12 बजे तक पुलिस कर्मियों के पास रखे आगन्तुक रजिस्टर खाली ही पड़ा रहा।

### बीएचयू के भूगोल विभाग के प्रो. रामबिलास का कोरोना से निधन

**वाराणसी।** काशी हिंदू विश्वविद्यालय के विज्ञान संस्थान के भूगोल विभाग में कोविड के चलते प्रोफेसर रामबिलास का असामयिक निधन हो गया। इससे विश्वविद्यालय में शोक की लहर दौड़ पड़ी। विभाग के मर्माहत अध्यापकोंए कर्मचारियों एवं छात्रों ने सभा कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। विभागध्यक्ष प्रोफेसर रामसकल यादव ने कहा कि प्रोफेसर रामबिलास का दिवंगत होना भूगोल जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। वह भौगोलिक शोध में महत्वपूर्ण योगदान करने वाले प्रमुख भूगोलवेत्ता व उदारमना तथा सहज व्यक्तित्व के थे। प्रोफेसर बीआरके सिन्हा ने कहा कि उनका व्यवहार मृदुलए ज्ञान की गंभीरता और सबके सहयोग के लिए खुले मन से आगे आनाए उनके व्यक्तित्व का अटूट हिस्सा था। प्रोफेसर विनय कुमार राय ने कहा कि हमने एक ऐसा भूगोलवेत्ता खोया है जो भौगोलिक अध्ययन में वैज्ञानिक शिक्षणए शोध एवं सहजता के साथ सर्वसुलभ थे। प्रोफेसर आनंद दीपायन, प्रोफेसर विनोद त्रिपाठी, प्रोफेसर गवनामानी, प्रोफेसर गायत्री राय, प्रोफेसर सराबनी सन्याल, प्रोफेसर केपी गोस्वामी, प्रोफेसर सुमन सिंह, डॉ. नरेंद्र वर्मा, डॉण् कपिल गावस्कर, हरेंद्र सिंह, किशोरी लाल श्रीवास्तव आदि ने भी श्रद्धांजलि दी।

### कौशल प्रशिक्षण व आकर्षक कैरियर की संभावनाओं का लें लाभः पांडेय

**प्रयागराज।** वर्तमान कोविड की 19 स्थिति को देखते हुए सभी आवश्यक स्वास्थ्य देखभाल और सुरक्षा दिशा निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जा रहा है। स्किल इंडिया पैवेलियन सत्येंद्र विशाल और कई अन्य लोगों को प्रेरित करेगा ताकि भविष्य में कौशल प्रशिक्षण और आकर्षक कैरियर की संभावनाओं का लाभ उठाया जा सके। उत्तराखंड स्किल इंडिया के अंतर्गत उत्तराखंड में विभिन्न पहलों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से केंद्रीय कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री डा महेन्द्र नाथ पाण्डेय ने आज हरिद्वार में आयोजित कुंभ मेलें में स्किल इंडिया पैवेलियन का उद्घाटन किया। भारत में सबसे बड़े धार्मिक उत्सव में से एक कुंभ मेला भारत के कोने कोने से तीर्थयात्रियों को आकर्षित करता है।

### वर्चुअल क्लास शुरू करने की होगी पहल

**प्रयागराज।** व्यक्तित्व कहानी में कई नाटकीय मोड़ लाते हैं। एक बड़ा नाटक तब होता है जब अनुप्रिया पूर्वा गोखले को हरि की मौत के लिए दोषी ठहराया जाता है। अब कल्याणी इसके पीछे असली मास्टरमाइंड को खोजने की कोशिश कर रही है। जी टीवी पर लोकप्रिय श्रृंखला तुझसे है राबता अपने दिलचस्प कहानी और कल्याणी रीम शेख और मल्हार सेहबान अजीम जैसी व्यक्तित्व के कारण शुरू से ही लोगों की पसंदीदा रही है। तुझसे है राबता हर सोमवार से शुक्रवार रात साढ़े आठ बजे जी टीवी पर आएगा। व्यस्त फिल्मांकन और ऑनस्क्रीन ड्रामा अभिनेताओं को अपने शौक पर समय बिताने की अनुमति नहीं देता है। लेकिन अब रीम ने अपने जुनून को साधने का फैसला किया है। वर्चुअल क्लास के जरिए गिटार सीख रही है। रीम ने हाल ही में अपनी फोटो सोशल मीडिया पर पोस्ट की थी और इसलिए उनके प्रशंसक बहुत उत्साहित हैं। संगीत के लिए अपने प्यार के बारे में और गिटार सीखने के बारे में बोलते हुए रीम ने कहा अभी शूटिंग में बहुत व्यस्त हैं लेकिन अब जान चुके हैं कि जो बातें वास्तव में आनंद देती हैं वह करनी बेहद जरूरत है।

## पूर्व महाधिवक्ता एवं वरिष्ठ अधिवक्ता वीसी मिश्र का निधन

● वीसी मिश्र के निधन से अधिवक्ता समाज की अपूरणीय क्षतिरू देवेन्द्र, हाईकोर्ट के पूर्व महाधिवक्ता वीसी मिश्र के निधन पर सांसद प्रोफेसर रीता बहुगुणा जोशी ने जताया शोक

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज



विनय चंद्र मिश्र

**इलाहाबाद** हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता और प्रदेश सरकार के पूर्व महाधिवक्ता पंडित विनय चंद्र मिश्र का 92 वर्ष की अवस्था में मंगलवार को निधन हो गया। वह कोरोना संक्रमित पाए गए थे। जहाँ उनका उपचार चल रहा था। बार काउंसिल ऑफ इण्डिया के तीन बार चेयरमैन और हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के कई दफे अध्यक्ष रहे विनय चंद्र मिश्र तीन दिन से कोरोना संक्रमित थे। कोरोना वायरस के संक्रमण से प्रतिदिन हजारों लोग चपेट में आ रहे हैं। कई लोग रोज जान भी गवां रहे हैं। वी सी मिश्र यूपी के पूर्व महाधिवक्ता एवं हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के कई बार अध्यक्ष भी रहे हैं। वह बार कौंसिल के अध्यक्ष और सदस्य भी रहे हैं। श्री मिश्र की गिनती देश के बड़े वकीलों में होती थी। उनके निधन से बार एवं अधिवक्ताओं में शोक की लहर है। अधिवक्ताओं का कहना है कि बार ने एक जुझारू संरक्षक खो दिया है। बार के अध्यक्ष अमरेंद्र नाथ सिंह महासचिव प्रभाशंकर मिश्र बार कौंसिल के अध्यक्ष अपर महाधिवक्ता महेश चंद्र चतुर्वेदी नीरज त्रिपाठी विनोद कांत कृष्ण पहल मनीष गोयल अनूप त्रिवेदी मनीष तिवारी रामानन्द पांडेय समेत तमाम अधिवक्ताओं नर उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उनके पुत्र विवेक मिश्र भी सपा सरकार में अपर महाधिवक्ता रहे हैं। इन दिनों वह इलाहाबाद हाईकोर्ट में वकालत कर रहे हैं। पंडित विनय चंद्र मिश्र को इलाहाबाद हाईकोर्ट में भीष्म पितामह भी कहा जाता रहा है। वह विधि के अच्छे जानकार रहे। अधिवक्ताओं के आंदोलनों में सक्रिय रहते थे। भाजपा काशी क्षेत्र विधि प्रकोष्ठ संयोजक देवेन्द्र नाथ मिश्र ने अधिवक्ता समाज के पितामह वरिष्ठ अधिवक्ता वीसी मिश्र के निधन पर अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त की हैं। कहा कि उनके जैसे योद्धा का जाना संपूर्ण अधिवक्ताओं के लिए अपूरणीय क्षति है। जिसकी भरपाई असंभव है। 92 वर्षीय पूर्व महाधिवक्ता विनय चंद्र मिश्र तीन बार बार कौंसिल आफ इंडिया के चेयरमैन और सात बार हाईकोर्ट बार एसोसिएशन इलाहाबाद के अध्यक्ष एवं चार बार महासचिव रहे। उन्होंने कई दलों की राजनैतिक यात्रा भी की मगर राजनैतिक सफ्लता नही मिली। लेकिन अधिवक्ता समाज में ऐसे कर्मठ और काबिल अधिवक्ता नही मिलेंगे। जिन्होंने अनेकों बार अधिवक्ताओं के हित के लिए बेंच से टकराने का साहस किया।

अनेकों आंदोलन उनके नाम से इतिहास के पन्नो में दर्ज हैं। उनका अंतिम संस्कार बुधवार दिन में 12 बजे होगा। उनके निधन पर शोक व्यक्त करने वालों में ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव सतीश अग्रवाल रणजीत सिंह नरेंद्र देव पाण्डेय राघवेंद्र मिश्र देवेश सिंह आशुतोष पाण्डेय अरविंद सिंह मृत्युंजय तिवारी मनीष द्विवेदी जयवर्धन त्रिपाठी पंकज त्रिपाठी बृजेश ओझा जितेन्द्र ओझा आदि रहे। इलाहाबाद हाईकोर्ट के पूर्व महाधिवक्ता और वरिष्ठ अधिवक्ता वीसी मिश्र के निधन को लेकर सांसद डा रीता बहुगुणा जोशी ने गहरा दुख जताया है। उत्तर प्रदेश सरकार की पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं इलाहाबाद से सांसद प्रोफेसर रीता बहुगुणा जोशी ने वी सी मिश्र के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि वी सी मिश्र निडर सशक्त और अधिवक्ताओं के लिए संघर्ष करने वाले व्यक्ति थे।

## डॉ. भीमराव अंबेडकर के सपनों को पूर्ण कर रही भाजपाः गणेश

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज



**संविधान निर्माता** डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर की जयंती की पूर्व संध्या पर हाईकोर्ट के निकट स्थित अम्बेडकर मूर्ति पर भाजपा अनुसूचित मोर्चा के द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी ने करते हुए कहा कि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी का सारा जीवन दीन हीन असहाय गरीबों एवं वंचितों के लिए समर्पित रहा। उन्होंने उनके हक की लड़ाई की और भारतीय जनता पार्टी उन्हीं के आदर्शों पर चलकर समाज के अंदर रहने वाले निर्बल निर्धन असहाय एवं वंचित लोगों के जीवन में गुणात्मक परिवर्तन ला रही है और डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के सपनों को पूर्ण करने का कार्य कर रही है। कार्यक्रम के संयोजक भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के महानगर अध्यक्ष कविराज भारतीय जी रहे एवं संचालन हिमांशु गौतम ने किया। श्रद्धांजलि देने वालों में कुंज बिहारी मिश्रा रमेश पासी विवेक अग्रवाल राजू पाठक गिरीजेश मिश्रा श्याम चंद्र हेला मनीष रघुवंशी राजेश सोनकर धीरज गिरेवाल अनिल चंद्रा बच्चा लाल रंजीत हेला नवीन सोनकर हरीश पासवान अशोक सरपंच रत्न लाल सोभा सरोज सुनैनी देवी आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि 14 अप्रैल को महानगर के 1252 बूथों पर डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई जाएगी।

## कलश स्थापना के साथ भक्तों ने किए मां शैलपुत्री स्वरूप के दर्शन

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

● ललिता देवी मंदिर, कल्याणी देवी मंदिर, अलोपशंकरी में भगवती के दर्शन को पहुंचे मां के भक्त, कोरोना गाइड लाइन के तहत मंदिरों में भक्तों ने किए मां के दर्शन

**मां भगवती** शक्ति स्तुति महापर्व चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिप्रदा से नवरात्र एवं भारतीय संस्कृति सभ्यता का प्रतीक नव संवत्सर आज मंगलवार से आरंभ हो गया। घरों और मंदिरों में घट स्थापित कर मां दुर्गा का पूजन अर्चन किया गया। यम नियम से मां भगवती की स्तुति कर साधकों ने यश कीर्ति आर्थिक संपन्नता के साथ शारीरिक और मानसिक कष्टों से मुक्ति के पर्व नवरात्रि पर आज पूजा अर्चना की। नौ दिनों तक चलने वाली नवरात्रि पर कोरोना की गाइडलाइन के तहत देवी मंदिरों पर भक्त मां के दर्शन और पूजन अर्चन किया। कोरोना महामारी के चलते मंदिरों में विशेष व्यवस्था की गयी। मंदिरों में भक्तों के लिए घेरा बनाया गया। जिससे सामाजिक दूरी का पालन पूरी तरह किया जा सके। मंदिर के गर्भगृह में भीड़ न हो इसके लिए दो चार चार भक्तों के जाने की व्यवस्था रही। मंदिर के प्रवेश द्वार पर ही सेनेटाइजर आदि की व्यवस्था भी रही। मंदिर में बिना मास्क के किसी भी भक्त को प्रवेश नहीं दिया गया। ज्योतिर्विद आचार्य अखिलेश पांडेय ने कहा कि कलश स्थापना का शुभ मुहूर्त सुबह 6ण्52 बजे से रहा। इस बीच भक्तों ने कलश स्थापित किया। जिसमें लोगों ने पूजा अर्चना की। घट स्थापित करके मां शक्ति की स्तुति की गयी। पहले दिन मां के शैलपुत्री स्वरूप का पूजन किया गया। नवरात्रों का ऋतुओं की दृष्टि से विशेष महत्व माना गया। आचार्य अखिलेश पांडेय ने बताया कि ऋतु के क्रम में आराधना उपासना उपवास आदि करने से मनुष्य को शारीरिक और मानसिक शक्ति मिलती है। उन्होंने बताया कि वासंतिक एवं शारदीय नवरात्र पर ऋतुओं का परिवर्तन होता है। जिसका वातावरण पर असर पड़ता है। इसमें नवचंडी सहस्त्रचंडी शतचंडी लक्ष्यचंडी यज्ञ एवं धार्मिक अनुष्ठान अत्यंत कल्याणकारी होता है। मां शक्ति की उपासना में दुर्गा सप्तशती का पाठ किया गया। ललिता देवी मंदिर कल्याणी देवी मंदिर अलोपशंकरी मंदिर में भक्तों की भीड़ कोरोना गाइड लाइन के तहत रही। मंगलवार से शुरू नवरात्र पर नौ दिनों तक भक्त मां के रूपों का दर्शन करेंगे। आचार्य अखिलेश पांडेय ने बताया कि मां शैलपुत्री का वर्णन ब्रह्म पुराण में मिलता है। चैत्र प्रतिपदा के प्रथम सूर्योदय पर ब्रह्मा ने संसार की रचना की थी। माना जाता है कि इसी दिन श्रीराम का राज्याभिषेक हुआ था।


पूर्वोत्तर रेलवे सूचना सं.: 93/2021

रेल यात्री बन्धुओं के लिये आवश्यक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी का संचलन निम्नवत किया जायेगा।

(1) गाड़ी सं. 05185/05186 गोरखपुर-पनवेल-गोरखपुर ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी

गाड़ी सं. 05185 गोरखपुर से वृहस्पतिवार 15-04-2021 एवं सोमवार 19-04-2021 को।
गाड़ी सं. 05186 पनवेल से शुक्रवार 16-04-2021 एवं मंगलवार 20-04-2021 को।

| 05185 गोरखपुर–पनवेल आगमन | 05185 गोरखपुर–पनवेल प्रस्थान | स्टेशन | 05186 पनवेल–गोरखपुर आगमन | 05186 पनवेल–गोरखपुर प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 00:30 | गोरखपुर जं. | 15:30 | -- |
| 01:37 | 01:40 | बस्ती | 14:05 | 14:08 |
| 03:15 | 03:20 | गोण्डा जं. | 11:45 | 11:55 |
| 06:10 | 06:20 | ऐशबाग | 09:10 | 09:20 |
| 08:05 | 08:10 | कानपुर सेन्ट्रल | 07:05 | 07:10 |
| 09:38 | 09:40 | उरई | 04:15 | 04:17 |
| 12:05 | 12:15 | झांसी जं. | 01:45 | 01:55 |
| 16:20 | 16:25 | हबीबगंज | 21:35 | 21:40 |
| 18:05 | 18:15 | इटारसी जं. | 20:00 | 20:10 |
| 21:10 | 21:12 | खण्डवा | 17:30 | 17:35 |
| 23:05 | 23:15 | भुसावल जं. | 16:15 | 16:25 |
| 02:35 | 02:40 | नासिक रोड | 12:45 | 12:50 |
| 05:28 | 05:30 | कल्याण जं. | 09:42 | 09:45 |
| 09:15 | -- | पनवेल | -- | 09:15 |

रेक संरचनाः सामान्य द्वितीय श्रेणी–10, शयनयान–09, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी–02, एसएलआरडी–02 = कुल 23 कोच।

(2) गाड़ी सं. 05181/05182 गोरखपुर-बान्द्रा (ट.)-गोरखपुर ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी के संचलन अवधि का विस्तार

गाड़ी सं. 05181 गोरखपुर से दिनांक 17-04-2021, 21-04-2021, 25-04-2021 एवं 29-04-2021को।
गाड़ी सं. 05182 बान्द्रा टर्मिनस से दिनांक 19-04-2021, 23-04-2021, 27-04-2021 एवं 01-05-2021को।

| 05181 गोरखपुर–बान्द्रा(ट.) आगमन | 05181 गोरखपुर–बान्द्रा(ट.) प्रस्थान | स्टेशन | 05182 बान्द्रा(ट.)–गोरखपुर आगमन | 05182 बान्द्रा(ट.)–गोरखपुर प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 13:30 | गोरखपुर जं. | 14:30 | -- |
| 14:14 | 14:16 | खलीलाबाद | 13:45 | 13:47 |
| 14:40 | 14:43 | बस्ती | 13:10 | 13:15 |
| 16:30 | 16:35 | गोण्डा जं. | 11:40 | 11:50 |
| 19:45 | 20:00 | ऐशबाग | 09:00 | 09:10 |
| 21:30 | 21:40 | कानपुर सेन्ट्रल | 07:15 | 07:25 |
| 01:30 | 01:35 | टुण्डला जं. | 03:10 | 03:15 |
| 02:30 | 02:40 | आगरा फोर्ट | 02:45 | 02:55 |
| 05:00 | 05:02 | बयाना जं. | 00:15 | 00:20 |
| 06:00 | 06:05 | गंगापुर सिटी | 22:55 | 23:00 |
| 07:00 | 07:05 | सवाई माधोपुर | 21:45 | 21:50 |
| 08:30 | 08:40 | कोटा जं. | 20:05 | 20:15 |
| 12:45 | 12:47 | नागदा जं. | 16:25 | 16:30 |
| 13:30 | 13:40 | रतलाम जं. | 15:30 | 15:35 |
| 16:30 | 16:32 | गोधरा जं. | 12:30 | 12:35 |
| 17:45 | 17:50 | बड़ोदरा जं. | 11:05 | 11:15 |
| 20:30 | 20:40 | सूरत | 09:15 | 09:25 |
| 23:00 | 23:02 | वापी | 07:00 | 07:02 |
| 00:58 | 01:00 | बोरीवली | 04:52 | 04:56 |
| 01:30 | -- | बान्द्रा टर्मिनस | -- | 04:20 |

रेक संरचनाः जनरेटर सह लगेज यान–02, सामान्य द्वितीय श्रेणी–04, शयनयान–07, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी–06, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी–02 = कुल 21 कोच।

(3) गाड़ी सं. 05183/05184 गोरखपुर-सूरत-गोरखपुर ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी के संचलन अवधि का विस्तार

गाड़ी सं. 05183 गोरखपुर से दिनांक 18-04-2021, 22-04-2021, 26-04-2021 एवं 30-04-2021को।
गाड़ी सं. 05184 सूरत से दिनांक 19-04-2021, 23-04-2021, 27-04-2021 एवं 01-05-2021को।

रेक संरचनाः सामान्य द्वितीय श्रेणी–12, शयनयान–08, एसएलआरडी –02 = कुल 22 कोच।

नोटः उपरोक्त गाड़ी का समय एवं ठहराव पूर्व में प्रकाशित सूचना सं. 90/2021 के अनुसार रहेगी।

कृपया ध्यान दें: (1) उपरोक्त गाड़ियों के सभी कोच आरक्षित श्रेणी के होगें। (2) इन गाड़ियों से यात्रा करने वाले यात्रियों को कोविड–19 से बचाव एवं इसकी रोकथाम हेतु जारी दिशा निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा।

मुजाधि/टी–17 मुख्य यात्री परिवहन प्रबन्धक, गोरखपुर

यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मो. नं.: 09794845955 पर एसएमएस करें।

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

# पश्चिम बंगाल की घटना

## केंद्रीय बलों की प्रतिक्रिया

**अपने** जीवन पर खतरा आते देख कर आत्मरक्षा में विभिन्न केन्द्रीय बलों के नौजवानों की प्रतिक्रिया अलग-अलग होती है। इसका कोई मानक नियम नहीं है कि वे आत्मरक्षा के लिए स्थिति की गंभीरता किस तरह देखें और उसके अनुसार समुचित प्रतिक्रिया करें। इसलिए यदि खासकर कोई गुस्साई भीड़ उनकी ओर बढ़ती तो पश्चिम बंगाल के मतदान केन्द्रों पर तैनात सुरक्षा बल कमर के नीचे गोली मारते या ऊपर, यह निर्णय वे अपने ऊपर आए खतरे के आकलन के अनुसार करते। यदि कोई अन्य व्यावहारिक विकल्प न हो और समय की आवश्यकता हो तो मारने के लिए गोली चलाना भी गलत नहीं कहा जा सकता है। हालांकि, जो चीज एक स्थिति में सही हो, उसे दूसरी स्थिति में सही नहीं कहा जा सकता है। हाल ही में कूच बिहार के सीतलकुची में हुई घटना दुर्भाग्यपूर्ण है जिसमें सेंट्रल इंडस्ट्रियल सिक्यूरिटी फोर्स-सीआईएसएफ कर्मियों के गोली चलाने में चार लोगों का जीवन चला गया है और कोई भी हमदर्दी या मुआवजा उसे वापस नहीं ला सकता है। इससे भी ज्यादा दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि भाजपा और टीएमसी के बीच इसे लेकर आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला चल रहा है। मुख्यमंत्री व टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी ने जहां इसे 'नरसंहार' कहा है, वहीं केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि ममता बनर्जी ने अपने बयानों से जनता को केन्द्रीय बलों का घेराव करने व सीआईएसएफ पर हमले के लिए उकसाया है। आलोचकों का तर्क है कि यदि सीआईएसएफ जवान भीड़ भगाने के इरादे से पैरों पर गोली चलाते तो उपद्रवियों की मौत से बचा जा सकता था। ममता बनर्जी यही तर्क दे रही



हैं। लेकिन ऐसे तर्क मुद्दे के राजनीतीकरण के कारण दिए जा रहे हैं और ये व्यावहारिकता से बहुत दूर हैं। ये लोग नहीं जानते है कि पेशेवर बलों के कर्मचारियों को ऐसी परिस्थितियों में कैसे काम करना होता है और जमीनी स्थितियां कैसे तेजी से बदलती हैं।

इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि जब 300-400 गुस्सा लोगों की उपद्रवी भीड़ एक मतदान केन्द्र की ओर उसे लूटने तथा सुरक्षा बलों के हथियार छीनने के इरादे या उनकी हत्या के इरादे से बढ़ी थी। ऐसी स्थिति में उनके द्वारा अपनी आत्मरक्षा में उचित बल का प्रयोग किया। ऐसी स्थिति में लाठीचार्ज, वाटर कैनन, रबर बुलेट या आंसू गैस जैसे तरीकों का प्रयोग प्रतिरोधक के बजाय भीड़ को और उकसावे वाला हो सकता था जिससे वे केन्द्रीय सशस्त्र बल कर्मियों पर और भयानक हमला कर सकते थे। इसके परिणामस्वरूप होने वाले रक्तपात में सुरक्षा बलों और आम लोगों को बड़े पैमाने पर अपना जीवन गंवाना पड़ता। हताहतों की संख्या कम रखने तथा खून की प्यासी गुस्साई भीड़ को तितर-बितर करने के लिए गोली चलाने के सिवा कोई और व्यावहारिक विकल्प नहीं था क्योंकि इन परिस्थितियों में यही प्रतिरोधक का काम कर सकता था। लेकिन कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए तैनात किए जाने वाले किसी पेशेवर बल को इन स्थितियों की तकनीकी और विस्तृत जानकारी होनी चाहिए। ममता का आरोप है कि सीआईएसएफ को भीड़ नियंत्रित करने का कोई अनुभव नहीं होता है, लेकिन यह तर्क यथार्थ के बजाय कल्पनाओं पर आधारित है। इस घटना की समुचित जांच होनी चाहिए और देखा जाना चाहिए कि हिंसा भड़काने वालों को बख्शा न जाए। यदि सुरक्षा बलों की गलती हो तो उनके खिलाफ भी कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए। लेकिन हमें उम्मीद करनी चाहिए कि हमारे राजनेता इस मामले में और कम से कम लोगों की मौतों पर कोई राजनीति नहीं करेंगे। ऐसी राजनीति वास्तव में शर्मनाक है।

# नेपाल में राजनीतिक अस्थिरता

ओली के खिलाफ आया नेपाली सर्वोच्च न्यायालय का फैसला आश्चर्यजनक है और अब उनका राजनीतिक भविष्य अधर में लटक गया है।

**ऋषि गुप्ता**
लेखक जेएनयू में शोधकर्ता हैं)





नेपाल में लंबे राजनीतिक व न्यायिक उठापटक के बाद नेपाल के सर्वोच्च न्यायालय ने दो महत्वपूर्ण फैसले दिए हैं। उसने राष्ट्रपति द्वारा लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित संसद को भंग करना गलत बताया है तथा इसके साथ ही 2018 में नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी-एकीकृत मार्क्सवादी लेनिनवादी व नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी-माओवादी सेंटर के विलय को अवैध बताया है क्योंकि इसी नाम की एक अन्य पार्टी का अस्तित्व था। इसका अर्थ है कि यूएमएल व माओवादी पार्टियां वापस अपनी पुरानी स्थिति में आ गई हैं। संसद पुन: बहाल होने से प्रधानमंत्री के.पी. ओली को तगड़ा धक्का लगा है जो एक अति-राष्ट्रवादी नेता के रूप में उभरे थे। विभाजित नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी-एनसीपी के भविष्य पर अप्रत्याशित फैसले ने पूर्व एनसीपी में ओली और प्रचंड के बीच सत्ता के संघर्ष पर अंतत: पूर्ण विराम लगा दिया है।

इस फैसले को देश को राजनीतिक अस्थिरता में धकेलने से बचाने के न्यायेत्तर प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। राष्ट्रपति के पद, मंत्रि परिषद, सुरक्षा परिषद, संविधानेत्तर संस्थाओं और प्रेस पर ओली के प्रभाव को देखते हुए विश्वास किया जाता था कि अदालत ओली का पक्ष लेगी और उनके समूह को वैध एनसीपी मान लेगी। इससे प्रचंड के पास एक और गुट बनाने के सिवा कोई और विकल्प न बचता। ओली की कानूनी टीम को अपने पक्ष में फैसला आने की उम्मीद थी, लेकिन वास्तविक फैसले ने राजनीतिक संकट और गहरा दिया है। अब यदि माओवादी समर्थन वापस ले लें तो सरकार गिर जाएगी। मधेशी समर्थक जनता समाजवादी पार्टी ऐसे में किंगमेकर की भूमिका निभा सकती है। वह नेपाली कांग्रेस और माओवादियों का समर्थन कर सरकार बनवा सकती है या ओली के साथ जाकर उनका प्रधानमंत्री कार्यकाल और बढ़ा सकती है।

वैसे इस स्थिति की उम्मीद थी। 2018 में दो मुख्यधारा प्रतिद्वंद्वी पार्टियों के विलय ने नेपाली जनता में उम्मीद जगाई थी कि नया नेतृत्व राजनीतिक परिपक्वता प्रदर्शित कर रहा है। लेकिन यह केवल ओली और प्रचंड के लिए राजनीतिक अस्तित्व बचाए रखने का मामला था क्योंकि ओली ने अपने धुर विरोधी प्रचंड का साथ ले कर विपक्ष को कमजोर करने की रणनीति बनाई थी। प्रचंड पर गंभीर भ्रष्टाचार मामलों के साथ ही एक दशक लंबे चले माओवादी आंदोलन के दौरान लोगों की बड़े पैमाने पर हत्या कराने के आरोप भी थे। प्रचंड ने दावा किया था कि आंदोलन के दौरान लगभग 5,000 लोग मारे गए थे। ओली के सबसे मजबूत सहयोगी होने के नाते प्रचंड संरा. व अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में सुनवाई से बच सकते थे। इसलिए दोनों पार्टियों का विलय दोनों नेताओं के निजी स्वार्थों के कारण था जबकि व्यापक रूप से लोग इसे जनता के हित में राजनीतिक परिपक्वता की तरह देखते थे। इसलिए यह नतीजा निकलना अपरिहार्य था। अंतत: पार्टी टूटने के बाद आरोप-प्रत्यारोप का दौर चलेगा। ओली नई दिल्ली के साथ अपने संबंध सुधारने का प्रयास कर रहे हैं। भारत से संबंध बेहतर करने के लिए ओली ने अनेक भारतीय चैनलों से पूर्व प्रधानमंत्री प्रचंड के खिलाफ अनेक बातें कही हैं तथा उन पर पार्टी विभाजित करने का आरोप लगाया है। अतीत में यही ओली भारत

> **राजनेता नेपाल को वापस उथल-पुथल वाले समय में नहीं ले जाना चाहते हैं पर ओली के तानाशाही दृष्टिकोण ने नेपाल को भारी नुकसान पहुंचाया है। राजनीतिक रूप से लोकतंत्र ओली को पसंद नहीं है क्योंकि वे नेपाल में एक पार्टी शासन का सपना देख रहे हैं जहां उनका यूएमएल के भीतर या बाहर कोई राजनीतिक विरोधी न हो।**

विरोधी दृष्टिकोण अपना कर अपनी राजनीतिक स्थिति मजबूत करना चाहते थे तथा भारतीय मीडिया पर अपने देश के प्रति 'शत्रुतापूर्ण' दृष्टिकोण अपनाने का आरोप लगाते थे।

अतीत में ओली के जन संपर्क कार्यालय और विदेश नीति सलाहकार समूह ने सीमा विवाद पर भारत की घोर आलोचना की थी। अब ये कार्यालय नई दिल्ली से संबंध सुधारने की सभी तरकीबें आजमा रहे हैं। इसके साथ ही चीन के साथ दोस्ती की छवि के बावजूद ओली भारत से कोविड-19 वैक्सीनें मंगाने पर जोर दे रहे हैं। लेकिन भारत-नेपाल संबंधों में नया विकास इन परिवर्तनों के प्रति विश्वास पर आधारित होगा। दूसरी ओर ओली का चीन के प्रति पूर्वाग्रही दृष्टिकोण भारी आर्थिक नुकसान के कारण पैदा हुआ है। उन्होंने बीजिंग के साथ परस्पर कानूनी सहायता की संधि पर हस्ताक्षर किए थे जिससे नेपाल में रह रहे लगभग 20,000 तिब्बती शरणार्थियों का जीवन और अधिकार संकट में पड़ गया है। श्रीलंका में चीन के गलत कामों के परिणाम सामने आने के बावजूद वर्तमान नेपाली सरकार का बेल्ट एंड रोड इनीशियेटिव-बीआरआई के प्रति मोह बना हुआ है। भले ही ओली अपने कृत्यों को भारत और चीन के बीच संतुलनकारी रणनीति के रूप में पेश करें, पर उनके कार्यों से दूसरे संकेत मिलते हैं। नेपाल में ओली की राजनीतिक चालबाजियों के लिए चीन ने उदारता से पैसा दिया है। चीन से उनकी निकटता प्रदर्शित करने के लिए मदन भंडारी फाउंडेशन के माध्यम से मिलने वाला पैसा समुचित प्रमाण है।

वर्तमान घटनाक्रम को देखते हुए भविष्य अनिश्चित दिखता है। हालांकि, राजनेता नेपाल को वापस उथल-पुथल वाले समय में नहीं ले जाना चाहते हैं, पर ओली के तानाशाही दृष्टिकोण ने नेपाल को भारी नुकसान पहुंचाया है। राजनीतिक रूप से लोकतंत्र ओली को पसंद नहीं है क्योंकि वे नेपाल में एक पार्टी शासन का सपना देख रहे हैं जहां उनका यूएमएल के भीतर या बाहर कोई राजनीतिक विरोधी न हो। विदेश नीति के मोर्चे पर अपनी विशाल पनबिजली संभावनाओं को देखते हुए नेपाल बिजली पैदा करने में भारतीय विशेषज्ञता का लाभ उठा सकता है। परस्पर लाभदायक योजना से नेपाल की आर्थिक प्रगति का रास्ता खुलेगा। लेकिन नए समझौतों की तो बात दूर, नेपाल भारत के साथ 1996 में हस्ताक्षरित महाकाली जैसी संधियों को ही पुनर्जीवित करने का प्रयास नहीं कर रहा है जो दोनों देशों के बीच सहयोग को बढ़ावा दे सकती है। इस बीच बीआरआई और ट्रांस हिमालयन रेलवे का सपना दिखा कर चीन ने ओली को अपने पक्ष में किया है।

खोखली आर्थिक व विकास रणनीतियों के कारण ओली की महत्वाकांक्षायें नेपाल को अनिश्चित भविष्य की ओर धकेल रही हैं। इस पर नेपाल की जनता के साथ ही भारत समेत दुनिया के अन्य देशों को गहरी नजर रखनी होगी।

# प्रतिरोधी ढांचागत संरचना की अनिवार्यता

> **"यह कोविड पश्चात उबरने की प्रक्रिया में योगदान करते हुए जलवायु प्रतिबद्धताओं को पूरा करने की प्रेरणा दे सकता है।"**

**रिया राहीमान**
(लेखिका तकनीकी विशेषज्ञ हैं)



देश जलवायु परिवर्तन और चरम घटनाओं के प्रभाव से जूझ रहे हैं क्योंकि वे लोगों, बुनियादी ढांचे, अर्थव्यवस्थाओं और भविष्य के विकास के लिए विभिन्न जोखिमों का सामना करते हैं। चरम घटनाओं के कारण आर्थिक नुकसान का एक महत्वपूर्ण अनुपात बुनियादी ढांचे के सिस्टम को नुकसान और क्षति के लिए जिम्मेदार ठहराया जाता है, जिससे बुनियादी ढांचे के विकास के लिए आपदा और जलवायु लचीलेपन को एकीकृत करने की आवश्यकता पर जोर दिया जाता है। कोविड-19 महामारी के मामले में, हमने दुनिया भर में बुनियादी ढांचा क्षेत्रों पर अभूतपूर्व प्रभाव देखा है। भले ही इसने भौतिक बुनियादी ढांचे को सीधे नुकसान न पहुंचाया हो, लेकिन इससे अर्थव्यवस्थाओं पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ने के साथ, बुनियादी सुविधाओं की सेवाओं में रुकावट आई। प्रकोप लचीला बुनियादी ढांचे में निवेश करने की आवश्यकता का नवीनतम अनुस्मारक है। इसने विभिन्न क्षेत्रों और गरीबी, खराब स्वास्थ्य प्रणाली और अंतर्निहित सामाजिक कल्याण योजनाओं जैसे अंतर्निहित चालकों के लिए प्रणालीगत जोखिमों को उजागर किया और उन्हें समाप्त कर दिया। विभिन्न क्षेत्रों में पैदा हुए जोखिमों ने प्रणालीगत और कैस्केडिंग खतरों और कमजोरियों को समझने और संबोधित करने के लिए दृढ़ता से बाहर लाया।



वैश्विक वसूली के हिस्से के रूप में, बुनियादी ढांचे के निवेश को आर्थिक गतिविधियों को फिर से शुरू करने के उद्देश्य से प्रोत्साहन पैकेजों के एक अनिवार्य हिस्से के रूप में देखा जा रहा है। आर्थिक गिरावट के प्रभावों को कम करने के साथ-साथ रोजगार सृजित करने और प्रतिस्पर्धा में सुधार लाने के प्रयास के रूप में देशों को बुनियादी ढांचे के क्षेत्रों में भारी निवेश की उम्मीद है। कोविड-19 रिकवरी की योजना बनाते समय स्वास्थ्य और आर्थिक निहितार्थ केंद्र स्तर लेते हैं, लेकिन जलवायु आपातकाल की तात्कालिकता को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। महामारी ने स्पष्ट रूप से लचीलेपन को मजबूत करने के लिए सिस्टम के जोखिमों पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता को स्पष्ट रूप से सामने लाया है, एक सबक जो कि ध्यान में रखना चाहिए, साथ ही जलवायु परिवर्तन के खिलाफ मार्ग बनाने के लिए। पेरिस समझौते के हिस्से के रूप में अपनी राष्ट्रीय जलवायु कार्य योजना प्रस्तुत करने वाले देशों के साथ, यह जलवायु कार्रवाई के लिए भी एक महत्वपूर्ण वर्ष है। यह महत्वपूर्ण है कि कोविड से उबरने की प्रक्रिया और क्लाइमेट एक्शन प्लान एक दूसरे के पूरक हैं।

कि वैश्विक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में बुनियादी ढांचे का निर्माण और संचालन 70 प्रतिशत है और गुणवत्ता के बुनियादी ढांचे का प्रावधान सभी सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) में 92 प्रतिशत लक्ष्यों की उपलब्धि को कम करता है। डिजास्टर रिस्क रिडक्शन (एसएफडीआरआर) के लिए सेंडाइ फ्रेमवर्क भी टिकाऊ विकास के लिए आधारशिला के रूप में लचीला बुनियादी ढांचे की भूमिका पर प्रकाश डालता है। चार विशिष्ट लक्ष्य एसएफडीआरआर में नुकसान में कमी से संबंधित हैं, वैश्विक आपदा मृत्यु दर में कटौती, प्रभावित लोगों की संख्या, आर्थिक नुकसान और बुनियादी ढांचे को नुकसान पर ध्यान केंद्रित करते हैं।

हालांकि, महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे का नुकसान कम करने पर एसएफडीआरआर लक्ष्य नुकसान में कमी पर तीन अन्य लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए एक महत्वपूर्ण शर्त है। इसे देखते हुए, वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं जैसे कि जलवायु परिवर्तन, एसडीजी और एसएफडीआरआर लक्ष्यों पर पेरिस समझौते के रूप में वितरित करने के अवसर के लिए बुनियादी ढांचे में निवेश और नीतियों को बढ़ाना चाहिए। हालांकि एसडीजी और एसएफडीआरआर लक्ष्य पर कुछ प्रगति की गई है, लेकिन उनसे मिलने की समग्र कार्रवाई आवश्यक गति से आगे नहीं बढ़ी है।

महामारी ने उनकी प्रगति को और पीछे धकेल दिया है। कोविड-19 रिकवरी का उपयोग इन वैश्विक लक्ष्यों पर प्रगति और एक स्वस्थ, समावेशी और जलवायु के अनुकूल भविष्य के निर्माण के अवसर के रूप में किया जा सकता है। आपदा और जलवायु-लचीले बुनियादी ढांचे में निवेश वैश्विक-प्रतिबद्धताओं को पूरा करने में बहुत आवश्यक आवेग प्रदान कर सकता है, जबकि कोविड संकट से उबरने की प्रक्रिया में योगदान भी कर सकता है।

## आप की बात

### पशुओं पर अत्याचार रोकें

**अमेरिका** के साऊथ कैरोलिना में एक कुत्ते को भौंकने से रोकने के लिए उसके मुंह पर बिजली के काम में उपयोग किया जाने वाला टेप लपेटने वाले व्यक्ति को पांच वर्ष की जेल की सजा सुनाई। संबंधी खबर कुछ माह पूर्व सुर्ख़ियों में आई थी। जानवरों पर अत्याचार करने वालों पर अंकुश लगना चाहिए। देखा जाए तो कुत्ते खतरा सूंघने मे माहिर होते है। इनके प्रशिक्षण और देखभाल पर सुरक्षा बल गौर कर रहा है। सूंघने कि क्षमता के कारण कुत्ते दस्ते आपदा प्रबंधन में भरोसे लायक सिद्ध हुए हैं। आतंकवादियों द्वारा रखे जाने वाली विस्फोटक पदार्थों को सूंघ कर देश मे होने वाली जान - माल की हानि को ये कम करने मे अपनी अहम् भूमिका अदा करते हैं। विदेशों मे पालतू कुत्तों की भावनाओं को समझने कि दिशा मे जापान द्वारा मशीन भी ईजाद की है। कुत्तों के प्रति जापान ही नहीं भारत मे भी प्राचीन समय मे उनकी भावनाओं को समझा जाता रहा है। पांडवों के हिमालय जाते समय धर्मराज के संग कुत्ता भी साथ था। भारत में कुत्तों के लिये आज हर घर मे रोटी रखी जाती है। खेतों में ,घरों मे सुरक्षा हेतु पाला जाता है। विदेशों मे खासकर ब्रिटेन में कुत्ते की पूंछ काटे जाने का रिवाज है, जिस पर आवाज उठाई जानी चाहिए।

– **संजय वर्मा, मनावर, मप्र**

### राजनीति बनाम कोरोना

**बेलगाम** होती दिख रही, चुनाव के दौरान की राजनीति देश में बढ़ रहे कोरोना के मामलों में आग में घी का काम कर रही। पिछली बार भी मध्यप्रदेश में सरकार बन जाने तक, कोरो ना को हल्के में लिया गया, जिसका खामियाजा पूरा देश सख्त लॉक डाउन के रूप में पालन किया। गौरतलब है कि इतना सब कुछ होने के बावजूद, राजनीतिक पार्टियों के लिए, चुनाव को आयोजन कराना, कितना जायज है, इसका पता सभी देशवासी चुनावी रैलियों से बाखूबी देख सकते हैं। अब की बार भी उसी गलती को दोहराया जा रहा, चुनाव और सत्ता के प्रति बढ़ लालच देश को फिर से लॉक डाउन की ओर मुखातिब कर रहा।राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने ही कहा था, जो बदलाव हम संसार में देखना चाहते हैं, उसके लिए स्वयं अपने अंदर बदलाव लाए। यह कथन सिर्फ आम जनता पर नहीं बल्कि राजनेताओं पर भी लागू होती है।उनकी कथनी और करनी में लगातर बढ़ रही खाई को कम करना चाहिए। दावे और वादे के साथ साथ कामों को सफलतापूर्वक पूर्ण करना भी जिम्मेदारी है। बिहार हो या मुंबई, बच्चे हो या व्यापारी सभी इसका लोकतांत्रिक तरीके से विरोध कर रहे हैं।

– **अमन जायसवाल**, दिल्ली विश्वविद्यालय

### चुनाव में नहीं होता कोरोना

**सावधान!** मिस्टर कोरोना मैं चुनाव हूं समझे! चाहे मैं छोटा हूं चाहे मैं बड़ा हूं पर तुमसे बड़ा हूं। चाहे मैं पंचायत में हूं चाहे मैं नगर निगम में या फिर या फिर शहर में हूं या प्रदेश में. कहीं भी रहूं. मेरे क्षेत्र में कदम तो क्या अपनी बुरी नजर भी भूल से डालने की कोशिश मत करना। मेरे सुरक्षा कवच में सेंध लगाने की भूल भी मत कर बैठना, क्योंकि मैं चुनाव हूं और मेरा काम चुनकर नेता को कुर्सी पर बैठाना है। अगर तुमने मेरे एरिया में घुसपैठ करने की कोशिश की तो मैं तुमको दीवार में चुनकर दफ़न कर दूंगा। मेरे क्षेत्र में सिर्फ और सिर्फ नेता, मतदाता और रैली में भाग लेने वालों को ही मास्क ना लगाने की छूट इसलिए है क्योंकि तुम उनका कुछ नहीं बिगाड़ सकते। इसलिए कि मैं वहां हर पल व हर क्षण मौजूद हूं और उनपर मेरी पैनी नजर व मेरा सख्त सुरक्षा कवच बना हुआ है। जैसे कोई वस्तु वाटर प्रूफ होती है, शॉक प्रूफ होती है वैसे ही मेरा चुनाव क्षेत्र कोरोना प्रूफ है। इसलिए बेफिक्र होकर नेतागण रैलियां करें, भाषण दें, आम लोग उसमें बेझिझक भाग लें और मतदाता निश्चिंत होकर मतदान करें।

– **शकुंतला महेश नेनाव**, इंदौर


**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



"**दिल्ली** में छह लाख बच्चे सीबीएसई की परीक्षा देने जा रहे हैं। करीब एक लाख शिक्षक इसका हिस्सा होंगे। ये बड़े पैमाने पर केंद्र कोरोना के हाटस्पॉट बन सकते हैं।

– **अरविंद केजरीवाल**
दिल्ली के मुख्यमंत्री



**जलियांवाला** बाग हत्याकांड में शहीद हुए लोगों को श्रद्धांजलि। उनका साहस, वीरता और बलिदान हर भारतीय को शक्ति प्रदान करता है।

– **नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**मैं** निर्वाचन पैनल के प्रचार प्रतिबंधित करने वाले असंवैधानिक और अलोकतांत्रिक निर्णय के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करूंगी।"

– **ममता बनर्जी**
मुख्यमंत्री पश्चिम बंगाल

# हर्षोल्लास के साथ संतों ने नवसंवत्सर का किया स्वागत

● जगद्गुरु परमहंस आचार्य ने नवसंवत्सर पर सूर्य भगवान का किया पूजन, दंडवत परिक्रमा करते हुए श्री राम लला का किया दर्शन

संवाददाता। अयोध्या


नव संवत्सर पर पूजन करते जगतगुरु परमहंस जी महाराज — पायनियर

**श्रीराम** लला की नगरी अयोध्या में भारतीय नववर्ष का चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से प्रारंभ होने पर संतों परंपरागत सनातन रिकी रिवाज से बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया। संतो ने कोविड प्रोटोकॉल का ध्यान रखते हुए अपने मठ मंदिरों में भगवान की भव्य आरती पूजा किया।तपस्वी छावनी के जगतगुरु परमहंस आचार्य ने संतों के साथ सनातनी परंपरा से भगवान सूर्य का आरती पूजन कर भारतीय नववर्ष का स्वागत किया। इस दौरान बिगुल शंखनाद कर घंटा घरियाल के साथ सूर्य भगवान की भव्य महाआरती की गई।तपस्वी छावनी के जगतगुरु परमहंस अचार्य ने बताया कि आज चैत्र शुक्ल प्रतिपदा हिंदू नव वर्ष है। आज के दिन से ही सृष्टि का आरंभ हुआ था लेकिन जब बीच में मुगल काल और ब्रिटिश शासन आई तो लोग अपना ही हिंदी नव वर्ष भूल गए। भारतीय संस्कृति को पुन: प्रतिष्ठित करने के लिए और स्वच्छ भारत व समृद्धि भारत बने इसके लिए आज संतो के साथ बड़े ही नव वर्ष का धूमधाम से स्वागत किया गया। इस दौरान वैदिक रीति से पूजन अर्चन और मंत्रोउच्चारण किया गया। वैश्विक कोरोना महामारी से देश को बचाने के लिए जगतगुरु परमहंस आचार्य ने भगवान श्री रामलला से कामना किया कि नए वर्ष के प्रारंभ के साथ पूरा देश इस महामारी से मुक्त हो।इसके लिए श्री महाराज जी तपस्वी छावनी से लेटकर दंडवत मुद्रा में प्रणाम करते हुए राम लला के दर्शन किए।

श्री महाराज जी तपस्वी छावनी से मुख्य मार्ग होते हुए हनुमानगढ़ी के रास्ते श्री राम जन्मभूमि में विराजमान श्री रामलला का दर्शन पूजन किया। जगतगुरु ने बताया कि देश में बढ़ते महामारी को देखते हुए आज चैत्र शुक्ल नववर्ष प्रतिपदा पर आज अपने स्थान से निकलकर दंडवत की मुद्रा में रामलला तक यात्रा कर यह मनोकामना किया कि भारत स्वच्छ सुंदर और समृद्धि बनी अब देश में रहने वाले लोग इस महामारी से मुक्त हो। वही कहा कि देश में मुग़ल बा ब्रिटिश शासन के द्वारा सनातन की परंपरा को समाप्त कर दिया गया आज एक बार फिर इस परंपरा को जीवित रखने के लिए नव वर्ष के प्रति प्रताप पर लोगों से अपील करते हैं कि आज के दिन लोग नववर्ष को बड़े ही धूमधाम से मनाएं और को भी प्रोटोकाल के तहत अपने घरों में पूजन अर्चन करें।

# कोने-कोने तक पहुंचायेंगे मोदी सरकार की उपलब्धियां: डा. वेदांती

संवाददाता। अयोध्या


नमो संस्थान कार्यालय का उद्घाटन करते राघुवेशदास वेदांती दास वेदांती

**ब्रम्हऋषि** डां राम विलास दास वेदांती जी के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष डा. राघुवेशदास वेदान्ती जी व सहसंस्थापक राष्ट्रिय महासचिवव श्री जय प्रकाश सिंह ने एदीप प्रज्ज्वलित कर लोक चेतना नमो संस्थान के कार्यालय का किया उदघाट्न ।संस्था के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष डाग्रामविलास वेदांती जी से वीडिओ कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अपनी शुभकामनायें दी और लोक चेतना नमो संस्थान के उद्देश्यों व कार्यों के बारे में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा अभी तक मैं समय.समय पर राष्ट्रहित और समाज हित के लिए उद्देश्य पूर्ण अलग अलग मिशन को दिशा देता आया हूँ ए चाहे मिशन गंगा सफाई अभियान ए गौ सरंक्षण ए हिन्दू जन जाग्रति मिशन ए राम मंदिर निर्माण की अलख व मिशन मोदी अगेन पीएम आदि जैसे आयोजनों की बात करें। इन सभी आयोजनों के माध्यम से मोदी सरकार की अच्छी नीतियों अच्छे कार्यों को लोगों तक पहुँचाने का कार्य निरंतर करता आया हूँ । मोदी जी के प्रति व मोदी सरकार के प्रति लोगों में विश्वास जगाने का कार्य। इन सभी आयोजनों को सफल करते आया हूं और अब एक ऐसे मिशन को बढ़ाने जा रहे है। जिसके अंतर्गत छोटे बड़े सभी आयोजनो को जमीनी स्तर पर ले जाने का कार्य किया जायेगा।इस संस्था का नाम बड़ा ही व्यापक व उद्देश्य पूर्ण है। एजिसके प्रेरणास्त्रोत देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री माननीय मोदी जी है। इसके अंतर्गत भारतीय संस्कृति के उत्थान के लिए एराष्ट्र व समाज हित के लिए लगातार मिशन के रूप में अलग अलग कार्यों को संचालित किया जायेगा। जिससे मोदी सरकार की उपलब्धियाँ अच्छे विचार और कार्य भारत के कोने कोने तक पहुँचे। इस अवसर पर स्वामी सत्येंद्रदास जी स्वामी माधवा चार्य जी स्वामी प्रेम नारायण दास श्री शरद पाठक मित्र मंच संस्थापकए श्री अभय पाण्डेय जी ए वेस्टीज कंपनी के डायरेक्टटर श्री अमित दुबे जी ए स्वामी कुलदीप दास जी श्रीमती सरिता शर्मा आचार्य किशोर शास्त्री जीएशैलेन्द्र कुमार शर्मा जी व अशोक सम्राट सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री आवास योजना के नियमों की उड़ाई जा रही है धज्जियां

● मकदूमनगर ग्राम प्रधान रामनेवल ने अपनी पत्नी के नाम पास कराया आवास

संवाददाता। टाण्डा अम्बेडकरनगर

**प्रधानमंत्री** आवास योजना मे लगा भ्रष्टाचार का घुन समाप्त होने का नाम नहीं ले रहा है। एक के बाद एक अपात्रों को नियम विरुद्ध तरीके से योजना का लाभ दिए जाने का मामला सामने आ रहा है। गरीबों के सिर पर छत दिए जाने के लिए चलाया गया प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट प्रधानमंत्री आवास योजना में प्रधानमंत्री के सपनों को जिम्मेदार कर्मचारी मिलकर चकनाचूर करने में लगे है। ताजा मामला टाण्डा विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत जोत जैना का है। यहां के ग्राम प्रधान राम नेवल पर अपनी पत्नी गायत्री के नाम बीते सत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का लाभ लेने का आरोप लगा है। आरोप है कि ग्राम प्रधान ने पंचायत सचिव से मिलीभगत कर योजना का नियम विरुद्ध तरीके से लाभ हासिल किया है। यह पहली बार नहीं है जब योजना का लाभ अपात्र को मिला हो। इससे पूर्व भी नियमों को ताक पर रखकर अपात्रो को लाभ दिए जाने का मामला चर्चा में आया था। टाण्डा विकासखंड के ग्राम पंचायत खासपुर में सफाई कर्मी के तौर पर नियुक्त टाण्डा नगर पालिका क्षेत्र के नेहरू नगर के मेहनियां मुहल्ला निवासी रत्तीलाल पर अपनी पत्नी सुशीला के नाम से प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी का लाभ लेने का आरोप लगा था मामले की शिकायत होने के बाद प्रकरण की जांच डोडा विभाग के परियोजना निदेशक को सौंपी गई थी। पहले अधिकारी इस मामले में लीपापोती करने में जुटे थे। हालांकि बाद में मामले की जांच शुरू हो सकी। दूसरा मामला टाण्डा नगर पालिका परिषद में कार्यरत एक लिपिक द्वारा अपने बेटे के नाम पर प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी का लाभ लेने का आरोप लगा था। मामले में कार्यवाही करने को कौन कहे जिम्मेदार अधिकारी दोषी कर्मचारियों को ही बचाते दिख रहे हैं। इस बाबत खंड विकास अधिकारी राकेश प्रसाद ने बताया कि मामले की जानकारी नही हैं इस बाबत जानकारी कराई जाएगी।

## प्रेम व सौहार्द के साथ त्योहार व चुनाव को सम्पन्न कराने में करें सहयोग: थानाध्यक्ष

**जलालपुर, अम्बेडकरनगर( सं. )।** सभी लोग आपसी प्रेम सौहार्द के साथ त्यौहार व चुनाव को संपन्न कराने में सहयोग प्रदान करें जिससे क्षेत्र में शांति बनी रहे। अगर कोई किसी प्रकार की हरकत पैदा करने की कोशिश करता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उक्त बातें कटका थाना अध्यक्ष विजय प्रताप तिवारी ने डिजिटल वॉलिंटियर व ग्राम चौकीदारों की समपन्न हुई बैठक में कहीं । उन्होंने कहा कि कोविड-19 को ध्यान में रखते हुए अपने काम पर सतर्क रहें । दो गज की दूरी व मास्क का प्रयोग अवश्य करें। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव ,अंबेडकर जयंती व त्योहारों में किसी के द्वारा किसी प्रकार की खलल करने की कोशिश नहीं की जानी चाहिए। अगर कोई इस प्रकार की हरकत करता है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

# भगवान की कथा भगवान से मिला देती है: महंत देवेंद्रप्रसादाचार्य जी

संवाददाता। अयोध्या



**चक्रवर्ती** श्री दशरथ राजमहल बड़ा स्थान में श्रीराम लला के जन्मोत्सव पर नौ दिवसीय श्रीराम कथा का शुभारंभ करते हुए विंदुगद्याचार्य मंहत श्री देवेन्द्रप्रसादाचार्य जी महाराज ने कहा कि भगवान की कथा भगवान से मिला देती है। भगवान की कथा से भगवान द्रवित हो जाते है और प्रसन्न होकर जीव का कल्याण कर देते है। श्री महाराज जी ने कहा जगतगुरु रामानुजाचार्य स्वामी रत्नेश प्रपन्नाचार्य जी महाराज की कथा बहुत सरल है जो सभी के समझ में आ जाती है और वही कथा व्यास सफल होता है जिसकी कथा श्रवण करने वाला आसानी से समझ जाता है। श्री महाराज जी ने कहा कि कथा श्रवण से सभी व्याधि समाप्त हो जाती है। विश्व में व्याप्त कोरोना महामारी भी समाप्त हो जायेगी। लेकिन हम सभी को कोरोना गाइडलाइन का पालन करते हुए कथा श्रवण करना है। श्री राम कथा के उद्घाटन अवसर पर लक्ष्मण किलाधीश मंहत मैथिली राम शरण जी महाराज ने कहा कि भगवान श्री राम की कथा सभी दुखों को दूर करती है और श्री दशरथ राजमहल में भगवान के जन्म उत्सव और विवाह उत्सव पर भगवान की कथा श्रवण का सौभाग्य दशरथ महल के श्री महाराज जी के आशीर्वाद से प्राप्त होता है। कथा श्रवण से सभी दुख संताप समाप्त हो जाते हैं और वर्तमान समय में पूरा विश्व वैश्विक महामारी कोरोना से दुखी है भगवान की कथा सबके दुख को समाप्त कर देगी। व्यासपीठ से जगतगुरु रत्नेश प्रपन्नाचार्य जी महाराज ने भगवान के कथा की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान की कथा सभी जीव को तार देती है और कथा यदि प्रभु श्री राम के जन्मोत्सव पर श्रीधम अवध में श्रवण की जाए तो उसका फल कई गुना बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि चक्रवर्ती दशरथ राजमहल बड़ा स्थान के महंत बिंदुगद्दाचार्य देवेंद्रप्रसादाचार्य जी महाराज के आशीर्वाद से श्री अवध धाम में प्रभु श्री राम की कथा उनके जन्मोत्सव पर सुनाने का अवसर प्राप्त हुआ। मैं श्री महाराज जी का आभार व्यक्त करता हूं। श्री राम कथा के अवसर पर श्री राम कथा के मर्मज्ञ रामायणी रामशरण दास जी महाराज महंत राम कुमार दास जी महाराज नागा हरिदास जी महाराज महंत राम कृष्ण दास जी महाराज नंद कुमार मिश्र पेड़ा महाराज अंजनी दास सहित दर्जनों संतो ने अपने विचार व्यक्त किए। श्री राम कथा में आए संतों का स्वागत श्री राम कथा के व्यवस्थापक कृपालु जी राम भूषण दास जी महाराज ने किया।

## दुकान पर बैठी महिला पर चाकू से हमला,मौत

संवाददाता। अम्बेडकरनगर

**अज्ञात** बदमाशों के हमले में वृद्धा गंभीर रूप से जख्मी हो गई जिसे आनन-फानन में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर पहुंचाया गया, जहां से गंभीर हालत के चलते जिला अस्पताल रेफर किया गया जहां उसकी मौत हो गई। मामला जिले के आलापुर थाना अंतर्गत लंगड़ी हाफिजपुर गांव का है। यहां मंगलवार को रामनगर बसखारी मुख्य मार्ग पर गांव के बाहरी छोर पर हरीप्रसाद जायसवाल की 60 वर्षीया पत्नी रामलली जायसवाल अपनी गुमटीनुमा दुकान में बैठी थी।बताया जाता है कि लगभग 8:00 बजे सुबह अज्ञात बदमाशों ने उसके सिर पर चाकू से हमला कर दिया और नाक कान गले एवं पैर से आभूषण छीन लिया। चाकू से हमले के बाद उसकी हालत बिगड़ गई और इलाज के लिए ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई।इस संबंध में थानाध्यक्ष बृजेश सिंह ने बताया कि वृद्धा अंधी थी और अपनी दूकान पर अकेले बैठी थी। अज्ञात लोगों द्वारा वृद्धा पर हमला किया गया जिससे उसकी मौत हो गई।

# हत्या व आत्महत्या के बीच उलझी ज्योति की मौत की कहानी

● दोनों मासूम बच्चों की जिंदगी भंवर में उलझी

● मासूम चेहरे को देख हर कोई द्रवित

संवाददाता। अम्बेडकरनगर


मृतका ज्योति के मासूम बच्चे — पायनियर

**बसखारी** थाना क्षेत्र के अंतर्गत स्थित मझगवां में संदिग्ध परिस्थितियों में घर में मिले विवाहित महिला के शव को लेकर हत्या या आत्महत्या के सवालों के बीच दो मासूम अबोध बच्चों की आगे की जिंदगी उलझ कर रह गई है। घटना के बाद घटनास्थल पर मौजूद दोनों बच्चों के मासूमियत भरे चेहरे एवं उनके भविष्य के बारे में सोचते हुए बरबस ही लोगों की आंखों से आंसू छलक रहे थे। साथ ही घटना को लेकर आरोपी ससुराल जनों के प्रति आक्रोश भी लोगों के चेहरे से स्पष्ट झलक रहा था। बताया जाता है कि 3 मई 2015 को मृतक ज्योति श्रीवास्तव पुत्री कौशल निवासी घेरवा मरौचा का विवाह संदहा मझगवां के बुढ़िया पुर पूर्वे के निवासी आलोक कुमार श्रीवास्तव के साथ धार्मिक विधि विधान के साथ हुआ था। आरोप है कि ससुर श्रीनिवास, सास चंद्रावती ,ननद अंशिका व पति आलोक शादी के कुछ समय बाद से ही मृतक विवाहिता से दहेज की मांग को लेकर अक्सर उसका उत्पीड़न करते थे। मायके वालों की तरफ से इसी होली के पहले मृतक ज्योति एवं परिवार के बीच कुछ विवाद होने की बात बताई गई। जिसके परिणाम स्वरूप मृतक ज्योति अपने मायके चली आई थी और काफी मान मनौव्वल के बाद कुछ ही दिन पहले वह अपनी ससुराल गई थी।कि इसी बीच सोमवार की सुबह उसका शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर में पाया गया। जबकि मृतक महिला के बच्चों के साथ कमरे में सोने की बात बताई जा रही थी। परिवार वालों के द्वारा पहले तो शव को फंदे से लटकने की बात और उसके बाद तबीयत खराब होने के बाद इलाज के लिए ले जाते समय मौत होने की बात भी बताई गई। जबकि पति के द्वारा बाहर रहने की वजह से घटना कैसे हुई इस पर अनभिज्ञता प्रकट की गई।फिलहाल अगर इन बातों पर गौर करें तो यह किसी षड्यंत्र का हिस्सा भी हो सकता है। यह षड्यंत्र के साथ हत्या है या आत्महत्या इसकी स्थित पुलिस की जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। फिलहाल इस मामले में बसखारी पुलिस ने आरोपी सास चंद्रावती देवी ,ससुर श्रीनिवास ननंद अंशिका एवं पति के विरुद्ध मृतक विवाहित महिला के पिता कौशल के द्वारा मिली तहरीर के आधार पर मामले से संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर तेजी से घटना का खुलासा करने के प्रयास में जुट गई है।मामला हत्या का है या आत्महत्या का , यह पुलिस की तफ्तीश व पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद तो स्पष्ट हो जाएगी लेकिन मृतक विवाहित महिला की साढे 4 वर्षीय पुत्री सोरा एवं 2 वर्ष के लगभग के पुत्र शिवा की जिंदगी जीवन के भंवर जाल में उलझ कर रह गई है। घटना के लिए छोटी ननंद को दोषी मानने वाले मायके वालों की माने तो मृतक विवाहिता की पुत्री साढे 4 वर्ष की लगभग सोरा अपने दादा दादी पर ही अपनी मां की गला दबाकर हत्या करने की बात बता रही है। फिलहाल यह पुलिस की जांच का विषय है। वही पोस्टमार्टम के बाद मंगलवार की सुबह मृतक विवाहित महिला का अंतिम संस्कार कर दिया गया है।

# जिले में अपराधियों के खिलाफ पुलिस का बड़ा अभियान

● माफिया खान मुबारक समेत अन्य अपराधियों की ढाई करोड़ से अधिक की सम्पत्ति कुर्क

**अम्बेडकरनगर।** जिले में हंसवर, बसखारी व कोतवाली अकबरपुर पुलिस द्वारा उत्तर प्रदेश गैंगेस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए लगभग तीन करोड़ पचास लाख रूपये की अवैध सम्पत्ति कुर्क की गई है। हंसवर पुलिस ने प्रदेश के टाप टेन कुख्यात अपराधी माफिया खान मुबारक द्वारा अवैध तरीकों से सहयोगियों के नाम खरीदी गई लगभग 25 लाख रूपये कीमत की जमीन को मंगलवार को कुर्क कर दिया गया। यह बेनामी सम्पत्ति ग्राम सेमरा नसीरपुर में थी जो उसने अपने साथियों के नाम से खरीदी थी। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेश के अनुपालन में पुलिस ने सात व बारह बिस्वा जमीन को कुर्क कर दिया। यह जमीन शाहिया खातून निवासनी हटवा तथा शितारूल निशा निवासी हटवा के नाम से खरीदी गई थी। इसके पूर्व गत वर्ष भी खान मुबारक की लगभग सवा दो करोड़ की सम्पत्ति को प्रशासन ध्वस्त करवा चुका है। अकबरपुर पुलिस ने रियाज, लक्ष्शी तथा नवी सरवर निवासी लोरपुर ताजन द्वारा अर्जित की गई सम्पत्तियों को भी कुर्क कर दिया गया। रियाज का लोरपुर ताजन में लगभग 35 लाख रूपये कीमत का मकान कुर्क किया गया। लक्ष्शी का लोरपुर ताजन व शहजादपुर मालीपुर मार्ग पर स्थित मकान व जमीन, जिसकी कीमत लगभग नब्बे लाख रूपये है, को कुर्क किया गया। नवी सरवर का भी जिला मुख्यालय पर स्थित मकान व लोरपुर ताजन में स्थित जमीन, जिसकी कीमत लगभग एक करोड़ रूपये है, को कुर्क किया गया। बसखारी पुलिस ने भी हत्यारोपी नरोत्तम मौर्या व शिव प्रकाश मौर्या की लगभग एक करोड़ की सम्पत्ति को कुर्क किया गया।

# अदेय प्रमाण पत्रों के लिए जूझते रहे लोग

संवाददाता। जलालपुर, अम्बेडकरनगर

**अदेय** प्रमाणपत्रों को लेकर दिन भर सम्भावित प्रत्याशी जूझते रहे परन्तु इन सभी को निराश होकर वापस लौटना पड़ा। मामला जलालपुर विकासखंड का है जहां चिलचिलाती धूप में दूरदराज से चुनाव लड़ने के इच्छुक लोग अदेय प्रमाण पत्र के लिए ब्लॉक पहुंचे और धूप में कतार में खड़े रहें परंतु कुछ ही समय पश्चात इन सभी को बता दिया गया कि अब अदेय प्रमाण पत्र नहीं मिलेगा क्योंकि रसीदें खत्म हो गई है। फिलहाल जब इस संबंध में मौजूद कर्मचारियों से जानकारी लिया गया तो उन्होंने बताया कि खंड विकास अधिकारी ने रोक लगा दिया है जब तक उनका कोई आदेश नहीं मिलता है तब तक प्रमाण पत्र नहीं मिलेगा। इस चीज को लेकर लोगों में खासी नाराजगी रही क्योंकि दूर दराज से आए लोगो को कोई सही जानकारी नही उपलब्ध नहीं कराई जा रही थी कि किस कारण से अदेय प्रमाण पत्र नहीं मिल पा रहा है ना ही कुछ चस्पा किया गया जिससे लोगों को जानकारी मिल सके ।दूर दराज से आए लोग अदेय प्रमाण पत्र के लिए इधर उधर भटकते नजर आए परंतु ब्लॉक से उनको कोई जानकारी नहीं मिल पा रही थी। जब इस संबंध में खंड विकास अधिकारी से जानकारी लेना चाहा गया तो दूरभाष पर बात नहीं हो पाई। अदेय प्रमाण पत्रों को लेकर फिलहाल लोगो में चिंता व्याप्त है की अब यह लगेगा कि नहीं लगेगा जिस की सटीक जानकारी नहीं हो पा रही है।

## नामांकन दाखिल करने की तिथि से तैयार होगा प्रत्याशियों के खर्च का लेखा -जोखा

**अम्बेडकरनगर।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को देखते हुए राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा -निर्देश पर जिला निर्वाचन अधिकारी के द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन - 2021 को सकुशल, निर्विध्न, शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने हेतु प्रत्याशियों द्वारा नामांकन दाखिल करने की तिथि से निर्वाचन की घोषणा तक प्रतिदिन विभिन्न मदों में जो व्यय किया जाएगा, उसका लेखा -जोखा तैयार किया जायेगा। चुनाव से सम्बन्धित व्यय किये जाने हेतु प्रत्याशी द्वारा एक अलग से खाता खोला जाएगा। उक्त खाता की सूचना रिटर्निंग आफिसर व जनपद स्तरीय कमेटी को दी जाएगी। निर्वाचन में व्यय की गई धनराशि के भुगतान की कार्यवाही उक्त खाता से प्रत्याशियों द्वारा की जायेगी।

## मतदान के दिन बंद रहेंगी दुकानें

**अम्बेडकरनगर।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की अधिसूचना जारी हो चुकी है जिसके अनुसार जनपद में चतुर्थ चरण का मतदान 29 अप्रैल को होना नियत है। जनपद में स्थित दुकानों एवं वाणिज्यक अधिष्ठानों में उ0प्र0 दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान अधिनियम 1962 की धारा-8 के उपबंधों के प्रवर्तन से इस शर्त के अध्यधीन रहते हुए लोकहित में यह छूट प्रदान करते हैं कि यदि मतदान के वास्तविक दिन उस क्षेत्र में जिसमें कोई दुकान या वाणिज्यक अधिष्ठान स्थित है, वाणिज्यक अधिष्ठान द्वारा मनाया जाने वाला सामान्य साप्ताहिक छुट्टी का दिन नही है तो मतदान का वास्तविक दिन बंदी दिवस के रूप में मनाया जायेगा। साथ ही जनपद में स्थित कारखानों में कार्यरत कर्मकारों को मतदान का उपयुक्त अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से मतदान के दिवस को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता है।

## मंगलवार को टूटा गत वर्ष का रिकार्ड

संवाददाता। अम्बेडकरनगर

**मंगलवार** को आये संक्रमित लोगों की संख्या ने जिले के अब तक के पुराने रिकार्ड को पीछे छोड़ दिया। गत वर्ष दस सितम्बर को जिले में सर्वाधिक 51 लोग संक्रमित पाये गये थे जो जिले में संक्रमण का सबसे बड़ा आंकड़ा था लेकिन मंगलवार को यह आंकड़ा भी पीछे छूट गया और 52 लोगों में संक्रमण की पुष्टि हुई। संक्रमित व्यक्तियों की संख्या में लगातार हो रही बढ़ोत्तरी के बावजूद लोग सरकार की गाइड लाइन का मजाक उड़ाते देखे जा रहे हैं। प्रशासन ने भी उन्हें उनके हाल पर छोड़ रखा है। किसी भी दुकान अथवा सार्वजनिक स्थान पर न तो सामाजिक दूरी का पालन हो पा रहा है और न ही लोग मास्क का प्रयोग कर रहे हैं। संभवत: यही कारण है कि संक्रमित व्यक्तियों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। जिले में संक्रमित व्यक्तियों की कुल संख्या 244 पर पंहुच गई है। मंगलवार को सात लोग स्वस्थ हुए।

# शासन के निर्देशों को ताख पर रख कन्टेनमेंट जोन बना रहा प्रशासन

● स्वास्थ्य केन्द्रों पर संक्रमित पाये जा रहे कर्मचारी, फिर भी हो रहा टीका करण

● लोगों के जीवन के साथ यह कैसा मजाक

संवाददाता। अम्बेडकरनगर

**विश्वव्यापी** महामारी कोविड -19 पर नियंत्रण पाने के लिए सरकार प्रतिदिन नये -नये दिशा निर्देश जारी कर रही है । संक्रमित क्षेत्रों में कन्टेनमेंट व माइक्रो कन्टेनमेंट जोन बनाकर संक्रमण को नियंत्रित करने के निर्देश हैं। संक्रमित व्यक्ति के सम्पर्क में आये लोगों की जल्द से जल्द जांच कराये जाने के भी आदेश हैं पर संक्रमित व्यक्तियों की लगातार बढ़ रही संख्या से सरकार के यह दिशा निर्देश अधिकांश क्षेत्रों में महज कागजों पर ही देखे जा रहे हैं। यदि यूं कहा जाए कि बढ़ते संक्रमण के कारण व्यवस्थायें पटरी से उतर रही हैं तो कोई गलत नही होगा। ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में कहीं -कहीं कन्टेनमेंट जोन तो बनाये जा रहे हैं लेकिन सरकारी कार्यालयों को इससे अलग रखा जा रहा है जबकि नियमानुसार जिस स्थान पर संक्रमित व्यक्ति रह रहा हो अथवा काम कर रहा हो, उस स्थान को विसंक्रमित करने के लिए उसे 48 घंटे तक कन्टेनमेंट जोन में बदलना आवश्यक है। यहां हैरत की बात यह है कि मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में कार्यरत उपमुख्य चिकित्साधिकारी व एक लिपिक में संक्रमण की पुष्टि होने के बाद सीएमओ कार्यालय को तो कन्टेनमेंट जोन घोषित कर दिया गया लेकिन यही स्थिति अन्य स्थानों पर पाये जाने के बाद ऐसा क्यों नही किया गया। उदाहरण के तौर पर शुरूआत जिला अस्पताल से करते हैं। जिला अस्पताल के एमसीएच विंग में आरटीपीसीआर जांच का सैम्पल लेने वाला लैब टैक्नीशियन संक्रमित पाया गया। इसके अलावां इसी विंग में काम करने वाली एक स्टाफ नर्स भी संक्रमित पाई गई लेकिन स्वास्थ्य विभाग के रहनुमाओं ने एमसीएच विंग को कन्टेनमेंट जोन घोषित करने से किनारा कस लिया। गंभीर बात तो यह रही कि उसी कक्ष में दूसरे दिन लोगों की आरटीपीसीआर जांच की सैम्पल ली गई तथा उसी विंग में एन्टीजन टेस्ट कराने के साथ ही टीकाकरण का कार्य भी कराया जा रहा है। यही हाल प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बेवाना का भी रहा । यहां पर कार्यरत फार्मासिस्ट रविवार को संक्रमित पाया गया लेकिन पीएचसी को विसंक्रमित किये बिना ही सोमवार को भी वहां कोविड का टीकाकरण कराया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र टाण्डा का भी यही हाल रहा। प्रश्न यह उठता है कि क्या सीएमओ कार्यालय के कर्मचारी के संक्रमित पाये जाने के बाद वहां के लिए शासन के दिशा निर्देश अलग हैं तथा अन्य चिकित्सालयों में कर्मचारियों के संक्रमित पाये जाने के बाद उसके दिशा निर्देश अलग। जाहिर है अधिकारी सरकार के दिशा -निर्देशों को ताख पर रखकर काम कर रहे हैं।

# बंगाल में भाजपा के सत्ता में आने के बाद गोरखा समस्या का समाधान हो जाएगा : अमित शाह

● गोरखा समुदाय बहुत समय से एक अलग राज्य की मांग कर रहा है और पिछले कुछ वर्षों में कई आंदोलन भी किए गए

**भाषा।** दार्जिलिंग

**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सत्ता में आने पर लंबे समय से चली आ रही गोरखा समस्या का राजनीतिक समाधान ढूंढने का मंगलवार को आश्वासन दिया। शाह ने यहां जनसभा के दौरान कहा कि देश का संविधान विस्तृत है और इसमें सभी समस्याओं के हल का प्रावधान है। शाह ने कहा, मैं वादा करता हूं कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार – एक केंद्र में और दूसरी बंगाल में– गोरखा समस्या का स्थाई राजनीतिक समाधान निकाल लेगी। आपको अब प्रदर्शनों का सहारा नहीं लेना पड़ेगा। हालांकि, केंद्रीय मंत्री ने यह स्पष्ट नहीं किया कि वह किस समस्या की बात कर रहे हैं। गोरखा समुदाय बहुत समय से एक अलग राज्य की मांग कर रहा है और पिछले कुछ वर्षों में कई आंदोलन भी किए गए। गोरखा समुदाय को भारत का गौरव बताते हुए शाह ने कहा कि कोई उन्हें नुकसान नहीं पहुंचा सकता। उन्होंने कहा, अभी के लिए राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) लागू करने की कोई योजना नहीं है। अगर ऐसा कुछ होता भी है तो गोरखा समुदाय को इसकी चिंता करने की जरूरत नहीं है। शाह ने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दार्जिलिंग में विकास कार्य पर पूर्ण विराम लगा दिया है और कहा कि यह वह स्थान है जहां सत्तारूढ़ टीएमसी के नेता फुर्सत में आते हैं। बनर्जी हाल के दिनों में कई बार दार्जिलिंग आई थीं लेकिन उन्होंने क्षेत्र की तीन विधानसभा सीटों के लिए कोई प्रचार नहीं किया। क्षेत्र में 17 अप्रैल को मतदान होगा।

शीर्ष भाजपा नेता ने दावा किया कि टीएमसी सुप्रीमो ने कुछ गोरखाओं के खिलाफ आपराधिक मामला चलवाकर भाजपा और गोरखा समुदाय के बीच सौहार्दपूर्ण संबंधों को खराब करने की कोशिश की। शाह ने किसी का नाम लिए बिना कहा, दीदी ने कई की हत्या करवाई और कई के खिलाफ मामले चलवाए। भाजपा सत्ता में आने के बाद, ऐसे लोगों के अपराध क्षमा करेगी। भाजपा के पूर्व सहयोगी, जीजेएम नेता बिमल गुरुंग 2017 में हिंसक आंदोलन का कथित तौर पर नेतृत्व करने के बाद उनके खिलाफ लगाए गए कई आपराधिक आरोपों के बाद बहुत दिन तक छिपे रहे थे। पिछले साल अक्टूबर में सामने आने के बाद उन्होंने टीएमसी से हाथ मिला लिया था। राज्य प्रशासन ने इनमें से कुछ मामलों को वापस लेने के लिए अब अदालत का रुख किया है।


दार्जिलिंग में एक चुनावी रैली के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और अन्य नेतागण

# निर्वाचन आयोग ने सीतलकूची जैसी घटनाओं की पुनरावृत्ति वाले बयान पर घोष को नोटिस भेजा

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत** निर्वाचन आयोग ने पश्चिम बंगाल भाजपा के अध्यक्ष दिलीप घोष के एक बयान को लेकर उन्हें नोटिस भेजा है जिसमें घोष ने कथित रूप से कहा था कि सीतलकूची जैसी घटना की पुनरावृत्ति अनेक स्थानों पर होगी। उल्लेखनीय है कि कूच बिहार के सीतलकूची में केंद्रीय बलों की गोलीबारी में चार लोग मारे गए थे। इसी घटना का जिक्र करते हुए घोष ने उक्त टिप्पणी की थी। आयोग ने कहा कि घोष के बयान उकसावे वाले हैं और इनके कारण कानून–व्यवस्था के हालात बिगड़ सकते हैं। आयोग ने घोष को नोटिस का जवाब देने और इन टिप्पणियों पर अपना रूख स्पष्ट करने के लिए बुधवार सुबह दस बजे तक का समय दिया है। नोटिस में कहा गया है कि आयोग का ऐसा मानना है कि दिलीप घोष ने आचार संहिता के विभिन्न उपबंधों, जन प्रतिनिधि कानून और भारतीय दंड संहिता के प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए ऐसे बयान दिए जो उकसावे वाले हैं और भावनाओं को भड़का सकते हैं। नोटिस के मुताबिक, इससे कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़ सकती है और चुनावी प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है। निर्वाचन आयोग से घोष की शिकायत तृणमूल कांग्रेस द्वारा की गई थी। नोटिस में घोष की उस कथित टिप्पणी का जिक्र है, जिसमें कहा गया था, यदि कोई अपनी सीमाओं को पार करेगा तो आपने देखा ही है कि सीतलकूची में क्या हुआ। सीतलकूची जैसी घटना कई स्थानों पर होगी। उल्लेखनीय है कि घोष ने रविवार को कहा था कि यदि सीतलकूची में मारे गए दुष्ट लड़कों की तरह किसी ने कानून हाथ में लेने का प्रयास किया तो विधानसभा चुनावों के अगले चरण में भी कूचबिहार की तरह हत्याएं हो सकती हैं। घोष ने कहा था, सीतलकूची में शरारती लड़कों को गोली लगी। अगर कोई भी अपने हाथ में कानून लेने का दु:साहस करता है तो उसके साथ भी ऐसा ही होगा। उत्तर 24 परगना जिले के बारानगर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा था कि जिन दुष्ट लड़कों ने समझ रखा था कि केंद्रीय बलों की राइफलें चुनावी ड्यूटी के दौरान केवल दिखावे के लिए हैं, ऐसे लोग सीतलकूची की घटना देखने के बाद यह गलती दुहराने का साहस नहीं करेंगे। सीतलकूची विधानसभा क्षेत्र में शनिवार को चौथे चरण के मतदान के दौरान सीआईएसएफ के जवानों से कुछ लोगों द्वारा राइफलें छीनने का प्रयास करने के बाद केंद्रीय बल ने गोलीबारी की जिसमें चार लोगों की मौत हो गई थी।

# निर्वाचन आयोग ने भाजपा नेता राहुल सिन्हा के चुनाव प्रचार करने पर 48 घंटे की रोक लगाई

**भाषा।** नई दिल्ली

**निर्वाचन** आयोग ने भाजपा नेता राहुल सिन्हा की कथित टिप्पणी के लिए उनके चुनाव प्रचार करने पर मंगलवार को 48 घंटे की रोक लगाते हुए कहा कि उनकी टिप्पणी मानव जीवन का उपहास उड़ाने वाली और बेहद भड़काऊ थी।

सिन्हा ने कथित रूप से कहा था कि विधानसभा चुनाव के दौरान पश्चिम बंगाल के कूच बिहार जिले के सीतलकूची में केंद्रीय सुरक्षा बलों को चार लोगों के बजाय आठ लोगों की हत्या कर देनी चाहिए थी। निर्वाचन आयोग ने कहा, मानव जीवन का उपहास उड़ाते हुए उन्होंने बेहद भड़काऊ टिप्पणी की और बलों को भड़काने का काम किया जिससे कानून–व्यवस्था के गंभीर नतीजे हो सकते हैं।

निर्वाचन आयोग ने सिन्हा की टिप्पणी को आदर्श आचार संहिता और जन प्रतिनिधित्व कानून के विभिन्न प्रावधानों और भारतीय दंड संहिता की धाराओं का उल्लंघन बताया है। निर्वाचन आयोग के आदेश के अनुसार सिन्हा पर यह पाबंदी मंगलवार दोपहर 12 बजे से शुरू होगी और 15 अप्रैल को दोपहर 12 बजे तक बनी रहेगी। आयोग ने कहा कि उसने मामले की गंभीरता को देखते हुए सिन्हा को बिना कोई नोटिस जारी किए आदेश जारी किया है। आयोग ने सिन्हा के बयान का स्वत: संज्ञान लिया।

आदेश में घटना के बाद सिन्हा के बयान का जिक्र किया गया है, केंद्रीय बलों को उन्हें मुंहतोड़ जवाब देना चाहिए। अगर वे फिर से ऐसा करते हैं तो फिर उसी तरह कड़ाई से निपटना चाहिए। केंद्रीय बलों को सीतलकूची में चार के बजाए आठ लोगों को मारना चाहिए था। केंद्रीय बलों को एक कारण बताओ नोटिस जारी होना चाहिए कि उन्होंने केवल चार लोगों को क्यों मारा। आदेश के अनुसार, निर्वाचन आयोग भाजपा नेता राहुल सिन्हा के उपरोक्त बयानों की निंदा करता है और उन्हें आगे चुनाव आचार संहिता लागू रहने के दौरान सार्वजनिक रूप से ऐसे बयान नहीं देने की चेतावनी देता है।

## स्टालिन ने ममता बनर्जी का समर्थन किया निर्वाचन आयोग से निष्पक्ष रहने को कहा

**चेन्नई (भाषा)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का समर्थन करते हुए द्रमुक प्रमुख एम के स्टालिन ने मंगलवार को कहा कि निर्वाचन आयोग को सभी पार्टियों के लिए समान मौके सुनिश्चित करने चाहिए और निष्पक्षता बनाई रखनी चाहिए। बनर्जी प्रचार करने से 24 घंटे के लिए प्रतिबंधित किए जाने के खिलाफ पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में धरने पर बैठ गई हैं। स्टालिन ने कहा कि लोकतंत्र में सबका विश्वास स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के कारण है। ट्विटर पर द्रमुक प्रमुख ने कहा कि निर्वाचन आयोग को सभी पार्टियों और उम्मीदवारों के लिए समान मौके सुनिश्चित करने चाहिए और यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि निष्पक्षता बनाई रखी जाए। आयोग ने सोमवार को तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख बनर्जी को प्रचार करने से 24 घंटे के लिए प्रतिबंधित कर दिया था। उनकी पार्टी ने दावा किया है कि आयोग भाजपा की ईकाई जैसा बर्ताव कर रहा है और आरोप लगाया कि यह निर्णय मनमाना प्रतीत हो रहा है।

## कर्नाटक में लॉकडाउन का सवाल ही नहीं: एदियुरप्पा



**बीदर, कर्नाटक।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री बीएस एदियुरप्पा ने कोरोना वायरस को नियंत्रित करने के लिए राज्य में लॉकडाउन लागू करने की संभावना से इनकार करते हुए मंगलवार को कहा कि उन्होंने भविष्य की कार्वाई पर फैसला करने के लिए 18 अप्रैल को सर्व दलीय बैठक बलाई है। एदियुरप्पा ने बीदर में पत्रकारों से कहा, लॉकडाउन का सवाल ही नहीं है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि तकनीकी सलाहकार समिति (टीएसी) ने लॉकडाउन की सिफारिश नहीं की। एदियुरप्पा ने कहा, मैं टीएसी में हूं। किसी ने लॉकडाउन की अनुशंसा नहीं की। पूर्व मुख्यमंत्रियों सिद्धरमैया और एचडी कुमारस्वामी तथा कांग्रेस के प्रदेश प्रमुख डीके शिवकुमार समेत तकनीकी सलाहकार समिति के सदस्य 18 अप्रैल को सर्वदलीय बैठक में हिस्सा लेंगे।

## क्विक न्यूज

### गुजरात : शवों की संख्या बढ़ने के कारण शवदाह गृह की भट्ठियां पिघल रहीं

**सूरत (भाषा)।** कोविड-19 महामारी के बीच शवो की संख्या बढ़ने से लगातार इस्तेमाल के कारण गुजरात के सूरत में कुछ शवदाह गृह में धातु की भट्ठियां पिघल रही है या उनमें दरार आ गई है।। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि पिछले एक सप्ताह से शवों को जलाने के लिए कुरुक्षेत्र शवदाह गृह और अश्विनी कुमार शवदाह गृह में गैस आधारित भट्ठियां लगातार चालू है जिससे रख-रखाव के काम में दिक्कतें आ रही हैं। पिछले दो दिनों में कोविड-19 से सूरत शहर में हर दिन 18-19 लोगों की मौत हुई है। शवदाह गृह का प्रबंधन करने वाले ट्रस्ट के अध्यक्ष कमलेश सेलर ने पीटीआई-भाषा को बताया, पिछले साल कोरोना वायरस महामारी की शुरुआत होने के पहले कुरुक्षेत्र शवदाह गृह में हर दिन करीब 20 शवों का अंतिम संस्कार होता था। अब यह संख्या बढ़ गई है। फिलहाल रोज करीब 100 शवो का अंतिम संस्कार हो रहा है। सेलर ने कहा कि शवदाह गृह में छह गैस भट्ठी 24 घंटे जल रही है और तापमान 600 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है। उन्होंने कहा कि इस कारण से लोहे की भट्ठी और चिमनी पिघलने लगी हैं और गर्मी के कारण इसमें दरार आ रही है। मशीन के इन हिस्सों को बदलना पड़ेगा। सूरत में सबसे पुराने अश्विनी कुमार शवदाह गृह में भी इसी तरह की समस्याएं सामने आ रही है और इसके प्रबंधन ने गैस भट्ठियों के रख-रखाव संबंधी मुद्दों के कारण शवों को जलाने के लिए लकड़ी की चिताओं की संख्या बढ़ाने का फैसला किया है। शवदाह गृह के प्रबंधक प्रशांत कब्रावाला ने कहा, हम 10 गैस भट्ठियों का संचालन करते है। इसके अलावा तीन स्थानों पर लकड़ियों से शवों का अंतिम संस्कार होता है। इससे पहले हर दिन 30 शवों का दाह-संस्कार होता था। अब 90-95 शवों का दाह संस्कार हो रहा है। उन्होंने कहा कि भट्ठियों के लगातार जलते रहने से उनमें कुछ की संरचना पिघल गई। अत्यधिक तापमान के कारण कुछ पाइप और चिमनी भी टूट गई। कब्रावाला ने कहा, हाल में चार में से दो भट्ठियों में ताप रोधी ईंट लगाई गई थी जो कि कुछ समय से बंद है। रख-रखाव का काम करने वाले हमारे इंजीनियर हर दिन शवदाह गृह आकर दिक्कतें दूर करते है। उन्होंने कहा कि रख-रखाव से जुड़े कार्य में लगातार दिक्कतें होने के कारण दो जगह और लकड़ियों की चिता की व्यवस्था करने का फैसला किया गया है।

### महंत नरेंद्र गिरि ऋषिकेश एम्स में भर्ती

**ऋषिकेश (भाषा)।** कोविड-19 से पीड़ित अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत नरेंद्र गिरि की तबियत बिगड़ने के बाद उन्हें एम्स ऋषिकेश में भर्ती कराया गया है। महंत को सोमवार देर रात एम्स अस्पताल की इमरजेंसी मे भर्ती किया गया जहां प्रारंभिक जांच के बाद उन्हे वार्ड मे शिफ्ट कर दिया गया। उनकी देखरेख में लगे चिकित्सकों ने बताया कि महंत मधुमेह के रोगी है तथा उन्हें बुखार और खांसी की भी शिकायत है। सामान्य जांच के बाद उनका उपचार शुरू कर दिया गया है। चिकित्सकों के अनुसार उनकी स्थिति स्थिर है। रविवार को महंत गिरी की जांच रिपोर्ट मे उनके संक्रमित होने की पुष्टि हुई थी। इससे पहले, शुक्रवार देर रात तबीयत खराब होने के बाद 70 वर्षीय संत को हरिद्वार के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उनकी कुशल क्षेम पूछने के लिए महाकुंभ प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी पहुंचे थे। कोविड-19 से पीड़ति होने के कारण महंत नरेंद्र गिरी सोमवार को सोमवती अमावस्या के पर्व पर महाकुंभ के दूसरे शाही स्नान में हिस्सा नही ले पाए थे और अब वह बुधवार को बैसाखी पर होने वाले तीसरे शाही स्नान मे भी डुबकी नही लगा पाएंगे। निरंजनी अखाड़े के महंत नरेंद्र गिरी के अलावा अन्य अखाड़ों से जुडे कई अन्य संत भी कोविड-19 की चपेट मे आए है।

### हिमाचल प्रदेश आने वाले पर्यटकों को कोविड-19 की रिपोर्ट के लिए परेशान नहीं किया जाएगा : मुख्यमंत्री

**धर्मशाला, हिमाचल प्रदेश (भाषा)।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर ने मंगलवार को कहा कि प्रदेश आने वाले पर्यटकों को राज्य की सीमाओ पर कोरोना वायरस जांच की रिपोर्ट के लिए परेशान नही किया जाएगा। पिछले दिनों हिमाचल प्रदेश सरकार ने संक्रमण से सबसे ज्यादा प्रभावित राज्यों से आने वाले लोगों के लिए राज्य में प्रवेश करने पर कोविड-19 से पीड़ति नही होने की रिपोर्ट दिखाना अनिवार्य कर दिया था। अब ठाकुर ने कहा कि पर्यटकों के आगमन पर उनकी निगरानी करने के लिए व्यवस्था तैयार की गई है। उन्होंने संवाददाताओ से कहा, हम अपने पर्यटन उद्योग का ध्यान रखते हुए यह सुनिश्चित कर रहे है कि यह क्षेत्र पिछले साल की तरह कोरोना वायरस से प्रभावित नही हो। उद्योग के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी की गई है और इस पर निगरानी करने के लिए व्यवस्था तैयार की है। राज्य की सीमाओ पर कोरोना की रिपोर्ट के लिए पर्यटकों और अन्य आगंतुकों को परेशान नही किया जाएगा क्योंकि इससे उन्हें बहुत असुविधा होती है। ठाकुर ने कहा कि चूंकि ज्यादातर पर्यटक होटलो में ठहरते है इसलिए प्रशासन ने सात राज्यों से आने वाले लोगों पर उसी स्थान पर निगरानी के लिए व्यवस्था तैयार की है जहां पर वे ठहरेंगे। हिमाचल प्रदेश सरकार ने संक्रमण से ज्यादा प्रभावित सात राज्यों से लोगों को संक्रमण नही होने की रिपोर्ट दिखाना रविवार को अनिवार्य कर दिया था।


पश्चिम बंगाल के नादिया में चुनाव प्रचार करते क्रिकेटर से नेता बने तृणमूल कांग्रेस के मनोज तिवारी

# निर्वाचन आयोग ने ममता को प्रचार से रोकने का निर्णय भाजपा के कहने पर लिया : राउत

**भाषा।** मुंबई

**शिवसेना** सांसद संजय राउत ने मंगलवार को आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को 24 घंटे तक प्रचार मुहिम से रोकने का निर्णय भाजपा के कहने पर लिया है। राउत ने ट्वीट किया कि यह देश की स्वतंत्र संस्थाओं की सम्प्रभुता और लोकतंत्र पर सीधा हमला है। शिवसेना के मुख्य प्रवक्ता ने बनर्जी के साथ एकजुटता जताते हुए उन्हें बंगाल की शेरनी करार दिया। पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव चल रहे हैं। शिवसेना इस चुनाव में नहीं लड़ रही है, लेकिन उसने बनर्जी को अपना समर्थन दिया है। आयोग ने बनर्जी के केंद्रीय बलों के खिलाफ बयानों और कथित धार्मिक प्रवृत्ति वाले एक बयान के कारण उनके 24 घंटे तक चुनाव प्रचार करने पर रोक लगा दी है। राउत ने ट्वीट किया, ईसीआई (भारत निर्वाचन आयोग) ने ममता दीदी पर 24 घंटे के लिए प्रतिबंध लगा दिया है। यह स्पष्ट रूप से भारत में सत्तारूढ़ पार्टी के कहने पर किया गया। उन्होंने ट्वीट किया, यह भारत में स्वतंत्र संस्थानों की सम्प्रभुता और लोकतंत्र पर सीधा हमला है। मैं बंगाल की शेरनी के प्रति एकजुटता व्यक्त करता हूं। चुनाव प्रचार पर 24 घंटे के लिए पाबंदी लगाए जाने के निर्वाचन आयोग के फैसले की आलोचना करते हुए बनर्जी ने कहा कि वह आयोग के असंवैधानिक फैसले के खिलाफ मंगलवार को कोलकाता में धरना देंगी।



# पश्चिम बंगाल में नतीजे चौंकाने वाले होंगे, माहौल भाजपा और तृणमूल के खिलाफ : हरि प्रसाद

**भाषा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता बीके हरि प्रसाद ने मंगलवार को कहा कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में त्रिकोणीय मुकाबला है और इसके नतीजे चौंकाने वाले होंगे क्योंकि तृणमूल कांग्रेस एवं भाजपा के खिलाफ तथा कांग्रेस गठबंधन के पक्ष में जबरदस्त माहौल है। पश्चिम बंगाल प्रदेश में बतौर पर्यवेक्षक कांग्रेस के चुनाव प्रबंधन और समन्वय की जिम्मेदारी देख रहे हरि प्रसाद ने इन दावों को भी खारिज कर दिया कि पार्टी पूरी ताकत से चुनाव नहीं लड़ रही है। उन्होंने आरएसएस का संदर्भ देते हुए दावा किया कि यह सब नागपुर विश्वविद्यालय की ओर से फैलाया गया दुष्प्रचार है। हरि प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस के सभी नेता एवं कार्यकर्ता जमीनी स्तर पर मेहनत कर रहे हैं तथा पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी भी चुनाव प्रचार करेंगे। उन्होंने यह टिप्पणी उस वक्त की है जब ऐसी खबरें हैं कि राहुल गांधी बुधवार को पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2021 में पहली बार प्रचार कर सकते हैं। हरि प्रसाद इस चुनाव के लिए कांग्रेस के पश्चिम बंगाल प्रभारी की भूमिका भी निभा रहे हैं क्योंकि स्थाई रूप से यह जिम्मेदारी निभा रहे जितिन प्रसाद इन दिनों कोरोना वायरस से संक्रमित हैं। यह पूछे जाने पर कि अगर जरूरत पड़ी तो क्या कांग्रेस सरकार गठन के लिए तृणमूल कांग्रेस को समर्थन देगी, हरि प्रसद ने इसे काल्पनिक प्रश्न करार दिया। उन्होंने हालांकि यह जरूर कहा कि विधायक और प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुशंसा करेंगे तथा पार्टी अध्यक्ष की तरफ से कोई फैसला होगा। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस वाम दलों और नई पार्टी इंडियन सेक्युलर फ्रंट (आईएसएफ) के साथ गठबंधन कर पश्चिम बंगाल में चुनाव लड़ रही है। हरि प्रसाद ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने पश्चिम बंगाल में अब तक सीएए, एनआरसी और किसानों के मुद्दों पर बात नहीं की है। अगर उनमें हिम्मत है तो उन्हें इनके बारे में बात करनी चाहिए। उन्होंने दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस एवं भाजपा के खिलाफ तथा कांग्रेस गठबंधन के पक्ष में जबरदस्त माहौल है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने यह भी कहा कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के नतीजे चौंकाने वाले होंगे। कांग्रेस की ओर से उम्मीद के मुताबिक सहयोग नहीं मिलने के आईएसएफ के दावे पर हरि प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस पूरा सहयोग कर रही है तथा गठबंधन मिलकर काम कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि पश्चिम बंगाल में एआईएमआईएम कोई फैक्टर नहीं है।

# गोवा फॉरवर्ड पार्टी राजग से अलग हुई

**भाषा।** पणजी

**गोवा** फॉरवर्ड पार्टी (जीएफपी) ने राज्य की भाजपा नीत सरकार पर गोवा विरोधी नीतियां अपनाने का आरोप लगाया और मंगलवार को वह राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) से अलग हो गई। चालीस सदर्स्इय गोवा विधानसभा में जीएफपी के तीन विधायक हैं और पार्टी के गठबंधन से अलग होने से प्रमोद सावंत सरकार की स्थिरता पर कोई आंच नहीं आएगी क्योंकि विजय सरदेसाई नीत पार्टी सत्तासीन गठबंधन का हिस्सा नहीं है। जीएफपी ने 2017 में राजग को मनोहर पार्किर की अगुवाई में भाजपा की सरकार बनवाने के लिए समर्थन दिया था। हालांकि पर्किर के 2019 में निधन के बाद प्रमोद सावंत की अगुवाई वाली सरकार में जीएफपी के तीन मंत्रियों को स्थान नहीं मिलने से पर्टियों के बीच संबंध थोड़ा तल्ख हुए थे। जीएफपी की राज्य कार्यकारी समिति और राजनीतिक मामलों की समिति ने मंगलवार को बैठक की। इसके बाद जीएफपी के अध्यक्ष विजय सरदेसाई ने भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिख कर राजग से अलग होने के पार्टी के निर्णय के बारे में सूचना दी। सरदेसाई ने पत्र में कहा, मैं आपको गोवा फॉरवर्ड पार्टी के राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन से औपचारिक रूप से अलग होने की सूचना देने के लिए पत्र लिख रहा हूं। इसमें कोई शक नहीं है कि राजग के साथ हमारे संबंध जुलाई 2019 में ही समाप्त हो गए थे ,पुन:विचार की कोई गुजाइश नहीं है। उन्होंने दावा किया कि पिछले दो वर्षों में भाजपा ने गोवा विधानसभा के सत्रों में लगातार गोवा विरोधी नीतियां पेश की है। पार्टी ने आरोप लगाया कि जुलाई 2019 से गोवा में नेतृत्व ने राज्य की जनता से मुंह फेर लिया है,जो चहुंमुखी विकास की आस उनसे लगा कर बैठी थी। पत्र में कहा गया कि पार्टी गोवा की संस्कृति, लोगों और विरासत की रक्षा करने के लिए लगातार काम करने के वास्ते प्रतिबद्ध है।

## शरद पवार को अगले दो दिन में अस्पताल से छुट्टी दे दी जाएगीः उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने कहा

**मुंबई (भाषा)।** महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार ने मंगलवार को कहा कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) प्रमुख शरद पवार को अगले दो दिन में अस्पताल से छुट्टी दे दी जाएगी। पवार की सोमवार को पित्ताशय की सर्जरी की गई थी। अजित, शरद पवार के भतीजे भी हैं। अजित पवार और उनकी पत्नी ने ब्रीच कैंडी अस्पताल में शरद पवार से मुलाकात की। उन्होंने अस्पताल के बाहर संवाददाताओं को बताया, सर्जरी के बाद शरद पवार जी की तबीयत ठीक हो रही है। अगले दो दिन में उन्हें छुट्टी दे दी जाएगी। इससे पहले राकांपा नेता तथा राज्य में मंत्री नवाब मलिक ने सोमवार को कहा था कि पवार (80) के पित्ताशय का लैप्रोस्कॉपी ऑपरेशन सफल रहा है। इससे पहले 30 मार्च को राकांपा अध्यक्ष की पित्त वाहिका से एक पथरी निकालने के लिए अस्पताल में आपातकालीन एंडोस्कोपी की गई थी।

# समस्या कोविड-19 के टीके की कमी की नहीं, बल्कि योजना की : सरकार

भाषा। नई दिल्ली

**केंद्र** सरकार ने मंगलवार को कहा कि राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के पास अब भी कोविड-19 के टीकों की 1.67 करोड़ से अधिक खुराक हैं और समस्या टीकों की कमी की नहीं, बल्कि बेहतर योजना की है।

केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अभी तक राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को 13,10,90,370 टीकों की खुराक मिली है, जिनमें से कुल खपत 11,43,69,677 खुराकों की ही हुई है। इनमें बेकार हुई खुराकें भी शामिल हैं।

उन्होंने कहा, पूर्वाह्न 11 बजे तक के आंकड़ों के अनुसार राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के पास अभी इस्तेमाल नहीं की गईं 1,67,20,693 खुराकें हैं। आज से अप्रैल के अंत तक राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को 2,01,22,960 खुराकों की आपूर्ति की जाएगी। भूषण ने कहा, इससे स्पष्ट दिखाई देता है कि समस्या बेहतर योजना की कमी की है, टीकों की खुराक की कमी की नहीं है। हमने समय-समय पर राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को टीकों की खुराक उपलब्ध कराई हैं और जैसा कि हमने आपको पहले बताया था कि बड़े राज्यों को हम एक बार में चार दिन की आपूर्ति देते हैं और चौथे तथा पांचवें दिन हम फिर से आपूर्ति करते हैं। छोटे राज्यों के लिए, हम एक बार में सात-आठ दिन की खुराकों की आपूर्ति करते हैं और सातवें या आठवें दिन आपूर्ति दोबारा की जाती है।

उन्होंने कहा कि केरल में टीके की एक भी खुराक बर्बाद नहीं हुई है, वहीं दूसरी तरफ अन्य राज्यों में 8-9 प्रतिशत खुराक बेकार जा रही हैं। देश में कोरोना वायरस के हालात का जिक्र करते हुए भूषण ने कहा कि संक्रमण का पहले का सर्वोच्च स्तर पार हो चुका है और मामले तेजी से बढ़ रहे हैं तथा यही चिंता की बात है।

उन्होंने कहा, पहले सितंबर में एक दिन में सर्वाधिक मामले 94,372 के स्तर पर थे, जो आज 1,61,736 प्रतिदिन के स्तर पर पहुंच गया है। भूषण के मुताबिक मौत के मामलों में भी इजाफा देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सर्वाधिक चिंता वाले राज्यों में महाराष्ट्र, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और गुजरात आदि हैं। नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य) वी के पॉल ने कहा कि गंभीर स्थिति पैदा हो रही है। कुछ राज्यों में हालात ज्यादा खराब हैं लेकिन समस्या पूरे देश में है और जांच, नजर रखने, रोगियों का पता लगाने तथा उपचार करने की रणनीति पर सतत ध्यान होना चाहिए। उन्होंने कहा कि उचित कोविड व्यवहार का पालन करने तथा टीका लगाने पर भी जोर होना चाहिए। रेमडेसिविर टीके की कमी की खबरों के बीच पॉल ने कहा कि यह दवा केवल अस्पताल में भर्ती, गंभीर रोगियों को देनी होती है और घरों में इसके इस्तेमाल का कोई सवाल ही नहीं उठता तथा केमिस्ट की दुकान से इन्हें नहीं खरीदा जाना चाहिए। उन्होंने कहा, कुछ इलाकों में रेमडेसिविर की कमी सामने आई जिसके बाद इसके निर्यात पर रोक लगा दी गई है। अब यह दवा पर्याप्त रूप से उपलब्ध है। हम डॉक्टरों से अपील करते हैं कि अस्पतालों में भर्ती रोगियों के लिए रेमडेसिविर का तर्कसंगत, उचित और सही इस्तेमाल सुनिश्चित करें।



सोनितपुर जिले के तेजपुर में रोंगाली बिहू उत्सव के अवसर पर उरुका अनुष्ठान करतीं महिलाएं

## कोविड-19 की दूसरी लहर चिंताजनक: केंद्र

भाषा। नई दिल्ली

**भारत** में कोविड-19 की दूसरी लहर के संकट पर चिंता व्यक्त करते हुए केंद्र ने कहा कि महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश और गुजरात जैसे राज्यों को आरटी-पीसीआर जांच में तेजी लाने की जरूरत है। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र, महामारी से मुकाबला करने में लगातार राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की सहायता करने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि पहले संक्रमण के जो दैनिक मामले सामने आए थे अब उससे ज्यादा मामले सामने आ रहे हैं और यह आंकड़ा बढ़ता ही जा रहा है जो चिंता का विषय है। भूषण ने कहा कि प्रतिदिन सामने आने वाले मामलों की पिछली सर्वाधिक संख्या सितंबर में 94,372 थी जो अब 1,61,736 हो गई है और इसके साथ ही मृतकों की संख्या भी बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के संदर्भ में प्रतिदिन सामने आने वाले औसत मामलों की संख्या में हफ्ते-दर-हफ्ते उल्लेखनीय वृद्धि देखने को मिली है और अब यह 57,000 के पार पहुंच गई है। उन्होंने कहा, प्रति दस लाख व्यक्तियों पर जांच बढ़ रही है लेकिन यह प्रतिदिन सामने आने वाले औसत मामलों के बराबर नहीं है। आरटी पीसीआर जांच की संख्या घट रही है इसलिए हम राज्यों से अनुरोध करते हैं कि वे इसकी तरफ ध्यान दें। भूषण ने कहा कि आदर्श अनुपात 70 प्रतिशत आरटी पीसीआर और 30 प्रतिशत रेपिड एंटीजेन जांच का है क्योंकि दोनों जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि रेपिड एंटीजेन जांच का महत्व प्रारंभिक जांच के तौर पर है और यह उन जगहों पर जरूरी है जहां घनी आबादी है या जहां हाल ही में ढेर सारे नए मामले सामने आए हैं।

## ममता को अपनी हार का अहसास हो गया है: राजनाथ

भाषा। मध्यमग्राम, स्वरूपनगर

**रक्षा** मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को दावा किया कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को अहसास हो गया है कि तृणमूल कांग्रेस राज्य में विधानसभा चुनाव हार जाएगी और इसलिए वह लोगों को हिंसा के लिए भड़का रही हैं। सिंह ने कहा कि बनर्जी के राजनीतिक रणनीतिकार (प्रशांत किशोर) ने स्वीकार किया था कि बंगाल में भाजपा को बहुमत मिल रहा है और यह भी स्वीकार किया था कि प्रधानमंत्री मोदी देश में सबसे लोकप्रिय नेता हैं। उन्होंने उत्तर 24 परगना जिले के मध्यमग्राम में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि अब ममता बनर्जी को भी यह तथ्य स्वीकार कर लेना चाहिए। उन्होंने कहा, संभवत: ममता बनर्जी ने स्वीकार कर लिया है कि वह भी हारने जा रही हैं। यह उनकी निराशा और राजनीतिक विरोधियों के लिए इस्तेमाल की जाने वाली भाषा से झलकता है। वह लोगों को हिंसा के लिए भड़का रही हैं।



उन्होंने सुरक्षा और विकास का वादा किया और टीएमसी कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे भाजपा में शामिल हों। राज्य में हो रहे विधानसभा चुनावों को जन आंदोलन बताते हुए सिंह ने कहा कि उनका मानना है कि पश्चिम बंगाल के लोग अपने वोट का इस्तेमाल सकारात्मक बदलाव लाने में करेंगे और टीएमसी को सत्ता से बाहर करेंगे। सिंह ने आरोप लगाए कि बनर्जी के तृणमूल कांग्रेस के शासनकाल में भाजपा के करीब 200 कार्यकर्ताओं की पिछले एक दशक में हत्या हो चुकी है और अगर किसी राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति खराब होती है तो मुख्य जिम्मेदारी मुख्यमंत्री की होती है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी के शासनकाल में अभूतपूर्व अपराध और हिंसा हुई है और भगवा दल के सत्ता में आते ही यह हर किसी की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी। सिंह ने कहा कि हमारे कार्यकर्ताओं की दिनदहाड़े हत्या कर दी गई और उनके शव पेड़ों से टांग दिए गए। उन्होंने कहा कि वह हर भाजपा कार्यकर्ता को आश्वस्त करना चाहते हैं कि जो लोग भी दो मई के बाद इस तरह के काम करने का प्रयास करेंगे, उन्हें कड़े दंड का सामना करना होगा। सिंह ने कहा कि वह न केवल भाजपा कार्यकर्ताओं की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्धता जताते हैं बल्कि इस राज्य के हर नागरिक की रक्षा की जाएगी। उन्होंने कहा, मैं टीएमसी के कार्यकर्ताओं से अपील करता हूं कि किसी दबाव या भय में उस पार्टी के लिए काम नहीं करें। भाजपा में शामिल हो जाइए और हम आपकी रक्षा करेंगे और आपका विकास सुनिश्चित करेंगे। सिंह ने कहा कि वह यह जानकर स्तब्ध रह गए कि बनर्जी ने अल्पसंख्यक मतदाताओं से एकजुट होकर टीएमसी के लिए वोट करने की अपील की और उन पर तुष्टिकरण एवं ध्रुवीकरण की राजनीति करने के आरोप लगाए।

### पश्चिम बंगाल में कोरोना वायरस संक्रमण के 4,817 नए मामले

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में पिछले चौबीस घंटे में कोरोना वायरस संक्रमण के 4,817 नए मामले सामने आए जो कि प्रतिदिन सामने आने वाले मामलों की सर्वाधिक संख्या है। इसके साथ ही मंगलवार को कुल मामले बढ़कर 6,24,224 हो गए। स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी एक बुलेटिन में यह जानकारी दी गई। राज्य में कोविड-19 से 20 और मरीजों की मौत हो गई जिससे मृतकों की संख्या 10,434 पर पहुंच गई। कोलकाता में एक दिन में संक्रमण के 1,271 नए मामले सामने आए। राज्य में अभी 29,050 मरीज उपचाराधीन हैं।

## डॉ. आंबेडकर के आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लें

भाषा। नई दिल्ली

**राष्ट्रपति** राम नाथ कोविंद ने मंगलवार को कहा कि लोगों को डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर के जीवन और विचारों से सीख लेकर उनके आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए और तथा भारत को मजबूत, संपन्न बनाने में योगदान देना चाहिए। राष्ट्रपति ने संविधान निर्माता डॉ. आंबेडकर की जयंती की पूर्व संध्या पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। राष्ट्रपति ने कहा, भारत के संविधान निर्माता डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर की जयंती पर, मैं देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। राष्ट्रपति ने कहा, अपने पूरे प्रेरक जीवन में डॉ. आंबेडकर ने भारी मुश्किलों के बीच अपने विशेष मार्ग का निर्माण किया और अपनी असाधारण व बहुआयामी उपलब्धियों के लिए सराहना हासिल की। राष्ट्रपति ने कहा कि आंबेडकर मानवाधिकारों के पुरजोर समर्थक थे, जिन्होंने भारत के वंचित समुदायों के लोगों के सामाजिक-आर्थिक स्तर में सुधार और उनके बीच शिक्षा के प्रसार के उद्देश्य से बहिष्कृत हितकारिणी सभा का गठन किया था। कोविंद ने कहा, डॉ. आंबेडकर ने एक बेहतर और न्यायपूर्ण समाज की कल्पना की थी और जीवन भर इसके लिए संघर्ष किया। वह एक आधुनिक भारत का निर्माण करना चाहते थे, जहां जाति के आधार पर या किसी अन्य वजह से कोई भेदभाव न हो, जहां सदियों से पिछड़ेपन से जूझ रहीं महिलाएं और समुदाय आर्थिक व सामाजिक अधिकारों की समानता का लुत्फ उठा सकें। राष्ट्रपति भवन द्वारा जारी बयान में राष्ट्रपति के हवाले से कहा गया, डॉ. आंबेडकर की जयंती के अवसर पर, आइए उनके जीवन और विचारों से सबक लेकर उनके आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लें।

## पश्चिम बंगाल में कल चुनाव प्रचार की शुरुआत करेंगे राहुल

भाषा। नई दिल्ली

**कांग्रेस** के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी बुधवार को पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में प्रचार अभियान की शुरुआत करेंगे। पार्टी की ओर से जारी राहुल के चुनावी कार्यक्रम के मुताबिक, वह पहले उत्तरी दिनाजपुर और फिर दार्जलिंग में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। पश्चिम बंगाल में इस बार के विधानसभा चुनाव में राहुल गांधी का यह पहला दौरा होगा। इससे पहले उन्होंने असम, केरल और तमिलनाडु के विधानसभा चुनावों में पार्टी के लिए कई सभाएं, रोडशो और जनसंपर्क कार्यक्रम किए। गौरतलब है कि पश्चिम बंगाल में चार चरणों का मतदान संपन्न हो चुका है। अभी चार चरणों का मतदान शेष है। कांग्रेस वाम दलों और नई पार्टी इंडियन सेक्युलर फ्रंट (आईएसएफ) के साथ गठबंधन कर पश्चिम बंगाल में चुनाव लड़ रही है।

### बीपीएफ के नौ उम्मीदवार छत्तीसगढ़ के रिसॉर्ट में

**रायपुर।** असम में विधानसभा चुनाव में अंतिम दौर का मतदान समाप्त होने के बाद बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट (बीपीएफ) के नौ उम्मीदवारों के छत्तीसगढ़ पहुंचने की जानकारी है। बीपीएफ ने इस बार असम में कांग्रेस के साथ गठबंधन किया है। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने नाम नहीं छापने के शर्त पर बताया कि शनिवार को बीपीएफ के नौ उम्मीदवार विमान से रायपुर पहुंचे और उन्हें नवा रायपुर के एक रिसॉर्ट में ठहराया गया है। कांग्रेस नेता ने बताया कि बीपीएफ उम्मीदवारों के दो मई तक यहां ठहरने की उम्मीद है। दो मई को असम में वोटों की गिनती होगी। उन्होंने बताया कि असम विधानसभा चुनाव में बीपीएफ के 12 उम्मीदवार थे, लेकिन चुनाव के दौरान एक उम्मीदवार ने पहले ही भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने का फैसला कर लिया है जिसके बाद नौ उम्मीदवार छत्तीसगढ़ पहुंच गए हैं। असम में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार में बीपीएफ भी शामिल था। लेकिन इस बार के चुनाव में बीपीएफ ने कांग्रेस का साथ दिया है और वह 10 पार्टियों वाली महागठबंधन महाजोत का हिस्सा है। असम के 126 सीटों वाले विधानसभा के लिए चुनाव कराया जा रहा है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, उनके मंत्रिमंडल के सहयोगियों और राज्य के अन्य वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने असम में व्यापक चुनाव प्रचार किया है।

## महाराष्ट्र के दो अस्पतालों में ऑक्सीजन की कमी से 10 लोगों की मौत, परिवारों का दावा

भाषा। मुंबई

**पड़ोस** के पालघर जिले के दो अस्पतालों में कोविड-19 से जान गंवाने वाले 10 लोगों के रिश्तेदारों ने आरोप लगाया कि ऑक्सीजन की कमी के चलते उन्होंने दम तोड़ दिया जबकि निगम के अधिकारियों और अस्पताल के प्रबंधन ने आरोपों को खारिज किया है। नालासोपारा पूर्व स्थित विनायक अस्पताल में सोमवार को कोरोना वायरस संक्रमण से सात मरीजों की जबकि रिद्धि विनायक अस्पताल में तीन मरीजों मौत हो गई। मरीजों के परिजन ने दावा किया कि अस्पतालों में ऑक्सीजन आपूर्ति की कमी से उनकी मौत हुई। मामले ने तब और तूल पकड़ लिया जब वसई विरार नगर निगम के पूर्व महापौर राजीव पाटिल ने एक ऑडियो क्लिप में दावा किया कि गंभीर रूप से बीमार मरीजों के इलाज के लिए जरूरी ऑक्सीजन की आपूर्ति नहीं होने के कारण अस्पतालों में मौत हुई। आरोपों को खारिज करते हुए वसई विरार नगर निगम के उपायुक्त किशोर गवस ने मंगलवार को कहा कि गंभीर हालत में होने के कारण मरीजों की मौत हुई। विनायक अस्पताल से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया कि ऑक्सीजन की पर्याप्त आपूर्ति हो रही है इसलिए इनकी कमी को मरीजों की मौत से जोड़ना तथ्यात्मक रूप से गलत है।

## धर्मशाला में भाजपा के महापौर निर्विरोध चुने गए

**धर्मशाला (हिप्र)।** भाजपा के ओंकार नेहरिया निर्विरोध धर्मशाला नगर निगम के महापौर चुने गए हैं, जबकि निर्दलीय पार्षद सर्व चंद उप महापौर चुने गए। यह पहला मौका है जब धर्मशाला नगर निगम की कमान भाजपा संभाल रही है। पार्टी ने हाल ही में नगर निगम चुनावों में 17 वार्डों में से आठ में जीत हासिल की थी और उसे तीन निर्दलीय पार्षदों का समर्थन भी प्राप्त है। कांग्रेस के पार्षदों ने महापौर पद के लिए नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया था, जिस कारण नेहरिया इस पद के लिए निर्विरोध चुने गए। उप महापौर पद के लिए भाजपा ने सर्व चंद का समर्थन किया। उन्होंने कांग्रेस के पूर्व महापौर देवेंदर जग्गी को हराया। चंद को 11 मत मिले जबकि जग्गी को सिर्फ छह वोट हासिल हुए। कांग्रेस इस बार पांच सीट जीती। पिछले निगम में उसके 13 पार्षद थे जबकि भाजपा के मात्र चार पार्षद थे।

## भगवान हनुमान का जन्म तिरुमला में होने की बात साबित करने के लिए 21 को जारी होगी पुस्तिका

**तिरूपति।** तिरुमला तिरुपति देवस्थानम ने मंगलवार को कहा कि भगवान हनुमान का जन्म तिरुमाला की सात पवित्र पहाड़ियों में से एक में होने की बात साबित करने के लिए साक्ष्य आधारित पुस्तिका का विमोचन अब 21 अप्रैल को रामनवमी के दिन किया जाएगा। इससे पहले कहा गया था कि पुस्तिका तेलुगू नव वर्ष उगाड़ी के दिन (आज) जारी की जाएगी।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने पीटीआई-भाषा से कहा कि तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) द्वारा गठित विद्वानों की एक समिति ने अपने इस दावे की पुष्टि करने के लिए ठोस सबूत पहले ही इकट्ठा कर लिए हैं कि तिरुमला में अंजनाद्री ही हनुमान का जन्म स्थान था।

उन्होंने कहा कि इस संबंध में एक विस्तृत पुस्तक तैयार करने में अभी कुछ और महीने लगेंगे। उन्होंने कहा कि समिति लंदन लाइब्रेरी से अंजनाद्री पर एक पुस्तक की प्रति प्राप्त करने की कोशिश कर रही है। समिति ने पहले पौराणिक और वैज्ञानिक सबूतों के साथ तेलुगु नववर्ष दिवस पर अंजनाद्री को भगवान हनुमान के जन्मस्थान के रूप में घोषित करने की योजना बनाई थी।

### अस्पतालों के बिस्तर सेलिब्रिटी लोगों ने घेर रखे हैं: मंत्री

**मुंबई (भाषा)।** महाराष्ट्र के मंत्री असलम शेख ने मंगलवार को आरोप लगाया कि कुछ सेलिब्रिटी लोग और क्रिकेट खिलाड़ी कथित तौर पर कोरोना वायरस संक्रमण के गंभीर लक्षण नहीं होने के बावजूद बड़े अस्पतालों में भर्ती हो गए हैं जिसके कारण अस्पतालों में बिस्तर भरे हुए हैं। संवाददाताओं से बातचीत में शेख ने दावा किया कि फिल्म उद्योग के लोगों और क्रिकेट खिलाड़ियों ने प्रमुख निजी अस्पतालों में लंबे समय से बिस्तर घेर रखे हैं। राज्य के कपड़ा मंत्री शेख ने कहा, फिल्म जगत के कुछ लोग और कुछ क्रिकेट खिलाड़ी संक्रमण के मामूली लक्षण होने अथवा कोई लक्षण नहीं होने के बावजूद प्रमुख निजी अस्पतालों में भर्ती हो गए हैं और लंबे समय से बिस्तरों को घेरे हुए हैं। शेख ने कहा कि यदि ए लोग अस्पतालों में भर्ती होने से बचते तो राज्य में कोरोना वायरस से पीड़ित जरूरतमंद मरीजों को भर्ती किया जा सकता था। कोरोना वायरस के मामले बढ़ने के साथ ही महाराष्ट्र सरकार बेड क्षमता बढ़ाने के लिए काम कर रही है। उसने अगले पांच से छह हफ्ते में मुंबई में मैदानों में तीन विशालकाय अस्पतालों की स्थापना की घोषणा की है।

## पेज 1 का शेष

### प्रभावित नगरों...

आता है तो बांध उसे रोक नहीं पाते। फिर भी हमे कोरोना संक्रमण को रोकने के प्रयास करने चाहिए। कोर्ट ने कहा दिन में भी गैर जरूरी यातायात को नियंत्रित किया जाये। कोर्ट ने कहा कि जीवन रहेगा तो दोबारा स्वास्थ्य ले सकेंगे अर्थ व्यवस्था भी दुरुस्त हो जायेगी। कोर्ट ने कहा कि विकास व्यक्तियों के लिए है। जब आदमी ही नहीं रहेंगे तो विकास का क्या अर्थ रह जायेगा। कोरोना से अत्यधिक प्रभावित शहरों में लखनऊ, कानपुर, प्रयागराज, वाराणसी और गोरखपुर शामिल हैं। कोर्ट ने कहा कि संक्रमण फैले एक साल बीत रहे हैं। लेकिन इलाज की सुविधाओं को बढ़ाया नहीं जा सका। कोर्ट ने राज्य सरकार की 11 अप्रैल की गाइडलाइन का सभी जिला प्रशासन को कड़ाई से अमल में लाने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने 19 अप्रैल को डीएम व सीएमओ प्रयागराज को कोर्ट में हाजिर रहने का निर्देश भी दिया है। कोर्ट ने कैन्टोनमेन्ट जोन को अपडेट करने तथा रैपिड फोर्स को चौकन्ना रहने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा हर 48 घंटे में जोन का सेनेटाइजेशन किया जाये। यूपी बोर्ड की आनलाइन परीक्षा दे रहे छात्रों की जांच करने पर बल दिया जाये। कोर्ट ने एसजीपीजीआई लखनऊ की तरह स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल में कोरोना आईसीयू बढ़ाने व सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने राज्य व केन्द्र सरकार को ऐन्टी वायरल दवाओं के उत्पाद व आपूर्ति बढाने का निर्देश दिया है। जरूरी दवाओं की जमाखोरी करने या ब्लैक मार्केटिंग करने वालों पर सख्ती करने का भी निर्देश दिया गया है।

### महाराष्ट्र में...

पर कोरोना वायरस संक्रमण के गंभीर लक्षण नहीं होने के बावजूद बड़े अस्पतालों में भर्ती हो गए हैं जिसके कारण अस्पतालों में बिस्तर भरे हुए हैं। संवाददाताओं से बातचीत में शेख ने दावा किया कि फिल्म उद्योग के लोगों और क्रिकेट खिलाड़ियों ने प्रमुख निजी अस्पतालों में लंबे समय से बिस्तर घेर रखे हैं। राज्य के कपड़ा मंत्री शेख ने कहा, फिल्म जगत के कुछ लोग और कुछ क्रिकेट खिलाड़ी संक्रमण के मामूली लक्षण होने अथवा कोई लक्षण नहीं होने के बावजूद प्रमुख निजी अस्पतालों में भर्ती हो गए हैं और लंबे समय से बिस्तरों को घेरे हुए हैं। शेख ने कहा कि यदि ये लोग अस्पतालों में भर्ती होने से बचते तो राज्य में कोरोना वायरस से पीड़ित जरूरतमंद मरीजों को भर्ती किया जा सकता था।

### प्रधानमंत्री ने...

हम सभी इसके खिलाफ एकजुट नहीं हो जाते। इसलिए कई बाधाओं के बावजूद हमने 80 से अधिक देशों को कोविड-19 रोधी टीके उपलब्ध कराए। उन्होंने कहा कि इस महामारी के खिलाफ जंग से मिले अनुभवों, विशेषज्ञता और संसाधनों को भारत दुनिया भर से साझा करता रहेगा।

### बाहरी पर...

बैंक नाराज हो जाएगा। शाह ने कहा कि अगर भाजपा सत्ता में आती है तो उत्तर बंगाल में एक एम्स अस्पताल बनवाएगी, क्योंकि इलाके के लोगों को गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए कोलकाता जाना पड़ता है। शाह ने सत्तारूढ़ टीएमसी पर प्रहार करते हुए कहा, मोदी जी ने बंगाल को 115 योजनाएं दीं और दीदी ने 115 घोटाले दिए हैं।

### ममता 24...

में दो रैलियों को संबोधित करेंगी। शहर में धरना देने को लेकर ममता बनर्जी की आलोचना करते हुए, प्रदेश भाजपा प्रमुख दिलीप घोष ने कहा कि तृणमूल नेता के मन में चुनाव निकाय के लिए कोई सम्मान नहीं है। उन्होंने कहाकि ऐसे उदाहरण हैं जब निर्वाचन आयोग ने हमारे नेताओं के चुनाव प्रचार पर प्रतिबंध लगा दिया। हमने हमेशा निर्वाचन आयोग के फैसले का सम्मान किया है। उन्होंने (ममता बनर्जी ने) जो किया, वह अस्वीकार्य है।

### आरोपों से...

पुष्टि करते हुए लिखा, मुझे यह कहते हुए खुशी हो रही है कि जो लोग मेरे खून के प्यासे रहे हैं, उन्हें अब सुकून मिल सकता है। मैंने मुख्यमंत्री को अपना इस्तीफा सौंप दिया है। बीते तीन दिन सीपीआई(एम) के लिए खासे मुश्किल भरे रहे। मंत्री एके बालान और पोलित ब्यूरो सदस्य कोडियेरी बालाकृष्णन ने जलील के इस्तीफा देने से इनकार किया, लेकिन जैसे ही यह बात सामने आई कि 2016 में खुद मुख्यमंत्री पिनारई विजयन ने अदीब की नियुक्ति पेपर पर हस्ताक्षर किए थे जबकि अदीब इस पद के काबिल भी नहीं थे। इस खबर के फैलते ही स्थितियां काफी बदल गईं। सरकारी नियंत्रण वाले संस्थान में वरिष्ठ पद पर अदीब की नियुक्ति को लेकर कैबिनेट में कोई चर्चा नहीं की गई थी। यह बात भी सामने आई है कि राज्य के सामान्य प्रशासन विभाग की सलाह के विपरीत जाकर विजयन ने नियुक्ति पेपर पर दस्तखत किए थे। विभाग ने कहा था कि अदीब संबंधित पद पर नियुक्ति की योग्यता नहीं रखते। जलील ने जुबान बंद रखने के लिए अधिकारियों को धमकियां भी दी थीं। इससे पहले एलडीएफ की सरकार बनने के सिर्फ पांच महीने बाद ही उद्योग मंत्री ई पी जयराजन को अपने भतीजे और कन्नूर से पूर्व सांसद पीके श्रीमती के बेटे को केरल उद्योग एंटरप्राइजेज लिमिटेड का प्रबंध निदेशक नियुक्त कराने को लेकर इस्तीफा देना पड़ा था। जलील ने इस्तीफा ऐसे समय दिया है जब एलडीएफ सरकार का कार्यकाल पूरा होने में कुछ ही दिन बचे हैं और राज्य में छह अप्रैल को विधानसभा चुनाव हुए थे। चुनाव नतीजे दो मई को आएंगे।

### ज्ञानवापी मस्जिद...

जाने के बावजूद निचली अदालत ने इस पर सुनवाई कर आदेश पारित किया जोकि गैर कानूनी है। हमारी उच्च न्यायालय से गुजारिश है कि वह इस मामले में निचली अदालत के फैसले पर रोक लगाए। उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड के स्थाई अधिवक्ता पुनीत गुप्ता ने कहा कि उच्च न्यायालय में सुनवाई के दौरान दूसरे पक्ष ने एक शपथ पत्र देकर कहा था कि वह इस मामले में निचली अदालत में सुनवाई आगे बढ़ाने का दबाव नहीं बनाएगा, लेकिन निचली अदालत में इस मामले पर सुनवाई जारी रही। नकवी ने कहा, तेजी से फैलते संक्रमण के मामलों को देखते हुए उच्च न्यायालय में केवल अति महत्वपूर्ण मामलों पर वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए सुनवाई हो रही है और हमने अदालत से इस मामले पर सुनवाई का अनुरोध किया है क्योंकि यह एक गंभीर मामला है।

### इस साल...

मानसून को खराब करने वाले अल नीनो के उभरने की आशंका इस साल के मानसून में नहीं है। स्काइमेट वेदर ने जनवरी में अपने पूर्वानुमान में भी सामान्य मानसून रहने का अनुमान जताया था। देश के मौसम के बारे में आधिकारिक तौर पर अनुमान जारी करने वाले मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) इस सप्ताह अपना पूर्वानुमान जारी कर सकता है।

## स्पुतनिक के बाद कतार में कई और विदेशी टीके

**नई दिल्ली।** रूस की स्पुतनिक वैक्सीन को आपातकालीन मंजूरी देने के साथ ही अमेरिका, ब्रिटेन और जापान में निर्मित टीकों को भी मंजूरी देने की तैयारी चल रही है। भारत में तेजी से बढ़ते कोविड संक्रमण मामलों को देखते हुए यह कदम उठाए जा रहे हैं। टीकाकरण अभियान तेज करने के लिए जरूरत पड़ी तो विश्व स्वास्थ्य संगठन की सूची में शामिल वैक्सीन को भी आपात इस्तेमाल की मंजूरी मिल सकती है। वहीं केंद्र ने मंगलवार को देश में कोविड वैक्सीन की कमी होने से इनकार किया और कहा कि इस समय हमारे पास 1.67 करोड़ टीके उपलब्ध हैं। देशभर में चल रहे कोविड टीकाकरण कार्यक्रम की शुरुआत बीते 16 जनवरी को हुई थी। इस समय लोगों को ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी-एस्ट्राजेनेका द्वारा विकसित और सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) द्वारा उत्पादित कोविशील्ड तथा भारत बायोटेक का स्वदेशी टीका कोवैक्सीन लगाया जा रहा है। केंद्र सरकार ने विशेषज्ञ पैनल की उस सिफारिश को मान लिया है जिसमें अमेरिका, यूरोप, ब्रिटेन द्वारा विकसित व निर्मित कोविड-19 की वैक्सीन को सीमित उपयोग के लिए आपातकालीन स्वीकृति प्रदान करने को कहा गया है। अब उम्मीद की जा रही है कि जापान या डब्ल्यूएचओ की सूची वाली वैक्सीन को भी मंजूरी मिल सकती है।

पायनियर
लखनऊ, बुधवार, 14 अप्रैल, 2021



## सिद्धार्थ बनेंगे नाडा के महानिदेशक

**नई दिल्ली**। भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी सिद्धार्थ सिंह लोंगजाम राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के अगले महानिदेशक होंगे। वह नवीन अग्रवाल की जगह लेंगे। लोंगजाम अभी खेल मंत्रालय में संयुक्त सचिव हैं और अभी निलंबित चल रही राष्ट्रीय डोप परीक्षण प्रयोगशाला (एनडीटीएल) के सीईओ की भूमिका भी निभा रहे हैं। भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी अग्रवाल ने 2016 में नाडा का प्रभार संभाला था और वह अब जम्मू एवं कश्मीर पुलिस में वापस जाएंगे। अग्रवाल ने अपने कार्यकाल का आकर्षण देश के लगभग 60 एलीट खिलाड़ियों के खिलाड़ी जैविक पासपोर्ट (एबीपी) को तैयार करने को बताया। उन्होंने कहा कि यह डोपिंग के दंश को रोकने के लिए बड़ा कदम होगा।

## हाकी: बलबीर सिंह जूनियर का निधन

**चंडीगढ़**। एशियाई खेल 1958 रजत पदक विजेता भारतीय हॉकी टीम के सदस्य बलबीर सिंह जूनियर का यहां 88 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। दो जून 1932 को जालंधर के संसारपुर में जन्मे बलबीर सिंह जूनियर छह वर्ष की उम्र से हॉकी खेलना सीखे। उनका 1951 में पहली बार भारतीय टीम में चयन हुआ। वह 1962 में भारतीय सेना से जुड़े और सेना की टीम के लिए खेलते रहे। वह 1984 में मेजर के पद से रिटायर होने के बाद चंडीगढ में बस गए थे। उनकी बेटी मनदीप सामरा ने कहा कि मेरे पिता ने रविवार को तड़के दिल का दौरा पड़ने से दम तोड़ा। उनका बेटा कनाडा में है और कोरोना महामारी के कारण पिता के अंतिम संस्कार में भाग नहीं ले सका।

## खाली पार्क से गुजरी ओलंपिक टॉर्च

**टोक्यो**। कोरोना संक्रमण के मामले बढने के कारण टोक्यो ओलंपिक की टॉर्च रिले यहां मंगलवार को लगभग खाली पड़े पार्क से गुजरी। सरकार ने बताया कि ओसाका में कोरोना संक्रमण के 1099 नए मामले आए हैं जो जापान के दूसरे सबसे बड़े शहर में एक दिन में सर्वाधिक मामलों का रिकॉर्ड है। टॉर्च रिले तीन सप्ताह पहले शुरू हुई थी और 23 जुलाई को ओलंपिक उद्घाटन समारोह तक इसे तोक्यो पहुंचना है। ओसाका ने पिछले सप्ताह ही टॉर्च रिले सड़क पर नहीं कराने और लोगों के प्रवेश पर रोक लगाने का फैसला किया था। अधिकांश धावक बस से पार्क में पहुंचे और छोटी दूरी तय की। उनके साथ सुरक्षा अधिकारी भी थे और पीछे एस्कॉर्ट वाहन चल रहा था।

## मेदवेदेव मोंटे कार्लो मास्टर्स से बाहर

**मोनाका**। दूसरी रैंकिंग वाले दानिल मेदवेदेव ने कोरोना वायरस जांच में पॉजिटिव पाए जाने के बाद मोंटे कार्लो मास्टर्स टेनिस से नाम वापिस ले लिया। एटीपी ने कहा कि मेदवेदेव को पृथकवास में रखा गया है। टूर्नामेंट निदेशक और एटीपी मेडिकल टीम उनकी हालत पर नजर रखे हुए है। मेदवेदेव ने कहा कि मोंटे कार्लो में नहीं खेल पाना निराशाजनक है। मेरा फोकस अब रिकवरी पर है और मैं जल्दी से टूर पर लौटना चाहता हूं।

## सर्जरी के बाद ट्रेनिंग की तैयारी में आर्चर

**लंदन**। स्टार तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर को इस हफ्ते ट्रेनिंग शुरू करने के लिए हरी झंडी मिल गई है लेकिन इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में उनकी वापसी को लेकर कोई तारीख तय नहीं की है। आर्चर का ट्रेनिंग शुरू करना इंडियन प्रीमियर लीग टीम राजस्थान रॉयल्स के लिए अच्छी खबर है जिसे इस तेज गेंदबाज के टूर्नामेंट के दूसरे हाफ में खेलने की उम्मीद है। ईसीबी बोर्ड ने मंगलवार को कहा कि 29 मार्च को दाएं हाथ के आपरेशन के बाद यह तेज गेंदबाज अच्छी तरह से उबर रहा है। ईसीबी ने विज्ञप्ति में कहा कि इंग्लैंड और ससेक्स के गेंदबाज जोफ्रा आर्चर को उनके हाथ का उपचार कर रहे विशेषज्ञ ने ट्रेनिंग शुरू करने की स्वीकृति दे दी है क्योंकि 29 मार्च को आपरेशन के बाद वह अच्छी तरह उबर रहे हैं।

## शरीर को देखभाल की जरूरत: रोहित शर्मा

**चेन्नई**। मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा है कि पिछले आईपीएल के दौरान लगी हैमस्ट्रिंग चोट के बाद से उनके शरीर को काफी रखरखाव की जरूरत है ताकि वह पूरी तरह से फिट रहें। रोहित पिछले साल आईपीएल के कुछ मैचों और आस्ट्रेलिया दौरे के शुरूआती हिस्से से बाहर रहे थे। उन्होंने मुंबई इंडियंस द्वारा ट्विटर पर डाले गए वीडियो कैप्टंस कॉर्नर में कहा कि पिछले तीन चार महीने से यही कर रहा हूं। मैं पिछले आईपीएल में चोटिल हुआ था लिहाजा अपने शरीर के निचले हिस्से के काफी रखरखाव की जरूरत है। पहले मैच में मुंबई इंडियंस की हार के बाद खिलाड़ियों द्वारा की जा रही मेहनत के बारे में रोहित ने कहा कि हमें इस पर गर्व है। हम फिटनेस पर काफी मेहनत करते हैं। चाहे मैच हारे या जीते लेकिन तैयारी अहम है। उन्होंने कहा कि कल का मैच खेलने वाले कुछ तेज गेंदबाज फिटनेस अभ्यास के लिए आए।

## टीमों की अनदेखी से दुखी था: हर्षल

**चेन्नई**। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के तेज गेंदबाज हर्षल पटेल ने मंगलवार को खुलासा किया कि 2018 की आईपीएल नीलामी में टीमों द्वारा अनदेखी से वह अपमानित महसूस कर रहे थे जिसने उन्हें अपनी बल्लेबाजी पर काम करने के लिए प्रेरित किया जिससे कि वह प्रभावी आलराउंडर बन सकें। 30 साल के इस क्रिकेटर को 2018 में दिल्ली कैपिटल्स ने 20 लाख रुपए के उनके आधार मूल्य पर खरीदा था लेकिन उन्हें खेलने के अधिक मौके नहीं मिले। पटेल ने आनलाइन प्रेस कांफ्रेंस के दौरान कहा, 2018 आईपीएल में काफी लोगों ने रुचि नहीं दिखाई और इससे मैं मायूस हो गया, मैंने इसे अपमान के रूप में लिया क्योंकि मैं ऐसा खिलाड़ी बनना चाहता था जो मैच विजेता हो और उसकी काफी मांग हो। उन्होंने कहा कि इसके बाद मैंने महसूस किया कि अगर मैं अपनी बल्लेबाजी पर काम करूं और लोग मेरी बल्लेबाजी पर भरोसा करने लगे तो मैं प्रभावी खिलाड़ी बन सकता हूं।

## रमन फिर से कोच के लिए आवेदन करेंगे

**नई दिल्ली**। पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज डब्ल्यूवी रमन भारतीय महिला क्रिकेट टीम के मुख्य कोच के पद के लिए फिर से आवेदन करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं क्योंकि भारतीय क्रिकेट बोर्ड उन्हें अधिक जिम्मेदारी सौंपने की तैयारी कर रहा है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने अपने नए संविधान के मुताबिक अपनी वेबसाइट पर विज्ञापन प्रकाशित किया है जिसमें कहा गया है कि पुराने अनुबंध के खत्म होने के बाद नए आवेदन की मांग की जानी चाहिए। ऐसा माना जाता है कि सीनियर टीम के मुख्य कोच को महिला ए, अंडर -19 और एनसीए टीमों के लिए खाका तैयार करने के मामले में अहम जिम्मेदारी दी जाएगी। बीसीसीआई के अधिकारी ने गोपनियता की शर्त पर कहा कि जहां तक मुझे पता है, रमन पद के लिए आवेदन करेंगे। उनके मार्गदर्शन में महिला टीम विश्व टी-20 के फाइनल में पहुंची। इसे नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हालिया श्रृंखला भारतीय टीम ने एक साल के बाद खेली थी। मेरा मानना है कि वह एक मजबूत दावेदार है।

## मौजूदा दौर के क्रिकेटर बेखौफ: सौरव गांगुली



कोलकाता। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली का मानना है कि जीवन के विभिन्न पहलुओं से मिला अनुभव ऋषभ पंत और हार्दिक पांड्या जैसे मौजूदा दौर के क्रिकेटरों को निडरा बना रहा है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष ने कहा कि ऐसे कई खिलाड़ी हैं जो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में आने से पहले ही पूरी तरह तैयार दिखे और ऐसा अनुभव के साथ होता है। गांगुली ने एक कार्यक्रम में कहा कि मुझे लगता है कि मौजूदा दौर के खिलाड़ियों को अधिक मौके मिल रहे हैं। यह उन्हें निडर बनने में मदद करता है, क्योंकि इससे उन्हें एहसास होता है कि चीजें उनके पास उपलब्ध हैं। अगर वे प्रयास करते हैं और सफल होने के लिए जुझारूपन दिखाते हैं तो वे सफल होंगे। इसलिए वे बेखौफ हैं। गांगुली ने इसके बाद ऋषभ पंत और हार्दिक पंड्या जैसे खिलाड़ियों का उदाहरण देकर समझाया। उन्होने कहा कि आप इस वर्तमान भारतीय क्रिकेट टीम को ही देखिए।

# जीत की लय बनाए रखने उतरेगी रायल चैंलेज बेंगलौर

### सनराइजर्स हैदराबाद के साथ मुकाबला आज

**भाषा**। चेन्नई

**जीत** के साथ आगाज करने वाली विराट कोहली की रॉयल चैलेंजर्स बेंगलौर का इरादा इंडियन प्रीमियर लीग में बुधवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ इस लय को कायम रखने का होगा। आरसीबी ने पांच बार की गत चैम्पियन मुंबई इंडियंस को हराकर अपने अभियान का आगाज किया। वहीं डेविड वार्नर की कप्तानी वाली सनराइजर्स को पहले मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स ने मात दी।

पहले मैच में शानदार प्रदर्शन के बाद आरसीबी की बल्लेबाजी प्रतिभाशाली देवदत्त पडीक्कल की वापसी से और मजबूत होगी। पडीक्कल कोरोना संक्रमण से उबर चुके हैं और अब खेलने के लिए पूरी तरह से फिट है। वह 22 मार्च को कोरोना संक्रमण की चपेट में आए थे और पृथकवास पर थे। पडीक्कल बुधवार को नहीं भी खेल पाते हैं तो आरसीबी के लिए कोहली और वाशिंगटन सुंदर पारी की शुरूआत करेंगे। आरसीबी आने वाले मैचों में मोहम्मद अजहरूद्दीन और आस्ट्रेलियाई लेग स्पिनर एडम जाम्पा को उतार सकती है। आरसीबी के लिए बल्लेबाजी का दारोमदार एबी डिविलियर्स और कोहली पर होगा जबकि आस्ट्रेलियाई हरफनमौला ग्लेन मैक्सवेल भी अपनी उपयोगिता साबित करना चाहेंगे। पहले मैच में वह सहज दिखे और कप्तान कोहली समेत टीम प्रबंधन का उन्हें समर्थन हासिल है।

कर्नाटक के 20 वर्ष के खब्बू बल्लेबाज पडीक्कल ने पिछले सत्र में 15 मैचों में टीम के लिए सर्वाधिक 473 रन बनाए थे।

अपने पहले ही सत्र में उन्होंने पांच अर्धशतक जड़े थे। इसके बाद सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में छह मैचों में 218 और विजय हजारे ट्रॉफी में सात मैचों में 737 रन बनाए। पहले मैच में नाकाम रहने के बाद रजत पाटीदार और सुंदर सनराइजर्स के खिलाफ योगदान देना चाहेंगे। मुंबई के खिलाफ मैच में आरसीबी के सभी गेंदबाज किफायती साबित हुए। हर्षल पटेल ने 27 रन देकर पांच विकेट लिए और वह इस प्रदर्शन को दोहराना चाहेंगे। दूसरी ओर सनराइजर्स के दोनों सलामी बल्लेबाज रिधिमान साहा और वॉर्नर केकेआर के खिलाफ नाकाम रहे। वे लय में लौटने की कोशिश करेंगे। सनराइजर्स वॉर्नर के साथ पारी की शुरूआत के लिए जॉनी बेयरस्टो को भी उतार सकते हैं। बेयरस्टो ने पहले मैच में अर्धशतक जमाया जबकि मनीष पांडे ने 44 गेंद में 61 रन का योगदान दिया। केन विलियमसन का इस मैच में भी खेलना संभव नहीं है क्योंकि कोच ट्रेवर बेलिस ने कहा कि उन्हें पूरी तरह फिट होने में समय लगेगा। भुवनेश्वर कुमार ने केकेआर के खिलाफ काफी रन दिए लेकिन वह ज्यादा समय खराब फॉर्म में रहने वाले गेंदबाजों में से नहीं हैं।

## मुंबई इंडियंस ने केकेआर को 10 रन से हराया



**भाषा**। चेन्नई

**राहुल** चाहर और कृणाल पंड्या की शानदार फिरकी गेंदबाजी के दम पर पांच बार की चैम्पियन मुंबई इंडियन्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मुकाबले में मंगलवार को यहां कोलकाता नाइट राइडर्स को 10 रन से हराकर सत्र की पहली जीत दर्ज की। केकेआर को आखिरी पांच ओवरों में जीत के लिए 31 रन चाहिए थे और छह विकेट बचे हुए थे लेकिन मुंबई के गेंदबाजों ने उनके जबड़े से जीत को छीन लिया। राहुल ने चार ओवर में 27 रन देकर चार विकेट लिए तो वहीं कृणाल ने चार ओवर में सिर्फ 13 रन खर्चकर एक विकेट चटकाया। ट्रेंट बोल्ट ने भी आखिरी ओवर में शानदार गेंदबाजी कर दो विकेट चटकाए। उन्होंने चार ओवर में 27 रन दिए। आंद्रे रसेल के आखिरी ओवरों में पांच विकेट लिए जिससे मुंबई इंडियन्स की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 152 रन पर ऑल आउट हो गई। नीतिश राणा और शुभमन गिल की पहले विकेट के लिए 72 रन की साझेदारी के बाद भी केकेआर की टीम 20 ओवर में सात विकेट पर 142 रन ही बना सकी। लक्ष्य का पीछा करते हुए शुभमन गिल और नितिश राणा ने केकेआर को शानदार शुरूआत दिलाई। नीतिश राणा ने ट्रेंट बोल्ट की पारी की पहली ही गेंद पर चौका लगाकर खाता खोला। उन्होंने बोल्ट के अगले ओवर में की पहली गेंद पर छक्का और फिर चौका जड़ा। राणा ने आठवें ओवर मे पोलार्ड जबकि शुभमन ने नौवें ओवर में राहुल चाहर के की गेंदों पर चौका और छक्का लगाया। चाहर ने हालांकि इसी ओवर में शुभमन को आउट कर पहले विकेट के लिए 72 रन की साझेदारी को तोड़ा। बोल्ट ने आखिरी ओवर में लगातार दो गेंदों पर रसेल और पैट कमिंस को आउट कर मुंबई इंडियन्स की जीत सुनिश्चित कर दी। रसेल ने 15 गेंद में नौ रन बनाए जबकि कमिंस खाता खोले बगैर आउट हुए। कार्तिक 11 गेंद में आठ रन बनाकर नाबाद रहे। इससे पहले रसेल ने दो ओवर में 15 रन देकर पांच विकेट लिए जिससे मुंबई की टीम आखिरी पांच आवरों में सात विकेट गंवा कर सिर्फ 38 रन बना सकी। मुंबई के लिए शानदार लय में चल रहे सूर्यकुमार यादव ने 56 और कप्तान रोहित शर्मा ने 43 रन की पारी खेली। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 76 रन की साझेदारी की लेकिन उनके अलावा कोई और बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल पाया केकेआर के कप्तान मोर्गन ने टॉस जीतने के बाद दोनों छोर से स्पिनरों से गेंदबाजी की शुरूआत करवाई। अनुभवी हरभजन सिंह ने पहले ओवर में सिर्फ तीन रन दिए। वरूण चक्रवती के दूसरे ओवर में रोहित ने चौका लगाकर हाथ खोला लेकिन इस ओवर की आखिरी गेंद पर बड़ा शॉट लगाने के चक्कर में डिकॉक (02) ने राहुल त्रिपाठी को कैच थमा दिया। शानदार लय में चल रहे सूर्यकुमार यादव ने क्रीज पर आते ही हरभजन सिंह के ओवर में तीन चौके जड़े।

# भारत ए का इंगलैंड दौरा स्थगित

### सीनियर टीम के टेस्ट दौरे के लिए 30 सदस्यीय टीम भेजेगा भारत

**भाषा**। लंदन

**भारत** ए का इन गर्मियों में होने वाला इंग्लैंड का दौरा स्थगित कर दिया है जबकि इस साल इंग्लैंड में पांच टेस्ट की श्रृंखला के लिए भारत की संयुक्त सीनियर टीम जाएगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) और इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) में मंगलवार को इसे लेकर सहमति बनी। अगस्त-सितंबर में सीनियर टीम को पांच टेस्ट खेलने हैं।

पहले ही योजना के अनुसार अब भारत की सीनियर और भारत ए टीमों के बीच प्रथम श्रेणी मुकाबला नहीं होगा। इसकी जगह सीनियर टीम से ही दो टीमें बनाकर दो अभ्यास मैच खेले जाएंगे।

माना जा रहा है कि कोविड-19 महामारी के बीच दौरे के दौरान सर्वश्रेष्ठ संभावित सुरक्षित माहौल सुनिश्चित करने के लिए यह फैसला किया गया है। ईसीबी ने मंगलवार को बयान में कहा कि इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड और भारतीय क्रिकेट बोर्ड गर्मियों को पुरुष टीम का भारत ए दौरा स्थगित करने पर सहमत हो गए हैं। उन्होंने कहा कि पांच मैचों की इंश्योरेंस टेस्ट श्रृंखला की तैयारी और इसमें खेलने के लिए अब भारतीय पुरुष टीम अधिक खिलाड़ियों के साथ आएगी। ईसीबी ने कहा कि भारतीय टीम दो चार दिवसीय अभ्यास मैच खेलेगी जो उसी के खिलाड़ियों की दो टीमें बनाकर खेला जाएगा। पहले जुलाई में भारत की सीनियर और ए टीम के बीच दो चार दिवसीय मुकाबलों के आयोजन का कार्यक्रम था। इन दो मैचों के लिए आयोजन स्थल की पुष्टि की जाएगी। इसका मतलब हुआ कि भारत की 30 सदस्यीय टीम से दो टीमें बनाकर अभ्यास मैचों का आयोजन होगा। ईसीबी ने साथ ही कहा कि न्यूजीलैंड, श्रीलंका और पाकिस्तान के क्रिकेट बोर्ड के साथ चर्चा के बाद प्रथम श्रेणी काउंटी के खिलाड़ी उनकी पुरुष टीम के अभ्यास मैचों को रद्द करने पर सहमति बनी।

न्यूजीलैंड, श्रीलंका और पाकिस्तान की पुरुष टीमें इसकी जगह अपनी टीमों के बीच ही अभ्यास मुकाबले खेलेंगी जिससे कि इन गर्मियों में होने वाले अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों की उचित तैयारी कर सकें।

## भारतीय महिला क्रिकेट टीम इंग्लैंड में खेलेगी एक टेस्ट

**भाषा**। लंदन

**भारतीय** महिला क्रिकेट टीम जून-जुलाई में इंग्लैंड दौरे के दौरान ब्रिस्टल में एक टेस्ट मैच खेलने के अलावा तीन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय और इतने ही टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला खेलेगी। टेस्ट मैच ब्रिस्टल काउंटी ग्राउंड में 16-19 जून तक खेला जाएगा और इसके साथ इंग्लैंड की टीम के गर्मियों के सत्र की शुरुआत होगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने इसी साल महिला टीम के टेस्ट मैच की पुष्टि की थी लेकिन मेजबान बोर्ड ने इसकी तारीख और स्थल की घोषणा मंगलवार को की। भारतीय महिला टीम 2014 के बाद पहली टेस्ट क्रिकेट खेलेगी जबकि इंग्लैंड ने पिछला टेस्ट 2019 में एशेज श्रृंखला के दौरान खेला था। एकमात्र टेस्ट के बाद तीन एकदिवसीय और तीन टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले जाएंगे। दौरे का अंत 15 जुलाई को चेम्सफोर्ड में होगा। घरेलू कार्यक्रम की घोषणा के बाद इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी टॉम हैरिसन ने कहा कि हम गर्मियों के व्यस्त सत्र को लेकर उत्सुक हैं, यह इंग्लैंड की महिला टीम के लिए महत्वपूर्ण साल होगा और हम भारत तथा न्यूजीलैंड की मेजबानी को लेकर उत्सुक हैं। उन्होंने कहा कि दो अंतरराष्ट्रीय श्रृंखलाओं के बीच में द हंड्रेड टूर्नामेंट खेला जाएगा जबकि गर्मियों में राशेल हेहोई फ्लिंट ट्रॉफी और नए क्षेत्रीय टी-20 टूर्नामेंट का भी आयोजन होगा। हैरिसन ने कहा कि 2022 आईसीसी महिला विश्व कप के करीब होने के कारण यह बेहद महत्वपूर्ण है कि इंग्लैंड टीम इसके लिए अच्छी तैयारी कर पाए।

# दर्शकों के बिना होगा इंडिया ओपन

**भाषा**। नई दिल्ली



**ओलंपिक** चैम्पियन कैरोलिना मारिन और दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी केंतो मोमोता यहां 11 से 16 मई तक होने वाले इंडिया ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट में भाग लेंगे जो कोरोना महामारी के कारण दर्शकों के बिना खेला जाएगा।

चार लाख डॉलर ईनामी राशि का यह टूर्नामेंट तोक्यो ओलंपिक के आखिरी क्वालीफिकेशन टूर्नामेंटों में से है। इसमें चीन समेत 33 राष्ट्रीय संघों के 228 खिलाड़ी भाग लेंगे। भारतीय बैडमिंटन संघ ने हालांकि कहा है कि देश में कोरोना संक्रमण के बढते मामलों को देखते हुए यह टूर्नामेंट जैविक रूप से सुरक्षित माहौल में खेला जाएगा जिसमें दर्शकों और मीडिया को प्रवेश की अनुमति नहीं रहेगी। बाइ ने एक विज्ञप्ति में कहा , दक्षिण अफ्रीका, ब्राजील, मध्य पूर्व और यूरोपीय देशों से आने वाले सभी खिलाड़ी और अधिकारी सात दिन पृथकवास में रहेंगे। उन्हें तीन मई को दिल्ली पहुंचना होगा। बाकी देशों से खिलाड़ी और अधिकारी छह मई को आकर चार दिन के पृथकवास में रह सकते हैं। कोर्ट पर तीन बार की विश्व चैम्पियन मारिन महिला एकल वर्ग में प्रबल दावेदार होंगी। इसमें अकाने यामागुची, पी वी सिंधु, कोरिया की अन से यंग और थाईलैंड की पोर्नपावी चोचुवोंग भी भाग लेंगी। भारत के 48 खिलाड़ी (27 महिला 21 पुरुष) टूर्नामेंट खेलेंगे जबकि मलेशिया का 26 सदस्यीय दल इसमें भाग लेगा। चीन के भी 10 खिलाड़ी इसमें भाग ले रहे हैं।

## स्टोक्स के हाथ में फ्रैक्चर आईपीएल से बाहर

**मुंबई**। राजस्थान रॉयल्स के हरफनमौला खिलाड़ी बेन स्टोक्स बाएं हाथ की ऊंगली में फ्रैक्चर के कारण इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र से बाहर हो गए है। उनकी फ्रेंचाइजी ने मंगलवार को जानकारी दी कि पंजाब किंग्स के खिलाफ सोमवार को टीम के पहले मैच में क्षेत्ररक्षण के दौरान उनकी ऊंगली चोटिल हो गई थी। उन्होंने बताया कि इसके बाद जांच में पता चला कि उनकी ऊंगली में फ्रैक्चर है, जिससे दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से वह आईपीएल के मौजूदा सत्र से बाहर हो गए। उन्होंने कहा कि राजस्थान रॉयल्स में हर कोई उन्हें रॉयल्स परिवार के अहम सदस्य मानता है। हम उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। हमें इस बात की खुशी है कि बेन अपने मूल्यवान सहयोग देने के लिए टीम के साथ बने रहना चाहते हैं। हम उनके संभावित विकल्पों की समीक्षा करेंगे। इससे पहले ब्रिटिश मीडिया की एक रिपोर्ट में उनके हाथ में फ्रैक्चर की बात कही गई थी। स्टोक्स ने वेस्टइंडीज के आक्रामक बल्लेबाज क्रिस गेल के कैच को लपकने के लिए डाइव लगाते हुए अपने बाएं हाथ में फ्रैक्चर कर लिया है।

# ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुकी प्रियंका व जिनसन जॉनसन कोविड

**भाषा**। नई दिल्ली

**टोक्यो** ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुकी 20 किमी पैदल चाल की खिलाड़ी प्रियंका गोस्वामी सहित पांच ट्रैक एवं फील्ड खिलाड़ी और एक सहयोगी स्टाफ बेंगलुरू के भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) केंद्र में कोविड-19 पॉजिटिव पाए गए हैं। एशियाई खेल 2018 की 1500 मीटर के स्वर्ण पदक विजेता जिनसन जॉनसन और स्टीपलचेज खिलाड़ी चिंता यादव भी पांच खिलाडयिों में शामिल हैं जबकि पैदल चाल के कोच एलेक्सांद्र आत्सिबाशेव भी संक्रमित पाए गए हैं। टोक्यो खेलों के लिए क्वालीफाई कर चुकी पैदल चाल के खिलाड़ी केटी इरफान नेगेटिव पाए गए हैं। जॉनसन के संपर्क में आने के कारण उनका परीक्षण किया गया। जॉनसन ने बताया कि सोमवार को आया मेरे परीक्षण का नतीजा पॉजिटिव था और अभी मैं अपने कमरे में पृथकवास से गुजर रहा हूं। मुझे बुखार है लेकिन काफी तेज नहीं और सिर में दर्द भी है। साइ केंद्र के एक सूत्र ने बताया कि जॉनसन के अलावा गोस्वामी, यादव और दो अन्य खिलाड़ी भी कोविड-19 पॉजिटिव पाए गए हैं। सूत्र ने कहा कि गोस्वामी पॉजिटिव आई हैं, चिंता यादव भी और दो अन्य खिलाड़ी भी। इन सभी को यहां साइ केंद्र में पृथकवास में रखा गया है।

### साजन ने स्वर्ण जीता, ओलंपिक मानक हासिल करने से चूके

ताशकंद। भारत के शीर्ष तैराक साजन प्रकाश ने उज्बेकिस्तान ओपन चैम्पियनशिप में 200 मीटर बटरफ्लाई स्पर्धा में मंगलवार को स्वर्ण पदक हासिल किया लेकिन टोक्यो ओलंपिक क्वालीफाइंग के ए मानक को हासिल करने में नाकाम रहे। केरल के इस तैराक ने 200 मीटर बटरफ्लाई में ओलंपिक के लिए पहले ही बी मानक हासिल कर लिया है। उन्होंने इस ओलंपिक क्वालीफाइंग स्पर्धा में एक मिनट 57.85 सेकेंड के समय के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। ओलंपिक के लिए क्वालीफिकेशन मानक एक मिनट 56.48 सेकेंड है।

# भुवी बने महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी



**दुबई**। भारत के अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार को इंग्लैंड के खिलाफ मार्च में सीमित ओवरों की श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन के लिए आईसीसी महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। भुवनेश्वर ने तीन वनडे में 4.65 की औसत से छह विकेट लिए जबकि पांच टी-20 में 6.38 की औसत से चार विकेट चटकाए। उन्होंने आईसीसी द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा कि लंबे और दर्दनाक ब्रेक के बाद भारत के लिए फिर खेलने की खुशी थी। मैने इस दौरान अपनी फिटनेस और तकनीक पर काफी काम किया।

भारत के लिए फिर विकेट लेकर अच्छा लग रहा है। भुवनेश्वर यह पुरस्कार पाने वाले लगातार तीसरे भारतीय क्रिकेटर बन गए। जनवरी में पहला पुरस्कार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को मिला था जबकि फरवरी में आफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने पुरस्कार जीता था। भुवनेश्वर के अलावा अफगानिस्तान के लेग स्पिनर राशिद खान और जिम्बाब्वे के सीन विलियम्स भी दौड़ में थे।

## विलियमसन को चौथी बार रिचर्ड हैडली पदक

**वेलिंगटन**। न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन को मंगलवार को देश के वार्षिक क्रिकेट पुरस्कारों में सभी प्रारूपों में अच्छे प्रदर्शन के लिए छह साल में चौथी बार प्रतिष्ठित सर रिचर्ड हैडली पदक के लिए चुना गया और साथ ही वह साल के सर्वश्रेष्ठ टेस्ट क्रिकेटर भी बने।

डेवोन कॉनवाय को अपने पहले ही अंतरराष्ट्रीय सत्र में साल का सर्वश्रेष्ठ पुरुष एकदिवसीय और टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर चुना गया। आईसीसी के नंबर एक टेस्ट बल्लेबाज विलियमसन ने घरेलू सत्र में शानदार प्रदर्शन की बदौलत रेडपाथ कप के साथ दो पुरस्कार अपने नाम किए।

# भारतीय अर्थव्यवस्था 2021 में दोहरे अंकों की वृद्धि दर्ज कर सकती है: मूडीज

**भाषा**। नई दिल्ली

**मूडीज** ने मंगलवार को कहा कि कोविड-19 संक्रमण की दूसरी लहर से भारत के वृद्धि पूर्वानुमान के लिए जोखिम पैदा हुआ है, लेकिन फिर भी पिछले साल के निम्न स्तर को देखते हुए जीडीपी वृद्धि दर दोहरे अंक में रह सकती है। मूडीज ने कहा कि वायरस का प्रकोप बढ़ने से आर्थिक गतिविधियों पर असर पड़ेगा। मूडीज ने उम्मीद जताई कि संक्रमण की मौजूदा लहर से निपटने के लिए एक देशव्यापी लॉकडाउन के विपरीत छोटे-छोटे कटेंटमेंट जोन पर जोर दिया जाएगा, जिससे 2020 के मुकाबले आर्थिक गतिविधियां कम प्रभावित होंगी।

मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस ने कहा कि भारत में कोरोना वायरस की बहुत कम मृत्यु दर (12 अप्रैल तक 1,70,179 मौतें दर्ज की गई हैं) और अपेक्षाकृत युवा आबादी भी जोखिम को कम करने में मदद करती है।

## अप्रत्यक्ष कर संग्रह 12 प्रतिशत बढ़कर 10.71 लाख करोड़ हुआ

**नई दिल्ली**। वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि वित्त वर्ष 2020-21 में शुद्ध अप्रत्यक्ष कर संग्रह इससे पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 12.3 प्रतिशत बढ़कर 10.71 लाख करोड़ रुपए हो गया, जो संशोधित अनुमान से अधिक है।

वित्त वर्ष 2019-20 में अप्रत्यक्ष कर संग्रह 9.54 लाख करोड़ रुपए था, जिसमें जीएसटी, सीमा शुल्क और उत्पाद शुल्क शामिल हैं। वित्त वर्ष 2020-21 के संशोधित अनुमान (आरई) में 9.89 लाख करोड़ रुपए के संग्रह का लक्ष्य तय किया गया था।

# सेंसेक्स 660 अंक मजबूत, निफ्टी ने 14,500 का स्तर हासिल किया

**भाषा**। मुंबई

**वैश्विक** बाजारों में सकारात्मक रुख के बीच बीएसई सेंसेक्स मंगलवार को 660 अंक उछलकर बंद हुआ। वाहन और वित्तीय कंपनियों के शेयरों की अगुवाई में यह तेजी आई। 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 660.68 अंक यानी 1.38 प्रतिशत की बढ़त के साथ 48,544.06 अंक पर बंद हुआ। इसी प्रकार, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 194 अंक यानी 1.36 प्रतिशत मजबूत होकर 14,504.80 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में सर्वाधिक लाभ में महिंद्रा एंड महिंद्रा रहा। इसमें करीब 8 प्रतिशत की तेजी आई। इसके अलावा बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस, मारुति, एक्सिस बैंक, ओएनजीसी और एचडीएफसी बैंक में भी तेजी रही। दूसरी तरफ, जिन शेयरों में गिरावट दर्ज की गई, उनमें टीसीएस, डा. रेड्डीज, टेक महिंद्रा, इन्फोसिस और नेस्ले इंडिया शामिल हैं। रिलायंस सिक्योरिटीज के रणनीति प्रमुख विनोद मोदी ने कहा कि घरेलू शेयर बाजारों में कारोबार के दूसरे सत्र में तेजी देखने को मिली।

## शीर्ष पांच गाड़ियों में मारुति सुजुकी का एकाधिकार

**नई दिल्ली**। देश की सबसे बड़ी कार विनिर्माता मारुति सुजुकी इंडिया ने मंगलवार को कहा कि 2020-21 में स्विफ्ट, बलेनो, वैगनआर, ऑल्टो और डिजायर बिक्री के लिहाज से शीर्ष पांच मॉडल बनकर उभरे हैं। कंपनी ने एक बयान में कहा कि 1.72 लाख इकाइयों के साथ स्विफ्ट पहले स्थान पर है, जबकि बलेनो 1.63 लाख इकाइयों के साथ दूसरे स्थान पर रही। मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) ने बताया कि 1.60 लाख इकाइयों के साथ वैगनआर तीसरे स्थान पर रही।

# भारत पर सीएएटीएसए लागू करना रूस की भूरणनीतिक जीत होगी: अमेरिकी सीनेटर

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिकी** सांसद एवं रिपब्लिकन पार्टी के नेता टोड यंग ने कहा है कि रूस से कई अरब डॉलर की एस-400 मिसाइल प्रणाली खरीदने के लिए भारत पर काउंटरिंग अमेरिका एडवर्सरीज थ्रू सैंक्शंस एक्ट (सीएएटीएसए) के तहत प्रतिबंध लगाना रूस के लिए भूरणनीतिक जीत होगी। सीनेट की विदेश मामलों की समिति के सदस्य यंग ने विदेश नीति पत्रिका में लिखा कि यदि अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन का प्रशासन भारत पर प्रतिबंध लगाता है, तो इससे अहम समय में दो रणनीतिक मोर्चे कमजोर होंगे- इससे भारत के साथ अमेरिका के संबंध कमजोर होंगे और इससे चीन से निपटने की क्वाड (चतुष्कोणीय सुरक्षा संवाद) की क्षमता भी प्रभावित होगी। यंग ने सोमवार को कहा कि हालिया सप्ताह में सीनेट की विदेश मामलों की समिति के डेमोक्रेटिक अध्यक्ष बॉब मेनेंडेज ने कहा था कि यदि भारत रूसी मिसाइल प्रणाली खरीदने की दिशा में आगे बढ़ता है तो उसे



सीएएटीएसए की धारा 231 के तहत प्रतिबंध लगाने की चेतावनी दी जानी चाहिए। रूसी रक्षा या खुफिया क्षेत्रों के लिए या उनकी ओर से काम करने वाले प्रतिष्ठानों पर धारा 231 लागू की जाती है। यंग ने पत्रिका में लिखा, यह कदम भारत को एस-400 (मिसाइल) प्रणाली खरीदने से रोकेगा नहीं। अंतरराष्ट्रीय सहयोग को लेकर भारत के ऐतिहासिक संशयवाद और रूस के साथ उसके पुराने संबंधों के मद्देनजर किसी भी प्रतिबंध को गुट निरपेक्ष आंदोलन के सहयोगियों समेत भारत में वे लोग बढ़ा-चढ़ा कर दिखाएंगे और इनका लाभ उठाएंगे, जिन्हें पश्चिम के साथ गहरे संबंधों को लेकर संशय रहता है। उन्होंने लिखा, इसके अलावा रूस भारत के सैन्य साझेदार के रूप में अपनी भूमिका का फिर से दावा करने के लिए प्रतिबंधों का लाभ उठा सकता है। इसके बाद विडम्बना यह होगी कि रूस निर्मित रक्षा प्रणाली को लेकर भारत पर प्रतिबंध लगाना वास्तव में मॉस्को की भूरणनीतिक जीत साबित होगा। उन्होंने बाइडन प्रशासन से भारत को सीएएटीएसए से छूट दिए जाने की अपील करते हुए कहा, यह छूट देने से और भारत को रूसी हथियार खरीदने की अनुमति देने से बाइडन प्रशासन यह स्पष्ट कर सकता है कि अमेरिका के लिए मुख्य भूरणनीतिक खतरा चीन है।



पेशावर में पाकिस्तान की कट्टरपंथी पार्टी तहरीक ए लबैयाक के कार्यकर्ताओं की पिटाई करती पुलिस जो अपने नेता शाद रिजवी की रिहाई की मांग कर रहे थे

# अमेरिका ने राणा के प्रत्यर्पण संबंधी भारत के अनुरोध को लेकर अपना समर्थन दोहराया

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका** के राष्ट्रपति जो बाइडन के नेतृत्व वाले अमेरिकी प्रशासन ने देश की एक अदालत के समक्ष ताजा अभिवेदन में पाकिस्तानी मूल के कनाडाई कारोबारी तहव्वुर राणा को मुंबई में 2008 में हुए आतंकवादी हमलों के मामले में प्रत्यर्पित किए जाने के भारत के अनुरोध को लेकर अपना समर्थन दोहराया है। अमेरिकी सरकार के सहायक अटॉर्नी जॉन जे लुलेजियान ने इस मामले में लॉस एंजिलिस में अमेरिका डिस्ट्रिक्ट कोर्ट की जज जैकलीन चुलजियान को सोमवार को पत्र के माध्यम से जानकारी दी। जज ने मामले की सुनवाई के लिए 24 जून की तारीख तय की है। लुलेजियान ने पत्र और उसके साथ सौंपे दस्तावेज में प्रत्यर्पण के प्रमाणन संबंधी अनुरोध के पक्ष में अमेरिका के

## ● राणा लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादी डेविड कोलमैन हेडली का बचपन का दोस्त है

जवाब के समर्थन में घोषणा की। लुलेजियान ने दोहराया कि 59 वर्षीय राणा का भारत में प्रत्यर्पण भारत और अमेरिका के बीच हुई प्रत्यर्पण संधि के अनुरूप है। भारत-अमेरिका प्रत्यर्पण संधि के मुताबिक, भारत सरकार ने राणा के औपचारिक प्रत्यर्पण का अनुरोध किया है और अमेरिका ने प्रत्यर्पण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। अमेरिका सरकार ने दलील दी है कि भारत प्रत्यर्पण के लिए राणा सभी मापदंडों को पूरा करता है।

लुलेजियान ने कहा कि अमेरिका राणा को भारत प्रत्यर्पित करने के लिए प्रमाणन का अनुरोध करता है। उन्होंने कहा, प्रत्यर्पण अनुरोध में संभावित कारण स्थापित करने के लिए पर्याप्त सबूत हैं और राणा ने भारत के अनुरोध को काटने के लिए कोई सबूत नहीं दिया है। राणा लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादी डेविड कोलमैन हेडली का बचपन का दोस्त है। भारत के अनुरोध पर राणा को मुंबई आतंकवादी हमले में संलिप्तता के आरोप में लॉस एंजिलिस में 10 जून को फिर से गिरफ्तार किया गया था। इस हमले में छह अमेरिकी नागरिकों समेत 166 लोग मारे गए थे। भारत ने उसे भगोड़ा घोषित किया है। पाकिस्तानी मूल का अमेरिकी नागरिक हेडली 2008 के मुंबई हमलों की साजिश रचने में शामिल था। वह मामले में गवाह बन गया था और वर्तमान में हमले में अपनी भूमिका के लिए अमेरिका में 35 साल जेल की सजा काट रहा है।

# उभरते चीन को रोकने के इच्छुक अमेरिका के लिए भारत से महत्वपूर्ण कोई और देश नहीं: अमेरिकी थिंक टैंक

**भाषा।** वाशिंगटन

**विज्ञान** एवं प्रौद्योगिकी (आईटी) नीति संबंधी मुख्य अमेरिकी थिंक टैंक का कहना है कि अमेरिका उभरते चीन को रोकना चाहता है और ऐसे में उसके लिए भारत के महत्वपूर्ण कोई अन्य देश नहीं है, जिसके पास अत्यंत दक्ष तकनीकी पेशेवर हैं और जिसके अमेरिका के साथ मजबूत राजनीतिक एवं सांस्कृतिक संबंध हैं। थिंक टैंक इन्फर्मेशन टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन फाउंडेशन (आईटीआईएफ) ने सोमवार को जारी रिपोर्ट में यह कहा। उसने अमेरिका को भारत पर अत्यधिक निर्भर होने को लेकर सचेत करते हुए यह भी कहा कि यदि दोनों देशों के बीच बौद्धिक सम्पदा, डेटा संचालन, शुल्क, कर, स्थानीय विषय वस्तु की आवश्यकताएं या व्यक्तिगत निजता जैसे मामलों पर बड़े मतभेद पैदा होते हैं, तो आईसी सेवा प्रदाता भारत रणनीतिक समस्या बन सकता है। रिपोर्ट में सबसे खराब और सबसे अच्छे परिदृश्यों पर गौर किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि एक परिदृश्य यह है कि भारत और चीन के बीच तनाव कम हो और दोनों पड़ोसी देशों के बीच कारोबारी संबंध मजबूत हों। ऐसी स्थिति में वैश्विक अर्थव्यवस्था पूर्व दिशा की ओर स्थानांतरित हो जाएगी और अमेरिका इस बारे में कुछ खास नहीं कर पाएगा। रिपोर्ट के अनुसार, दूसरा परिदृश्य यह है कि चीन के कारण आर्थिक, सैन्य और अंतरराष्ट्रीय संबंध से जुड़ी चुनौतियां बढ़ने के बीच भारत और अमेरिका के हित समान हों। ऐसी स्थिति में अधिकतर विकसित देशों में लोकतांत्रिक नियम कायम रहेंगे, क्योंकि विकासशील देश बीजिंग मॉडल के बजाए दिल्ली मॉडल को देखेंगे। थिंक टैंक ने कहा, अमेरिका उभरते चीन को रोकना चाहता है और ऐसे में, भारत से महत्वपूर्ण कोई अन्य देश नहीं है, जिसका आकार बहुत बड़ा है, जिसके पास अत्यधिक कुशल तकनीकी पेशेवर हैं और जिसके अमेरिका के साथ मजबूत राजनीतिक एवं सांस्कृतिक संबंध हैं। आईटीआईएफ के सदस्य एवं रिपोर्ट के सह लेखक डेविड मोशेला ने कहा कि जो ताकतें अमेरिका और चीन के बीच मतभेद बढ़ा रही हैं, वही ताकतें अमेरिका और भारत को निकट ला रही हैं। उन्होंने कहा, अमेरिका, भारत और चीन के संबंध आगामी कई वर्षों तक वैश्विक प्रतिद्वंद्वता और डिजिटल नवोन्मेष को आकार देंगे। व्यापक संभावित परिदृश्य होने के बीच दो बातें स्पष्ट हैं: चीन से मुकाबला करने और उस पर निर्भरता को कम करने के लिए भारत को अमेरिकी प्रयासों का अहम हिस्सा होना चाहिए और इससे अमेरिका की वैश्विक निर्भरताएं विनिर्माण से लेकर सेवा क्षेत्र तक अवश्य बढ़ जाएंगी। रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत अनुसंधान एवं विकास, नवोन्मेष केंद्रों, मशीनों संबंधी जानकारी, विश्लेषण, उत्पाद के डिजाइन एवं जांच और आईटी एवं जीव विज्ञान समेत विभिन्न क्षेत्रों में अहम प्रगति कर रहा है।

## कोविड-19 महामारी का अंत अभी काफी दूर है: डब्ल्यूएचओ प्रमुख

**संयुक्त राष्ट्र** (भाषा)। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के प्रमुख टेड्रोस अदानोम गेब्रेयसस ने कहा है कि भले ही दुनियाभर में अब तक कोविड-19 रोधी टीकों की 78 करोड़ से अधिक खुराकें दी जा चुकी हैं, महामारी का अंत अब भी काफी दूर है। बहरहाल, जन स्वास्थ्य के संबंध में कड़े कदम उठाकर कुछ महीनों में इसे काबू में किया जा सकता है। चीन के वुहान शहर में दिसंबर 2019 में कोरोना वायरस संक्रमण का पहला मामला सामने आया था। अब तक दुनियाभर में 13,65,00,400 लोग इसकी चपेट में आ चुके हैं। इनमें से 29,44,500 की मौत हो चुकी है। डब्ल्यूएचओ प्रमुख ने कहा, दुनियाभर में जनवरी और फरवरी में लगातार छह हफ्तों तक संक्रमण के मामलों में कमी देखी गई। अब हम लगातार सात सप्ताह से मामलों में वृद्धि देख रहे हैं और चार सप्ताह से मौत के मामलों में इजाफा हो रहा है।



मोंट्रियल में कोविड 19 के कारण लगाए गए कर्फ्यू का विरोधी करती महिला को हिरासत में लेने का प्रयास करती पुलिस

# ईरान के परमाणु संवर्द्धन केंद्र पर हुए हमले से वियना वार्ता संकट में पड़ सकती है : विदेश मंत्री

**एपी।** दुबई

**ईरान** के विदेश मंत्री जवाद जरीफ ने मंगलवार को चेतावनी दी कि नातान्ज में देश के मुख्य परमाणु संवर्द्धन केंद्र पर हुए हमले से वियना में विश्व के शक्तिशाली देशों के साथ उसके परमाणु समझौते को लेकर चल रही वार्ता संकट में पड़ सकती है। जरीफ की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब अमेरिका ने इस बात पर जोर दिया कि नातान्ज परमाणु संवर्द्धन केंद्र में रविवार को हुई घटना से उसका कोई लेना-देना नहीं है। वहीं, इजराइल ने भी इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन व्यापक स्तर पर यह माना जा रहा है कि उसने सेंट्रीफ्यूज को नुकसान पहुंचाने वाले इस हमले को अंजाम दिया। जरीफ ने तेहरान में कहा, अमेरिकियों को जानना चाहिए कि ना तो प्रतिबंध ना ही नुकसान पहुंचाने वाली गतिविधियां उनके लिए वार्ता की गुंजाइश बनाएगी। उन्हें जानना चाहिए कि ए हरकतें उनके लिए हालात को सिर्फ मुश्किल ही बनाएंगी। कायहान अखबार की खबरों में ईरान से वियना वार्ता से बाहर निकलने, सभी परमाणु प्रतिबद्धताएं स्थगित करने, इजराइल के खिलाफ जवाबी कार्वाई करने और नुकसान पहुंचाने वाली गतिविधि के पीछे मौजूद घरेलू नेटवर्क की पहचान करने तथा उसे नष्ट करने का अनुरोध किया गया है।

अखबार ने मंगलवार के अपने संस्करण में कहा, ईरान के परमाणु संवर्द्धन केंद्र को नुकसान पहुंचाने में अमेरिका की मुख्य भूमिका प्रदर्शित करने वाले सबूत होने के बावजूद दुर्भाग्य से कुछ लोग अमेरिका को जिम्मेदार नहीं ठहरा रहे हैं। इस अखबार का सर्कुलेशन कम है, लेकिन इसके प्रधान संपादक हुसैन शरियतमदारी की नियुक्ति ईरान के सर्वोच्च नेता अयातोल्ला अली खामनेई ने की है। ईरान ने नातान्ज परमाणु केंद्र पर हमले के लिए सोमवार को इज़राइल को जिम्मेदार ठहराया था।

## क्विक न्यूज

### भारतीय अमेरिकी अग्रिम मोर्चे के स्वास्थ्यकर्मियों ने ग्रीन कार्ड के मुद्दे पर प्रदर्शन किया

**वाशिंगटन (भाषा)।** अमेरिका में वैध स्थाई निवास के लिए प्रति देश कोटा को खत्म करने की मांग को लेकर भारतीय मूल के अग्रिम मोर्चे के स्वास्थ्यकर्मियों ने कैपिटल (संसद भवन) में शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया। ग्रीन कार्ड को आधिकारिक रूप से स्थाई निवास कार्ड कहा जाता है। यह दस्तावेज अमेरिका में रह रहे प्रवासियों को जारी किया जाता है जो इस बात का सबूत है कि कार्ड धारक को देश मे स्थाई रूप से रहने का अधिकार है। भारतीय-अमेरिकी चिकित्सकों ने सोमवार को संयुक्त बयान जारी कर कहा कि ग्रीन कार्ड देने के लंबित मामले निपटने की वर्तमान व्यवस्था से उन्हे ग्रीन कार्ड पाने मे 150 से अधिक वर्ष लग जाएंगे। नियम के तहत किसी भी देश के सात प्रतिशत से अधिक लोगो को रोजगार आधारित ग्रीन कार्ड देने की अनुमति नही है। उन्होने कहा, भारत की आबादी करोड़ों में है लेकिन इसके लोगो को ग्रीन कार्ड दिए जाने की संख्या आईसलैंड की आबादी के बराबर है। एच-1बी वीजा पर कोई सीमा नही है और यहां एच-1बी वीजा पर काम करने के लिए आने वालो मे 50 प्रतिशत भारतीय है। एच-1बी और ग्रीन कार्ड के बीच विसंगति से प्रमाणपत्र पाने वालों की कतार लंबी होती जा रही है और इसका हमारे पेशेवर और निजी जीवन पर असर पड़ रहा है। भारतीय आईटी पेशेवर इससे सबसे अधिक प्रभावित है।उन्होंने सांसद जो लोफग्रेन से इस संबंध में एक द्विदलीय प्रस्ताव पेश करने की अपील की जिससे कि दक्ष पेशेवरों की परेशानी का हल हो। बाल एवं किशोर मनोचिकित्सक डॉ. नमिता धीमान ने कहा, ग्रीन कार्ड के लिए लंबे इंतजार से अग्रिम मोर्चे के स्वास्थ्यकर्मियो एवं उनके परिवारो पर असर पड़ा है। वे दहशत और डर मे जी रहे हैं।

### जापान अगले दो वर्षों में फुकुशिमा संयंत्र से शोधित पानी सागर में छोड़ना शुरू करेगा

**तोक्यो (एपी)।** जापान की सरकार ने मंगलवार को तय किया कि वह तबाह हो चुके फुकुशिमा परमाणु संयंत्र से शोधित रेडियोधर्मी पानी की बड़ी मात्रा को अगले दो वर्षो मे प्रशांत महासागर में छोड़ना शुरू करेगा। इस कदम का स्थानीय मछुआरो और निवासियो ने कड़ा विरोध किया है। लंबे समय से इस फैसले की अटकलें लगाई जा रही थी लेकिन सुरक्षा चिंताओ एवं विरोध के कारण इसमे देरी हुई। अब यह फैसला कैबिनेट मंत्रियो की बैठक मे लिया गया जिन्होंने पानी को महासागर में छोड़े जाने को ही बेहतर विकल्प बताया है। यहां जमा पानी को 2011 के बाद से फुकुशिमा दाइची संयंत्र में टंकियो में संग्रहित किया गया है जब भीषण भूकंप और सुनामी ने संयंत्र के रिएक्टरो को क्षतिग्रस्त कर दिया था और इनका पानी (कूलिंग वाटर) दूषित हो गया और इसका रिसाव होने लगा। संयंत्र के संचालक, तोक्यो इलेक्ट्रिक पावर कॉर्पोरेशन (तेपको) ने कहा कि अगले साल के अंत तक इसकी भंडारण क्षमता पूर्ण हो जाएगी। प्रधानमंत्री योशिहिदे सुगा ने कहा कि महासागर मे पानी छोड़ा जाना सबसे व्यावहारिक विकल्प है और फुकुशिमा संयंत्र को बंद करने के लिए पानी का निस्तारण अपरिहार्य है जिसमे कई दशक का वक्त लगने का अनुमान है। तेपको और सरकार के अधिकारियों ने कहा कि ट्रीटियम को पानी से अलग नही किया जा सकता है जो कम मात्रा मे हानिकारक नही होता है लेकिन अन्य सभी चयनित रेडियोन्यूक्लाइड्स का स्तर इतना कम किया जा सकता है कि वे पानी में छोड़ने लायक बन जाएं। कुछ वैज्ञानिकों का कहना है कि पानी की इतनी अधिक मात्रा से कम खुराक के संपर्क में आने से समुद्री जीवन पर पड़ने वाले दीर्घकालिक प्रभाव के बारे मे अभी कुछ कहा नहीं जा सकता है।

### ब्रिटेन ने कोविड-19 टीकाकरण कार्यक्रम 45 वर्ष से अधिक आयु के लोगों के लिए विस्तारित किया

**लंदन (भाषा)।** ब्रिटेन में राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा (एनएचएस) ने मंगलवार को कोविड-19 टीकाकरण कार्यक्रम 45 वर्ष से अधिक आयु के लोगो के लिए विस्तारित कर दिया। इससे पहले एनएचएस ने घोषणा की कि 50 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों का टीकाकरण करने का लक्ष्य 15 अप्रैल की समय सीमा से पहले ही पूरा कर लिया गया है। ब्रिटेन की सरकार ने इस बृहस्पतिवार तक 50 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियो, जोखिम वाले और स्वास्थ्य एवं सामाजिक कार्यकर्ताओ को कोविड-19 टीका देने का लक्ष्य निर्धारित किया था। एनएचएस ने इसकी पुष्टि की कि अब तक पूरे ब्रिटेन में लगभग चार करोड़ टीके की खुराक दी गई है। ब्रिटेन ने प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन नें एक और बेहद महत्वपूर्ण मील के पत्थरे का स्वागत किया। उन्होने कहा कि अब मुख्य जोर दूसरी खुराक देने के साथ-साथ जुलाई के अंत तक सभी वयस्कों को टीका देने का लक्ष्य पूरा करने पर होगा। उन्होंने कहा, 3.2 करोड़ से अधिक लोगों को कोविड-19 का टीका लगाया गया है। मै टीकाकरण कार्यक्रम मे शामिल सभी को धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने पहले ही कई हजार लोगों की जान बचाई है। यह घोषणा ऐसे समय हुई है जब ब्रिटेन ने अपनी मॉडर्ना टीके की पहली खुराक देना शुरू किया है, यह ब्रिटेन में शुरू किया जाने वाला तीसरा टीका है। यह फाइजर, ऑक्सफोर्ड एस्ट्राजेनेका टीकों के साथ पूरे ब्रिटेन मे 21 स्थलो पर उपलब्ध होगा।

# कोविड-19 महामारी के दौरान यौन हिंसा में बढ़ोतरी हुई : संयुक्त राष्ट्र प्रमुख

**एपी।** संयुक्त राष्ट्र

**कोविड-19** महामारी के कारण पिछले वर्ष लिंग आधारित हिंसा में बढ़ोतरी देखी गई और कई देशों में यौन हिंसा को युद्ध की क्रूर युक्ति एवं राजनीतिक दमन के तौर पर इस्तेमाल किया गया। यह बात सोमवार को संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने एक रिपोर्ट जारी कर कही। रिपोर्ट में 18 देशों का जिक्र है जहां के बारे में संयुक्त राष्ट्र का कहना है कि उसे सत्यापित सूचना प्राप्त हुई। इसमें 52 पक्षों का जिक्र है जिन पर हिंसाग्रस्त क्षेत्रों में बलात्कार या यौन हिंसा के अन्य प्रारूप का इस्तेमाल करने का ठोस संदेह है। इसमें कहा गया है कि 70 फीसदी से अधिक सूचीबद्ध पक्ष सतत षड्यंत्रकारी हैं। संयुक्त राष्ट्र की काली सूची में शामिल अधिकतर पक्ष राज्एतर तत्व हैं, जिनमें इस्लामिक स्टेट या अल-कायदा आतंकवादी संगठनों से जुड़े चरमपंथी समूह, बागी या विपक्षी शामिल हैं। इस सूची में शामिल राष्ट्रीय सेना या पुलिस बलों को तब तक संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों में शामिल होने से रोक दिया गया है जब तक कि वे हिंसा खत्म करने के लिए समयबद्ध प्रतिबद्धताएं नहीं अपनाते हैं। इसमें म्यांमा की सेना और सीमावर्ती गार्ड शामिल हैं। काली सूची में कांगो और दक्षिण सूडान की सरकार एवं पुलिस बलअ सीरिया में सरकारी बल और खुफिया सेवाएंअ सूडान में सशस्त्र बल एवं त्वरित समर्थन बल, सोमाली में सेना और पुलिस और पुंटलैंड क्षेत्र के सुरक्षा बल शामिल हैं। राज्एतर तत्वों वाले देशों में कांगो के 20 समूहअ सेंट्रल अफ्रीकन रिपब्लिक के छह समूहअ माली के पांच समूहअ दक्षिण सूडान और सीरिया के चार-चार समूहअ सूडान के दो समूहअ इराक और सोमालिया तथा उसके एक-एक समूह शामिल हैं। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने कहा, यौन हिंसा को युद्ध की युक्ति के तौर पर इस्तेमाल किया गया, उत्पीड़न एवं आतंकवाद के माध्यम से मानवाधिकारों एवं सुरक्षा को खतरा पैदा किया गया तथा सैन्ईकरण एवं हथियारों का अंधाधुंध इस्तेमाल हुआ।

गुतारेस ने कहा कि इथियोपिया के टीगरे क्षेत्र में नवंबर में सरकार और टीगरे पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट के बीच संघर्ष छिड़ गया जिसमें 100 से अधिक बलात्कार के मामलों के आरोप हैं। गुतारेस ने कहा कि म्यांमा के सशस्त्र जातीय संघर्ष में भी यौन हिंसा की खबरें हैं। उन्होंने राखाइन, चिन और शान राज्यों में तातामडाव सुरक्षा बलों ओर जातीय बागी समूहों के यौन हिंसा में लिप्त होने की बात कही। रिपोर्ट में 2020 की घटनाएं शामिल हैं जो दो फरवरी को म्यांमा की सरकार पर सेना के काबिज होने से पहले की हैं। महासचिव ने कहा कि कोविड-19 महामारी से जुड़ी आवाजाही की पाबंदियों एवं सीमित आर्थिक अवसर के कारण भी महिलाओं की तस्करी एवं यौन हिंसा का खतरा बढ़ा।

## जिबूती में नौका पलटने की घटना में मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 42 हुआ

**नैरोबी** (एपी)। अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन (आईओएम) ने कहा कि पूर्वी अफ्रीकी देश जिबूती के अपतटीय क्षेत्र में एक नौका के पलट जाने की घटना में मरने वाले प्रवासियों की संख्या बढ़कर 42 हो गई है। आईओएम की प्रवक्ता वाई. नडेज ने बताया कि सोमवार तड़के हुई घटना में मरने वालों में छह बच्चे शामिल हैं, जबकि 14 लोग बच गए हैं। उन्होंने बताया कि अब तक तस्कर नहीं मिले हैं। यमन में आईओएम की प्रवक्ता ओलिविया हेडॉन ने बताया है कि प्रवासी यमन से लौट रहे थे, क्योंकि अरब के सबसे गरीब देश में हालात ठीक नहीं हैं। उन्होंने कहा कि वे यमन से रवाना होने पर इतने उतारू थे कि उन्होंने अपनी जिंदगियां तस्करों के हवाले कर दीं। बहुत से लोग इथोपिया और सोमालिया से जल मार्ग से पलायन की कोशिश करते हैं। वे गरीबी और अन्य मुश्किलों के चलते दूसरे स्थानों पर जाने की कोशिश करते रहते हैं। वे पहले यमन पहुंचते हैं और फिर फारस की खाड़ी स्थित देशों का रूख करते हैं।

# गुइलेर्मो लासो इक्वाडोर के राष्ट्रपति चुने गए

**एपी।** क्वीटो (इक्वाडोर)

**इक्वाडोर** में दक्षिणपंथी क्रिएटिंग ऑपरच्यूनिटीज पार्टी के उम्मीदवार गुइलेर्मो लासो को राष्ट्रपति चुना गया है और निकटवर्ती देश पेरू में 18 में से किसी भी उम्मीदवार को 50 प्रतिशत से अधिक मत नहीं मिले, जिसके कारण अब शीर्ष दो उम्मीदवारों के बीच मुकाबला होगा। दोनों दक्षिण अमेरिकी देशों में कोरोना वायरस संक्रमण के मद्देनजर कड़े जन स्वास्थ्य सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए रविवार को मतगणना हुई। इक्वाडोर में पूर्व बैंकर लासो ने अपने प्रतिद्वंद्वी एवं निवर्तमान राष्ट्रपति आंद्रेस अराउज को कड़े मुकाबले में हराकर जीत हासिल की और देश में लंबे समय से चला आ रहा वामदल सिटीजन रेवोल्यूशन मूवमेंट का करीब एक दशक पुराना शासन समाप्त हो गया। लासो ने जीत के बाद कहा, पहला कदम अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाना, निवेश बढ़ाना और रोजगार पैदा करना होगा, ताकि इक्वाडोर के लोग विदेश नहीं जाएं, इक्वाडोर में रहें और



यहां रह कर अपने परिवारों के लिए देखे गए सपने पूरे करें। इक्वाडोर में चुनाव अधिकारियों ने विजेता की घोषणा नहीं की, लेकिन अराउज ने रविवार को अपनी हार स्वीकार कर ली। इस बीच पेरू में राष्ट्रपति पद के चुनाव में 18 में से किसी भी उम्मीदवार को 50 प्रतिशत मत नहीं मिल सके, जिसके कारण अब छह अप्रैल को शीर्ष दो उम्मीदवारों के बीच मुकाबला होगा। निर्वाचन अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि 90 प्रतिशत मतों की गणना के अनुसार, वामपंथी पेड्रो कासटिलो को 18.9 प्रतिशत, विपक्ष के नेता कीको फुजिमोरी को 13.2 प्रतिशत, दक्षिणपंथी अर्थशास्त्री हर्नांडो डी सोतो को 11.86 प्रतिशत और राफेल लोपेज अलियागा को 11.83 प्रतिशत मत मिले।

# आशा की एक झलक

**अभिषेक कुमार कहते हैं कि उन्नत कृत्रिम मेधा यानी उन्नत एआई-संचालित निगरानी प्रणालियों का जब कुशलता से उपयोग किया जाए तो उसमें समाज में सुरक्षा वापस लाने की क्षमता होती है**





एक सुरक्षित शहर यकीनन एक आकर्षक और समृद्ध स्थल का संकेतक है, जहां सभी निवासी और आगंतुक शांति से रहते हैं, काम करते हैं और यात्रा करते हैं, यह जानते हुए कि वे सुरक्षित हैं। हालांकि यह अवधारणा स्वप्न जैसी प्रतीत होती है, मगर यह कुछ अत्याधुनिक निगरानी खिलाड़ियों के भविष्यवादी दृष्टिकोण के कारण लगातार विकसित हो रही है। ये खिलाड़ी वास्तविक समय, गतिशील और सकारात्मक एआई आधारित वीडियो निगरानी प्रणाली बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। यह हमें उत्पादक होने के दौरान सुरक्षित महसूस करते हुए धीरे धीरे उस सपने के करीब लाता है। ऐसे कई तरीके हैं जिनसे ये प्रणालियाँ हमारे जीवन में बदलाव ला सकती हैं लेकिन निम्नलिखित कुछ प्रमुख क्षेत्र हैं जहाँ निगरानी प्रणाली वास्तव में एक खेल-परिवर्तक हो सकती है, विशेष रूप से भारत में।

## निवासियों की सुरक्षा

हाल के समय तक, जब भी हम सुरक्षा के बारे में सोचते थे, तो हमारा दिमाग किसी पुलिस चौकी या बिल्डिंग के प्रवेश द्वार पर खड़े किसी व्यक्ति पर चला जाता था। इस संबंध में, मानवीय त्रुटियों, चूक और लापरवाही के लिए कभी-कभी फंस जाना असंभव नहीं है। यह परिदृश्य कवच में एक झंकार पैदा करता है, है न? हमें अपने हमवतनों पर भरोसा है, लेकिन उन पर पूरी तरह निर्भर रहना नासमझी हो सकती है। हमें उनके समर्थन के लिए तकनीकी हस्तक्षेप की आवश्यकता है। इसलिए, एक स्वचालित निगरानी प्रणाली सक्रिय भूमिका में आती है।

सही निगरानी प्रणाली एक आवासीय क्षेत्र में आगंतुकों की निगरानी कर सकती है ताकि किसी के भी प्रवेश करने और निकल कर जाने का स्पष्ट रिकॉर्ड हो। यह लोगों पर पैनी नजर रख सकता है, यह सुनिश्चित करने के लिए कि वे सुरक्षित हैं। और यह सेंधमारी, चोरी और हिंसा जैसी अन्य प्रमुख घटनाओं का भी पता लगा सकता है। इस तरह की प्रणालियां तत्काल सुरक्षा कर्मियों के साथ सजगता बढ़ाती है, जिससे फिर त्वरित प्रतिक्रिया होती है।

## विचाराधीनों की व्यक्तिगत स्वतंत्रता सुनिश्चित करना

हम जानते हैं कि दोषी साबित होने तक व्यक्ति निर्दोष माना जाता है। इसलिए, एक अच्छी मिसाल कायम करने के लिए, हमें अपने पुलिस स्टेशनों और अदालतों के संभव हद तक डिजिटलीकरण के साथ शुरूआत करनी चाहिए। तूतीकोरिन पुलिस स्टेशन में पुलिस कर्मियों द्वारा एक पिता और पुत्र की अत्यधिक चर्चित हत्या, इन निगरानी प्रणालियों की आवश्यकता पर प्रकाश डालती है। एनसीआरबी के आंकड़ों में कहा गया है कि 2001 और 2018 के बीच 1,700 से अधिक हिरासत में मौतें हुईं। 2014 और 2018 के बीच 452 हिरासत में मौतें हुईं, जिसमें कोई भी पुलिस अधिकारी जिम्मेदार नहीं पाया गया। निगरानी प्रणालियां पूरे भारत में हर जगह हैं और उन्हें हमारी अदालतों व पुलिस स्टेशनों में तैनात करने से हमारे संस्थानों में लोगों का अधिक विश्वास होगा। साथ ही, आदर्श रूप से, वीडियो फुटेज को स्थानीय रूप से संग्रहीत नहीं किया जाना चाहिए और उन्हें सीधे पुलिस मुख्यालय में भेज दिया जाएगा ताकि छेड़छाड़ को रोका जा सके।

## महिला सुरक्षा

महिलाओं की सुरक्षा सिर्फ एक प्राथमिकता नहीं बल्कि उससे बढ़कर होनी चाहिए। 2017 में एक रौंगटे खड़े करने वाली घटना का पुन: उल्लेख करते हैं, जहां पुणे इंफोसिस के परिसर में सुरक्षा गार्ड द्वारा एक 25 वर्षीय महिला के साथ बलात्कार किया गया था और उसके कार्यालय में गला घोटकर उसकी हत्या कर दी गई थी – जो उस भयानक खतरे को प्रदर्शित करता है जिसका महिलाएं रोजाना सामना करती हैं। इस मामले में, अपराधी पकड़ा गया लेकिन उन अन्य लोगों के बारे में क्या है जो ऐसे अपराध करके साफ बच निकलते हैं? क्या हमें ऐसी भयानक घटनाओं को बार-बार दोहराने से रोकना नहीं चाहिए? बेंगलुरु सिटी ने घोषणा की है कि यह महिलाओं की सुरक्षा के लिए 16,000 सीसीटीवी कैमरे स्थापित करेगा, लेकिन कार्यस्थलों को भी नियम का पालन करने की आवश्यकता है। उन्हें कार्यस्थल में महिलाओं के लिए सुरक्षा उपायों को बढ़ाने की आवश्यकता है ताकि वे उस निरंतर भय से मुक्त होकर अपने सपनों को पूरा कर सकें जो लगातार उन्हें डराता रहता है।

## यातायात प्रबंधन

नवीनतम निगरानी तकनीक के कारण यातायात निगरानी और प्रबंधन एक नए स्तर पर पहुंच गए हैं। यात्री काम करने के लिए बाहर निकलने से पहले नवीनतम ट्रैफिक रिपोर्ट प्राप्त करने हेतु अब समाचारों पर नजर डाल सकते हैं। व्यस्त सड़कों, ट्रैफिक सिग्नलों और व्यस्त चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। कैमरों का उपयोग ट्रैफिक की निगरानी, पैटर्न डेटा की रिकॉर्डिंग, ट्रैफिक के समग्र अवलोकन और चालान जारी करने के लिए किया जाता है। हालांकि, यह बुनियादी ढांचा काफी हद तक महानगरीय शहरों तक ही सीमित है।

भारत में दुर्घटना से मृत्यु और चोरी की दर सबसे ज्यादा है। छोटे शहरों में ट्रैफिक कैमरे लगाकर ड्राइवरों से सावधानी बरतने और नियमोल्लंघनों को हतोत्साहित करने के लिए आग्रह किया जाएगा। परिवहन अधिकारी सड़क बंद होने या दुर्घटनाओं के मामले में वाहन के प्रवाह की निगरानी के लिए भी उनका उपयोग कर सकते हैं। वे केवल अपराधी की नंबर प्लेट की जानकारी लेकर होने वाले उल्लंघनों के लिए स्वचालित टिकट जारी करके ऐसा करते हैं।


## आतंकवाद को रोकने के लिए

अफसोस की बात है कि भारत आतंकवाद से अंजान नहीं है। अतीत में हमारे देश में कई हमले हुए हैं और हमने हाल ही में 2008 में कुख्यात मुंबई हमलों की 12वीं वर्षगांठ मनाई है, जहां 171 लोगों ने अपनी जान गंवाई और 239 घायल हुए। इन भयावह उदाहरणों ने हमारे सामने उच्च तकनीक निगरानी की आवश्यकता प्रदर्शित की है। नवीनतम तकनीक के साथ, आधुनिक निगरानी प्रणाली चेहरे की पहचान जैसी सुविधाओं से लैस हैं। इसे ज्ञात अपराधियों व संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान करने हेतु सरकार और पुलिस रिकॉर्ड से जोड़ा जा सकता है। जब इसे शहरों के आसपास विभिन्न स्थलों पर स्थापित किया जाता है, तो यह वांछित व्यक्ति की पहचान कर सकता है या लोगों में व्यापक स्तर पर हड़कंप पैदा किए बिना खतरे के बारे में अधिकारियों को सूचित कर सकता है।


उपर्युक्त बिंदुओं के अध्ययन के बाद, यह देखना सरल हो जाता है कि निगरानी अब एक विकल्प नहीं है, बल्कि आज की दुनिया में एक आवश्यकता है। ताकि हमारे बच्चे सुरक्षित रूप से बाहर खेल सकें, महिलाएं स्वतंत्र रूप से आ-जा सकें या अकेले अपने कार्यालय में बैठ सकें, और उनके पास आने वाले वही लोग हों जो मदद की पेशकश करना चाहते हैं। उन्नत कृत्रिम मेधा या एआई-चालित निगरानी प्रणालियां हमें आशा की एक झलक देती है। और जब इसका कुशलता से उपयोग किया जाता है, तो वे समाज में सुरक्षा वापस लाने की क्षमता रखती हैं।

**(लेखक ऑनकैम के क्षेत्रीय निदेशक हैं।)**

# सोनू सूद को पंजाब के कोरोना वायरस टीकाकरण कार्यक्रम के लिए ब्रांड एंबेसडर बनाया गया



**चंडीगढ़।** अभिनेता सोनू सूद को पंजाब के कोरोना वायरस टीकाकरण कार्यक्रम के लिए ब्रांड एंबेसडर बनाया गया है। सूद ने पिछले साल कोरोना वायरस संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए लगाए गए लॉकडाउन के दौरान प्रवासियों को उनके गृह राज्यों में पहुंचाने में मदद की थी। अभिनेता ने कोविड-19 महामारी के बीच हजारों जरूरतमंद लोगों को भोजन भी उपलब्ध कराया था। पंजाब के मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने अभिनेता से अपने आवास पर मुलाकात करने के एक दिन बाद रविवार को यह घोषणा की। मुख्यमंत्री ने ट्वीट किया, मुझे इस बात को साझा करने में खुशी हो रही है कि सोनू सूद हमारे कोविड-19 टीकाकरण अभियान के ब्रांड एंबेसडर होंगे। मैं हमारे अभियान को हर पंजाबी तक पहुंचाने और सभी को जल्द से जल्द टीकाकरण करवाने की अपील करने के लिए उन्हें धन्यवाद देता हूं। सिंह ने कहा कि टीका लगवाने लिए लोगों को प्रेरित करने के लिए उनसे (सूद) बेहतर कोई और आदर्श नहीं है। उन्होंने कहा, पंजाब में लोगों के बीच बहुत झिझक है। उनके बीच सोनू की लोकप्रियता और पिछले साल महामारी के बाद से हजारों प्रवासियों को उनके घरों तक पहुंचाने के बाद एक आदर्श के रूप में सामने आए सोनू की अपील से मदद मिलेगी। सूद ने कहा कि वह खुद को टीकाकरण कार्यक्रम के लिए ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किए जाने से खुश और सम्मानित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं अपने गृह राज्य के लोगों के जीवन की रक्षा के लिए पंजाब सरकार के इस अभियान में कोई भी भूमिका निभाने के लिए धन्य महसूस कर रहा हूं।



लंदन में बाफ्टा फिल्म समारोह में अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा और उनके पति निक जोनस

# अमेरिकी गायिका मैरी मिलबन ने हिंदू नववर्ष की बधाई दी

**वाशिंगटन।** लोकप्रिय अमेरिकी गायिका एवं अभिनेत्री मैरी मिलबन ने संस्कृत श्लोक पढ़कर भारत और अमेरिका समेत दुनियाभर में मौजूद भारतीयों को हिंदू नव वर्ष की बधाई दी। हिंदू कैलेंडर के अनुसार मंगलवार को नव वर्ष का पहला दिन है। भारत में विभिन्न राज्यों में उगादी, गुड़ी पड़वा और बैसाखी का त्योहार मनाया जा रहा है। मिलबन ने एक वीडियो में मंत्रोच्चार कर भारत और दुनियाभर में मौजूद भारतीय समुदाय को बधाई दी। मिलबन (39) ने वीडियो जारी करने के बाद कहा, मेरे प्यारे भारत और दुनियाभर में मौजूद भारतीय समुदाय के लोगों को नव वर्ष की बधाई। उन्होंने कहा, पिछले वर्ष दीपावली पर प्रस्तुति देने के बाद मैं भारत में पारंपरिक त्योहारों और धार्मिक रीति-रिवाजों के बारे में और जानना चाहती थी। भारतीय संस्कृति और भारत से मेरा संबंध मेरे अध्ययन और हिंदी सीखने से बढ़ा है। मिलबन ने पिछले साल ओम जय जगदीश हरे गाते हुए एक वीडियो जारी किया था और दीपावली की बधाई दी थी। जल्द ही उनका यह वीडियो चर्चा में आ गया था और 10 लाख से अधिक लोगों ने उसे देखा था। उन्होंने हिंदी और भारतीय संस्कृति के अपने शिक्षक डॉक्टर मोक्षराज का आभार व्यक्त किया था।




# अभिनेत्री तबस्सुम कोविड-19 से उबरीं, जल्द मिलेगी अस्पताल से छुट्टी

**मुंबई।** एक सप्ताह से अधिक समय पहले कोविड-19 से संक्रमित पाई गईं दिग्गज अभिनेत्री और टॉक शो की मेजबानी करने वाली तबस्सुम अब ठीक हो गई हैं। उनकी जांच रिपोर्ट निगेटिव आई है और उन्हें एक या दो दिन में अस्पताल से छुट्टी मिल जाएगी। उनके बेटे और अभिनेता-फिल्म निर्माता होशांग



गोविल ने यह जानकारी दी। 76 वर्षीय अभिनेत्री मार्च के अंत में अपने घर पर अपने डिजिटल शो "तबस्सुम टॉकीज" की शूटिंग कर रही थीं, जिसके ठीक दो दिन बाद उन्हें कोरोना वायरस से संक्रमित पाया गया। होशांग ने पीटीआई-भाषा को बताया, उनका रक्तचाप थोड़ा अधिक था, इसलिए हमने उनकी कोविड-19 जांच करवाने का फैसला किया। तब यह पता चला कि वह संक्रमित हैं, लेकिन गंभीर रूप से प्रभावित नहीं हुईं। सुरक्षा के लिहाज से, हमने उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया। उन्होंने कहा, "पिछले आठ-नौ दिनों से उनका अस्पताल में इलाज चल रहा था। कल, उनकी जांच रिपोर्ट निगेटिव आई है और शायद आज या कल उन्हें छुट्टी मिल जाएगी। तबस्सुम को दूरदर्शन के लंबे समय से चलने वाले शो "फूल खिले हैं गुलशन गुलशन" की मेजबानी के लिए जाना जाता है।

# कोर्ट में यादगार अभिनय करने वाले वीरा साथीदार की कोविड-19 से मृत्यु



**नागपुर (महाराष्ट्र)।** अभिनेता-कार्यकर्ता वीरा साथीदार की कोविड-19 संबंधी समस्याओं के चलते मंगलवार को मृत्यु हो गई। उन्हें राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म कोर्ट में यादगार अभिनय के लिए जाना जाता है। साथीदार (62) को कोरोना वायरस से संक्रमित होने के बाद अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), नागपुर में भर्ती कराया गया था। अस्पताल के एक अधिकारी ने बताया कि अभिनेता को पिछले सप्ताह अस्पताल में भर्ती कराया गया था और मंगलवार तड़के तीन बजकर 42 मिनट पर उन्होंने अंतिम सांस ली। फिल्म कोर्ट का निर्देशन करने वाले चैतन्य तम्हाने के मुताबिक, अभिनेता को अस्पताल में वेंटिलेटर पर रखा गया था। तम्हाने ने बताया, वह वेंटिलेटर पर थे। यह काफी दुर्भाग्यपूर्ण खबर है। इस पर विश्वास करना मुश्किल है कि वह अब नहीं रहें। निर्देशक ने कहा, वह न सिर्फ अभिनेता, कार्यकर्ता और एक कवि थे, बल्कि एक बेहतरीन इंसान भी थे। कोर्ट 2016 में ऑस्कर पुरस्कारों के लिए भारत की ओर से आधिकारिक प्रविष्टि थी। इस फिल्म के अलावा उन्होंने दो और लघु फिल्मों में काम किया था।

# कोरोना मुक्त होने के लिए बप्पी लाहिरी ने भगवान को दिया धन्यवाद

**मुंबई।** संगीतकार एवं गायक बप्पी लाहिरी ने रविवार को बताया कि वह कोरोना वायरस के संक्रमण से मुक्त हो गए हैं तथा उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए 68 वर्षीय गायक ने यह जानकारी साझा की। वह चलते-चलते, डिस्को डांसर और शराबी समेत कई अन्य फिल्मों में संगीत देने के लिए जाने जाते हैं। लाहिरी ने अपनी एक तस्वीर के साथ लिखा, भगवान और अपने प्रिय लोगों के आशीर्वाद से मैं घर आ गया हूं। कोविड-19 से संक्रमित होने के बाद एहतियात के तौर पर संगीतकार को ब्रीच कैंडी अस्पताल में इस महीने की शुरूआत में भर्ती कराया गया था। पोस्ट में उन्होंने अस्पताल के कर्मियों और प्रशंसकों के प्रति आभार प्रकट किया। मुंबई में शनिवार को कोविड-19 के 9,330 नए मामले सामने आए और 28 लोगों की मौत हो गई। इसके साथ ही यहां कुल संक्रमितों की संख्या बढ़कर 5,10,512 हो गई और मृतकों की संख्या बढ़कर 11,944 हो गई।

# आर माधवन अब भी बरत रहे हैं सावधानी



**मुंबई।** अभिनेता आर माधवन ने रविवार को कहा कि वह कोरोना वायरस संक्रमण से उबर चुके हैं लेकिन अब भी अत्यधिक सावधानी बरत रहे हैं। अभिनेता ने ट्विटर पर कहा कि उनकी मां कोरोना वायरस से संक्रमित नहीं पाई गई हैं। माधवन (50) ने लिखा, फिक्र और दुआ करने के लिए आप सभी का शुक्रिया। अम्मा समेत घर पर सभी लोग एक बार फिर कोविड-19 से पीड़ित नहीं पाए गए। उन्होंने कहा, हालांकि हमने संक्रमण का चरण पूरा कर लिया है लेकिन फिर भी हम सभी अत्यधिक सावधानी, एहतियात बरत रहे हैं और घर पर भी सभी नियमों का पालन कर रहे हैं। ईश्वर की कृपा से हम सभी अब स्वस्थ हैं। माधवन ने 25 मार्च को ट्विटर पर खुद के कोविड-19 से पीड़ित होने की खबर दी थी। उनकी अगली फिल्म रॉकेट्री : द नाम्बी इफेक्ट होगी जो निर्देशक के तौर पर भी उनकी पहली फिल्म होगी।

8 | अभिमत
नेपाल में राजनीतिक अस्थिरता

9 | न्यूज-व्यूज
मुठभेड़ में 50 हजार का ईनामी गोली लगने से जख्मी

15 | स्पोर्ट्स
दर्शकों के बिना होगा इंडिया ओपन

RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 172
लखनऊ, बुधवार, 14 अप्रैल, 2021
पृष्ठ 16 मूल्य ₹ 3
डाक संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



मैरी मिलबन ने हिंदू नववर्ष की बधाई दी
विविध-16

www.dailypioneer.com

# कोरोना के मामलों में जबरदस्त उछाल

## ● प्रदेश में मिले 18021 संक्रमित, 82 की मौत

## ● लखनऊ में 18 की गई जान, 5382 मरीज निकले पॉजिटिव

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** में बीते सोमवार को धीमी पड़ने वाली कोरोना की रफ्तार में मंगलवार को जबरदस्त तेजी देखने को मिली है। बीते चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश में 18021 नए संक्रमित मरीज मिले हैं। इतना ही इस दौरान मौत के आंकड़े में भी इजाफा हुआ है। प्रदेश में एक दिन के अंदर रिकार्ड 85 लोगों की मौत हुई है। वहीं लखनऊ का आंकड़ा पांच हजार पार कर गया है। लखनऊ में 5382 नए मरीज मिले हैं जबकि 18 की मौत हुई है। प्रयागराज में 1856, कानपुर नगर में 1271, वाराणसी में 1404, गाजियाबाद में 199, गौतम बुद्ध नगर में 229, मेरठ में 321, गोरखपुर में 602, बरेली में 271, मुरादाबाद में 155, झांसी में 503, अलीगढ़ में 64, आगरा में 234, सहारनपुर में 135, मुजफ्फरनगर में 150, बलिया में 271, अयोध्या में 139, बाराबंकी में 132, लखीमपुर खीरी में 112, मथुरा में 96, जौनपुर में 156, शाहजहांपुर में 59, देवरिया में 119, रायबरेली में 274, आजमगढ़ में 204, बुलंदशहर में 89, हरदोई में 146, इटावा में 138, गाजीपुर में 289, कुशीनगर में 64, प्रतापगढ़ में 144, महाराजगंज में 83, रामपुर में 49, चंदौली में 75, सोनभद्र में 183, सुलतानपुर में 198, बस्ती में 68, गोंडा में 93, सीतापुर में 77, उन्नाव में 95, फर्रुखाबाद में 72, बिजनौर में 77, अमरोहा में 44, बांदा में 116, हापुड़ में 66, बहराइच में 68, ललितपुर में 125, फिरोजाबाद में 40, बदायूं में 78, जालौन में 78, सिद्धार्थनगर में 38, मिर्जापुर में 118, पीलीभीत में 16, शामली में 48, फतेहपुर में 42, मैनपुरी में 57, अमेठी में 40, औरैया में 84, संत कबीर नगर में 23, संभल में 34, मऊ में 73, एटा में 68, भदोही में 84, बलरामपुर में 41, चित्रकूट में 85, कौशाम्बी में 54, बागपत में 23, कानपुर देहात में 31, अम्बेडकरनगर में 47, कासगंज में 8, हमीरपुर में 47, महोबा में 24, श्रावस्ती में 14 और हाथरस में कोरोना के पांच नए मरीज मिले हैं।



पटना रेलवे स्टेशन पर कोरोना की जांच कराते यात्री

### भारत में संक्रमण के 1,61,736 नए मामले, 879 की मौत

**नई दिल्ली।** भारत में एक दिन में कोरोना वायरस संक्रमण के 1,61,736 नए मामले सामने आने के साथ देश में इस महामारी के मामले बढ़कर 1,36,89,453 हो गए। कोविड-19 से पीड़ित लोगों के ठीक होने की दर और गिर गई, अब यह 89.51 प्रतिशत है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मंगलवार की सुबह आठ बजे के अद्यतन आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। इनमें बताया गया कि संक्रमण के कारण और 879 लोगों की मौत होने से मरने वालों की कुल संख्या 1,71,058 हो गई। संक्रमण के दैनिक मामलों में लगातार 34वें दिन हुई बढ़ोतरी के बीच देश में उपचाराधीन लोगों की संख्या बढ़कर 12,64,698 हो गई है, जो संक्रमण के कुल मामलों का 9.24 प्रतिशत है। देश में सबसे कम 1,35,926 उपचाराधीन मरीज 12 फरवरी को थे और सबसे अधिक 10,17,754 उपचाराधीन मरीज 18 सितंबर 2020 को थे।

### प्रभावित नगरों में पूर्ण लॉकडाउन लगाने पर विचार करे प्रदेश सरकारः उच्च न्यायालय

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

**इलाहाबाद** हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को पूर्ण लॉकडाउन लगाने पर विचार करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने प्रभावित नगरों में राज्य सरकार को दो या तीन हफ्ते के लिए पूर्ण लाकडाउन लगाने पर विचार करने को कहा है। कोर्ट ने कहा कि सरकार ट्रैकिंग, टेस्टिंग और ट्रीटमेंट योजना में तेजी लाये। खुले मैदानों में अस्थायी अस्पताल बनाकर कोरोना पीड़ितों के इलाज की व्यवस्था करे। जरूरी हो तो संविदा पर स्टाफ तैनात किये जायें। हाईकोर्ट ने सुनवाई की अगली तारीख 19 अप्रैल को सचिव से हलफनामा भी मांगा है। कोर्ट ने कहा कि सड़क पर कोई भी व्यक्ति बिना मास्क के दिखायी न दे। अन्यथा कोर्ट पुलिस के खिलाफ अवमानना कार्रवाई करेगी। कोर्ट ने कहा कि सामाजिक धार्मिक आयोजनों में 50 से अधिक लोग न इकट्ठा हों। कोर्ट ने आज कोरोना मामले को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर यह आदेश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति सिद्धार्थ वर्मा और न्यायमूर्ति अजित कुमार की खंडपीठ ने दिया है। कोर्ट ने कहा है कि नाइट कर्फ्यू या कोरोना कर्फ्यू संक्रमण फैलाव रोकने के छोटे कदम हैं।

### विदेश निर्मित टीकों को स्वीकृति देने की प्रक्रिया तेज

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने मंगलवार को कहा कि कोविड-19 टीकों की उपलब्धता बढ़ाने और देश में टीकाकरण की गति में तेजी लाने के वास्ते उसने विदेश निर्मित उन कोविड-19 टीकों को आपात मंजूरी देने की प्रक्रिया तेज कर दी है जिन्हें अन्य देशों में इसी तरह की मंजूरी मिल चुकी है। यह कदम महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे भारत में कुछ शर्तों के साथ कई टीके उपलब्ध हो सकते हैं जिनमें फाइजर, मॉडर्ना और जॉनसन एंड जॉनसन द्वारा निर्मित टीके शामिल हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि इस प्रकार के विदेश निर्मित टीकों के पहले 100 लाभार्थियों के स्वास्थ्य पर सात दिन नजर रखी जाएगी, जिसके बाद देश में टीकाकरण कार्यक्रम में इन टीकों का इस्तेमाल किया जाएगा। सरकार ने फैसला किया है कि उन टीकों को भारत में आपात इस्तेमाल के लिए मंजूरी दी जा सकती है, जो विदेशों में विकसित किए गए हैं और उनका उत्पादन किया गया है और जिन्हें अमेरिका, यूरोप, ब्रिटेन या जापान में प्राधिकारियों ने सीमित आपात इस्तेमाल को मंजूरी दी है या जो डब्ल्यूएचओ आपात इस्तेमाल सूची में शामिल हैं। मंत्रालय ने कहा, इस फैसले से इस प्रकार के विदेशी टीकों तक भारत की शीघ्र पहुंच सुनिश्चित होगी और इससे बड़ी मात्रा में दवा सामग्री समेत विभिन्न सामग्रियों के आयात को प्रोत्साहन मिलेगा जिससे टीका निर्माण क्षमता और घरेलू इस्तेमाल के लिए टीकों की कुल उपलब्धता बढ़ेगी।

## कोरोना की जंग में असहयोग करने वाले निजी संस्थानों पर करें कार्रवाईः सीएम

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कोरोना को लेकर अधिकारियों को युद्ध गति से कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सख्त निर्देश दिए हैं कि हर हाल में प्रदेश में एल 2 और एल 3 स्तर के बेडों की संख्या में जल्द से जल्द इजाफा करें, यदि निजी संस्थान इस महामारी में असहयोग कर रहे हैं, तो उनके खिलाफ कार्रवाई करें। इसके अलावा उन्होंने एमबीबीएस के चौथे और पांचवें साल के छात्रों की परीक्षाएं निरस्त होने के कारण इनकी ड्यूटी हास्पिटल में लगाने के निर्देश दिए हैं।

सीएम योगी ने मंगलवार को सरकारी आवास से कोरोना के प्रभावी रोकथाम को लेकर उच्चाधिकारियों के साथ वर्चुअली समीक्षा बैठक की। सीएम योगी ने बेड बढ़ाने के लिए सरकारी संस्थानों, निजी मेडिकल कॉलेजों के अलावा अन्य विकल्पों पर भी कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। उन्होंने टेस्ट की क्षमता बढ़ाने के लिए केजीएमयू में 5500 से 1100 और राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में 5000 से एक हजार करने के निर्देश दिए हैं। पूर्व में आगरा, बरेली और नोएडा में संचालित केंद्रीय संस्थाओं की लैब में 12 सौ जांचें रोजाना होती थीं। सीएम योगी ने इनका भी उपयोग करने के निर्देश दिए हैं। सीएम योगी ने कहा कि लखनऊ में एरा, टीएसएम और इंटीग्रल मेडिकल कॉलेज में दो हजार बेड बढ़ाए जा रहे हैं। हालांकि बलरामपुर हास्पिटल में तीन सौ और बेडों की व्यवस्था हो गई है। इसमें 215 बेड आक्सिजन युक्त, 40 बेड वेंटिलेटर युक्तए आज शाम तक 25 और बेड वेंटिलेटर युक्त हो जाएंगे। उन्होंने लखनऊ के कैंसर हास्पिटल को टेकओवर कर तीन सौ बेड में 50 बेड आईसीयू के बनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने हिंद और मेयो हास्पिटल को भी टेकओवर करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने प्रदेश में ऐसे हास्पिटल और मेडिकल कॉलेजों में एक एक नोडल अधिकारी तैनात करने के निर्देश दिए हैं, ताकि इनकी देखभाल में लोगों को सुचारू उपचार मिलता रहे। उन्होंने कानपुर में रामा मेडिकल कॉलेज को टेक ओवर करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही प्रयागराज में यूनाईटेड हास्पिटल को टेकओवर करने के निर्देश दिए हैं। यहां अतिरिक्त रूप से सौ और बेड की व्यवस्था हो गई है। सीएम योगी के निर्देशों का ही असर है कि 12 जिलों अमेठी, औरैया, बिजनौर, कुशीनगर, देवरिया, मऊ, सिद्धार्थनगर, सोनभद्र, बुलंदशहर, सीतापुर, महोबा और कासगंज में नई आरटीपीसीआर की लैब बनाई जा रही हैं। प्रदेश में अभी तक रोजाना करीब दो लाख से ज्यादा हो रही जांचों में करीब आधी जांच आरटीपीसीआर से हो रही थी, इसे बढ़ाकर उन्होंने रोजाना डेढ़ लाख करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने ज्यादा जांचों के लिए निजी लैबों को भी प्रोत्साहित करने और उनसे वार्ता करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने निजी लैबों में जांच बढ़ाने के लिए राज्य सरकार की ओर से भुगतान करने पर भी विचार करने को कहा है। सीएम योगी ने मंत्रियों को निर्देश दिया है कि अपने अपने प्रभार वाले जिलों की रोजाना समीक्षा करें। सभी जिलों में वेंटिलेटर उपलब्ध कराए गए हैं, यह सुनिश्चित करें कि उनका उपयोग हो रहा है या नहीं। इसके अलावा यदि किसी अन्य संसाधन की आवश्यकता है, तो उससे तुरंत अवगत कराएं। प्रदेश में 108 एंबुलेंस करीब 47 सौ हैं। सीएम योगी ने इनमें से आधी एंबुलेंस का उपयोग कोविड और आधी नान कोविड रोगियों के लिए करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही उन्होंने जिला प्रशासन को निर्देशित किया है कि वह अपनी जरूरतों के अनुसार निजी क्षेत्र के एंबुलेंस भी अधिग्रहित करें।

### योगी ने खुद को किया आइसोलेट

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खुद को आइसोलेट कर लिया है। उनके दफ्तर के कई अधिकारियों के पॉजिटिव मिलने के बाद सीएम ने यह कदम उठाया है। उन्होंने इस बात की जानकारी ट्वीट करके दी है। सीएम योगी ने लिखा कि मेरे कार्यालय के कुछ अधिकारी कोरोना से संक्रमित हुए हैं। यह अधिकारी मेरे संपर्क में रहे हैं, अतः मैंने एहतियातन अपने को आइसोलेट कर लिया है। सभी कार्य वर्चुअली प्रारम्भ कर रहा हूं। मुख्यमंत्री के ओएसडी अभिषेक कौशिक, प्रमुख सचिव एसपी गोयल और सीएम के सचिव अमित सिंह संक्रमित हो गए हैं। सीएम आवास के भी दो कर्मचारियों के संक्रमित होने की बात कही जा रही है। कोरोना संक्रमण के मंडराते खतरों के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आइसोलेट करने के साथ ही अपने रूटीन कामकाज का तरीका भी बदला लिया है। सीएम ने आज से टीम 11 की बैठक वर्चुअल करनी शुरू कर दी है। कोरोना से जंग शुरू होने के बाद से सीएम योगी लगभग हर दिन टीम 11 के साथ कोरोना की समीक्षा करते आ रहे थे।

### द्वितीय ब्रह्मचारिणी



**दधाना करपद्माभ्यामक्षमाला कमण्डलू।**
**देवी प्रसीदतु मयि ब्रह्मचारिण्यनुत्तमा॥**

मां दुर्गा की नवशक्ति का दूसरा स्वरूप ब्रह्मचारिणी का है। यहां ब्रह्म का अर्थ तपस्या से है। मां दुर्गा का यह स्वरूप भक्तों और सिद्धों को अनंत फल देने वाला है। इनकी उपासना से तप, त्याग, वैराग्य, सदाचार और संयम की वृद्धि होती है। ब्रह्मचारिणी का अर्थ तप की चारिणी यानी तप का आचरण करने वाली। देवी का यह रूप पूर्ण ज्योतिर्मय और अत्यंत भव्य है। इस देवी के दाएं हाथ में जप की माला है और बाएं हाथ में कमण्डल धारण किए हैं।

## बाहरी पर निर्भर हैं टीएमसी, कांग्रेस, वामदलः शाह

### ● कहा, कांग्रेस का नेतृत्व इटली से आया है, तृणमूल वोट बैंक के लिए अवैध प्रवासियों पर निर्भर, वाम दलों ने विचारधारा रूस-चीन से आयात की

**भाषा।** नगराकटा



**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए कहा कि तृणमूल कांग्रेस, वाम दलों और कांग्रेस को बाहरी लोगों पर निर्भर होना पड़ा है।

गौरतलब है कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख बनर्जी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और शाह को अकसर बाहरी बताकर उनपर हमला करती हैं। शाह ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस की सुप्रीमो बनर्जी उन्हें और मोदी को बाहरी बताती हैं लेकिन उनकी पार्टी अवैध प्रवासियों के वोट पर निर्भर है। जलपाईगुड़ी जिले में आयोजित एक रैली में शाह ने कहा, क्या मैं बाहरी हूं? क्या मैं इस देश का नागरिक नहीं हूं? दीदी देश के प्रधानमंत्री को बाहरी बताती हैं। उन्होंने कहा कि बनर्जी की जानकारी काफी कम है। भाजपा के शीर्ष नेता ने कहा, दीदी मैं आपको बताता हूं कि बाहरी कौन है। कम्युनिस्टों ने अपनी विचारधारा चीन और रूस से आयात की है। कांग्रेस नेतृत्व भी बाहरी है- यह इटली से आया है। उन्होंने कहा, और तृणमूल कांग्रेस का वोट बैंक बाहरी है- अवैध प्रवासी। शाह ने कहा कि उनका जन्म इस देश में हुआ है और वह यहीं की मिट्टी में मिल जाएंगे। उन्होंने पूछा, तो फिर मैं कैसे बाहरी हुआ? बनर्जी भाजपा नेतृत्व पर लगभग रोजाना ही पश्चिम बंगाल में बाहरी होने का आरोप लगाती हैं और कहती हैं कि राज्य में चल रहे विधानसभा चुनावों के लिए वह दूसरे राज्यों से गुंडा लाते हैं। शाह ने कहा कि टीएमसी सुप्रीमो राज्य के लोगों से ज्यादा समय तक धोखा नहीं कर सकतीं क्योंकि पश्चिम बंगाल के लिए भाजपा का मुख्यमंत्री यहीं का होगा। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी उनका इस्तीफा मांगती हैं, लेकिन दो मई को उन्हें जाना पड़ेगा। शाह ने कहा, यह चुनाव मेरे इस्तीफा के बारे में नहीं है, बल्कि यह आपके (बनर्जी) के लिए है। बनर्जी ने कूचबिहार के सीतलकूची में दस अप्रैल को चौथे चरण के चुनाव में केंद्रीय बलों द्वारा चार लोगों की हत्या के बाद शाह से इस्तीफा मांगा था। शाह ने दावा किया कि मुख्यमंत्री ने चाय बागान के मजदूरों की मजदूरी नहीं बढ़ाई है, जबकि वह नियमित रूप से चाय विक्रेता के बेटे मोदी को गाली देती हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भाजपा सभी शरणार्थियों को नागरिकता देगी और आरोप लगाया कि बनर्जी उन्हें अधिकार नहीं देना चाहती हैं क्योंकि उन्हें भय है इससे उनका वोट बैंक नाराज हो जाएगा। शाह ने कहा कि अगर भाजपा सत्ता में आती है तो उत्तर बंगाल में एक एम्स अस्पताल बनवाएगी, क्योंकि इलाके के लोगों को गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए कोलकाता जाना पड़ता है।

## ममता 24 घंटे की पाबंदी के विरोध में धरने पर बैठीं

**भाषा।** कोलकाता



**पश्चिम** बंगाल की मुख्यमंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी ने उनके चुनाव प्रचार करने पर 24 घंटे की पाबंदी के निर्वाचन आयोग के अंसवैधानिक फैसले के विरोध में मंगलवार को शहर के मध्य में करीब साढ़े तीन घंटे तक धरना दिया। ममता पिछले महीने चोटिल होने के कारण आज व्हीलचेयर पर बैठकर पूर्वाह्न करीब 11 बजकर 40 मिनट पर यहां मायो सड़क पहुंचीं और उन्होंने महात्मा गांधी की प्रतिमा के निकट बैठकर धरना शुरू किया। इस दौरान सुरक्षा बलों ने उस क्षेत्र को घेर रखा था। धरना के समय तृणमूल के किसी नेता या समर्थक को उनके पास नहीं देखा गया। इस संबंध में सवाल किए जाने पर तृणमूल के एक वरिष्ठ नेता ने कहा, प्रदर्शन स्थल के निकट किसी पार्टी नेता को जाने की अनुमति नहीं थी। वह वहां अकेली धरना पर बैठीं। ममता ने विरोधस्वरूप अपने गले में एक काला स्कार्फ लपेट रखा था। धरना के दौरान उन्होंने पेंटिंग की। पेंटिंग करना उनके पसंदीदा शौक में से एक है। निर्चाचन आयोग ने ममता बनर्जी के केंद्रीय बलों के खिलाफ बयानों और कथित धार्मिक प्रवृत्ति वाले एक बयान के कारण 24 घंटे तक उनके चुनाव प्रचार करने पर रोक लगा दी है। इस फैसले की निंदा करते हुए ममता ने ट्वीट किया था, निर्वाचन आयोग के अलोकतांत्रिक और असंवैधानिक फैसले के विरोध में मैं कल (मंगलवार) दिन में 12 बजे से कोलकाता में गांधी मूर्ति के पास धरने पर बैठूंगी। तृणमूल प्रमुख मंगलवार को रात आठ बजे के बाद बारासात और बिधाननगर में दो रैलियों को संबोधित करेंगी।

### बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 48,544 | ↑ | 660 | |
| निफ्टी | 14,504 | ↑ | 194 | |
| सोना | 46,093 | ↓ | 130 | /10g |
| चांदी | 66,040 | ↓ | 305 | /kg |

### क्विक न्यूज

#### उच्चतम न्यायालय ने उच्च न्यायालयों को आगाह किया

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कहा कि संज्ञेय अपराधो की जांच लंबित होने के दौरान आरोपी को गिरफ्तारी से संरक्षण देने या उनके खिलाफ दंडात्मक कदम नही उठाने का आदेश पारित करते समय उच्च न्यायालय सावधानी बरतें ताकि प्रारंभिक दौर मे ही आपराधिक कार्यवाही निष्प्रभावी नही हो। कोर्ट ने कहा कि बिना कारण बताए ऐसे अंतरिम आदेश पारित होने से जांच मे बाधा आएगी। कोर्ट ने कहा कि अदालतों को संज्ञेय अपराधो मे किसी भी जांच को निष्प्रभावी नही करना चाहिए और एक शिकायत या प्राथमिकी रद्द करना सामान्य नियम के बजाय अपवाद होना चाहिए। न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने याचिका निरस्त करने के अनुरोध पर विचार से इनकार करते हुए अपने फैसले मे यह महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

## ज्ञानवापी मस्जिद पर फैसले पर रोक के लिए हाईकोर्ट में याचिका दायर

**भाषा।** प्रयागराज

**उत्तर** प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड ने वाराणसी के ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) से पुरातात्विक सर्वेक्षण कराने के जिला अदालत के फैसले के खिलाफ मंगलवार को इलाहाबाद उच्च न्यायालय में याचिका दायर की। वहीं ज्ञानवापी मस्जिद की प्रबंधन समिति अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद कमेटी ने सोमवार को इलाहाबाद उच्च न्यायालय में एक अति आवश्यक अर्जी दाखिल कर स्थानीय अदालत के आदेश पर रोक लगाने की मांग की। उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड के स्थाई अधिवक्ता पुनीत कुमार गुप्ता ने बताया, हमने निचली अदालत के फैसले के खिलाफ इलाहाबाद उच्च न्यायालय का आज रुख किया और एक याचिका दायर की। उन्होंने कहा, चूंकि इस मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति प्रकाश पाडिया ने 15 मार्च 2021 को निर्णय सुरक्षित रख लिया है, ऐसे में निचली अदालत कैसे इस मामले पर सुनवाई कर आदेश पारित कर सकती है। उल्लेखनीय है कि वाराणसी की एक स्थानीय अदालत ने गत आठ अप्रैल को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को मस्जिद के संपूर्ण परिसर का पुरातात्विक सर्वेक्षण करने की अनुमति दी थी। मस्जिद कमेटी के वकील एसएफए नकवी ने पीटीआई-भाषा को बताया कि निचली अदालत के आदेश में पूजा स्थल (विशेष प्रावधान) कानून, 1991 आड़े आता है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में उच्च न्यायालय में पहले से सुनवाई चल रही थी और फैसला सुरक्षित रख लिया गया है। नकवी ने कहा, उच्च न्यायालय में फैसला सुरक्षित रखे जाने के बावजूद निचली अदालत ने इस पर सुनवाई कर आदेश पारित किया जोकि गैर कानूनी है।

## इस साल सामान्य रहेगा मानसूनः स्काइमेट

### ● लगातार तीसरे वर्ष पूरे देश में अच्छी बरसात की संभावना

**भाषा।** नई दिल्ली



प्रतीकात्मक चित्र

**मौसम** संबंधी पूर्वानुमान व्यक्त करने वाली निजी एजेंसी स्काइमेट वेदर ने मंगलवार को कहा कि जून से सितंबर के दौरान देश में 75 प्रतिशत से अधिक वर्षा का योगदान देने वाला दक्षिण-पश्चिम मानसून इस साल सामान्य रहेगा। भौगोलिक जोखिम के आधार पर उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के कुछ हिस्सों के साथ उत्तरी भारत में इस मौसम में कम बारिश होने की भी आशंका है।

स्काइमेट वेदर के अध्यक्ष (मौसम विज्ञान) जीपी शर्मा ने कहा कि जून से सितंबर के दौरान वर्षा का दीर्घावधि औसत (एलपीए) 103 प्रतिशत रहेगा। इसमें चूक की संभावना पांच प्रतिशत अधिक या कम की है। शर्मा ने कहा, इस तरह, सामान्य मानसून रहने की संभावना है। उन्होंने कहा कि सामान्य मानसून रहने की 60 प्रतिशत संभावना है और सामान्य से ज्यादा बारिश की 15 प्रतिशत संभावना है। स्काइमेट ने कहा कि मासिक आधार पर जून में 106 प्रतिशत वर्षा जबकि जुलाई में 97 प्रतिशत वर्षा की संभावना है। अगस्त और सितंबर में 99 प्रतिशत और 116 प्रतिशत बारिश का अनुमान है। दीर्घावधि औसत के हिसाब से 96-104 प्रतिशत के बीच मानसून को सामान्य माना जाता है और 103 प्रतिशत वर्षा सामान्य रेंज में सबसे अधिक औसत है।

शर्मा ने कहा कि लगातार तीसरे वर्ष 2021 में अच्छा मानसून रहेगा। पिछले दो वर्षों में सामान्य से ज्यादा बारिश दर्ज की गई थी। स्काइमेट ने कहा, आंतरिक कर्नाटक में भी मानसून के प्रमुख महीने जुलाई-अगस्त में इसके कमजोर प्रदर्शन यानि कम बारिश की आशंका है। मनसून के आरंभिक महीने जून और आखिरी चरण सितंबर में देश भर में व्यापक वर्षा के संकेत हैं। स्काइमेट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) योगेश पाटिल ने बताया कि प्रशांत महासागर में पिछले वर्ष से ला नीना की स्थिति बनी हुई है और अब तक मिल रहे संकेत इशारा करते हैं कि पूरे मानसून में यह तटस्थ स्थिति में रहेगा।

ला-नीना प्रभाव का आशय प्रशांत महासागर में पानी के ठंडा होने की स्थिति से है। महाद्वीप के मौसम पर इसका असर पड़ता है। पाटिल ने कहा, मनसून के मध्य तक आते-आते प्रशांत महासागर के मध्य भागों में समुद्र की सतह का तापमान फिर से कम होने लगेगा। हालांकि समुद्र की सतह के ठंडा होने की यह प्रक्रिया बहुत धीमी रहेगी। इस आधार पर कह सकते हैं कि मानसून को खराब करने वाले अल नीनो के उभरने की आशंका इस साल के मानसून में नहीं है। स्काइमेट वेदर ने जनवरी में अपने पूर्वानुमान में भी सामान्य मानसून रहने का अनुमान जताया था।

## पंचायत चुनाव के प्रथम चरण का प्रचार थमा, मतदान कल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**पंचायत** चुनाव के प्रथम चरण का चुनाव प्रचार मंगलवार की शाम पांच बजे थम गया। अब बुधवार 14 अप्रैल को प्रत्याशी घर-घर दस्तक देकर अपने लिए मत और समर्थन मांगेंगे। पहले चरण के लिए प्रदेश के 18 जिलों क्रमशः अयोध्या, आगरा, कानपुर नगर, गाजियाबाद, गोरखपुर, जौनपुर, झांसी, प्रयागराज, बरेली, भदोही, महोबा, रामपुर, रायबरेली, श्रावस्ती, संत कबीर नगर, सहारनपुर, हरदोई एवं हाथरस में 15 अप्रैल को सुबह 8 बजे से शाम पांच बजे तक मतदान होगा। प्रथम चरण के 18 जनपदों में होने वाले निर्वाचन में 779 जिला पंचायत वार्ड के लिए कुल 12157 नामांकन प्राप्त हुए थे, जिसमें 233 नामांकन रद्द होने और 175 नामांकन वापसी की वजह से 11749 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं।

# चैत्र के वासंतिक नवरात्र में कोरोना पर आस्था भारी पड़ी

### ● मां शैलपुत्री देवी व मुखनिर्मालिका गौरी के दर्शन पाकर श्रद्धालु हुए अभिभूत

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी







**चैत्र के** वासंतिक नवरात्रि में गौरी के पूजन–अर्चन का दिन होता है। प्रथम दिन मॉ मुखनिर्मालिका गौरी के मंदिर गायघाट स्थित गंगा के किनारे स्थित है। श्रद्धालु गंगा स्नान कर मुख निर्मालिका गौरी का पूजन–अर्चन किया तथा मॉ को नारियल,चुनरी, माला–फूल, प्रसाद आदि चढ़ाकर कपूर से आरती भी किया। इस दौरान मंदिर में सुबह से लेकर देर रात तक दर्शन–पूजन का क्रम चलता रहा।रात्रि साढ़े दस बजे मंदिर के महंत ने मुख निर्मालिका गौरी की महाआरती की।मंदिर में श्रद्धालुओं ने लगाया उद्घोष 'बोल सच्चे दरबार की जय', हे दरबारा वाली आपकी सदा जय–जयकार हो'।

चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन सुबह लोग नित्य क्रिया से निवृत्त होकर तय मुहूर्त में माता के आगमन पर कलश स्थापित किया। उसके बाद पूरे विधि.विधान से माता का पूजन किया गया। इसके साथ ही मंगलवार सुबह से घरों में अखंड ज्योत जलाया गया। इसके बाद व्रती जनों ने माता को ध्यान करते हुए पाठ किया।

**देवी दरबार में उमड़ी आस्थावानों की भीड़:** घर में पूजन करने के बाद युवतियों और महिलाओं की भारी भीड़ देवी दरबार में उमड़ी। शास्त्रीय मान्यता के अनुसार प्रथम दिन माता शैलपुत्री देवी के दर्शन का विधान है। सरैया स्थित मंदिर के महंत गणेश गोस्वामी ने बताया कि सुबह में माता को स्नान कराकर नूतन वस्त्र और आभूषण धारण कराया गया। उसके बाद भोर में मां की विशेष आरती की गयी। उसके बाद भक्तों के दर्शन के लिए मां का कपाट कोल दिया गया। बीच.बीच में पुलिस प्रशासन के लोगों ने बढ़ते कोरोना संक्रमण को देखते हुए मंदिर कोना.कोना सैनिटाइज कर रहे थे। बिना मास्क के किसी भी श्रद्धालु को प्रवेश नहीं दिया जा रहा था। जिला प्रशासन के आदेशानुसार एक बार मात्र पांच श्रद्धालुओं को ही दर्शन के लिए भेजा जा रहा था। वहीं दुर्गाकुंड स्थित मां कुष्मांडा देवी के दरबार में भी भोर से श्रद्धालुओं की जुटान हो गयी थी। मंदिर के महंत ने बताया कि सुबह में आरती के बाद मंदिर का पट आम श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया था। सुबह से ही मंदिरों में आस्थावानों की कतार लग गयी है। इसके साथ शहर के अन्य टोले.मोहल्ले में स्थित देवी दरबार में भी आस्थावानों की भीड़ देखी गयी। जिला प्रशासन की ओर से सभी मंदिरों में सुरक्षा के पूरे इंतजाम किए गए थे। कलश स्थापना और पूजन के बाद व्रती जनों ने फलाहार किया। फलाहार में लोगों ने आलूए मुमफलीए सेबए केला सहित अन्य फलों से जलपान किया।

## क्विक न्यूज

### हत्या में वांछित बदमाश को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**वाराणसी।** सारनाथ पुलिस ने मंगलवार को हत्या के मामले में वांछित बदमाश पंकज सिंह पुत्र प्रदीप कुमार सिंह निवासी सारनाथ थाना क्षेत्र के रूप्पनपुर नटुनी, मूल पता निवासी ग्राम राजापुर थाना बहरियाबाद जिला गाजीपुर को सिंहपुर रिंगरोड अंडरपास से सुबह 9:10 बजे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने गिरफ्तार बदमाश से हत्या के संबध में पूछताछ कर रही है।

### पंचायत चुनाव: आराजी लाइन में सर्वाधिक बूथ, बनारस में 2592 बूथों की कमान संभालेंगे 12,448 कार्मिक, बाहर से पुलिस-पीएसी बल मंगाये गये



**वाराणसी।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में नामांकन प्रक्रिया समाप्त होते ही मतदान की तैयारी में प्रशासन जुट गया है। जिले में 2592 बूथ बनाए गए हैं। प्रत्येक बूथ पर वन प्लस थ्री यानी एक पीठासीन अधिकारी व तीन मतदान अधिकारी की तैनाती की गई है। वर्तमान में कार्मिकों का प्रशिक्षण शुरू हो चुका है। 20 फीसद कार्मिकों को आरक्षित श्रेणी में रखा गया है। सेवापुरी ब्लाक में 306 मतदेय स्थल होंगे। इस पर कुल 1224 कार्मिकों की तैनाती कर दी गई है। इसी प्रकार बड़ागांव ब्लाक में 308 मतदेय स्थल पर 1480 कार्मिक मोर्चा संभालेंगे। पिंडरा में 378 बूथों की कमान 1816 कार्मिकों के कंधे पर होगी। हरहुआ ब्लाक में 254 बूथ पर 1220 कार्मिकए चोलापुर ब्लाक में 317 बूथ पर 1520 कार्मिकए चिरईगांव में 305 बूथ पर 1464 कार्मिकए आराजीलाइन ब्लाक के 433 बूथ पर 2080 कार्मिकों की तैनाती की गई है। सर्वाधिक बूथ वाला यही ब्लाक होगा। काशी विद्यापीठ ब्लाक में 291 बूथ की कमान 1400 कार्मिकों के जिम्मे होगी।कार्मिकों का प्रशिक्षण यूपी कालेज में पिछले तीन दिन से चल रहा है। पोङ्क्षलग पार्टियां ब्लाक से 18 अप्रैल को सुबह बूथों के लिए रवाना होंगी। जिले में 19 अप्रैल को मतदान निर्धारित है। मतदान सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक होगा।

## मड़ुवाडीह क्षेत्र में गत दिनों हुई हत्या में शामिल दो बदमाश हुए गिरफ्तार

**वाराणसी।** मंडुआडीह क्षेत्र के शिवदासपुर लालबत्ती क्षेत्र में विगत दिनों महिला लालता देवी 48 वर्ष की गला दबाकर हुई हत्या में पुलिस ने अंकित कुमार सिंह ;21द्ध निवासी अकथाए पहड़िया थाना लालपुर व विक्की जायसवाल ;21द्ध निवासी संजय नगर कॉलोनीए पहड़िया थाना लालपुर को एक कार के साथ पुलिस लाइन फ्लाई ओवर के ऊपर से गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार दोनों पकड़े गए आरोपियों ने बताया कि हम लोग व हिना तथा राहुल उर्फ रंजन त्रिपाठी सभी मिलकर मृतका लालता देवी की संपत्ति हथियाने के लिए उसकी हत्या का प्लान बनाया और लालता देवी की हत्या कर उसका शव दरी व कंबल में लपेट कर कार में रख कर कहीं सुनसान जगह फेकने का प्लान बना रहे थे तभी मृतका का भाई विजय द्वारा अपनी बहन को खोजे जाने से परेशान थे।बताया कि हम लोग मृतका के शव को मकान के पीछे के हिस्से में फेंक कर और दरवाजे में ताला बंद कर उसी कार से हम लोग वहां से भाग निकले। पुलिस टीम द्वारा दोनों आरोपियों के पास से एक टाटा जेस्ट कार बरामद की गई है और मृतका की दत्तक पुत्री हिना व राहुल की तलाश की जा रही है।

## बनारस में कोरोना के 1376 मरीज पॉजिटिव पाए गए, तीन की मौत



**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

### ● जिले में एक्टिव मरीजों की संख्या 8779 हो गई

**कोरोना संक्रमण** की बढ़ती रफ्तार थमने का नाम ही ले रही।पुराने सारे रिकॉर्ड एक एक ध्वस्त होते जा रहे हैं।दस मार्च को जिले में जहाँ 50 सक्रिय मरीज थेए वही 13 अप्रैल को यह आंकड़ा 8799 हो गया।इससे पता चलता है कि संक्रमण कितनी तेजी से फैल रहा है।जिले में सोमवार को 1376 पॉजिटिव मिले।वही आज तीन मरीजो की मौत हो गई।इसी के साथ कोरोना से मरने वालों की संख्या 405 हो गया है।अब एक्टिव मरीजो की संख्या 8779 हो गया है।जबकि 360 मरीज होमआइसोलेशन से डिस्चार्ज किये गए।कोरोना से जिले में मरने वालों की संख्या 405 हो गई है।

**पीएम के संसदीय कार्यालय पर पसरा सन्नाटा:** कार्यालय प्रभारी की रिपोर्ट पॉजिटिव आने और अन्य के भी पॉजिटिव की आशंका से लोग यहां आने में कतराने लगे हैं। ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी यह कहते हुए किसी को अंदर जाने से मना कर रहे हैं कि कार्यालय में कोई नहीं बैठा है। दोपहर 12 बजे तक पुलिस कर्मियों के पास रखे आगन्तुक रजिस्टर खाली ही पड़ा रहा।

### बीएचयू के भूगोल विभाग के प्रो. रामबिलास का कोरोना से निधन

**वाराणसी।** काशी हिंदू विश्वविद्यालय के विज्ञान संस्थान के भूगोल विभाग में कोविड के चलते प्रोफेसर रामबिलास का असामयिक निधन हो गया। इससे विश्वविद्यालय में शोक की लहर दौड़ पड़ी। विभाग के मर्माहत अध्यापकोंए कर्मचारियों एवं छात्रों ने सभा कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। विभागध्यक्ष प्रोफेसर रामसकल यादव ने कहा कि प्रोफेसर रामबिलास का दिवंगत होना भूगोल जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। वह भौगोलिक शोध में महत्वपूर्ण योगदान करने वाले प्रमुख भूगोलवेत्ता व उदारमना तथा सहज व्यक्तित्व के थे। प्रोफेसर बीआरके सिन्हा ने कहा कि उनका व्यवहार मृदुलए ज्ञान की गंभीरता और सबके सहयोग के लिए खुले मन से आगे आनाए उनके व्यक्तित्व का अटूट हिस्सा था। प्रोफेसर विनय कुमार राय ने कहा कि हमने एक ऐसा भूगोलवेत्ता खोया है जो भौगोलिक अध्ययन में वैज्ञानिक शिक्षणए शोध एवं सहजता के साथ सर्वसुलभ थे। प्रोफेसर आनंद दीपायन, प्रोफेसर विनोद त्रिपाठी, प्रोफेसर गवनामानी, प्रोफेसर गायत्री राय, प्रोफेसर सराबनी सन्याल, प्रोफेसर केपी गोस्वामी, प्रोफेसर सुमन सिंह, डॉ. नरेंद्र वर्मा, डॉण् कपिल गावस्कर, हरेंद्र सिंह, किशोरी लाल श्रीवास्तव आदि ने भी श्रद्धांजलि दी।

## कलश स्थापना के साथ भक्तों ने किए मां शैलपुत्री स्वरूप के दर्शन



### ● ललिता देवी मंदिर, कल्याणी देवी मंदिरए अलोपशंकरी में भगवती के दर्शन को पहुंचे मां के भक्त, कोरोना गाइड लाइन के तहत मंदिरों में भक्तों ने किए मां के दर्शन

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

**मां भगवती** शक्ति स्तुति महापर्व चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिप्रदा से नवरात्र एवं भारतीय संस्कृति सभ्यता का प्रतीक नव संवत्सर आज मंगलवार से आरंभ हो गया। घरों और मंदिरों में घट स्थापित कर मां दुर्गा का पूजन अर्चन किया गया। यम नियम से मां भगवती की स्तुति कर साधकों ने यश कीर्ति आर्थिक संपन्नता के साथ शारीरिक और मानसिक कष्टों से मुक्ति के पर्व नवरात्रि पर आज पूजा अर्चना की। नौ दिनों तक चलने वाली नवरात्रि पर कोरोना की गाइडलाइन के तहत देवी मंदिरों पर भक्त मां के दर्शन और पूजन अर्चन किया। कोरोना महामारी के चलते मंदिरों में विशेष व्यवस्था की गयी। मंदिरों में भक्तों के लिए घेरा बनाया गया। जिससे सामाजिक दूरी का पालन पूरी तरह किया जा सके। मंदिर के गर्भगृह में भीड़ न हो इसके लिए दो चार चार भक्तों के जाने की व्यवस्था रही। मंदिर के प्रवेश द्वार पर ही सेनेटाइजर आदि की व्यवस्था भी रही। मंदिर में बिना मास्क के किसी भी भक्त को प्रवेश नहीं दिया गया। ज्योतिर्विद आचार्य अखिलेश पांडेय ने कहा कि कलश स्थापना का शुभ मुहूर्त सुबह 6ण्52 बजे से रहा। इस बीच भक्तों ने कलश स्थापित किया। जिसमें लोगों ने पूजा अर्चना की। घट स्थापित करके मां शक्ति की स्तुति की गयी। पहले दिन मां के शैलपुत्री स्वरूप का पूजन किया गया। नवरात्रों का ऋतुओं की दृष्टि से विशेष महत्व माना गया। आचार्य अखिलेश पांडेय ने बताया कि ऋतु के क्रम में आराधना उपासना उपवास आदि करने से मनुष्य को शारीरिक और मानसिक शक्ति मिलती है। उन्होंने बताया कि वासंतिक एवं शारदीय नवरात्र पर ऋतुओं का परिवर्तन होता है। जिसका वातावरण पर असर पड़ता है। इसमें नवचंडी सहस्त्रचंडी शतचंडी लक्ष्यचंडी यज्ञ एवं धार्मिक अनुष्ठान अत्यंत कल्याणकारी होता है। मां शक्ति की उपासना में दुर्गा सप्तशती का पाठ किया गया। ललिता देवी मंदिर कल्याणी देवी मंदिर अलोपशंकरी मंदिर में भक्तों की भीड़ कोरोना गाइड लाइन के तहत रही। मंगलवार से शुरू नवरात्र पर नौ दिनों तक भक्त मां के रूपों का दर्शन करेंगे।

## कौशल प्रशिक्षण व आकर्षक कैरियर की संभावनाओं का लें लाभ: पांडेय

**प्रयागराज।** वर्तमान कोविड की 19 स्थिति को देखते हुए सभी आवश्यक स्वास्थ्य देखभाल और सुरक्षा दिशा निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जा रहा है। स्किल इंडिया पैवेलियन सत्येंद्र विशाल और कई अन्य लोगों को प्रेरित करेगा ताकि भविष्य में कौशल प्रशिक्षण और आकर्षक कैरियर की संभावनाओं का लाभ उठाया जा सके। उत्तराखंड स्किल इंडिया के अंतर्गत उत्तराखंड में विभिन्न पहलों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से केंद्रीय कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री डा महेन्द्र नाथ पाण्डेय ने आज हरिद्वार में आयोजित कुंभ मेलें में स्किल इंडिया पैवेलियन का उद्घाटन किया। भारत में सबसे बड़े धार्मिक उत्सव में से एक कुंभ मेला भारत के कोने कोने से तीर्थयात्रियों को आकर्षित करता है। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना जन शिक्षण संस्थान और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सहित प्रमुख कार्यक्रमों पहलों के तहत जानकारी साझा करने और बड़ी संख्या में लोगों को जुटाने का एक अच्छा अवसर प्रदान करता है।

## वर्चुअल क्लास शुरू करने की होगी पहल

**प्रयागराज।** व्यक्तित्व कहानी में कई नाटकीय मोड़ लाते हैं। एक बड़ा नाटक तब होता है जब अनुप्रिया पूर्वा गोखले को हरि की मौत के लिए दोषी ठहराया जाता है। अब कल्याणी इसके पीछे असली मास्टरमाइंड को खोजने की कोशिश कर रही है। जी टीवी पर लोकप्रिय श्रृंखला तुझसे है राबता अपने दिलचस्प कहानी और कल्याणी रीम शेख और मल्हार सेहबान अजीम जैसी व्यक्तित्व के कारण शुरू से ही लोगों की पसंदीदा रही है। तुझसे है राबता हर सोमवार से शुक्रवार रात साढ़े आठ बजे जी टीवी पर आएगा। व्यस्त फिल्मांकन और ऑनस्क्रीन ड्रामा अभिनेताओं को अपने शौक पर समय बिताने की अनुमति नहीं देता है। लेकिन अब रीम ने अपने जुनून को साधने का फैसला किया है। वर्चुअल क्लास के जरिए गिटार सीख रही है। रीम ने हाल ही में अपनी फेटो सोशल मीडिया पर पोस्ट की थी और इसलिए उनके प्रशंसक बहुत उत्साहित हैं।

## पूर्व महाधिवक्ता एवं वरिष्ठ अधिवक्ता वीसी मिश्र का निधन

### ● वीसी मिश्र के निधन से अधिवक्ता समाज की अपूरणीय क्षतिरू देवेन्द्र, हाईकोर्ट के पूर्व महाधिवक्ता वीसी मिश्र के निधन पर सांसद प्रोफेसर रीता बहुगुणा जोशी ने जताया शोक

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

**इलाहाबाद** हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता और प्रदेश सरकार के पूर्व महाधिवक्ता पंडित विनय चंद्र मिश्र का 92 वर्ष की अवस्था में मंगलवार को निधन हो गया। वह कोरोना संक्रमित पाए गए थे। जहाँ उनका उपचार चल रहा था। बार काउंसिल ऑफइण्डिया के तीन बार चेयरमैन और हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के कई दफे अध्यक्ष रहे विनय चंद्र मिश्र तीन दिन से कोरोना संक्रमित थे। कोरोना वायरस के संक्रमण से प्रतिदिन हजारों लोग चपेट में आ रहे हैं। कई लोग रोज जान भी गवां रहे हैं। वी सी मिश्र यूपी के पूर्व महाधिवक्ता एवं हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के कई बार अध्यक्ष भी रहे हैं। वह बार कौंसिल के अध्यक्ष और सदस्य भी रहे हैं। श्री मिश्र की गिनती देश के बड़े वकीलों में होती थी। उनके निधन से बार एवं अधिवक्ताओं में शोक की लहर है। अधिवक्ताओं का कहना है कि बार ने एक जुझारू संरक्षक खो दिया है। बार के अध्यक्ष अमरेंद्र नाथ सिंह महासचिव प्रभाशंकर मिश्र बार कौंसिल के अध्यक्ष अपर महाधिवक्ता महेश चंद्र चतुर्वेदी नीरज त्रिपाठी विनोद कांत कृष्ण पहल मनीष गोयल अनूप त्रिवेदी मनीष तिवारी रामानन्द पांडेय समेत तमाम अधिवक्ताओं नर उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उनके पुत्र विवेक मिश्र भी सपा सरकार में अपर महाधिवक्ता रहे हैं। इन दिनों वह इलाहाबाद हाईकोर्ट में वकालत कर रहे हैं। पंडित विनय चंद्र मिश्र को इलाहाबाद हाईकोर्ट में भीष्म पितामह भी कहा जाता रहा है। वह विधि के अच्छे जानकार रहे। अधिवक्ताओं के आंदोलनों में सक्रिय रहते थे। भाजपा काशी क्षेत्र विधि प्रकोष्ठ संयोजक देवेन्द्र नाथ मिश्र ने अधिवक्ता समाज के पितामह वरिष्ठ अधिवक्ता वीसी मिश्र के निधन पर अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त की हैं। कहा कि उनके जैसे योद्धा का जाना संपूर्ण अधिवक्ताओं के लिए अपूरणीय क्षति है। जिसकी भरपाई असंभव है। 92 वर्षीय पूर्व महाधिवक्ता विनय चंद्र मिश्र तीन बार बार कौंसिल आफइंडिया के चेयरमैन और सात बार हाईकोर्ट बार एसोसिएशन इलाहाबाद के अध्यक्ष एवं चार बार महासचिव रहे। उन्होंने कई दलों की राजनैतिक यात्रा भी की मगर राजनैतिक सफलता नही मिली। लेकिन अधिवक्ता समाज में ऐसे कर्मठ और काबिल अधिवक्ता नही मिलेंगे। जिन्होंने अनेकों बार अधिवक्ताओं के हित के लिए बेंच से टकराने का साहस किया।



विनय चंद्र मिश्र

अनेकों आंदोलन उनके नाम से इतिहास के पन्नो में दर्ज हैं। उनका अंतिम संस्कार बुधवार दिन में 12 बजे होगा। उनके निधन पर शोक व्यक्त करने वालों में ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव सतीश अग्रवाल रणजीत सिंह नरेंद्र देव पाण्डेय राघवेंद्र मिश्र देवेश सिंह आशुतोष पाण्डेय अरविंद सिंह मृत्युंजय तिवारी मनीष द्विवेदी जयवर्धन त्रिपाठी पंकज त्रिपाठी बृजेश ओझा जितेन्द्र ओझा आदि रहे। इलाहाबाद हाईकोर्ट के पूर्व महाधिवक्ता और वरिष्ठ अधिवक्ता वीसी मिश्र के निधन को लेकर सांसद डा रीता बहुगुणा जोशी ने गहरा दुख जताया है।

## डॉ. भीमराव अंबेडकर के सपनों को पूर्ण कर रही भाजपा: गणेश

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

### ● भाजपाइयों ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती की पूर्व संध्या पर दी श्रद्धांजलि



**संविधान निर्माता** डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर की जयंती की पूर्व संध्या पर हाईकोर्ट के निकट स्थित अम्बेडकर मूर्ति पर भाजपा अनुसूचित मोर्चा के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी ने करते हुए कहा कि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी का सारा जीवन दीन हीन असहाय गरीबों एवं वंचितों के लिए समर्पित रहा। उन्होंने उनके हक की लड़ाई की और भारतीय जनता पार्टी उन्हीं के आदर्शों पर चलकर समाज के अंदर रहने वाले निर्बल निर्धन असहाय एवं वंचित लोगों के जीवन में गुणात्मक परिवर्तन ला रही है और डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के सपनों को पूर्ण करने का कार्य कर रही है। कार्यक्रम के संयोजक भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के महानगर अध्यक्ष कविराज भारतीय जी रहे एवं संचालन हिमांशु गौतम ने किया। श्रद्धांजलि देने वालों में कुंज बिहारी मिश्रा रमेश पासी विवेक अग्रवाल राजू पाठक गिरीजेश मिश्रा श्याम चंद्र हेला मनीष रघुवंशी राजेश सोनकर धीरज गिरेवाल अनिल चंद्रा बच्चा लाल रंजीत हेला नवीन सोनकर हरीश पासवान अशोक सरपंच रत्न लाल सोभा सरोज सुनैनी देवी आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि 14 अप्रैल को महानगर के 1252 बूथों पर डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई जाएगी।

पायनियर वर्गीकृत

सूचना

सूच्य हो कि पूर्व में मेरी पुत्री का नाम दामिनी सिंह था जो कि प्रत्येक अभिलेखों में अंकित है लेकिन अब मैंने उसका नाम बदलकर अदिति चौधरी रख दिया है। अब से समस्त अभिलेखों में मेरी पुत्री का नाम अदिति चौधरी पढ़ा व समझा जाये। अमित कुमार पुत्र स्व0 जंग बहादुर निवासी–मोहल्ला दुर्गापुरवा, तहसील व जिला–सीतापुर।

**कार्यालय-जिलाधिकारी/लाइसेंस प्राधिकारी, चित्रकूट।**

पत्रांक– 97/जि0आ0अ0/चित्रकूट/दे.श.दु.–बरद्वारा व सांईपुर/2020–21 दिनांक –13.04.2021

**आबकारी की देशी शराब दुकानों को दैनिक आधार पर चलाने हेतु**

**–: विज्ञप्ति :–**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी के पत्र सं0–1070/जि0आ०अ0/चित्रकूट/दे.श.दु.–बरद्वारा व सांईपुर/2020–21/दिनांक–मार्च 22.2021 के क्रम में जनपद चित्रकूट में देशी शराब दुकान वरद्वारा व देशी शराब दुकान सांईपुर निलम्बित हो गयी है। उक्त दुकानों को दैनिक आधार पर पुनः दिनांक 15.04.2021 से 28.04.2021 तक चलाया जाना है। उक्त दुकानों का टेंण्डर/आफर द्वारा दुकानों को दैनिक आधार पर व्यवस्थित किया जाना है। जिसके लिये दिनांक 14.04.2021 को प्रातः 10.00 बजे से 15.04.2021 को प्रातः 11.00 तक आंमत्रित किये जाते है। सर्वोच्च ऑफर(एम.जी.क्यू) प्रस्तुत करने वाले आवेदक को दुकान का आवंटन किया जायेगा। दुकान का विवरण निम्न प्रकार है –

| क्र0 सं0 | दुकान का प्रकार | दुकान का नाम | शॉप आई0 डी0 | प्रास्थिति | निर्धारित M.G.Q. in B.L.) (2021-22) 36% V/V के टर्म में | वार्षिक बेसिक लाइसेंस फीस (रु0 में) | दैनिक एम.जी. क्यू (ब.ली. में) 36 प्रति0 वी/वी के टर्म में | दैनिक बेसिक लाइसेंस फीस (रु0 में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | देशी शराब | बरद्वारा | 6927 | ग्रामीण | 10572BL | 316722.00 | 29BL | 1030.00 |
| 2 | देशी शराब | सांईपुर | 34471 | ग्रामीण | 15636BL | 515950.00 | 43BL | 1527.00 |

उपरोक्त के सम्बन्धित विस्तृत विवरण जनपद की वेबसाईट पर अथवा जिला आबकारी अधिकारी कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है। अधिक जानकारी के लिये जिला आबकारी अधिकारी चित्रकूट अथवा क्षेत्रीय निरीक्षकों से सम्पर्क किया जा सकता है।

(शुभ्रान्त कुमार शुक्ल)
जिलाधिकारी/लाईसेंस प्राधिकारी
चित्रकूट।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी–33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादकः चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादकः विजय प्रकाश सिंह। फोनः ( 0522 ) 4036600 फैक्सः 2346443/2345582

# ब्रांच मैनेजर सहित तीन एसबीआईकर्मियों के कोरोना संक्रमित होने से मचा हड़कंप

संवाददाता। रूरा, कानपुर देहात

**भारतीय स्टेट** बैंक के शाखा प्रबन्धक सहित तीन लोगों के कोरोना संक्रमित होने पर हडकम्प मच गया। सीएचसी कर्मियों ने स्टेट बैंक स्टाफ सहित करीब एक दर्जन से अधिक ग्राहकों का एण्टीजन टेस्ट किया वहीं नगर पॅचायतकर्मियों ने स्टेट बैंक परिसर को सेनेटाइज किया। कोरोना संक्रमित पाये गये तीनों एसबीआई कर्मियों को होम क्वारॅटाइन किया गया है। मॅगलवार को स्टेट बैंक अपने निर्धारित समय पर चालू की गयी 11 बजे तक सब ठीक ठाक था अचानक शाखा प्रबन्धक विपिन कुमार ने अपने आपको कोरोना पाजीटिव फोन से बता हडकम्प मचा दिया। शाखा प्रबन्धक ने कोरोना जैसे लक्षण प्रतीत होने पर खुद ही टेस्ट कराया था, शाखा प्रबन्धक के कोरोना संक्रमित होने की जानकारी पर स्टेट बैंक कर्मियों का भी टेस्ट कराया गया जिसमें प्रभात कुमार व महिलाकर्मी कोरोना पाजीटिव पायी गयी। शाखा प्रबन्धक ने पहले से ही अपने आपको होम क्वॉरटाइन कर लिया था। दोनों बैंक कर्मियों को भी होम क्वॉरटाइन किया गया है। सीएचसी में तैनात स्वास्थ्यकर्मी मधुकर पाल ने अपने सहायक के साथ स्टेट बैंक परिसर में मौजूद ग्राहकों का भी कोरोना टेस्ट किया सभी के टेस्ट निगेटिव पाये गये। ईओ पवन किशोर मौर्य के निर्देश पर वरिष्ठ लिपिक वीएन सिंह नगर पॅचायतकर्मी सैनूर अहमद, याद कुमार यादव व राजेश रावत ने सफाईकर्मियों विकास कुशवाहा के साथ पूरे बैंक परिसर को सेनेटाइज किया।


स्टेट बैंक कर्मियों की कोरोना जॉच करते स्वास्थ्यकमी

**मंगलवार को 34 और कोरोना संक्रमित मिले:** जनपद में विभिन्न माध्यमों से कोरोना की जॉच में मॅगलवार को 34और लोग कोरोना संक्रमित पाये गये। मुख्य चिकित्साधिकारी राजेश कटियार ने बताया कि कुछ लोगों को होम क्वॉरटाइन कराया गया है वहीं कुछ लोगों को एल1 व एल 2 हास्पिटल में भर्ती कराया गया है।

# कन्टेन्मेंट जोन में निर्गत दिशा निर्देशों का कड़ाई से हो अनुपालनः डीएम

संवाददाता। कानपुर देहात

**मुख्य सचिव** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा कोविड-19 से सम्बन्धित कान्टेन्मेंट जोन निगरानी व अपेक्षित सॉवधानियों के विषय में निर्गत दिशा निर्देशों के तहत जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने बंद व खुले स्थानों के लिए अधिकतम व्यक्तियों की संख्या की जानकारी देते हुए बताया कि कोविड-19 के लिए निर्धारित प्रोटोकॉल तथा अपेक्षित सावधानियां बरतने के साथ कन्टेन्मेंट जोन के बाहर सामाजिक, धार्मिक, खेल, मनोरंजन, शैक्षिक, सॉस्कृतिक आदि कार्यक्रमों में लोगों के इकट्ठे होंने की व्यवस्था अग्रिम आदेशों तक निम्नवत होगी। किसी भी बंद स्थान यथा हॉल, कमरे की निर्धारित क्षमता का 50 प्रतिशत किन्तु एक समय में 50 व्यक्तियों तक ही फेसमास्क, सोशल डिस्टेसिंग, थर्मल स्कैनिंग व सेनेटाइजर एवं हैण्डवाश की उपलब्धता की अनिवार्यता के साथ आयोजन होंगे। खुले स्थान, मैदान पर ऐसे स्थानों के क्षेत्रफ्ल की 50 प्रतिशत से कम क्षमता तथा किन्तु एक समय में अधिकतम 100 व्यक्ति तक ही फेसमास्क, सोशल डिस्टेसिंग, थर्मल स्कैनिंग व सेनेटाइजर एवं हैण्डवाश की उपलब्धता की अनिवार्यता के साथ आयोजन होंगे। इसी प्रकार स्थानीय मण्डियों को इस प्रकार संचालित किया जाये, जिससे वहां फुटकर बिक्री आदि के कारण भीडभाड न हो सके एवं नियंत्रित तरीके से कार्य हो सके। यदि आवश्यक हो तो ऐसे स्थानीय मण्डियों को भीडभाड वाले स्थानों से दूर अथवा खुले स्थानों पर कोविड प्रोटोकाल के नियमों का पालन करते हुए स्थानान्तरित करने पर भी विचार करते हुए आवश्यक कार्यवाही की जाये।

## डीएम ने सामुदायिक स्वास्थ केंद्र देवीपुर का किया औचक निरीक्षण


डीएम देवीपुर के सीएचसी का निरीक्षण करते हुये

**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवीपुर का औचक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान कई डाक्टर अनुपस्थित पाये गये जिस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने उपस्थित रजिस्टर का मूल्यांकन किया जो इस बात को सिद्ध करता था कि यहां पर डाक्टर सही तरीके से कार्य नही कर रहे है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवीपुर एमओआईसी डॉक्टर विकास पर कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए निर्देशित किया कि चिकित्सकों की उपस्थिति शत प्रतिशत रहे तथा अनुपस्थित चिकित्सकों से स्पष्टीकरण लेने तथा वेतन रोकने के निर्देश दिए हैं वहीं कोविड-19 वैक्सीनेशन कक्ष का निरीक्षण किया जहां मात्र 20 टीकाकरण होने पर जिलाधिकारी ने उपस्थित डाक्टरों को फ्टकार लगाते हुए कहा कि हमारा लक्ष्य प्रतिदिन 300 व्यक्तियों का टीकाकरण का है, जबकि यहां के डाक्टर इस मानक को पूरा नही कर पा रहे है।

# नवरात्र के पहले दिन मां शैलपुत्री का पूजन किया गया

**कानपुर देहात।** ऋतु परिवर्तन के सूचक नवरात्र के प्रथम दिन मॉ शैलपुत्री का पूजन किया गया। हिन्दू धर्म में मॅगलवार को ही नव वर्ष का शुभारम्भ माना जाता है। इस मौके पर महिलाओं और भक्तों ने आदि शक्ति का पूजन कर महामारी के दौर से गुजर रहे जनपद को निजात दिलाने की मन्नत मॉगी। चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन ही भारतीय नवसॅवत्सर का प्रारम्भ माना जाता है। नवरात्र के प्रथम दिन मॉ शैलपुत्री के प्रथम स्वरूप का विधि विधान के साथ पूजन अर्चना किया गया। इस मौके पर भक्तों ने मॉ की आरती उतारी तथा कोरोना महामारी को समाप्त करने के लिये मॉ आदि शक्ति जगतजननी से आर्शीवाद मांगा।

# घाटमपुर में फिर 140 की जांच में 22 मिले कोरोना संक्रमित

संवाददाता। घाटमपुर

**सोमवार की** तरह आज मंगलवार को फ्रि घाटमपुर सीएचसी गेट में हुई 140 की जॉच में 22 लोगों कोरोना पॉतिटिव मिले, चिकित्साधीक्षक डा0 कैलाश चंद्रा ने बताया कि कोरोना पॉजिटिव पाये गये लोग कस्बा घाटमपुर के है जिन्हे होम कवारंटाइन के लिये कहा गया है। उधर पतारा सीएचसी में सोमवार की तरह मंगलवार को भी जॉच में सभी निगेटिव मिले, चिकित्साधीक्षक डा0 नीरज सचान ने बताया कि सीएचसी में 98 लोगों की जॉच हुई है जिसमें सभी निगेटिव पाये गये। क्षेत्र की तीसरी सीएचसी भीतरगांव में भी आज 57 की जॉच हुई, चिकित्साधीक्षक डा0 अजय मौर्या ने बताया कि सीएचसी गेट की जॉच में सभी निगेटिव पाये गये है। क्षेत्र में लगातार कोराना संक्रमितों के मिलने से लोग लॉक डाउन लगने की संम्भावना को लेकर अच्छे खासे परेशान नजर आ रहे हैं, यदपि प्रदेश के मुख्य मंन्त्री ने लॉक डाउन की संम्भानाओं को पूरी तरह से खारिज कर चुके हैं पर बाजारों में खरीद दारी के लिये लोगों की भीड़ उमड़ने के चलते आवश्यक वस्तुओं की कीमते बढ़ने लगी है। दो गज की सामाजिक दूरी और मास्क पहने के साथ कोरोना की गाइड लाइन का पालन करने को लेकर उप जिला मजिस्ट्रेट अरुण कुमार श्रीवास्तव ने लोगों को हिदायत दी है।

# एसपी ने बैठक कर ग्रामीणों से शांतिपूर्ण चुनाव प्रक्रिया में शामिल होने की करी अपील

**उन्नाव।** आगामी पंचायत चुनाव को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष कराने के साथ ही कोविड प्रोटोकॉल का शत प्रतिशत पालन हो इस दृष्टि से जिला प्रशासन और पुलिस के अधिकारी बैठकों का आयोजन कर आम जन में जागरूकता लाने का प्रयास कर रहे हैं। इसी के चलते वरिष्ठ अधिकारी गांव गांव भ्रमणकर शांतिपूर्ण चुनाव प्रक्रिया में लोगों से शामिल होने की अपील भी कर रहे हैं। मंगलवार पुलिस अधीक्षक आंनद कुलकर्णी शांतिपूर्ण चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न हो इसे लेकर मांखी थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम थाना व मेथीटीकुर के संवेदनशील और अतिसंवेदनशील बूथों में बैठक कर ग्रामीणों को कानून व्यवस्था की जानकारी दी। उन्होंने ग्रामीणों से कानून व्यवस्था के तहत शांतिपूर्वक चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने के लिए आम जन को जागरूक किया। इसी के साथ बढ़ते कोरोना संक्रमण के दृष्टिगत सभी से मास्क पहनने व सोशल डिस्टेन्शिंग का पालन करने की अपील करी।

# विस्तार से प्रशिक्षण प्राप्त देने के दिए निर्देश

संवाददाता। उन्नाव

**त्रिस्तरीय पंचायत** सामान्य निर्वाचन की चुनाव प्रक्रिया को प्रभावी ढंग से सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से प्रभारी जिलाधिकारी मुख्य विकास अधिकारी सरनीत कौर ब्रोका ने उपस्थित प्रशिक्षण अधिकारियों को निर्देश दिये कि निर्वाचन कार्मिकों को चुनाव से सम्बन्धित सभी जानकारियां विस्तार से अवगत करायें। उन्होंने यह भी कहा कि सैद्धांतिक एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण को बहुत ही बारीकी से समझाया जाये। प्रशिक्षण के दौरान निर्वाचन में उपयोग की जाने वाली स्टेशनरी को देखा तथा जिन कमरों में मत पेटिका के संचालन के बारे में प्रशिक्षण दिया जा रहा था का निरीक्षण करने के बाद उपस्थित और अनुपस्थित कार्मिकों के बारे में भी नियमानुसार कार्यवाही किये जाने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन की चुनाव प्रक्रिया से संबंधित प्रशिक्षण मंगलवार को एसवीएम इंटर कॉलेज संत पूरन दास नगर उन्नाव में जिला प्रशिक्षण अधिकारी देवेश संचान, समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेन्द्र भदोरिया सहित अन्य अधिकरियों द्वारा नियुक्त कार्मिकों को दो पालियो में आयोजित प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए प्रमुख रूप से जिला प्रशिक्षण अधिकारी देवेश संचान ने उपस्थित कार्मिकों का हौसला बढ़ाते हुये कहा कि सभी को अपने कर्तव्य एवं दायित्वों का निर्वाहन करते हुये तथा कोविड-19 के प्रोटोकाल का स्वयं एवं मतदाताओं को नियमों का पालन कराते हुये निर्वाचन सम्पन्न कराने में अहम भूमिका का निर्वाहन करना है। उन्होंने मत पेटिका, मत पेटिकाओं के संचालन आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। आज के प्रशिक्षण की प्रथम पाली में 59 कार्मिक अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में 59 मतदान कार्मिक कुल 118 मतदान कार्मिक प्रशिक्षण में अनुपस्थित पाये गये। जिला समाज कल्याण अधिकारी/सहायक कार्मिक अधिकारी ज्ञानेन्द्र भदौरिया ने बताया कि निर्वाचन प्रक्रिया को बहुत ही बारीकी से समझने की आवश्यकता है।



# हर्षोल्लास के साथ संतों ने नवसंवत्सर का किया स्वागत

● जगद्गुरु परमहंस आचार्य ने नवसंवत्सर पर सूर्य भगवान का किया पूजन, दंडवत परिक्रमा करते हुए श्री राम लला का किया दर्शन

संवाददाता। अयोध्या


नव संवत्सर पर पूजन करते जगतगुरु परमहंस जी महाराज — पायनियर

**श्रीराम** लला की नगरी अयोध्या में भारतीय नववर्ष का चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से प्रारंभ होने पर संतों परंपरागत सनातन रिकी रिवाज से बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया। संतो ने कोविड प्रोटोकॉल का ध्यान रखते हुए अपने मठ मंदिरों में भगवान की भव्य आरती पूजा किया।तपस्वी छावनी के जगतगुरु परमहंस आचार्य ने संतों के साथ सनातनी परंपरा से भगवान सूर्य का आरती पूजन कर भारतीय नववर्ष का स्वागत किया। इस दौरान बिगुल शंखनाद कर घंटा घरियाल के साथ सूर्य भगवान की भव्य महाआरती की गई।तपस्वी छावनी के जगतगुरु परमहंस अचार्य ने बताया कि आज चैत्र शुक्ल प्रतिपदा हिंदू नव वर्ष है। आज के दिन से ही सृष्टि का आरंभ हुआ था लेकिन जब बीच में मुगल काल और ब्रिटिश शासन आई तो लोग अपना ही हिंदी नव वर्ष भूल गए। भारतीय संस्कृति को पुनः प्रतिष्ठित करने के लिए और स्वच्छ भारत व समृद्धि भारत बने इसके लिए आज संतो के साथ बड़े ही नव वर्ष का धूमधाम से स्वागत किया गया। इस दौरान वैदिक रीति से पूजन अर्चन और मंत्रोउच्चारण किया गया। वैश्विक कोरोना महामारी से देश को बचाने के लिए जगतगुरु परमहंस आचार्य ने भगवान श्री रामलला से कामना किया कि नए वर्ष के प्रारंभ के साथ पूरा देश इस महामारी से मुक्त हो।इसके लिए श्री महाराज जी तपस्वी छावनी से लेटकर दंडवत मुद्रा में प्रणाम करते हुए राम लला के दर्शन किए।

श्री महाराज जी तपस्वी छावनी से मुख्य मार्ग होते हुए हनुमानगढ़ी के रास्ते श्री राम जन्मभूमि में विराजमान श्री रामलला का दर्शन पूजन किया। जगतगुरु ने बताया कि देश में बढ़ते महामारी को देखते हुए आज चैत्र शुक्ल नववर्ष प्रतिपदा पर आज अपने स्थान से निकलकर दंडवत की मुद्रा में रामलला तक यात्रा कर यह मनोकामना किया कि भारत स्वच्छ सुंदर और समृद्धि बनी अब देश में रहने वाले लोग इस महामारी से मुक्त हो। वही कहा कि देश में मुग़ल बा ब्रिटिश शासन के द्वारा सनातन की परंपरा को समाप्त कर दिया गया आज एक बार फिर इस परंपरा को जीवित रखने के लिए नव वर्ष के प्रति प्रताप पर लोगों से अपील करते हैं कि आज के दिन लोग नववर्ष को बड़े ही धूमधाम से मनाएं और को भी प्रोटोकाल के तहत अपने घरों में पूजन अर्चन करें।

# कोने-कोने तक पहुंचायेंगे मोदी सरकार की उपलब्धियां: डा. वेदांती

संवाददाता। अयोध्या


नमो संस्थान कार्यालय का उद्घाटन करते राघुवेशदास वेदांती दास वेदांती

**ब्रम्हऋषि** डां राम विलास दास वेदांती जी के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष डा. राघुवेशदास वेदान्ती जी व सहसंस्थापक राष्ट्रिय महासचिवव श्री जय प्रकाश सिंह ने एदीप प्रज्ज्वलित कर लोक चेतना नमो संस्थान के कार्यालय का किया उदघाट्न ।संस्था के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष डाग्रामविलास वेदांती जी से वीडिओ कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अपनी शुभकामनायें दी और लोक चेतना नमो संस्थान के उद्देश्यों व कार्यों के बारे में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा अभी तक मैं समय.समय पर राष्ट्रहित और समाज हित के लिए उद्देश्य पूर्ण अलग अलग मिशन को दिशा देता आया हूँ ए चाहे मिशन गंगा सफाई अभियान ए गौ सरंक्षण ए हिन्दू जन जाग्रति मिशन ए राम मंदिर निर्माण की अलख व मिशन मोदी अगेन पीएम आदि जैसे आयोजनों की बात करें। इन सभी आयोजनों के माध्यम से मोदी सरकार की अच्छी नीतियों अच्छे कार्यों को लोगों तक पहुँचाने का कार्य निरंतर करता आया हूँ । मोदी जी के प्रति व मोदी सरकार के प्रति लोगों में विश्वास जगाने का कार्य। इन सभी आयोजनों को सफल करते आया हूं और अब एक ऐसे मिशन को बढ़ाने जा रहे है। जिसके अंतर्गत छोटे बड़े सभी आयोजनो को जमीनी स्तर पर ले जाने का कार्य किया जायेगा।इस संस्था का नाम बड़ा ही व्यापक व उद्देश्य पूर्ण है। एजिसके प्रेरणास्त्रोत देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री माननीय मोदी जी है। इसके अंतर्गत भारतीय संस्कृति के उत्थान के लिए एराष्ट्र व समाज हित के लिए लगातार मिशन के रूप में अलग अलग कार्यों को संचालित किया जायेगा। जिससे मोदी सरकार की उपलब्धियाँ अच्छे विचार और कार्य भारत के कोने कोने तक पहुँचे। इस अवसर पर स्वामी सत्येंद्रदास जी स्वामी माधवा चार्य जी स्वामी प्रेम नारायण दास श्री शरद पाठक मित्र मंच संस्थापकए श्री अभय पाण्डेय जी ए वेस्टीज कंपनी के डायरेक्टटर श्री अमित दुबे जी ए स्वामी कुलदीप दास जी श्रीमती सरिता शर्मा आचार्य किशोर शास्त्री जीएशैलेन्द्र कुमार शर्मा जी व अशोक सम्राट सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

कार्यालय परियोजना प्रबंधक, गोमती प्रदूषण नियंत्रण इकाई तृतीय (वि./याँ.), उ0प्र0 जल निगम, 22, जापलिंग रोड, लखनऊ
अल्पकालीन निविदा सूचना
पत्रांक : 494/विविध-6/17
दिनांक : 07.04.2021
इस कार्यालय द्वारा 'डिपाजिट वर्क' के अन्तर्गत एच0ए0एल0 कोरवा, अमेठी के 2.5 एम0एल0डी0 सीवेज ट्रीटमेण्ट प्लान्ट का संचालन एवं अनुरक्षण हेतु इस इकाई द्वारा निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसका विवरण जल निगम की साइट गोमती एक्शन www.upjn.org पर उपलब्ध है। निविदा प्रपत्र दिनांक 17.04.2021 से दिनांक 28.04.2021 तक निम्नलिखित सम्बन्धित कार्यालय से कार्य दिवस में क्रय की जा सकती है। 1. परियोजना प्रबंधक, चतुर्थ निर्माण इकाई (वि0/याँ0) उ0प्र0 जल निगम, लखनऊ। 2. परियोजना प्रबंधक, गोमती प्रदूषण नियंत्रण इकाई, तृतीय (वि0/याँ0) उ0प्र0 जल निगम, लखनऊ।

# प्रधानमंत्री आवास योजना के नियमों की उड़ाई जा रही है धज्जियां

संदीप जायसवाल। टाण्डा अम्बेडकरनगर

● मकदूमनगर ग्राम प्रधान रामनेवल ने अपनी पत्नी के नाम पास कराया आवास

**प्रधानमंत्री** आवास योजना मे लगा भ्रष्टाचार का घुन समाप्त होने का नाम नहीं ले रहा है। एक के बाद एक अपात्रों को नियम विरुद्ध तरीके से योजना का लाभ दिए जाने का मामला सामने आ रहा है। गरीबों के सिर पर छत दिए जाने के लिए चलाया गया प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट प्रधानमंत्री आवास योजना में प्रधानमंत्री के सपनों को जिम्मेदार कर्मचारी मिलकर चकनाचूर करने में लगे है। ताजा मामला टाण्डा विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत जोत जैना का है। यहां के ग्राम प्रधान राम नेवल पर अपनी पत्नी गायत्री के नाम बीते सत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का लाभ लेने का आरोप लगा है। आरोप है कि ग्राम प्रधान ने पंचायत सचिव से मिलीभगत कर योजना का नियम विरुद्ध तरीके से लाभ हासिल किया है। यह पहली बार नहीं है जब योजना का लाभ अपात्र को मिला हो। इससे पूर्व भी नियमों को ताक पर रखकर अपात्रो को लाभ दिए जाने का मामला चर्चा में आया था। टाण्डा विकासखंड के ग्राम पंचायत खासपुर में सफाई कर्मी के तौर पर नियुक्त टाण्डा नगर पालिका क्षेत्र के नेहरू नगर के मेहनियां मुहल्ला निवासी रत्तीलाल पर अपनी पत्नी सुशीला के नाम से प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी का लाभ लेने का आरोप लगा था मामले की शिकायत होने के बाद प्रकरण की जांच डोडा विभाग के परियोजना निदेशक को सौंपी गई थी। पहले अधिकारी इस मामले में लीपापोती करने में जुटे थे। हालांकि बाद में मामले की जांच शुरू हो सकी। दूसरा मामला टाण्डा नगर पालिका परिषद में कार्यरत एक लिपिक द्वारा अपने बेटे के नाम पर प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी का लाभ लेने का आरोप लगा था। मामले में कार्यवाही करने को कौन कहे जिम्मेदार अधिकारी दोषी कर्मचारियों को ही बचाते दिख रहे हैं। इस बाबत खंड विकास अधिकारी राकेश प्रसाद ने बताया कि मामले की जानकारी नही हैं इस बाबत जानकारी कराई जाएगी।

# भगवान की कथा भगवान से मिला देती है: महंत देवेंद्रप्रसादाचार्य जी

संवाददाता। अयोध्या



**चक्रवर्ती** श्री दशरथ राजमहल बड़ा स्थान में श्रीराम लला के जन्मोत्सव पर नौ दिवसीय श्रीराम कथा का शुभारंभ करते हुए विंदुगद्याचार्य मंहत श्री देवेन्द्रप्रसादाचार्य जी महाराज ने कहा कि भगवान की कथा भगवान से मिला देती है। भगवान की कथा से भगवान द्रवित हो जाते है और प्रसन्न होकर जीव का कल्याण कर देते है। श्री महाराज जी ने कहा जगतगुरु रामानुजाचार्य स्वामी रत्नेश प्रपन्नाचार्य जी महाराज की कथा बहुत सरल है जो सभी के समझ में आ जाती है और वही कथा व्यास सफल होता है जिसकी कथा श्रवण करने वाला आसानी से समझ जाता है। श्री महाराज जी ने कहा कि कथा श्रवण से सभी व्याधि समाप्त हो जाती है। विश्व में व्याप्त कोरोना महामारी भी समाप्त हो जायेगी। लेकिन हम सभी को कोरोना गाइडलाइन का पालन करते हुए कथा श्रवण करना है। श्री राम कथा के उद्घाटन अवसर पर लक्ष्मण किलाधीश मंहत मैथिली राम शरण जी महाराज ने कहा कि भगवान श्री राम की कथा सभी दुखों को दूर करती है और श्री दशरथ राजमहल में भगवान के जन्म उत्सव और विवाह उत्सव पर भगवान की कथा श्रवण का सौभाग्य दशरथ महल के श्री महाराज जी के आशीर्वाद से प्राप्त होता है। कथा श्रवण से सभी दुख संताप समाप्त हो जाते हैं और वर्तमान समय में पूरा विश्व वैश्विक महामारी कोरोना से दुखी है भगवान की कथा सबके दुख को समाप्त कर देगी। व्यासपीठ से जगतगुरु रत्नेश प्रपन्नाचार्य जी महाराज ने भगवान के कथा की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान की कथा सभी जीव को तार देती है और कथा यदि प्रभु श्री राम के जन्मोत्सव पर श्रीधम अवध में श्रवण की जाए तो उसका फल कई गुना बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि चक्रवर्ती दशरथ राजमहल बड़ा स्थान के महंत बिंदुगद्याचार्य देवेंद्रप्रसादाचार्य जी महाराज के आशीर्वाद से श्री अवध धाम में प्रभु श्री राम की कथा उनके जन्मोत्सव पर सुनाने का अवसर प्राप्त हुआ। मैं श्री महाराज जी का आभार व्यक्त करता हूं। श्री राम कथा के अवसर पर श्री राम कथा के मर्मज्ञ रामायणी रामशरण दास जी महाराज महंत राम कुमार दास जी महाराज नागा हरिदास जी महाराज महंत राम कृष्ण दास जी महाराज नंद कुमार मिश्र पेड़ा महाराज अंजनी दास सहित दर्जनों संतो ने अपने विचार व्यक्त किए। श्री राम कथा में आए संतों का स्वागत श्री राम कथा के व्यवस्थापक कृपालु जी राम भूषण दास जी महाराज ने किया।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल-चतुर्थ, सिस गोमती-लेसा, मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि0 82-83 इन्द्रलोक हाईडिल कालोनी, कृष्णानगर, लखनऊ (ई-निविदा आमंत्रण सूचना)
विद्युत वितरण मण्डल-चतुर्थ, लेसा-सिस गोमती, लखनऊ के कार्य क्षेत्रान्तर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा में प्रथम भाग में लगाये जाने वाले सभी प्रपत्रों का विवरण एवं धरोहर धनराशि, निविदा प्रपत्र मूल्य का विवरण तथा अन्य समस्त नियम व शर्तें निविदा प्रपत्र से अवलोकन करना सुनिश्चित करें जो कि उ0प्र0 सरकार की ई-टेन्डर वेबसाइट http:// etender.up.nic.in पर 28.04.2021 को 12:00 बजे तक डाउनलोड किये जा सकते हैं, जिसका प्रथम भाग उसी दिन को 16:00 बजे अथवा बाद में खोला जायेगा। यदि निविदा खुलने की तिथि को सार्वजनिक अवकाश पड़ता है तो निविदायें अगले कार्यदिवस में नियत समय पर खोली जाएगी। निविदा में यदि कोई भी संशोधन अथवा निविदा खोलने की तिथि में विस्तार एवं निविदा द्वितीय भाग खोले जाने की सूचना उ0प्र0 सरकार की ई-टेण्डर वेबसाइट पर उपलब्ध कराई जाएगी। अधोहस्ताक्षरी को एक अथवा समस्त निविदा प्रपत्र को बिना कारण बताये निरस्त/विभक्त करने का अधिकार सुरक्षित है। निविदा का विवरण निम्नवत् है :- **अल्पकालीन ई-निविदा सूचना सं0 06/2021-22**
1. वि0वि0ख0, सेस-द्वितीय, सिस गोमती, लेसा, लखनऊ के अधीनस्थ स्थापित मीटरों को कम ऊँचाई पर स्थापित करने हेतु। निविदा प्रपत्र 1180.00 (जीएसटी सहित), धरोहर राशि रू0 5,000.00। **अल्पकालीन ई-निविदा सूचना सं0 07/2021-22**
2. वि0वि0ख0, सेस-तृतीय, सिस गोमती, लेसा, लखनऊ के अधीनस्थ स्थापित मीटरों को कम ऊँचाई पर स्थापित करने हेतु। निविदा प्रपत्र 1180.00 (जीएसटी सहित), धरोहर राशि रू0 5,000.00। **अल्पकालीन ई-निविदा सूचना सं0 08/2021-22**
3. वि0वि0ख0, सेस-चतुर्थ, सिस गोमती, लेसा, लखनंऊ के अधीनस्थ स्थापित मीटरों को कम ऊँचाई पर स्थापित करने हेतु। निविदा प्रपत्र 1180.00 (जीएसटी सहित), धरोहर राशि रू0 5,000.00। **अल्पकालीन ई-निविदा सूचना सं0 09/2021-22**
4. वि0वि0ख0, सेस-द्वितीय, सिस गोमती, लेसा, लखनऊ के अधीनस्थ सिंगल फेस इलेक्ट्रानिक मीटरों की स्थापना का कार्य। निविदा प्रपत्र 1180.00 (जीएसटी सहित), धरोहर राशि रू0 5,000,00। **अधीक्षण अभियन्ता (चतुर्थ)** पत्रांक संख्या : 34/वि0वि0मं0(च0) /कैम्प/निविदा दिनांक :13.04.2021 "राष्ट्र हित में बिजली बचायें"

# हत्या व आत्महत्या के बीच उलझी ज्योति की मौत की कहानी

● दोनों मासूम बच्चों की जिंदगी भंवर में उलझी

● मासूम चेहरे को देख हर कोई द्रवित

संवाददाता। अम्बेडकरनगर


मृतका ज्योति के मासूम बच्चे — पायनियर

**बसखारी** थाना क्षेत्र के अंतर्गत स्थित मझगवां में संदिग्ध परिस्थितियों में घर में मिले विवाहित महिला के शव को लेकर हत्या या आत्महत्या के सवालों के बीच दो मासूम अबोध बच्चों की आगे की जिंदगी उलझ कर रह गई है। घटना के बाद घटनास्थल पर मौजूद दोनों बच्चों के मासूमियत भरे चेहरे एवं उनके भविष्य के बारे में सोचते हुए बरबस ही लोगों की आंखों से आंसू छलक रहे थे। साथ ही घटना को लेकर आरोपी ससुराल जनों के प्रति आक्रोश भी लोगों के चेहरे से स्पष्ट झलक रहा था। बताया जाता है कि 3 मई 2015 को मृतक ज्योति श्रीवास्तव पुत्री कौशल निवासी घेरवा मरौचा का विवाह संदहा मझगवां के बुढ़िया पुर पूर्वे के निवासी आलोक कुमार श्रीवास्तव के साथ धार्मिक विधि विधान के साथ हुआ था। आरोप है कि ससुर श्रीनिवास, सास चंद्रावती ,ननद अंशिका व पति आलोक शादी के कुछ समय बाद से ही मृतक विवाहिता से दहेज की मांग को लेकर अक्सर उसका उत्पीड़न करते थे। मायके वालों की तरफ से इसी होली के पहले मृतक ज्योति एवं परिवार के बीच कुछ विवाद होने की बात बताई गई। जिसके परिणाम स्वरूप मृतक ज्योति अपने मायके चली आई थी और काफी मान मनौव्वल के बाद कुछ ही दिन पहले वह अपनी ससुराल गई थी।कि इसी बीच सोमवार की सुबह उसका शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर में पाया गया। जबकि मृतक महिला के बच्चों के साथ कमरे में सोने की बात बताई जा रही थी। परिवार वालों के द्वारा पहले तो शव को फंदे से लटकने की बात और उसके बाद तबीयत खराब होने के बाद इलाज के लिए ले जाते समय मौत होने की बात भी बताई गई। जबकि पति के द्वारा बाहर रहने की वजह से घटना कैसे हुई इस पर अनभिज्ञता प्रकट की गई।फिलहाल अगर इन बातों पर गौर करें तो यह किसी षड्यंत्र का हिस्सा भी हो सकता है। यह षड्यंत्र के साथ हत्या है या आत्महत्या इसकी स्थित पुलिस की जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। फिलहाल इस मामले में बसखारी पुलिस ने आरोपी सास चंद्रावती देवी ,ससुर श्रीनिवास ननंद अंशिका एवं पति के विरुद्ध मृतक विवाहित महिला के पिता कौशल के द्वारा मिली तहरीर के आधार पर मामले से संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर तेजी से घटना का खुलासा करने के प्रयास में जुट गई है।मामला हत्या का है या आत्महत्या का , यह पुलिस की तफ्तीश व पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद तो स्पष्ट हो जाएगी लेकिन मृतक विवाहित महिला की साढे 4 वर्षीय पुत्री सोरा एवं 2 वर्ष के लगभग के पुत्र शिवा की जिंदगी जीवन के भंवर जाल में उलझ कर रह गई है। घटना के लिए छोटी ननंद को दोषी मानने वाले मायके वालों की माने तो मृतक विवाहिता की पुत्री साढे 4 वर्ष की लगभग सोरा अपने दादा दादी पर ही अपनी मां की गला दबाकर हत्या करने की बात बता रही है। फिलहाल यह पुलिस की जांच का विषय है। वही पोस्टमार्टम के बाद मंगलवार की सुबह मृतक विवाहित महिला का अंतिम संस्कार कर दिया गया है।

# जिले में अपराधियों के खिलफ पुलिस का बड़ा अभियान

● माफिया खान मुबारक समेत अन्य अपराधियों की ढाई करोड़ से अधिक की सम्पत्ति कुर्क

**अम्बेडकरनगर।** जिले में हंसवर, बसखारी व कोतवाली अकबरपुर पुलिस द्वारा उत्तर प्रदेश गैंगेस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए लगभग तीन करोड़ पचास लाख रूपये की अवैध सम्पत्ति कुर्क की गई है। हंसवर पुलिस ने प्रदेश के टाप टेन कुख्यात अपराधी माफिया खान मुबारक द्वारा अवैध तरीकों से सहयोगियों के नाम खरीदी गई लगभग 25 लाख रूपये कीमत की जमीन को मंगलवार को कुर्क कर दिया गया। यह बेनामी सम्पत्ति ग्राम सेमरा नसीरपुर में थी जो उसने अपने साथियों के नाम से खरीदी थी। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेश के अनुपालन में पुलिस ने सात व बारह बिस्वा जमीन को कुर्क कर दिया। यह जमीन शाहिया खातून निवासनी हटवा तथा शितारूल निशा निवासी हटवा के नाम से खरीदी गई थी। इसके पूर्व गत वर्ष भी खान मुबारक की लगभग सवा दो करोड़ की सम्पत्ति को प्रशासन ध्वस्त करवा चुका है। अकबरपुर पुलिस ने रियाज, लक्ष्मी तथा नवी सरवर निवासी लोरपुर ताजन द्वारा अर्जित की गई सम्पत्तियों को भी कुर्क कर दिया गया। रियाज का लोरपुर ताजन में लगभग 35 लाख रूपये कीमत का मकान कुर्क किया गया। लक्ष्मी का लोरपुर ताजन व शहजादपुर मालीपुर मार्ग पर स्थित मकान व जमीन, जिसकी कीमत लगभग नब्बे लाख रूपये है, को कुर्क किया गया। नवी सरवर का भी जिला मुख्यालय पर स्थित मकान व लोरपुर ताजन में स्थित जमीन, जिसकी कीमत लगभग एक करोड़ रूपये है, को कुर्क किया गया। बसखारी पुलिस ने भी हत्यारोपी नरोत्तम मौर्या व शिव प्रकाश मौर्या की लगभग एक करोड़ की सम्पत्ति को कुर्क किया गया।

कार्यालय, उप निदेशक (निर्माण)
राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, देवीपाटन (गोण्डा)
पत्रांकः नि0ख0देवी(गोण्डा)/(निविदा प0)/2021- 1208 दिनांकः-13/04/2021
अति अल्पकालीन निविदा सूचना
त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन-2021 की व्यवस्थान्तर्गत निम्नलिखित मरम्मत कार्यों हेतु मण्डी परिषद में पंजीकृत तथा वित्तीय रूप से सुदृढ़ ठेकेदारों/फर्मों से दिनांकः-24.04.2021 को अपरान्ह 3.00 बजे तक सीलबन्द निविदाएं उप निदेशक (निर्माण) मण्डी परिषद, देवीपाटन (गोण्डा) के कार्यालय में आमंत्रित की जाती हैं। जो उसी दिनांक को 3.30 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा मनोनीत प्रतिनिधि द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र उप निदेशक (निर्माण) कार्यालय मण्डी परिषद, देवीपाटन (गोण्डा), उप निदेशक (प्रशा0/विपणन) मण्डी परिषद, अयोध्या एवं भारतीय स्टेट बैंक, नवीन फल सब्जी मण्डी स्थल, गोण्डा से भी दिनांकः-23.04.2021 तक क्रय की जा सकती है। विवरण निम्न प्रकार हैः-

| क्र0 सं0 | कार्य का विवरण | कार्य की लागत रु0 लाख में GSTरहित) | धरोहर धनराशि (रु0 लाख में) | निविदा का मूल्य GST सहित) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | पंजीकृत ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन 2021 हेतु अधिग्रहीत नवीन मण्डी स्थल नानपारा जनपद बहराइच में 12x44मी0 01 नग नीलामी चबूतरे की टीनशेड बदलने एवं फर्श की मरम्मत एवं 05 नग "अ" श्रेणी की दुकानों की आन्तरिक पुताई का कार्य। | 8.53 | 0.85 | 590.00 | 05 दिन | "द" |
| 2 | त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन 2021 हेतु अधिग्रहीत उप गण्डी स्थल कैसरगंज,. जनपद बहराइच में 12x88मी0 01 नग नीलामी चबूतरे के 12x52 मी0 छायादार नीलामी चबूतरे के फर्श एवं दिवारों का मरम्मत कार्य। | 8.70 | 0.87 | 590.00 | 05 दिन | "द" |

मुख्य शर्तें :- 1. निविदा क्रय करते समय निविदा का मूल्य नगद कार्यालय में जमा करना होगा, जो नान रिफण्डेबल होगा। 2. निविदा की धरोहर धनराशि जमानत खाता सं0-30394522015 आई0एफ0एस0सी0 कोड सं0- SBIN0014612 उप निदेशक (निर्माण) के नाम आर0टी0जी0एस0 करना होगा, जिसका बैंक से सत्यापित यू0टी0आर0 नम्बर निविदा क्रय के समय प्रस्तुत करना होगा। 3. शासनादेश सं0-8/2017/836/23.07.17-176(सा0)/06 दिनांकः-08.06.2017 के अनुसार कार्यों की विभागीय दरों से ठेकेदार द्वारा 10 प्रतिशत बिलो तक 0.50 प्रतिशत प्रति 1 प्रतिशत कम दर पर तथा 10 प्रतिशत से अधिक कम दर डालने पर 01 प्रतिशत (निविदा लागत पर) परफार्मेंस सिक्योरिटी की धनराशि अतिरिक्त देय होगी। 4. शेष नियम एवं शर्तें तथा अन्य विवरण अधधोहस्ताक्षरी कार्यालय में किसी भी कार्यदिवस में देखी व पढ़ी जा सकती हैं।
(महेश कुमार खरे)
प्र0उप निदेशक (निर्माण)

# शासन के निर्देशों को ताख पर रख कन्टेनमेंट जोन बना रहा प्रशासन

संवाददाता। अम्बेडकरनगर

● स्वास्थ्य केन्द्रों पर संक्रमित पाये जा रहे कर्मचारी, फिर भी हो रहा टीका करण

● लोगों के जीवन के साथ यह कैसा मजाक

**विश्वव्यापी** महामारी कोविड -19 पर नियंत्रण पाने के लिए सरकार प्रतिदिन नये -नये दिशा निर्देश जारी कर रही है । संक्रमित क्षेत्रों में कन्टेनमेंट व माइक्रो कन्टेनमेंट जोन बनाकर संक्रमण को नियंत्रित करने के निर्देश हैं। संक्रमित व्यक्ति के सम्पर्क में आये लोगों की जल्द से जल्द जांच कराये जाने के भी आदेश हैं पर संक्रमित व्यक्तियों की लगातार बढ़ रही संख्या से सरकार के यह दिशा निर्देश अधिकांश क्षेत्रों में महज कागजों पर ही देखे जा रहे हैं। यदि यूं कहा जाए कि बढ़ते संक्रमण के कारण व्यवस्थायें पटरी से उतर रही हैं तो कोई गलत नही होगा। ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में कहीं -कहीं कन्टेनमेंट जोन तो बनाये जा रहे हैं लेकिन सरकारी कार्यालयों को इससे अलग रखा जा रहा है जबकि नियमानुसार जिस स्थान पर संक्रमित व्यक्ति रह रहा हो अथवा काम कर रहा हो, उस स्थान को विसंक्रमित करने के लिए उसे 48 घंटे तक कन्टेनमेंट जोन में बदलना आवश्यक है। यहां हैरत की बात यह है कि मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में कार्यरत उपमुख्य चिकित्साधिकारी व एक लिपिक में संक्रमण की पुष्टि होने के बाद सीएमओ कार्यालय को तो कन्टेनमेंट जोन घोषित कर दिया गया लेकिन यही स्थिति अन्य स्थानों पर पाये जाने के बाद ऐसा क्यों नही किया गया। उदाहरण के तौर पर शुरूआत जिला अस्पताल से करते हैं। जिला अस्पताल के एमसीएच विंग में आरटीपीसीआर जांच का सैम्पल लेने वाला लैब टैक्नीशियन संक्रमित पाया गया। इसके अलावां इसी विंग में काम करने वाली एक स्टाफनर्स भी संक्रमित पाई गई लेकिन स्वास्थ्य विभाग के रहनुमाओं ने एमसीएच विंग को कन्टेनमेंट जोन घोषित करने से किनारा कस लिया। गंभीर बात तो यह रही कि उसी कक्ष में दूसरे दिन लोगों की आरटीपीसीआर जांच की सैम्पल ली गई तथा उसी विंग में एन्टीजन टेस्ट कराने के साथ ही टीकाकरण का कार्य भी कराया जा रहा है। यही हाल प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बेवाना का भी रहा । यहां पर कार्यरत फार्मासिस्ट रविवार को संक्रमित पाया गया लेकिन पीएचसी को विसंक्रमित किये बिना ही सोमवार को भी वहां कोविड का टीकाकरण कराया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र टाण्डा का भी यही हाल रहा। प्रश्न यह उठता है कि क्या सीएमओ कार्यालय के कर्मचारी के संक्रमित पाये जाने के बाद वहां के लिए शासन के दिशा निर्देश अलग हैं तथा अन्य चिकित्सालयों में कर्मचारियों के संक्रमित पाये जाने के बाद उसके दिशा निर्देश अलग। जाहिर है अधिकारी सरकार के दिशा -निर्देशों को ताख पर रखकर काम कर रहे हैं।

# मंगलवार को टूटा गत वर्ष का रिकार्ड

संवाददाता। अम्बेडकरनगर

**मंगलवार** को आये संक्रमित लोगों की संख्या ने जिले के अब तक के पुराने रिकार्ड को पीछे छोड़ दिया। गत वर्ष दस सितम्बर को जिले में सर्वाधिक 51 लोग संक्रमित पाये गये थे जो जिले में संक्रमण का सबसे बड़ा आंकड़ा था लेकिन मंगलवार को यह आंकड़ा भी पीछे छूट गया और 52 लोगों में संक्रमण की पुष्टि हुई। संक्रमित व्यक्तियों की संख्या में लगातार हो रही बढ़ोत्तरी के बावजूद लोग सरकार की गाइड लाइन का मजाक उड़ाते देखे जा रहे हैं। प्रशासन ने भी उन्हें उनके हाल पर छोड़ रखा है। किसी भी दुकान अथवा सार्वजनिक स्थान पर न तो सामाजिक दूरी का पालन हो पा रहा है और न ही लोग मास्क का प्रयोग कर रहे हैं। संभवत: यही कारण है कि संक्रमित व्यक्तियों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। जिले में संक्रमित व्यक्तियों की कुल संख्या 244 पर पंहुच गई है। मंगलवार को सात लोग स्वस्थ हुए।

# भाजपा ने घोषित किए जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी

## ● सीतापुर में 79 प्रत्याशियों का ऐलान, मायूस हुए कई चेहरे

संवाददाता। सीतापुर

**बहुप्रतीक्षित भाजपा** की सीतापुर जिला पंचायत सदस्य पदों के प्रत्याशियों की सूची मंगलवार को जारी कर दी गई। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने सभी 79 सीटों पर पार्टी के प्रत्याशियों के नाम घोषित कर दिए। जारी सूची पर निगाह डालें तो कई दिग्गजों के नाम नदारद हैं। यानी तमाम चर्चित दावेदारों को भाजपा की सूची में जगह नहीं मिली है। भाजपा की सूची में वार्ड-1 बेहटा प्रथम से रामजीवन जायसवाल, वार्ड-2 बेहटा द्वितीय से प्रेम कुमारी भार्गव, वार्ड-3 बेहटा तृतीय से संतोश कुमार मौर्य, वार्ड-4 बेहटा चतुर्थ से किरन कनौजिया, वार्ड-5 बेहटा व सकरन से विमला राज, वार्ड-6 सकरन प्रथम से रोहित कुमार वर्मा, वार्ड-7 सकरन द्वितीय से मोहले राम, वार्ड-8 सकरन तृतीय से गीता देवी भारती, वार्ड-9 सकरन व लहरपुर से बाबू निशाद, वार्ड-10 लहरपुर प्रथम से षिवषंकर वर्मा, वार्ड-11 लहरपुर द्वितीय से निर्मला वर्मा, वार्ड-12 लहरपुर व हरगांव से मेनका वर्मा, वार्ड-13 हरगांव प्रथम से संदीप कुमार , वार्ड-14 हरगांव द्वितीय से अवनीष सिंह, वार्ड-15 हरगांव तृतीय से महेष्वरी भार्गव का नाम षामिल है। वार्ड-16 हरगांव चतुर्थ से कमला देवी, वार्ड-17 हरगांव व परसेंडी से सुनील कुमार, वार्ड-18 परसेंडी प्रथम से श्रीप्रकाष, वार्ड-19 परसेंडी द्वितीय से दयावती, वार्ड-20 परसेंडी तृतीय से गंगाराम राजवंषी, वार्ड-21 परसेंडी व खैराबाद से किरन वर्मा, वार्ड-22 खैराबाद प्रथम से राजाराम भार्गव, वार्ड-23 खैराबाद द्वितीय से छबीले, वार्ड-24 खैराबाद तृतीय से अनूप कुमार त्रिपाठी, वार्ड-25 खैराबाद व ऐलिया से कौषल त्रिपाठी, वार्ड-26 ऐलिया प्रथम से गुड्डू देवी, वार्ड-27 ऐलिया द्वितीय से ज्ञानवती दीक्षित, वार्ड-28 ऐलिया तृतीय से अषोक कुमार राठौर, वार्ड-29 ऐलिया व महोली से रोली सिंह, वार्ड-30 महोली प्रथम से षिव कुमारी, वार्ड-31 महोली द्वितीय से अमित मिश्रा को भाजपा ने प्रत्याषी बनाया है। इसी क्रम में वार्ड-32 महोली व पिसावां से ओमकार वर्मा, वार्ड-33 पिसावां प्रथम से अवधेष मौर्या, वार्ड-34 पिसावां द्वितीय से षिवकली अर्कवंषी, वार्ड-35 पिसावां तृतीय से सुमन देवी, वार्ड-36 पिसावां व महोली से मौजी राम, वार्ड-37 पिसावां व मिश्रिख से पवन सिंह, वार्ड-38 मिश्रिख प्रथम से मीना राजवंशी, वार्ड-39 मिश्रिख द्वितीय से देवेन्द्र नंदवंषी ,वार्ड-40 मिश्रिख तृतीय से भास्कर मिश्र, वार्ड-41 मिश्रिख व गोंदलामऊ से अनुराधा अवस्थी, वार्ड-42 गोंदलामऊ प्रथम से षषिलता पांडेय, वार्ड-43 गोंदलामऊ द्वितीय से संध्या सिंह, वार्ड-44 गोंदलामऊ तृतीय से अर्जुन कष्यप, वार्ड-45 मछरेहटा प्रथम से सुमन देवी भार्गव, वार्ड-46 मछरेहटा द्वितीय से निर्मला देवी राजवंषी, वार्ड-47 मछरेहटा तृतीय से आरती राजवंषी ,वार्ड-48 मछरेहटा व गोंदलामऊ से अनुज कुमार, वार्ड-49 कसमंडा प्रथम से अषोक कुमार मिश्रा, वार्ड-50 कसमंडा द्वितीय से दीपक षुक्ल भाजपा प्रत्याषी होंगे। वार्ड-51 कसमंडा तृतीय से राजेष कुमार चौधरी, वार्ड-52 कसमंडा चतुर्थ से प्रेमदीप जायसवाल, वार्ड-53 कसमंडा व सिधौली से तेजपाल यादव, वार्ड-54 सिधौली प्रथम से षिवप्यारी तिवारी, वार्ड-55 सिधौली द्वितीय से कमलेष रावत, वार्ड-56 सिधौली तृतीय से राजकुमारी यादव, वार्ड-57 सिधौली व पहला से अंकुश राज विश्वकर्मा, वार्ड-58 पहला प्रथम से श्रद्धा सागर, वार्ड-59 पहला द्वितीय से सुमन देवी रावत, वार्ड-60 पहला तृतीय से किरन देवी, वार्ड-61 बिसवां प्रथम से रामनरेष वर्मा, वार्ड-62 बिसवां द्वितीय से कंचन प्रभा पांडेय, वार्ड-63 बिसवां तृतीय से सुनीता यादव, वार्ड-64 बिसवां चतुर्थ से राधा रानी को भाजपा ने प्रत्याषी बनाया है। वार्ड-65 बिसवां व महमूदाबाद से चन्द्रकांती वर्मा, वार्ड-66 बिसवां पंचम से सुमन वर्मा, वार्ड-68 महमूदाबाद प्रथम से उमाशंकर कोरी का नाम शामिल किया गया है।


वार्ड नं. 1 रामजीवन जायसवाल


वार्ड 74 शिवकुमार गुप्ता


वार्ड 41 अनुराधा अवस्थी


वार्ड नं. 59 सुमन देवी रावत


वार्ड नं.19 दयावती


वार्ड नं. 40 भाष्कर मिश्रा


वार्ड नं. 38 मीना राजवंशी


वार्ड 32 ओंमकार वर्मा


वार्ड नं. 58 श्रद्धा सागर


वार्ड नं. रोली सिंह


वार्ड नं. 62 कंचन पांडेय

## पार्टी ने जो निर्णय लिया है वह सही ही लिया होगा



**मछरेहटा से** जिला पंचायत पद के लिए वार्ड नं. 46 से दावेदारी कर रहे पूर्व जिला पंचायत सदस्य व पुराने भाजपा नेता रहे रामदयाल राजवंशी ने भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी न होने पर 'पायनियर' से कहा कि पार्टी ने जो अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया है उस निर्णय के खिलाफहम नहीं चुनाव लड़ेंगें। मैने जब भारतीय जनता पार्टी में सन् 1987 से कार्य करना शुरू किया तो यह हमने कभी नही सोचा था कि हम जैसे कार्यकर्ता को पार्टी चुनाव लड़ाएगी। बीजेपी ने हम जैसे आम कार्यकर्ता को 1995 में जिला पंचायत सदस्य का चुनाव लड़ाया और हमने जनपद में सबसे ज्यादा मतों से विजय हांसिल की, उसके बाद पार्टी ने सन 1995 में विधान सभा का प्रत्याशी बनाया लेकिन मेरा टिकट काट दिया गया, उसके बाद मैने पार्टी में जिला उपाध्यक्ष, किसान मोर्चा अनु. जाति का संयोजक के पद पर कार्य किया, फिर पार्टी ने हमें 2007 में विधानसभा का चुनाव लड़ाया लेकिन जीत हांसिल न हो सकी। फिर 2017 में पार्टी ने मेरा टिकट काट दिया, मैं आहत होकर थोड़ा पार्टी से दूर हो गया, लेकिन उसके बाद फिर हम विश्व हिन्दू परिषद से जुड़ और जिसमें हम जिला उपाध्यक्ष के पद पर कार्य कर रहा हूं। इस बार हमने जिला पंचायत सदस्य पद के लिए भाजपा जिलाध्यक्ष के पास अपना आवेदन किया था, लेकिन पार्टी नेतृत्व ने हमें अपना अधिकृत प्रत्याशी न बनाकर निर्मला राजवंशी को बनाया है, इसीलिए हम अब उनको जिताने के लिए पार्टी को मजबूत करेंगे।

## पवन ने किया बगावत का ऐलान

**सत्तारूढ़ दल** भाजपा से जिला पंचायत सदस्य सीटों के तमाम दावेदार थे, मंगलवार को टिकट न मिलने से कइयों की नाराजगी उभर कर सामने आ गई। जिला उपाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा अनुराग मिश्र ने इस्तीफा तक देने का ऐलान कर डाला। अपने फेसकुब एकाउंट पर अनुराग मिश्रा ने इस्तीफे की पोस्ट डालकर जिला पंचायत सदस्य पद के लिए टिकट न मिलने से नाराजगी व्यक्त करते हुए भाजपा से बगावत कर अपनी पत्नी अंबिका को वार्ड नंबर 39 से निर्दलीय चुनाव लड़ाने का ऐलान भी किया है।

## बिहार के मजदूरों को सीतापुर पुलिस ने...

# खाना भी खिलाया, घर भी भिजवाया

### ● 'पायनियर' ने पुलिस तक पहुंचाई बिहार के मजबूर बेबस मजदूरों की आवाज

संवाददाता। सीतापुर


सीतापुर-मजदूरों को बिहार रवाना करते पुलिस कर्मी

**कोरोना की** पहली लहर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आपदा में अवसर तलाषने का मंत्र देष की जनता को दिया था। कोरोना काल के दौरान आपदा में अवसर कई लोग तलाष रहे हैं, लेकिन कोई किसी की बेबसी में अपने फायदे का अवसर खोज लेता है तो तमाम ऐसी षख्सियतें भी हैं जो सामने वाले की मजबूरी देख अवसर उसकी मदद का तलाशती हैं। ऐसा ही एक वाक्या सोमवार की रात यूपी के सीतापुर में देखने को मिला। इस वाक्ये में आप आपदा में अवसर तलाषने वाले दोनों ही तरह के लोगों से रूबरू होंगे। दरअसल, कोरोना काल में बिहार के मजबूर बेबस मजदूरों की जब यूपी की सीतापुर पुलिस मद्दगार बनी तो दो दिनों से भूखे मजदूर बोले सीतापुर पुलिस बहुत बढ़िया है, खाना खिलाया और घर भी भिजवाया। अब आप यह भी जान लीजिए कि बिहार के यह मजबूर सीतापुर में फंस कैसे गए। हुआ कुछ ऐसा कि आई इंडिया की टीम रविवार को नाइट कर्यू में नाइट रिपोर्टिंग पर निकली थी, तभी पीएसी चौराहे के समीप अपने कपड़ो के झोलों को लेकर सड़क किनारे कुछ लोग हैरान परेषान बैठे नजर आए। उनके चेहरों पर उड़ रही हवाइयां देख आई इंडिया के एडिटर इन चीफ को समझते देर न लगी कि यह लोग जरूर किसी मुसीबत के मारे हैं। जब उनसे पूंछा गया कि सीतापुर में तो नाइट कर्यू लगा है, आप लोग इतनी संख्या में यहां कैसे बैठे है, तब आई इंडिया के सामने उनकी बेबसी उनका दर्द छलक पड़ा। उन्होंने बताया कि वह पंजाब के जालंधर से मजदूरी कर अपने घर बिहार के लिए लौट रहे थे। उनसे एक ट्यूबलर गाड़ी वाला 29 हजार रूपये लेकर घर पहुंचाने के लिए चला, सीतापुर पहुंचने पर टायर बदलवाने को कहकर चार हजार रूपये और ले लिए, हम सभी 17 मजदूरों को उतार दिया और कहा कि टायर बदलकर आ रहे है, लेकिन फिर वह लौटा ही नहीं। चंद रुपयों के लिए ट्यूबलर गाड़ी वाले ने मजदूरों की बेबसी का फायदा उठाने के लिए आपदा में अवसर तलाष लिया। मजदूर इंतजार ही करते रह गए। मजदूरों ने बताया अब उनके पास न तो खाने को कुछ है और न किराए भर को पैसा है कि वह अपने घर जा सकें। 'पायनियर' ने मजदूरों की तकलीफकी जैसे ही सीतापुर के पुलिस अधीक्षक आरपी सिंह को फोन के जरिए जानकारी देकर उनकी मदद को कहा कि आनन-फानन सबसे पहले रोडवेज बस स्टैंड के चौकी इंचार्ज निर्मल तिवारी पहुंच गए और हर संभव मद्द का आष्वासन दिया। मजदूरों को लेकर वह रोडवेज बस स्टैंड के सामने स्थित सत्कार होटल पहुंचे, उन्हें पहले भोजन कराया। चंद मिनट बाद षहर कोतवाल तेज प्रताप सिंह भी आ गए और बिहार के मजदूरों को उनके घर भेजने का इंतजाम करने में जुट गए। सीतापुर जंक्शन जाकर सत्याग्रह एक्सप्रेस से भेजने के लिए टिकट का रूपया अपने पास से दिया। कोरोना काल में जब लोग घरों से निकलना खतरे से खाली नहीं मानते, ऐसे में खाकी वर्दी का मद्दगार रूपी चेहरा इंसानियत को उजागर कर रहा है, बेबस, मजबूर बिहार के मजदूरों के मद्दगार शहर कोतवाल टी.पी सिंह ने अपना फर्ज निभाया।

## वाद्य यंत्र मैकेनिक के घर से निकली 'अफसर बिटिया'



**महमूदाबाद सीतापुर।** पीसीएस 2020 के परीक्षा परिणामों में महमूदाबाद की बेटी निहारिका विश्वकर्मा ने सफलता हासिल की है। कड़े संघर्षों के बीच इस बेटी को मिली सफलता पर पूरा परिवार और क्षेत्र गर्व महसूस कर रहा है। बेटी के प्रशासनिक अफसर बनने से पिता का चेहरा फूला नहीं समा रहा है। बधाई देने वालों का तांता जहां घर में लग रहा है वहीं फोन पर भी लोगो के संदेश मिल रहे है। महमूदाबाद के वार्ड नई बाजार उत्तरी निवासी निहारिका विश्वकर्मा का चयन जिला कार्यक्रम अधिकारी की रैंक पर हुआ है। निहारिका के पिता सुरेन्द्र विश्वकर्मा हारमोनियम और संगीत यंत्र बनाने और बेचने का काम करते हैं। निहारिका ने बताया कि शुरूआती शिक्षा नगर के आदर्श विद्या मंदिर और सीता इण्टर कालेज में ग्रहण की। स्नातक क्षेत्र के राजकीय डिग्री कालेज फिर लखनऊ विश्वविद्यालय से भूगोल में परास्नातक की शिक्षा ली। निहारिका ने प्रशासनिक सेवक बनने की राह पकड़ी और तैयारी शुरू की। निहारिका का सपना आईएएस बनने का है। निहारिका बताती है कि वह आगे भी तैयारी जारी रखेंगी और एक दिन आईएएस की परीक्षा में सफल होंगी। अपने चार भाई-बहनों में तीसरे नम्बर की निहारिका के बड़े भाई दीपक इलाहाबाद बैंक में मैनेजर हैं। बड़ी बहन दीपिका भी बैंक मैनेजर हैं। छोटा भाई संदीप एसएससी की तैयारी कर रहा है। निहारिका की मां आशा विश्वकर्मा सामान्य गृहणी हैं। निहारिका ने बताया कि आईएएस और पीसीएस परीक्षाओं में धैर्य बहुत जरूरी होता है। अभ्यर्थी अपनी सही रणनीति बनाकर तैयारी करें तो सफलता अवश्य मिलेगी। निहारिका ने चार बार भूगोल से नेट जेआरएफकी परीक्षा सकुशल उत्तीर्ण की। बीटीसी में निहारिका का चयन हुआ अवध विश्वविद्यालय फैजाबाद में सहायक प्रोफेसर के पद पर तैनाती मिली लेकिन उन्होने ज्वाइन नहीं किया। निहारिका को सफलता दूसरे प्रयास में पीसीएस में मिली है। निहारिका ने बताया कि 2017 में उनका प्रीलिम्स पास हुआ था। किन्तु मेंस उत्तीर्ण नहीं हुआ। जिसके बाद उन्होने तैयारी की दिशा बदली।


# कोरोना के 77 मिले नए मरीज

संवाददाता। सीतापुर



**सीतापुर में** कोरोना का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। मंगलवार को कोरोना के 77 नये मरीज मिले हैं। इनमें 52 पुरूश और 25 महिलाएं कोरोना पॉजिटिव पाई गई हैं। दूसरी लहर में कोरोना मरीजों का आंकड़ा 500 के पार पहुंच गया है। जबकि कोरोना से 91 मौतें हो चुकी हैं। हांलाकि स्वास्थ्य विभाग अभी तक 86 मौत की पुश्टि ही कर रहा है। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक सीतापुर में 3292 कोरोना मरीज होम आइसोलेट हैं। 1507 की रिपोर्ट अभी आनी हैं। सीतापुर में पहली और दूसरी लहर में अब तक कुल 5505 लोग कोरोना पॉजिटिव हो चुके है। दूसरी लहर में संक्रमण का खतरा पहले के मुकाबले ज्यादा होने की बात कही जा रही है। बेकाबू होते जा रहे हालातों के मद्देनजर डीएम विषाल भारद्वाज ने नगरीय इलाकों में नाइट कर्यू प्रभावी कर दिया है। जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज एवं पुलिस अधीक्षक आर.पी. सिंह द्वारा सोमवार की देर रात पुराना सीतापुर स्थित सिटी स्टेशन, लालबाग चौराहा, बस स्टाप, सदर क्षेत्र में भ्रमण कर कोविड के दृष्टिगत जारी रात्रिकालीन प्रतिबन्धों की समीक्षा की गयी। डीएम ने मातहतों को नाइट कर्यू का कड़ाई से पालन कराने के निर्देष दिए गए। कोरोना काल में बिहार के मजबूर बेबस मजदूरों की जब यूपी की सीतापुर पुलिस मद्दगार बनी तो दो दिनों से भूखे मजदूर बोले सीतापुर पुलिस बहुत बढ़िया है, खाना खिलाया और घर भी भिजवाया। अब आप यह भी जान लीजिए कि बिहार के यह मजदूर सीतापुर में फंस कैसे गए। हुआ कुछ ऐसा कि आई इंडिया की टीम रविवार को नाइट कर्यू में नाइट रिपोर्टिंग पर निकली थी, तभी पीएसी चौराहे के समीप अपने कपड़ो के झोलों को लेकर सड़क किनारे कुछ लोग हैरान परेषान बैठे नजर आए। उनके चेहरों पर उड़ रही हवाइयां देख आई इंडिया के एडिटर इन चीफ को समझते देर न लगी कि यह लोग जरूर किसी मुसीबत के मारे हैं।

## वीआईपी नम्बरों की बुकिंग शुरू




### ● यूपी 34 बीएच का होगा आवंटन

**सीतापुर।** मनपसंद नम्बरों की चाहत रखने वाले गाड़ी मालिको को नई सीरीज शुरू होने से एक मौका मिला है। एआरटीओ प्रशासन प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि निजी वाहनों हेतु चल रहे सीरिज यूपी 34 बीएफसमाप्त हो गई है। जिसके बाद सोमवार से नए सीरिज यूपी 34 बीएच शुरू कर दी गई है। ई-ऑक्शन के जरिए गाड़ी मालिक मनपसंद नम्बर बुक कर सकते है जिसके लिए परिवहन.जीओवी.इन पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा।

## प्रशासनिक पद पर हुए अभ्यर्थी, क्षेत्र में खुशी

**महमूदाबाद सीतापुर।** क्षेत्र भर में सीता इंटर कालेज के तीन पुरातन छात्र प्रशासनिक अधिकारी के पद पर चयनित हुए हैं। तीन लोगों के एक साथ प्रशासनिक पदों पर चयन से क्षेत्र में खुशी का माहौल है। महमूदाबाद नगर के नई बाजार उत्तरी वार्ड निवासी सुरेंद्र विश्वकर्मा की बेटी निहारिका का चयन जिला कार्यक्रम अधिकारी के पद पर हुआ है। निहारिका ने इण्टर की पढ़ाई सीता इण्टर कालेज से की है। सीडीपीओ के पद पर चयनित हुए रामानुज पांडेय ने कक्षा एक से लेकर आठवी तक की पढ़ाई नगर के सीता इंटर कालेज से की थी। मूलरूप से कल्याणपुर जनपद लखनऊ के रहने वाले रामानुज पांडेय पूर्व में कोतवाली महमूदाबाद में तैनात ड्राइवर राम सागर पांडेय के पुत्र हैं। इन्होंने इंटरमीडिएट की पढ़ाई काल्विन इंटर कालेज से, स्नातक और पीएचडी लखनऊ विश्वविद्यालय से की। पीएचडी में रामानुज पांडेय को गोल्ड मेडल भी प्राप्त हुआ है। सीता इंटर कालेज के पुरातन छात्र रहे नीज पटेल का चयन समाज कल्याण अधिकारी के पद पर तथा यहीं के पुरातन छात्र रहे होमगार्ड के पुत्र पंडितपुरवा रेउसा निवासी विकास मिश्र का चयन समीक्षा अधिकारी के पद पर हुआ है। कालेज के चार पुरातन छात्रों के प्रशासनिक अधिकारियों के पद पर चयन होने से सीता इंटर कालेज के संस्थापक प्रधानाचार्य आरके वाजपेयी, आरजे वर्मा, अखिलेश दुबे, वीरेंद्र मिश्र, नवनीत पांडेय, प्रतिभा सिंह, कुर्सी विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा, पूर्व कार्यवाहक मुख्यमंत्री डा. अम्मार रिजवी, क्षेत्रीय विधायक नरेंद्र सिंह वर्मा, मोहन प्रसाद बारी, आशा मौर्य सहित बड़ी संख्या में लोगों ने बधाई दी है।

## नीरज ने बढ़ाया जिले का नाम

**सिधौली सीतापुर।** इंसान की लगन और मेहनत से कोई भी मंजिल आसानी से हासिल की जा सकती है। कुछ बिरले ही होते हैं जिनके लिए मंजिल का कोई अंत नहीं होता। वे बार-बार सफलता के कीर्तिमान स्थापित करने में लगे रहते हैं। ऐसे ही एक शख्स हैं विकास खण्ड गोंदलामऊ के अंतर्गत ग्राम शाहपुर के निवासी नीरज कुमार यादव। नीरज ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग 2020 में सहायक श्रम अधिकारी के पद पर चयनित होकर अपने गांव और माता-पिता का नाम रौशन किया है। नीरज इससे पहले भी लोकसेवा आयोग की एक अन्य परीक्षा में सफलता प्राप्त कर चुके हैं।


पूर्वोत्तर रेलवे सूचना सं.: 93/2021

रेल यात्री बन्धुओं के लिये आवश्यक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी का संचलन निम्नवत किया जायेगा।

(1) गाड़ी सं. 05185/05186 गोरखपुर-पनवेल-गोरखपुर ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी

गाड़ी सं. 05185 गोरखपुर से वृहस्पतिवार 15-04-2021 एवं सोमवार 19-04-2021 को।
गाड़ी सं. 05186 पनवेल से शुक्रवार 16-04-2021 एवं मंगलवार 20-04-2021 को।

| 05185 गोरखपुर-पनवेल | | स्टेशन | 05186 पनवेल-गोरखपुर | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 00:30 | गोरखपुर जं. | 15:30 | -- |
| 01:37 | 01:40 | बस्ती | 14:05 | 14:08 |
| 03:15 | 03:20 | गोण्डा जं. | 11:45 | 11:55 |
| 06:10 | 06:20 | ऐशबाग | 09:10 | 09:20 |
| 08:05 | 08:10 | कानपुर सेन्ट्रल | 07:05 | 07:10 |
| 09:38 | 09:40 | उरई | 04:15 | 04:17 |
| 12:05 | 12:15 | झांसी जं. | 01:45 | 01:55 |
| 16:20 | 16:25 | हबीबगंज | 21:35 | 21:40 |
| 18:05 | 18:15 | इटारसी जं. | 20:00 | 20:10 |
| 21:10 | 21:12 | खण्डवा | 17:30 | 17:35 |
| 23:05 | 23:15 | भुसावल जं. | 16:15 | 16:25 |
| 02:35 | 02:40 | नासिक रोड | 12:45 | 12:50 |
| 05:28 | 05:30 | कल्याण जं. | 09:42 | 09:45 |
| 09:15 | -- | पनवेल | -- | 09:15 |

रेक संरचनाः सामान्य द्वितीय श्रेणी-10, शयनयान-09, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी-02, एसएलआरडी-02 = कुल 23 कोच।

(2) गाड़ी सं. 05181/05182 गोरखपुर-बान्द्रा (ट.)-गोरखपुर ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी के संचलन अवधि का विस्तार

गाड़ी सं. 05181 गोरखपुर से दिनांक 17-04-2021, 21-04-2021, 25-04-2021 एवं 29-04-2021को।
गाड़ी सं. 05182 बान्द्रा टर्मिनस से दिनांक 19-04-2021, 23-04-2021, 27-04-2021 एवं 01-05-2021को।

| 05181 गोरखपुर-बान्द्रा(ट.) | | स्टेशन | 05182 बान्द्रा(ट.)-गोरखपुर | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 13:30 | गोरखपुर जं. | 14:30 | -- |
| 14:14 | 14:16 | खलीलाबाद | 13:45 | 13:47 |
| 14:40 | 14:43 | बस्ती | 13:10 | 13:15 |
| 16:30 | 16:35 | गोण्डा जं. | 11:40 | 11:50 |
| 19:45 | 20:00 | ऐशबाग | 09:00 | 09:10 |
| 21:30 | 21:40 | कानपुर सेन्ट्रल | 07:15 | 07:25 |
| 01:30 | 01:35 | टुण्डला जं. | 03:10 | 03:15 |
| 02:30 | 02:40 | आगरा फोर्ट | 02:45 | 02:55 |
| 05:00 | 05:02 | बयाना जं. | 00:15 | 00:20 |
| 06:00 | 06:05 | गंगापुर सिटी | 22:55 | 23:00 |
| 07:00 | 07:05 | सवाई माधोपुर | 21:45 | 21:50 |
| 08:30 | 08:40 | कोटा जं. | 20:05 | 20:15 |
| 12:45 | 12:47 | नागदा जं. | 16:25 | 16:30 |
| 13:30 | 13:40 | रतलाम जं. | 15:30 | 15:35 |
| 16:30 | 16:32 | गोधरा जं. | 12:30 | 12:35 |
| 17:45 | 17:50 | बड़ोदरा जं. | 11:05 | 11:15 |
| 20:30 | 20:40 | सूरत | 09:15 | 09:25 |
| 23:00 | 23:02 | वापी | 07:00 | 07:02 |
| 00:58 | 01:00 | बोरीवली | 04:52 | 04:56 |
| 01:30 | -- | बान्द्रा टर्मिनस | -- | 04:20 |

रेक संरचनाः जनरेटर सह लगेज यान-02, सामान्य द्वितीय श्रेणी-04, शयनयान-07, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी-06, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी-02 = कुल 21 कोच।

(3) गाड़ी सं. 05183/05184 गोरखपुर-सूरत-गोरखपुर ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी के संचलन अवधि का विस्तार

गाड़ी सं. 05183 गोरखपुर से दिनांक 18-04-2021, 22-04-2021, 26-04-2021 एवं 30-04-2021को।
गाड़ी सं. 05184 सूरत से दिनांक 19-04-2021, 23-04-2021, 27-04-2021 एवं 01-05-2021को।

रेक संरचनाः सामान्य द्वितीय श्रेणी-12, शयनयान-08, एसएलआरडी -02 = कुल 22 कोच।
नोटः उपरोक्त गाड़ी का समय एवं ठहराव पूर्व में प्रकाशित सूचना सं. 90/2021 के अनुसार रहेगी।

कृपया ध्यान दें: (1) उपरोक्त गाड़ियों के सभी कोच आरक्षित श्रेणी के होगें। (2) इन गाड़ियों से यात्रा करने वाले यात्रियों को कोविड-19 से बचाव एवं इसकी रोकथाम हेतु जारी दिशा निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा।
मुजाधि/टी-17 मुख्य यात्री परिवहन प्रबन्धक, गोरखपुर
यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मो. नं.: 09794845955 पर एसएमएस करें।
गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

# फर्नीचर बाजार पर बरपा आग का कहर, 15 दुकानें जलीं

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी





**शहर के** मेला मैदान के पीछे गढ़ी रोड पर स्थित फर्नीचर की दुकानों में देर रात अचानक भीषण आग लग गई। सूचना पर पहुंची दमकल विभाग की करीब आठ गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। आग से दुकानों में रखा लाखों का फर्नीचर का सामान जल कर राख हो गया। लेखपाल तथा तहसीलदार ने घटनास्थल पर पहुंचकर मौका मुआयना किया है। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। स्थानीय दुकानदार शॉर्ट सर्किट से आग लगने का अनुमान लगा रहे हैं।

सोमवार की देर रात करीब तीन बजे शहर के मेला मैदान में गढ़ी रोड पर स्थित दुकानों में भीषण आग लग गई। आग ने कुछ ही देर में करीब सोलह दुकानों को जलाकर राख कर दिया। दुकानों में आग लगने की सूचना पर पहुंचे दुकानदारों में हाहाकार मच गया। इसी बीच किसी ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। जब तक फायर ब्रिगेड की गाड़ियां पहुंचीं तब तक आग ने विकराल रूप धारण कर लिया था। दुकानदार शहनूर ने बताया कि आग लगने के करीब आधे घंटे में फायर ब्रिगेड की एक गाड़ी पहुंच गई लेकिन जब एक गाड़ी आग बुझाने में नाकाम रही तो दूसरी गाड़ी भी मौके पर पहुंची। इसके बाद मौके पर पहुंची कुल आठ गाड़ियों ने तीन से चार घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। दुकानदारों ने बताया जो कुछ भी दुकान में रखा था कुछ नही बचा। लेखपाल तथा तहसीलदार ने सुबह करीब आठ बजे घटनास्थल पर पहुंचकर मौका मुआयना किया। दोपहर करीब तीन बजे पूर्व विधायक उत्कर्ष वर्मा मौके पर पहुंचे तथा पीड़ितों से मुलाकात की। आग से मोहल्ला सरदारनगर निवासी अभिषेक शाहू का लगभग 10 लाख का, मोहल्ला बेगमबाग निवासी शाजिद अली का लगभग 5 पांच लाख का, शिवालापुरवा निवासी हनीफ का लगभग 5 लाख का, मोहल्ला गोटैयाबाग निवासी मसीउल कदर का लगभग 5 लाख का, मोहल्ला हाथीपुर उत्तरी निवासी शहनूर अली का लगभग 6 लाख का, महाराजनगर निवासी मोहम्मद जावेद का लगभग 3 लाख का, कृष्णा नगर निवासी मोहम्मद सलीम का 5 लाख का, मोहल्ला हाथीपुर निवासी जीशान खान का लगभग 5 लाख का, मोहल्ला कोरियाना निवासी बल्लाराम का लगभग 5 लाख का, बेगमबाग निवासी मुनीश खान का लगभग 4 लाख का, मोहल्ला अर्जुनपुरवा निवासी आदित्य मोहन अवस्थी का लगभग 70 हजार का, अर्जुनपुरवा के ही निवासी राम कुमार अवस्थी का लगभग 1 लाख का, मोहल्ला गढ़ी निवासी प्रदीप का 50 हजार का, मोहल्ला बेगमबाग निवासी इकलाख अहमद का लगभग डेढ़ लाख का तथा मोहल्ला महाराज नगर के ही निवासी इरफान अली का लगभग 2 लाख का नुकसान हो गया। दुकानदारों ने बताया कि दोपहर के दो बज गए लेकिन कोई प्रशासनिक अधिकारी उनका हाल-चाल तक लेने नहीं पहुंचा। इसके बाद दोपहर करीब साढ़े तीन बजे घटनास्थल पर पहुंचे पूर्व विधायक उत्कर्ष वर्मा ने पीड़ितों से उनका हालचाल मालूम किया। दुकानदारों ने बताया कि हम लोग रात में घर में सो रही थे। बाकी दुकानदारों ने सूचना दी तो मौके पर पहुंचे। यहां देखा तो आग ने सब कुछ बर्बाद कर दिया था। स्थानीय लोग आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बता रहे हैं।

## विधायक ने की पीडितों की आर्थिक मदद

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** विधायक रोमी साहनी ने छत्तीपुर गांव में बीते दिनों हुए अग्निकांड में शिल्पी पुत्री मुकेश की थी शादीए घर का सारा समान जलकर हुआ राखए विधायक ने बारातियों के खाने.खर्चे का पूरा लिया जिम्मा और अग्निपीड़ितों को विधायक ने दिए 17000 की मदद की।शिल्पी देवी पुत्री मुकेश ग्राम छत्तीपुर ग्रंट न018 की शादी से कुछ दिन पहले घर में लगी आग मे भारी नुकसान हुआ था। विधायक रोमी साहनी पहुंचे गांव तो शिल्पी की मां उषा देवी व शिल्पी के रोने पर विधायक रोमी साहनी ने पूरी बारात का खर्चा उठाने का लिया जिम्मा। लड़की की मां ने विधायक से बताया कि निघासन से आनी है बारात। मेरे घर का सारा सामान जल गया है अब कैसे होगी बारात। विधायक ने ढाढ़स बंधाते हुए कहा कि परेशान होने की बात नही है। पूरी बारात के खाना खर्चे का जिम्मा हमारे ऊपर है। शिल्पी की शादी में नही होने देंगे कोई कमी और विधायक ने अग्निपीड़ितों को 17000 रुपये की आर्थिक सहायता दी।

## चुनाव प्रचार कर रही प्रत्याशी की पत्नी की हादसे में मौत



### रोड पार करते समय तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने मारी टक्कर

संवाददाता। मोहम्मदी-खीरी

मोहम्मदी द्वितीय सीट से जिला पंचायत सदस्य पद के प्रत्याशी की पत्नी की मोहम्मदी .पुवायां मार्ग पर वोट मांगते समय अनियंत्रित ट्रैक्टर की टक्कर लग जाने से घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लखीमपुर भेज दिया है। वहीं ट्रैक्टर चालक को हिरासत में ले लिया है। जानकारी के अनुसार जिला पंचायत की मोहम्मदी द्वितीय सीट से ग्राम रधोला निवासी राजेंद्र प्रसाद प्रत्याशी हैं। आज दोपहर उनकी पत्नी रामवती (50) मोहम्मदी पुवायां मार्ग पर स्थित ग्राम गुलरिया में वोट मांग रही थी। जैसे ही उन्होंने सड़क पार की विपरीत दिशा से तीव्र गति से आ रहे एक ट्रैक्टर ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गयी। ट्रैक्टर सवार ट्रैक्टर छोड़कर भागने लगा लेकिन लोगों ने उसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका के 3 पुत्र और दो पुत्रियां हैं। सभी पुत्रों का विवाह हो चुका है जबकि पुत्रियां अविवाहित हैं।

## पूर्व जिलाध्यक्ष ने हरदासपुर व लगुचा में लगाई चौपाल



**लखीमपुर-खीरी।** लखीमपुर चतुर्थ से भाजपा उम्मीदवार अवधेश पटेल के समर्थन में पूर्व जिलाध्यक्ष विनोद कुमार मिश्र ने ग्राम हरदासपुर व लगुचा में चौपाल लगाई। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। वहीं क्षेत्र व ग्राम के विकास के लिए अवधेश पटेल को समर्थन देने की अपील की। उन्होंने कहा कि भाजपा ने साबित कर दिया कि वह कार्यकर्ताओं की पार्टी है। भाजपा क्षेत्र पंचायत स्तर तक अपने कार्यकर्ताओं को जनसेवक के रूप में बैठाना चाहती है ताकि ग्रामीणों को उनके अधिकार मिल सकें। सरकारी योजनाओं का भ्रष्टाचाररहित पालन हो सके। अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे। इस दौरान डा. एसबी वर्मा, आबिद खां, सियाराम चौहान, सलीम अली, रामजीवन उर्फ गुड्डू, अजय सिंह, जितेंद्र सिंह, नीरज कुमार, केशवराम व सौरभ कुमार वर्मा आदि मौजूद रहे।

## कोविड वैक्सीन के प्रति किया जागरुक

**लखीमपुर-खीरी।** टीका उत्सव अभियान के तीसरे दिन युवराज दत्त महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की टैगोर इकाई के स्वयंसेवकों ने कोढ़ैय्या गांव में चल रहे कोविड टीकाकरण में सहयोग दिया। एसोसिएट प्रोफेसर डा. सुभाष चंद्रा की अगुवाई में स्वयंसेवकों ने मुख्यालय से 7 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम कोढैया में घर.घर जाकर 45 वर्ष और उससे अधिक उम्र वालों के लिए कोविड वैक्सीन टीकाकरण कराने के लिए प्रेरित कर टीकाकरण कराया। स्वयंसेवकों ने कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए 45 वर्ष से अधिक उम्र के महिला और पुरुषों को फेस मास्क वितरित कर गांव के आयुष्मान भारत आरोग्य केंद्र पर पहुंचाया। जहां चिकित्सा अधिकारी डा. अमित कुमार, एएनएम अनीता वर्मा, चांदनी वर्मा तथा सीएचओ रीमा वर्मा की टीम ने उनका टीकाकरण कर कार्ड प्रदान किए।

## फांसी पर लटकी मिली पूर्व प्रधान के बेटे की लाश

संवाददाता। बरेली

**बचपन** से ननिहाल में रह रहे पूर्व ग्राम प्रधान के बेटे की लाश आज दोपहर रिश्तेदारी से वापस लौटी उसकी नानी को मकान के एक कमरे में छत के कुंडे से बंधी साड़ी के सहारे फांसी पर लटकी मिली । मृतक के पिता ने उसके मौसेरे भाई पर हत्या का आरोप लगाया। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। और मामले की जांच शुरू कर दी।सुभाष नगर थाने के पटेल विहार में अपनी नानी राजकुमारी के मकान में बचपन से रह रहे बिशारतगंज के गांव मझगवा निवासी पूर्व प्रधान रामअवतार के 20 वर्षीय बेटे राजीव की लाश आज दोपहर उसकी नानी राजकुमारी को घर में ही एक कमरे में छत से लगे कुडे से बंधी साड़ी के सहारे फांसी पर लटकी मिली। पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के पिता पूर्व प्रधान ने मृतक के मौसेरे भाई शाहजहांपुर के तिलहर निवासी बबलू पर उसकी हत्या का आरोप लगाते हुए बताया कि राजीव और बबलू कई साल पहले एक साथ नानी के मकान में रहते थे। लेकिन बबलू नानी पर दबाव डाल रहा था कि वह अपना मकान उसके नाम करा दे। नानी ने इससे इनकार किया और बबलू को उसके घर भेज दिया। जिसके बाद बबलू, राजीव से रंजिश मानने लगा और 2 दिन पहले जब नानी राजीव के पिता को देखने के लिए उसके घर गई थी। तो राजीव घर में अकेला रह गया। आज दोपहर जब वो वापस लौटी तो उसने देखा कि एक कमरे में राजीव की किताबें कमरे के फर्श पर रैली हुई है।

## त्रिस्तरीय चुनाव को लेकर भारत-नेपाल के सीमावर्ती जिलों के अधिकारियों ने बनाई रणनीति

संवाददाता । लखीमपुर-खीरी




**मंगलवार को** यूपी में त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन 2021 के मद्देनजर एसएसबी 39वी बटालियन की कजरिया चौकी में भारत नेपाल के सीमावर्ती ज़िलों के अधिकारियों के मध्य समन्वय समिति की बैठक हुई।बैठक में पंचायत चुनाव पर विस्तृत चर्चा हुई। जिसमें सर्वसम्मति से तय हुआ कि खीरी में 19 अप्रैल को त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन 2021 के मद्देनजर 18 अप्रैल की शाम से 19 अप्रैल के पूरे दिन बॉर्डर बंद रहेंगे। सामान्य पब्लिक का मूवमेंट बंद रहेगा। परंतु कॉमर्शियल व इमरजेंसी वाहन चलेंगे। बेहतर तालमेल के साथ अपनी सीमाओं पर दोनों देश की पुलिस.पैरा मलेटरी फ़ोर्स पेट्रोलिंग करेंगी।कंचनपुर अंचल के सीडीओ ;मुख्य ज़िलाधिकारीद्ध राम प्रसाद महतो ने कहा कि भारत के साथ नेपाल के अटूट संबंध है।अपराध व तस्करी समेत सहित कई समस्याओ का समाधान की दोनों देशों के अधिकारियों की बराबर जिम्मेदारी है। इसके लिए बेहतर कोऑर्डिनेशन जरूरी है। समय समय पर बैठके जरूरी है। यूपी में चुनाव में शांति बनाए रखने में नेपाल पूरा सहयोग करेंगा। प्रभावकारी समन्वय बनाने व सूचना का सुगमता से आदान प्रदान करने के साथ ही सौहार्दपूर्ण वातावरण में बैठक सम्पन्न हुई।कैलाली के सीडीओ ;मुख्य ज़िलाधिकारीद्ध खगेन्द्र प्रसाद रिजाल ने कहा कि भारत के साथ नेपाल के लंबेए पुरानेए घनिष्ट व अटूट सम्बंध है। आज की बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में बैठक सम्पन्न हुई।

## विधायक ने किया चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

संवाददाता। गोला गोकर्णनाथ-खीरी



**भाजपा समर्थित** जिला पंचायत सदस्य पद के बिजुआ तृतीय से उम्मीदवार डा. बच्चू सिंह के जनसंपर्क कार्यलय का उद्धघाटन करते हुए अरविंद गिरि विधायक, गोला व रोमी साहनी विधायक ने अलीगंज में जनसंपर्क कार्यालय का उदघाटन किया।

उद्धघाटन के पश्चात निरन्तर भिन्न भिन्न स्थानों पर जिला पंचायत सदस्य पद के भाजपा समर्थित प्रत्याशी डा. बच्चू सिंह के लिए सभाएं कर उनके लिए जनसंपर्क किया। राज्य व केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में जनमानस को बताने का कार्य किया।

उक्त क्रम में बरंबाबा चौराहा स्तिथ जनसंपर्क कार्यालय से लेकर महेशापुर, पड़रिया तिलकापुर, बहादुर नगर, गौरिया, सेमरिया, रामालक्षणा, अम्बारा, पलनापुर, गदियाना, भूपपुरवा आदि स्थानों पर विधायक अरविंद गिरी ने डॉक्टर बच्चू सिंह जी के समर्थन में सभाओं को संबोधित किया व सरकार की उपलब्धियों का ब्यौरा प्रस्तुत किया।

विधायक ने कहा कि जिला पंचायत में व्याप्त भ्रष्टाचार को समाप्त करने के उद्देश्य से ही भाजपा ने अपने उम्मीदवारों को समर्थन दिया है। ताकि गरीब तबके के भी व्यक्ति अपनी पंचायत से चुने जाए। अपने वक्तव्य में उन्होंने कहा कि आज मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विकास की ओर अग्रसर है। कोरोनॉ जैसी महामारी में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत एक एक व्यक्ति को अनाज पहुंचाने का कार्य हुआ है ताकि इस महामारी में कोई भूख से व्याकुल न रहे।

## नवरात्र के पहले दिन मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़

### चैत्र नवरात्र के पहले दिन हुई शैलपुत्री की पूजा

संवाददाता। बरेली



**चैत्र नवरात्र** के पहले दिन आज शहर भर के देवी मंदिरों में कोरोना वायरस के नियमों का पालन करते हुए देवी शैलपुत्री की पूजा की गई इस दौरान सुबह से लेकर शाम तक श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिरों पर पहुंचती रही जिला प्रशासन ने इस अवसर पर खास एहतियात बरतने के निर्देश दिए थे । नव संवत्सर के पहले दिन आज चौत्र नवरात्रि शुरू हो गए और शैलपुत्री की पूजा संपन्न ही सुबह से ही शहर के प्रसिद्ध मंदिर काली देवी मंदिर साहूकारा स्थित नवरात्रि मार्ग मंदिर नेकपुर स्थित ललिता देवी मंदिर समेत अन्य सभी प्रमुख देवी मंदिरों में सोसल डिस्टेंसिग का ध्यान रखते हुए मंदिरो में भक्तों की भीड़ रही ।कुछ मंदिरो में प्रबंध समिति द्वारा मंदिरों में प्रवेश की अनुमति नहीं दी । दूर से ही पूजा करने के निर्देश दिए गए थे । सुबह मंदिरों में विशेष पूजा की गई जिसमें श्रद्धालुओं ने देवी पूजन के बाद प्रसाद ग्रहण किया । वहीं कई स्थानों पर हवन भी आयोजित किए गए । मंदिरों के बाहर पूजन सामग्री की आस्था की दुकान लगाई गई । वही प्रबंध समितियों में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कई इंतजाम किए थे । श्रद्धालुओं को बिना मास के आने की अनुमति नहीं थी । जिन स्थानों पर श्रद्धालुओं के पास मास्क नहीं थे वहां पर प्रबंध समिति द्वारा मास्क की व्यवस्था की गई । दोपहर में श्रद्धालुओं की भीड़ में कमी होने के बाद शाम को एक बार फिर से भीड़ में वृद्धि हुई जो देर रात तक जारी रही । शाम को रात्रि आरती के बाद प्रथम शैलपुत्री की पूजा संपन्न हुई ।

## आग से जलकर फसल हुई खाक



**ओयल-खीरी।** कस्बा ओयल में बिजली विभाग की लापरवाही के चलते आज फिर आग का तांडव देखने को मिला। आपको बताते चलें कि ओयल क्षेत्र के मोहल्ला बगिया निवासी राजू कि लगभग ढाई बीघा गेहूं की फसल बर्बाद हो गई। राजू को हजारों रुपए की क्षति हुई है। राजू का खेत नगर पंचायत के मोहल्ला चमरोधा में स्थित था। आग की सूचना मिलते ही नगर पंचायत अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, नगर पंचायत का समस्त स्टाफतथा मोहल्ला के निवासियों ने आग को बुझाने का कार्य चालू कर दिया। इससे बहुत जल्द ही आग पर काबू पा लिया गया।

## नवरात्र और रमजान के मौके पर आमजन को बाँटे मास्क



संवाददाता। बरेली

**जनसेवा टीम** का कोरोना से सतर्क और सावधानियों के लेकर लगातार अभियान जारी हैं । आज भी जिला अस्पताल रोड़ पर मरीजो, तीमारदारों और राहगीरों को मास्क और सैनिटाइजर वितरण किये गये,। इस मौके पर जनसेवा टीम के महासचिव अजय गाबा ने कहा कि नवरात्र और रमजान आज से शुरू हो रहे हैं। सभी लोगों को त्यौहारो के मौके पर बाजारों में आने से पहले कोरोना से बचाओ के लिये सावधानियां बरतनी चाहिए । घर से निकलने से पहले मास्क जरूर लगाये इस मकसद से जनसेवा टीम सावर्जनिक स्थानों जनता को जागरूक करने हेतु मास्क वितरण किये गये।जनसेवा टीम के अध्यक्ष पम्मी खान वारसी ने जनता से अपील की गई हैं कि कोरोना से बचाओ के लिये सावधानियां ही ईलाज हैं इसलिए बिल्कुल भी लापरवाही न बरतें।इस मौके पर एमडी कोडियोलॉजिस डॉ मनाजिर इकबाल,समाजसेवा मंच के अध्यक्ष नदीम शम्सी,डॉ सीताराम राजपूत,हाजी जावेद खान,नदीम शम्सी, अजय गाबा,राजीव गांधी, कमल मक्कड़, मो गुलजार,सागर वर्मा, शारिक बशीरी ,शान अहमद,मोहम्मद ऐजाज आदि ने शहर के मुख्य स्थानों और मोहल्लो में मास्क बाटे । समाजसेवा मंच के अध्यक्ष नदीम शम्सी ने कहा कि जिला अस्पताल को भी कोरोनाकाल में अस्पताल गेट पर कोरोना से बचाओ के लिये माकूल व्यवस्थाएं करना चाहिए।


## टीकाकरण की कार्रवाई युद्धस्तर पर जारी: इन्द्र विक्रम सिंह



संवाददाता। शाहजहाँपुर

**11 अप्रैल 2021** से 14 अप्रैल 2021 तक विशेष टीका उत्सव के अन्तर्गत राज्य पाल एवं मुख्य मंत्री द्वारा बेब वार्ता की गयी, जिसका सजीव प्रसारण कलेकट्रेट के वीसी कक्ष में जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह एवं पुलिस अधीक्षक श्री एस आनन्द व अपर जिलाधिकारी प्रशासन तथा विभिन्न धर्मो के धर्मगुरूओं की उपस्थित में देखा गया।इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि टीका उत्सव कार्यक्रम मनाया जा रहा है। इस टीका उत्सव कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु आवश्यक है कि समाज के विभिन्न वर्गों को टीकाकरण में सम्मिलित होने हेतु प्रोत्साहित किया जाये तथा उनका सहयोग लिया जाये। उन्होंने कहा कि टीकाकरण की कार्यवाही युद्ध स्तर पर जारी है। प्रथम चरण में स्वास्थ्य कार्मिकों को, दूसरे चरण में फ्रण्ट लाइन वर्कर्स को तथा तीसरे चरण में 45 वर्ष से अधिक सभी व्यक्तियों को टीकाकरण की कार्यवाही की जा रही है।इसके उपरान्त जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने कलेकट्रेट में स्थापित एकीकृत कोविड कमाण्ड एण्ड कंट्रोल सेन्टर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पटल वार कार्यदायित्वों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा है कि कमाण्ड सेन्टर में जिस अधिकारी एवं कर्मचारी को जो कार्यदायित्व दिये गये है। वह अपने कार्यदायित्वों का निर्वहन गहनता से करेगा। इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लापरवाही करने वाले सम्बन्धित अधिकारी एवं कर्मचारी के विरूद्ध विधिक कार्यवाही की जाएगी।श्री सिंह ने कहा है कि कांट्रेक्ट ट्रेसिंग गहनता से की जाए। उन्होंने कोविड-19 के 65 मारीजों से हाल-चाल लेने की जानकारी ली तथा निर्देश दिए कि लगभग 385 लोगों डेली वार्ता की जाए। जिलाधिकारी ने बताया है कि कुल कोरोना पॉजिटीव केस की संख्या 7491 तथा एक्टीव केसेज की संख्या 384 एवं आज दिनांक 13.04.2021 को कोविड-19 केसेज की संख्या 25 है।

## कांग्रेस कार्यालय पर कंट्रोल रूम की स्थापना कांग्रेस ने प्रत्याशियों के नाम फाइनल कर भेजे



**शाहजहांपुर।** कांग्रेस कार्यलय राजीव भवन पर पीसीसी, एआईसीसी, जिला महासचिव व उपाध्यक्षो की एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसे पंचायत चुनाव हेतु प्रभारी बनाये गए रिसाल अहमद शामिल हुए व सभी से गहन मंत्रण कर कांग्रेस के समर्थन से चुनाव लड़ने वाले प्रतियाशियो कि पहली सूची जारी करते हुए 20 आवेदकों के नाम फाइनल कर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी लखनऊ को अनुमोदन के लिए भेज दिए। इस मौके पर जिला अध्यक्ष रजनीश गुप्ता मुन्ना ने बताया कि चुनाव हेतु कांग्रेस कार्यलय पर कंट्रोल रूम की स्थापना कर दी गयी है। जिसमे पूर्व शहर अध्यक्ष तसनीम अली खान व वरिष्ठ नेता कृष्ण विनोद मिश्रा प्रभारी के रूप में प्रति दिन मौजूद रहेंगे।साथ ही 11 सदस्यीय वकीलों का पैनल प्रत्याशियों के कानूनी मदद को हर समय तत्पर रहेंगे। इसके अलावा 50 सदस्यीय पदाधिकारियों की सूची भी तैयार ही गयी है। जो कि हर सीट पर चुनाव प्रचार करेगी।और कांग्रेस पार्टी पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी के द्वारा लाये गए पंचायतीराज के सपने को साकार करने का हर संभव प्रयास करेगी और जिले शानदार जीत हासिल करेगी। प्रभारी रिसाल अहमद ने कहा कि पूरी ताकत से लड़ेगी और वह खुद पूरे चुनाव में 29 अप्रैल तक जिले में कैम्प करेंगे और देश प्रदेश के नेता एक एक वार्ड में प्रचार करेंगे। शीघ्र ही अगली लिस्ट भी जारी होगी। इस सूची में सभी जाति धर्मो का ध्यान रखा गया है, क्योंकि कांग्रेस ही सबको साथ लेकर चलती है। इस मौके पर फुरकान अहमद कुरैशी, पूर्व अध्यक्ष धर्मेंद्र दीक्षित, पूर्व विधायक धीरेंद्र प्रसाद, रामनाथ बघेला, जगदीश कुशवाह, राकेश मिश्रा, महेश मिश्र, विश्वदीप अवस्थी, अतीत बागी, पवन सिंह, प्रमोद मिश्रा, प्रशांत कठेरिया, गौरव त्रिपाठी, ब्रजेश दिनकर, इरफान खान, पवन मिश्रा, अनवर अंसारी, शान मोहम्मद, अमन गुप्ता सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# जिला कारागार का डीएम व एसपी ने किया निरीक्षण

संवाददाता। कन्नौज

**साफ**-सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए। कारागार में भर्ती कोविड 19 मरीजों के बैरकों का नियमित सेनेटाइजेशन किया जाए। भोजन की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए।

उक्त निर्देश मंगलवार को जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र व पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा ने जिला कारागार अनौगी का औचक निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक व अन्य पुलिस अधिकारियो को दिए। उन्होंने जेल में कैदियों के संबंध में जानकारी की। जिसमें बताया गया कि कुल 863 कैदी हैं। जिसमें से नए कैदियों के आइसोलेशन हेतु बैरक निर्धारित है एवं उनको शासन से प्राप्त निर्देशों के क्रम में चिकित्सीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। नियमित सैनिटाईजेशन भी किया जा रहा है। इस संबंध में उन्होंने निर्देश दिए कि कोरोना संक्रमित के लक्षण की मरीजों में जांच सुनिश्चित की जाए। एवं नियमित रूप से मास्क का प्रयोग किया जाए। उन्होंने चिकित्सालय बैरेक का निरीक्षण किया। जिसमें बताया गया कि मौके पर मौजूद 18 मरीजों हैं, जिनमें 03 टी0बी0 रोगी हैं एवं 01 मानसिक रोगी अतिरिक्त है। उन्होंने कारागार में उपस्थित रसोई घर का भी निरीक्षण किया, जिसमें आज नाश्ते में उबला चना, चाय एवं गुड़ और भोजन में अरहर दाल, आलो, बैंगन व टमाटर की सब्जी व रोटी बनाई गई थी। रसोई घर में साफ सफाई व्यवस्था अच्छी पायी गयी एवं भोजन की गुणवत्ता भी कैदियों से पूछे जाने पर सही बताई गई। उन्होंने अन्य बैरेक में रखे गए कैदियों से भी दिए जाने वाले भोजन एवं अन्य समस्याओं के संबंध में जानकारी की जिसमें सभी कैदियों द्वारा कोई समस्या नहीं बताई गई। उन्होंने जेल अधीक्षक को नियमित सैनिटाइजेशन एवं साफ सफाई किए जाने के निर्देश दिए।



जिला कारागार के बाहर मौजूद डीएम पायनियर

## एजाज बाक्सर, इस्लाम घोसी समेत 14 शातिरों पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई

**फतेहपुर।** कोतवाली पुलिस ने शहर के 14 शातिरों के खिलाफ गुंडा एक्ट के तहत कार्यवाई की है। जिसमें पुलिस ने महिला अपराध, गोकशी व भू-माफियाओं के आरोपियों को शामिल किया है। पुलिस ने शानू पुत्र नवी बख्श निवासी पनी, आफाक अहमद पुत्र फारुख निवासी मुराइन टोला, आमिर पुत्र इस्माइल निवासी मोहल्ला बाकरगंज, आफाक अहमद उर्फ हसनैन निवासी मोहल्ला पनी, अभिषेक मिश्रा पुत्र कृष्ण प्रकाश निवासी हरिहरगंज, एजाज अहमद उर्फ एजाज बॉक्सर पुत्र नसीर अहमद निवासी पनी, अब्दुल कलाम उर्फ गुड्डू पुत्र अब्दुल सलाम निवासी मसवानी, अतुल सिंह पुत्र सोहन लाल लोधी निवासी राधानगर, इमरान पुत्र हाजरा उर्फ शईद निवासी पनी, नौशाद पुत्र कमर निवासी शांति नगर, आरिफ उर्फ बाबू पुत्र नबीबख्श निवासी पनी, इस्लाम अहमद (घोसी) पुत्र अब्दुल शकूर निवासी कलेक्टरगंज के खिलाफ गुंडा एक्ट की कार्रवाई की गई है।

# तीर्थ यात्रा से लौट रही बस खड्ड में पलटी, दो दर्जन सवारियां गंभीर

संवाददाता। फर्रुखाबाद



**मंगलवार** तड़के तीर्थयात्रा से लौट रही निजी बस चालक को झपकी आनें से पलट गयी। जिससे उसमे बैठी लगभग दो दर्जन सबारियां घायल हों गयीं। गंभीर घायलों को सीएचसी में भर्ती किया गया। कुछ को लोहिया अस्पताल रिफर कर दिया गया। पड़ोसी जनपद कन्नौज के तिर्वा से निजी बस में सबार होकर लगभग 60 सबारियां पूर्णागिरी माता के दर्शन के लिए गयीं थी। बुधवार को वह सुबह लगभग 6रू30 बजे थाना राजेपुर क्षेत्र के बदायूं मार्ग पर मोहद्दीनपुर के निकट बस के चालक की आँख लग गयी। जिससे बस सड़क किनारे लगे बिजली पोल में जाकर टकरा गयी। पोल से टकराकर बस खड्ड में पलट गयी। बस पलटने से उसके बैठे 26 वर्षीय किरन पत्नी गिरीश, 25 ममता पत्नी प्यारेलाल, 32 वर्षीय रामबाबू पुत्र रघुनाथ, 35 वर्षीय रामप्रकाश पुत्र रघुनाथ, 28 वर्षीय रामकुमारी पत्नी होरीलाल, 32 वर्षीय मेघनाथ पुत्र होरीलाल, 26 वर्षीय सत्यवती पत्नी रंगेलाल, 45 वर्षीय दयाराम पुत्र करणीलाल, 38 वर्षीय दशरथ पुत्र नन्हे, 35 वर्षीय रामकिशनी पुत्र रामप्रकाश निवासी भुडनपुरवा पुरवा कन्नौज सहित लगभग दो दर्जन जख्मी हो गये।

घटना की सूचना पर थानाध्यक्ष देवेन्द्र गंगवार के साथ ही आठ 108 एम्बुलेंस मौके पर आ गयीं। गंभीर रूप से घायलों को सीएचसी में भर्ती किया गया। जबकि कुछ को लोहिया अस्पताल रिफर कर दिया गया। थानाध्यक्ष देवेन्द्र गंगवार नें बताया कि जाँच की जा रही है।

## कोरोना महामारी के नाश के लिए मां भगवती की आराधना

**फर्रुखाबाद।** नवरात्र के पहले दिन नगर के शक्तिपीठों में मां शैलपुत्री की पूजा के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। मंदिर में प्रवेश के लिए जिला प्रशासन द्वारा जारी कोरोना गाइडलाइन के साथ भक्तों को प्रवेश दिया जा रहा है। भक्तों की बस यही कामना कि विश्व को महामारी से मां बचाएं और शांति और संपन्नता बनाए रखें। जिला प्रशासन की ओर से जारी गाइडलाइन के बाद मंदिर के चारों तरफ कई जगह बैरिकेट भी किया गया है। भक्तों के उत्साह के आगे कोरोना महामारी का डर खत्म सा दिखा। भगवती मां दुर्गा की आराधना का महापर्व कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों के बीच 21 अप्रैल तक चलने वाले चौत्र नवरात्र आज मंगलवार से शुरू हो गये। कोरोना को देखते हुए नगर के विभिन्न मंदिरों में मुख्यद्वार पर श्रद्धालुओं के लिए सैनिटाइजर की व्यवस्था की गई है। मंदिर समिति और पंडितों ने मंदिर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं से शारीरिक दूरी बनाकर पूजा करने की अपील की है।

# जनपद के सर्वोच्च सदन के लिये प्रत्याशियों ने तामझाम से कराया नामांकन

- कलक्ट्रेट में उड़ी गाइड लाइन की धज्जियां, न था मास्क और न थी दो गज की दूरी

संवाददाता। फतेहपुर







**त्रिस्तरीय** पंचायत चुनाव में जिला पंचायत सदस्य के प्रत्याशियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर अपना नामांकन पत्र दाखिल करवाया। जिसमें कलेक्ट्रेट के मुख्य गेट से प्रत्याशियों को अपने 01 प्रस्तावक के साथ ही अंदर जाने दिया जा रहा था। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी अपूर्वा दुबे व पुलिस अधीक्षक सत्यपाल अंतिल ने घूम-घूम कर पैनी निगाह रखी। इस दौरान कलेक्ट्रेट परिसर छावनी बना रहा तो लगी हुई बैरी कैडिंग के चलते बड़े वाहनों को अंदर आने नहीं दिया जा रहा था। इस दौरान एक से ज्यादा प्रस्तावकों को अंदर ले जाने पर लगी रोक के चलते कई बार प्रत्याशियों की पुलिस कर्मियों के साथ झड़प भी हुई। इस दौरान सुजावलपुर वार्ड नंबर 17 से जीतेन्द्र, ललौली वार्ड नंबर 28 से विद्या देवी, सनगांव वार्ड नंबर 9 से महजबीं बानों, कोराई वार्ड नंबर 10 से भाजपा के प्रत्याशी कमलेश गौतम, संवत वार्ड नंबर 3 से रानी पासवान, सिठौरा से अर्चना देवी, खेसहन वार्ड नंबर 32 से अन्नपूर्णा देवी, ललौली वार्ड नंबर 28 अशोक कुमार साहू, महना वार्ड नंबर 25 से रियाज व भाजपा प्रत्याशी संजय पांडेय, जमरांवा वार्ड नंबर 5 से अजय सिंह, ललौली वार्ड नंबर 28 रामश्री पाल, जाफराबाद वार्ड नंबर 12 से फिरोज अहमद, अमोली वार्ड नंबर 9 से सुनीता देवी, जमरांवा वार्ड नंबर 5 से अनुराधा मिश्रा, सिजौली वार्ड नंबर 23 से निकता सिंह, सातों धरमपुर वार्ड नंबर 35 से श्याम बरन, अकबरपुर नसीरपुर वार्ड नंबर 18 से रविंद्र कुमार, मंडरांव वार्ड नंबर 24 से प्रिया देवी, सनगांव वार्ड नंबर 9 से भाजपा प्रत्याशी नीतू त्रिवेदी, मंडरांव वार्ड नंबर 24 सुशीला देवी, ऐंझी वार्ड नंबर 30 से मनोज गुप्ता, जमरांवा वार्ड नंबर 5 संतोष चंदेल, रायपुर भसरौल वार्ड नंबर 18 से रन्नो देवी पासवान, कोराई वार्ड नंबर 10 से सपा प्रत्याशी संगीता राज पासी, जाफराबाद वार्ड नंबर 12 से कल्लू लोधी, असवार तारापुर वार्ड नंबर 11 सूरजपाल रावत, गुनीर वार्ड नंबर 13 से कल्लू कोरी, शाह वार्ड नंबर 27 गीता देवी, बागबादशाही वार्ड नंबर 22 सहदेई, शांखा वार्ड नंबर 29 बृजेंद्र कुमार उर्फ भोला, गुनीर वार्ड नंबर 13 रेखा सरोज, अलादातपुर वार्ड नंबर 8 सुलेखा देवी, अमौली वार्ड नंबर 19 रेशू पटेल, सुजावलपुर वार्ड नंबर 17 जयंती देवी वर्मा, बाग बादशाही वार्ड नंबर 22 से मंजू शुक्ला, ऐंझी से अरविंद कुमार, शाह वार्ड नंबर 27 से सोनी देवी, अमौली वार्ड नंबर 19 से शान परवीन, रमवां पंथुआ से भाजपा की प्रत्याशी अंजू त्रिपाठी, संवत वार्ड नंबर 3 से सुनीता, जमरांवा वार्ड नंबर 5 से राजेंद्र सिंह यादव, शाखा से अरविंद कुमार शुक्ला, सनगांव से राम लखन फौजी, सिजौली वार्ड नंबर 23 से निशा गुप्ता, एरायां वार्ड नंबर 46 से कुंवर आदित्य प्रताप सिंह, खेसहन वार्ड नंबर 32 से इंद्रजीत सिंह लोधी, सिठौरा से चंद्रशेखर, जाफराबाद वार्ड नंबर 12 से मनोज कुमार, गढा वार्ड नंबर 39 से तौफीक अहमद, बैगांव वार्ड नंबर 1 से धर्मेंद्र सिंह भदौरिया, बुदवन वार्ड नंबर 44 रोली सिंह, सिजौली वार्ड नंबर 23 से सीमा सिंह, मौहार वार्ड नंबर 14 से भाजपा प्रत्याशी प्रीति देवी, जाफराबाद वार्ड नंबर 12 से अन्नु देवी, सिठौरा वार्ड नंबर 2 से अयोध्या प्रसाद, बुदवन वार्ड नंबर 44 हेमलता, चांदपुर वार्ड नंबर 30 से राम भक्त वर्मा सहित तमाम अन्य प्रत्याशी लाइन में लगकर अपने नामांकन पत्र के दाखिले के लिए लगे रहे।

# पेयजल की समस्या से परेशान हुए नागरिक

- शिकायत के बाद भी पालिका नहीं ले रही सुध



**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** नगर के चकोर गली स्थित पशुपति नाथ मंदिर के निकट पूर्व में राहगीरों एवं श्रद्धालुओं की पेयजल सुविधा के लिए पालिका द्वारा मंदिर के आसपास दो हैंडपम्प स्थापित किए गए थे। लेकिन विगत 3 माह पूर्व से दोनों हैंड पाइप भूमिगत जल का स्तर छोड़ चुके हैं। जिससे राहगीरों सहित श्रद्धालुओं के समक्ष पेयजल समस्या उत्पन्न हो गई है। मंगलवार को नगर के चकोर गली स्थित प्रतिष्ठान कार्यालय पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष अतुल गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत वर्षों पूर्व राहगीरों एवं श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु पालिका की ओर से दो हैंडपम्प स्थापित किए गए थे। जो विगत 3 माह पूर्व से पानी नहीं दे रहे हैं। उनके द्वारा पालिका अधिकारियों से मौखिक व लिखित रूप से कई बार शिकायत की जा चुकी है। लेकिन पालिका कर्मी इस पेयजल समस्या के समाधान में रुचि नहीं ले रहे हैं और भीषण गर्मी में जनता की पेयजल संबंधी समस्याओं को नजर अंदाज कर रहे हैं। उन्होंने अधिशाषी अधिकारी एवं पालिकाध्यक्ष से शीघ्र दोनों हैंड पाइप की मरम्मत कराए जाने की मांग की है।

# जनता जल्द करेगी भाजपा को बेनकाबः लल्लू सिंह

- नगर अध्यक्ष ने किया प्रदेश अध्यक्ष का जोरदार स्वागत

संवाददाता। गुरसहायगंज (कन्नौज)



प्रेस वार्ता के दौरान मौजूद कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष व अन्य पायनियर

**भाजपा** सरकार में बेलगाम हुई महंगाई एवं बेरोजगारी के कारण प्रदेश में युवाओं की फौज खड़ी हो गई है। वही प्रदेश में लॉ एंड ऑर्डर नाम की कोई चीज नहीं है। लूट हत्या डकैती बलात्कार होने के बाद भी भाजपा सरकार कड़ी कार्रवाई न करके मौन धारण करने का कार्य कर रही है। प्रदेश की जनता त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भाजपा को आईना दिखाने का कार्य करेगी। कोरोना के नाम पर जनता को गुमराह किया जा रहा है। यह बात बुधवार को नगर के तिर्वा रोड स्थित कांग्रेस कैंप कार्यालय पर स्वागत के दौरान कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू सिंह ने कही। कहा कि भाजपा सरकार कोरोना की आड़ में सरकारी उपक्रमों का निजीकरण कर देश को खोखला करने का प्रयास कर रही हैं। जिसे देश व प्रदेश की भोली-भाली जनता समझ चुकी है और पंचायत चुनाव में जनता भाजपा को सबक सिखाएगी। कहा कि कार्यकर्ता एकजुट होकर त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में कांग्रेस के समर्थित प्रत्याशियों का जी जान से जुटकर प्रचार प्रसार कर जीत दिलाने का कार्य करें। इससे पूर्व कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने क्षेत्र के ग्राम धमियामऊ में जिला पंचायत सदस्य वार्ड संख्या 9 के प्रत्याशी के समर्थन में बढ़-चढ़कर मतदान कर प्रत्याशी को विजय दिलाने की अपील की। इस अवसर पर प्रदेश सचिव विजय मिश्रा, ऊषा दुबे, जिलाध्यक्ष प्रमोद शाक्य, नगर अध्यक्ष संजीव दुबे, सरफराज हुसैन, श्यामू मिश्रा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पिकअप की टक्कर से ऑटो चालक की मौत

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** विगत दिनों पूर्व क्षेत्र के ग्राम सफीपुर जसी मैं अनियंत्रित गति से आ रहे लोडर ने ऑटो में टक्कर मार दी थी। जिससे चालक सहित सवारिया गंभीर रूप से घायल हो गए। वही इलाज के दौरान चालक ने दम तोड़ दिया था। मृतक चालक के भाई ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली कन्नौज के मोहल्ला बिशुनपुर निवासी मोहम्मद असलम पुत्र मोहम्मद जमा द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि विगत 31 मार्च को उसका भाई साहिबे आलम ऑटो पर सवारियां बैठाकर ले जा रहा था। जैसे ही ग्राम सफीपुर जसी के निकट पहुंचा उसी समय अनियंत्रित गति से आ रहे पिकअप ने जोरदार टक्कर मार दी थी। जिस से ऑटो में सवार चालक सहित अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं ऑटो के चालक साहिबे आलम ने इलाज दौरान दम तोड़ दिया।

## क्विक न्यूज

### डीएम के तेवर सख्त, आधा दर्जन पर हुई गुंडा एक्ट की कार्रवाई

**फर्रुखाबाद।** पंचायत चुनाव जैसे-जैसे नजदीक होता जा रहा है वैसे-वैसे प्रशासन अपराधियों की लगाम कसता जा रहा है। मंगलवार को उन्होंने आधा दर्जन पर गुंडा एक्ट के तहत कार्यवाही कर दी। जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह के द्वारा जारी आदेश के तहत थाना जहानगंज क्षेत्र के ग्राम मधवापुर निवासी राजू उर्फ रजनेश पुत्र शंकरलाल के खिलाफ एसपी नें बीते 13 जुलाई 2020 को आख्या दी थी। थाना राजेपुर के ग्राम भुडिया भेडा निवासी नक्षत्रपाल पुत्र रामेश्वर के खिलाफ एसपी नें बीते 17 अप्रैल 2020 को आख्या डीएम को दी। थाना कंपिल के सुल्तानपुर निवासी गंगादीन पुत्र गोविन्द के खिलाफ आख्या 2 मई 2020 को दी गयी। फतेहगढ़ के नलकूप कालोनी धन्सुआ निवासी धर्मेन्द्र उर्फ डीके पुत्र भगवती प्रसाद, कंपिल के गुजरपुर गढिया निवासी बबलू पुत्र वीरेद्र के खिलाफ आख्या 8 अक्टूबर 2020 को दी गयी। वहीं कोतवाली फतेहगढ़ क्षेत्र के ग्राम विजाधरपुर निवासी विनय कुमार पुत्र महेश कुमार के खिलाफ एसपी नें 29 अक्टूबर 2020 को आख्या जिलाधिकारी को दी गयी। मंगलवार को डीएम मानवेन्द्र सिंह नें सभी आधा दर्जन लोगों के खिलाफ गुंडा एक्ट की कार्यवाही की है।

### लापरवाह कर्मियों पर होगी एफआईआरः डीएम

**कन्नौज।** निर्वाचन कार्यों में शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। 16 कार्मिकों से प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने की स्थिति में स्पष्टीकरण तलब। समय से जवाब न देने वालों के विरुद्ध दर्ज होगी प्रथम सूचना रिपोर्ट। उक्त निर्देश मंगलवार जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने पीएसएम डिग्री कालेज के सभागार में पंचायत निर्वाचन के दृष्टिगत आयोजित पीठासीन, मतदान अधिकारी प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय हेतु आयोजित प्रशिक्षण सत्र के दौरान उपस्थित प्रशोक्षार्थीयों को दिए। प्रशिक्षण के दौरान सभी को बिंदुवार पंचायत निर्वाचन प्रक्रिया की जानकारी दी गयी। प्रशिक्षण में पीठासीन अधिकारी, पी1, पी2, व पी3 को उनके पदीय दायित्वों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गयी। उन्होंने आज दिनांक 13 अप्रैल 2021 को आयोजित प्रशिक्षण सत्र में जनपद के 07 विभागों में कार्यरत पी02 के 05 एवं पी03 के 11 कुल 16 प्रशिक्षार्थी अनुपस्थित रहे, जिनसे स्पष्टीकरण दिनांक 15 अप्रैल 2021 तक विकास भवन कार्यालय के कक्ष संख्या 06 में जमा किया जाने के निर्देश दिए गए हैं, जिसमें समय से स्पष्टीकरण न उपलब्ध कराने वाले प्रशिक्षार्थी के विरुद्ध उ0प्र0 पंचायतीराज अधिनियम 1947 की धारा 12 ख घ एवं भारतीय दंड संहिता 1860 की धारा 174 के अंतर्गत प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर दी जाएगी।

### युवती को भगा ले जाने का मुकदमा दर्ज

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** विगत दिनों पूर्व एक युवती को युवक अपने साथी की मदद से उस समय बहला-फुसलाकर भगा ले गया। जब वह बाजार जाने की बात कह कर घर से गई थी। पीड़ित भाई ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। नगर निवासी पीड़ित भाई द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि विगत 1 अप्रैल की दोपहर उसकी बहन बाजार गई थी। को क्षेत्र के ग्राम फिरोजपुर जलालपुर पनवाड़ा निवासी सनोज पुत्र रामराज अपने साथी जोगराज के सहयोग से बहला-फुसलाकर भगा ले गया पीड़ित भाई की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा घटना का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### डीएम-एसपी ने नामांकन प्रक्रिया का लिया जायजा

**फतेहपुर।** त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन ब्लाको/जिला में नामाकंन का कार्य प्रारम्भ हुआ। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती अपूर्वा दुबे, पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने पुलिस बल के साथ विकास खंड हसवां में चल रही नामाकंन प्रक्रिया का जायजा लिया। ब्लॉक के अन्दर बने न्याय पंचायतवार सभी काउन्टरों का निरीक्षण किया। हसवां विकास खण्ड में तैनात आरओ एस सिद्दीकी ने बताया कि अभी तक प्रधान पद के 52, बीडीसी के 47 नामाकंन पत्र जमा हुए है। आर0ओ0 द्वारा बताया कि नामाकंन में किसी प्रकार की समस्या नही है। नामाकंन की प्रक्रिया अच्छी प्रकार से चल रही है।

### अलग-अलग पदों के लिए हुए 10720 नामांकन

**फतेहपुर।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए आज से शुरू हुई नामांकन प्रक्रिया के पहले दिन जनपद के सभी 13 ब्लॉकों के अंतर्गत आने वाली ग्राम सभाओं में प्रधान पद के लिए 5829 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किए। इसी तरह ग्राम पंचायत सदस्य के लिए 1165 नामांकन पत्र दाखिल हुए। क्षेत्र पंचायत सदस्य के लिए 3143 लोगों ने नामांकन किए। इसी तरह 46 सदस्यीय जिला पंचायत बोर्ड के लिए आज 583 लोगों ने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। बताते चलें कि कल सार्वजनिक अवकाश होने के कारण नामांकन नही होंगे। अब सिर्फ 15 अप्रैल को ही नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकते हैं।

### ट्रेन से कटकर वृद्ध की मौत

**फतेहपुर।** खागा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कटोघन के समीप मंगलवार की सुबह महुआ बीनने जा रहे लगभग 65 वर्षीय वृद्ध की रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आ जाने से मौके पर ही मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार कटोघन गांव निवासी वृद्ध राम किशुन विश्वकर्मा आज सुबह लगभग सात बजे गांव के समीप स्थित रेलवे लाइन पार महुआ बीनने जा रहा था। जब वह रेलवे लाइन पार करने लगा तभी ट्रेन की चपेट में आ गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गयी। सूचना पाकर घटनास्थल पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

### बाइक सवार को बचाने में रोडवेज पेड़ से टकराई, बड़ा हादसा बचा

**बिंदकी (फतेहपुर)।** बांदा से कानपुर जा रही रोडवेज बस एक बाइक सवार को बचाने में अनियंत्रित होकर नीम के पेड़ से टकरा गई। जिसके चलते हड़कम्प मचा रहा। बस में 40 यात्री सवार थे। जो बाल-बाल बच गये। जिससे घर के बाहर कपड़े धो रही एक महिला बाल-बाल बची और भाग कर अपनी जान बचाई।

# मुख्य विकास अधिकारी ने शौचालय घोटाले की जांच के दिये आदेश

- पांच लाभार्थी के नाम से 11 शौचालय का पैसा डकार गये जिम्मेदार
- लाभार्थियों की शिकायत पर घोटाले का हुआ पर्दाफाश

संवाददाता। फर्रुखाबाद



**शौचालय** निर्माण में की गई धांधली एक ही ब्लाक से पांच शिकायते मिलने पर मुख्य विकास अधिकारी एम0 अरुन्मोली ने जांच कर दोषी लोगों के विरुद्ध कार्यवाही के निर्देश दिये। जानकारी के अनुसार विकास खंड राजेपुर के नगला हूसा ग्राम पंचायत में कराये गये शौचालय निर्माण में की गई धांधली की शिकायत सचिन पुत्र राहुल ने बताया कि मां कुसुमलता पत्नी राहुल के नाम से दो शौचालय की धनराशि फर्जी तरीके से निकाल ली गई। लेकिन शौचालय एक दिया गया है। वहीं इसी गांव के जगदीश पुत्र रामभजन के नाम से तीन बार शौचालय की धनराशि 36 हजार रुपया निकाली गइ। लेकिन उन्हे एक भी शौचालय बनाकर नहीं दिया गया। पूरन लाल पुत्र स्व0 हरिराम के नाम से दो बार शौचालय की धनराशि निकाल ली गई। लेकिन उन्हे शौचालय उपलब्ध नहीं कराया गया। सीटू पत्नी अनिल कुमार के भी नाम से दो बार शौचालय धनराशि निकाली गई।

इसी तरह सोना देवी पत्नी बिजेन्द्र के भी नाम से दो बार शौचालय की धनराशि निकाली गई, लेकिन शौचालय नहीं दिया गया। धांधली की शिकायत मिलने पर मुख्य विकास अधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को जांच कर दोषी लोगों पर कार्यवाही कराये जाने के निर्देश दिये है। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा दिये गये आदेश के अनुसार जांच कर रिपोर्ट देने का समय निकल जाने के पश्चात भी अभी तक विभाग द्वारा जांच शुरु नहीं की गई। इस संदर्भ में जिला पंचायत राज अधिकारी शिवशंकर सिंह से जानकारी की तो उन्होंने बताया कि शौचालय घोटला की जांच के लिए कमेटी बना दी गई है। जांच पूरी होने पर कमेटी अपनी पूरी रिपोर्ट जब सौंपेगए। उसके आधार पर जो भी दोषी होगा खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। ज्ञात हो यह पहला मामला नहीं है अनगिनत शौचालय बिना निर्मित किये उनकी धनराशि निकाल ली गई। वर्षो पुराने बने शौचालयों को उनके स्थान पर दर्शा दिया गया। जबकि शौचालय रोजगार सेवक से लेकर ब्लाक स्तर के कई अधिकारी बने होने की जांच पड़ताल करते है। जिसके पश्चात शौचालय की धनराशित का भुगतान किया जाता है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि आखिर ग्राम स्तर परयदि गोलमाल किया गया है तो उच्चाधिकारियों की नजर इस पर क्यों नहीं पड़ी।

# शांति व्यवस्था को कायम रखें नागरिकः सीओ



बैठक को संबोधित करते सीओ सदर पायनियर

- प्रत्याशियों एवं नागरिकों से की शांति की अपील

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** कोतवाली परिसर में सीओ सदर की अध्यक्षता में त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों एवं त्यौहार के संबंध में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सीओ सदर ने नागरिकों से कोरोना नियमों का पालन करते हुए त्यौहार मनाए जाने एवं निष्पक्ष पंचायत चुनाव सफल कराए जाने की अपील की है। मंगलवार को स्थानीय कोतवाली परिसर में आयोजित पीस कमेटी की बैठक को संबोधित करते हुए सीओ सदर शिवप्रताप ने कहा कि नवदुर्गा एवं माहे रमजान को नागरिक कोरोना नियमों का पालन करते हुए सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाए। कहा कि नागरिक त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों को निष्पक्ष ढंग से संपन्न करवाने में सहयोग करें। आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वाले लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। इस अवसर पर मुनीर कुरैशी, अमित गुप्ता, अनुराग गुप्ता, परसराम देवल, अमरदीप मिश्रा, हारून अहमद, रामकुमार पाठक सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# पश्चिम बंगाल की घटना

## केंद्रीय बलों की प्रतिक्रिया

**अपने** जीवन पर खतरा आते देख कर आत्मरक्षा में विभिन्न केन्द्रीय बलों के नौजवानों की प्रतिक्रिया अलग-अलग होती है। इसका कोई मानक नियम नहीं है कि वे आत्मरक्षा के लिए स्थिति की गंभीरता किस तरह देखें और उसके अनुसार समुचित प्रतिक्रिया करें। इसलिए यदि खासकर कोई गुस्साई भीड़ उनकी ओर बढ़ती तो पश्चिम बंगाल के मतदान केन्द्रों पर तैनात सुरक्षा बल कमर के नीचे गोली मारते या ऊपर, यह निर्णय वे अपने ऊपर आए खतरे के आकलन के अनुसार करते। यदि कोई अन्य व्यावहारिक विकल्प न हो और समय की आवश्यकता हो तो मारने के लिए गोली चलाना भी गलत नहीं कहा जा सकता है। हालांकि, जो चीज एक स्थिति में सही हो, उसे दूसरी स्थिति में सही नहीं कहा जा सकता है। हाल ही में कूच बिहार के सीतलकुची में हुई घटना दुर्भाग्यपूर्ण है जिसमें सेंट्रल इंडस्ट्रियल सिक्यूरिटी फोर्स-सीआईएसएफ कर्मियों के गोली चलाने में चार लोगों का जीवन चला गया है और कोई भी हमदर्दी या मुआवजा उसे वापस नहीं ला सकता है। इससे भी ज्यादा दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि भाजपा और टीएमसी के बीच इसे लेकर आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला चल रहा है। मुख्यमंत्री व टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी ने जहां इसे 'नरसंहार' कहा है, वहीं केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि ममता बनर्जी ने अपने बयानों से जनता को केन्द्रीय बलों का घेराव करने व सीआईएसएफ पर हमले के लिए उकसाया है। आलोचकों का तर्क है कि यदि सीआईएसएफ जवान भीड़ भगाने के इरादे से पैरों पर गोली चलाते तो उपद्रवियों की मौत से बचा जा सकता था। ममता बनर्जी यही तर्क दे रही



हैं। लेकिन ऐसे तर्क मुद्दे के राजनीतीकरण के कारण दिए जा रहे हैं और ये व्यावहारिकता से बहुत दूर हैं। ये लोग नहीं जानते है कि पेशेवर बलों के कर्मचारियों को ऐसी परिस्थितियों में कैसे काम करना होता है और जमीनी स्थितियां कैसे तेजी से बदलती हैं।

इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि जब 300-400 गुस्सा लोगों की उपद्रवी भीड़ एक मतदान केन्द्र की ओर उसे लूटने तथा सुरक्षा बलों के हथियार छीनने के इरादे या उनकी हत्या के इरादे से बढ़ी थी। ऐसी स्थिति में उनके द्वारा अपनी आत्मरक्षा में उचित बल का प्रयोग किया। ऐसी स्थिति में लाठीचार्ज, वाटर कैनन, रबर बुलेट या आंसू गैस जैसे तरीकों का प्रयोग प्रतिरोधक के बजाय भीड़ को और उकसावे वाला हो सकता था जिससे वे केन्द्रीय सशस्त्र बल कर्मियों पर और भयानक हमला कर सकते थे। इसके परिणामस्वरूप होने वाले रक्तपात में सुरक्षा बलों और आम लोगों को बड़े पैमाने पर अपना जीवन गंवाना पड़ता। हताहतों की संख्या कम रखने तथा खून की प्यासी गुस्साई भीड़ को तितर-बितर करने के लिए गोली चलाने के सिवा कोई और व्यावहारिक विकल्प नहीं था क्योंकि इन परिस्थितियों में यही प्रतिरोधक का काम कर सकता था। लेकिन कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए तैनात किए जाने वाले किसी पेशेवर बल को इन स्थितियों की तकनीकी और विस्तृत जानकारी होनी चाहिए। ममता का आरोप है कि सीआईएसएफ को भीड़ नियंत्रित करने का कोई अनुभव नहीं होता है, लेकिन यह तर्क यथार्थ के बजाय कल्पनाओं पर आधारित है। इस घटना की समुचित जांच होनी चाहिए और देखा जाना चाहिए कि हिंसा भड़काने वालों को बख्शा न जाए। यदि सुरक्षा बलों की गलती हो तो उनके खिलाफ भी कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए। लेकिन हमें उम्मीद करनी चाहिए कि हमारे राजनेता इस मामले में और कम से कम लोगों की मौतों पर कोई राजनीति नहीं करेंगे। ऐसी राजनीति वास्तव में शर्मनाक है।

# नेपाल में राजनीतिक अस्थिरता

ओली के खिलाफ आया नेपाली सर्वोच्च न्यायालय का फैसला आश्चर्यजनक है और अब उनका राजनीतिक भविष्य अधर में लटक गया है।



**ऋषि गुप्ता**
लेखक जेएनयू में शोधकर्ता हैं)



नेपाल में लंबे राजनीतिक व न्यायिक उठापटक के बाद नेपाल के सर्वोच्च न्यायालय ने दो महत्वपूर्ण फैसले दिए हैं। उसने राष्ट्रपति द्वारा लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित संसद को भंग करना गलत बताया है तथा इसके साथ ही 2018 में नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी-एकीकृत मार्क्सवादी लेनिनवादी व नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी-माओवादी सेंटर के विलय को अवैध बताया है क्योंकि इसी नाम की एक अन्य पार्टी का अस्तित्व था। इसका अर्थ है कि यूएमएल व माओवादी पार्टियां वापस अपनी पुरानी स्थिति में आ गई हैं। संसद पुन: बहाल होने से प्रधानमंत्री के.पी. ओली को तगड़ा धक्का लगा है जो एक अति-राष्ट्रवादी नेता के रूप में उभरे थे। विभाजित नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी-एनसीपी के भविष्य पर अप्रत्याशित फैसले ने पूर्व एनसीपी में ओली और प्रचंड के बीच सत्ता के संघर्ष पर अंतत: पूर्ण विराम लगा दिया है।

इस फैसले को देश को राजनीतिक अस्थिरता में धकेलने से बचाने के न्यायेत्तर प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। राष्ट्रपति के पद, मंत्रि परिषद, सुरक्षा परिषद, संविधानेत्तर संस्थाओं और प्रेस पर ओली के प्रभाव को देखते हुए विश्वास किया जाता था कि अदालत ओली का पक्ष लेगी और उनके समूह को वैध एनसीपी मान लेगी। इससे प्रचंड के पास एक और गुट बनाने के सिवा कोई और विकल्प न बचता। ओली की कानूनी टीम को अपने पक्ष में फैसला आने की उम्मीद थी, लेकिन वास्तविक फैसले ने राजनीतिक संकट और गहरा दिया है। अब यदि माओवादी समर्थन वापस ले लें तो सरकार गिर जाएगी। मधेशी समर्थक जनता समाजवादी पार्टी ऐसे में किंगमेकर की भूमिका निभा सकती है। वह नेपाली कांग्रेस और माओवादियों का समर्थन कर सरकार बनवा सकती है या ओली के साथ जाकर उनका प्रधानमंत्री कार्यकाल और बढ़ा सकती है।

वैसे इस स्थिति की उम्मीद थी। 2018 में दो मुख्यधारा प्रतिद्वंद्वी पार्टियों के विलय ने नेपाली जनता में उम्मीद जगाई थी कि नया नेतृत्व राजनीतिक परिपक्वता प्रदर्शित कर रहा है। लेकिन यह केवल ओली और प्रचंड के लिए राजनीतिक अस्तित्व बचाए रखने का मामला था क्योंकि ओली ने अपने धुर विरोधी प्रचंड का साथ ले कर विपक्ष को कमजोर करने की रणनीति बनाई थी। प्रचंड पर गंभीर भ्रष्टाचार मामलों के साथ ही एक दशक लंबे चले माओवादी आंदोलन के दौरान लोगों की बड़े पैमाने पर हत्या कराने के आरोप भी थे। प्रचंड ने दावा किया था कि आंदोलन के दौरान लगभग 5,000 लोग मारे गए थे। ओली के सबसे मजबूत सहयोगी होने के नाते प्रचंड संरा. व अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में सुनवाई से बच सकते थे। इसलिए दोनों पार्टियों का विलय दोनों नेताओं के निजी स्वार्थों के कारण था जबकि व्यापक रूप से लोग इसे जनता के हित में राजनीतिक परिपक्वता की तरह देखते थे। इसलिए यह नतीजा निकलना अपरिहार्य था। अंतत: पार्टी टूटने के बाद आरोप-प्रत्यारोप का दौर चलेगा। ओली नई दिल्ली के साथ अपने संबंध सुधारने का प्रयास कर रहे हैं। भारत से संबंध बेहतर करने के लिए ओली ने अनेक भारतीय चैनलों से पूर्व प्रधानमंत्री प्रचंड के खिलाफ अनेक बातें कही हैं तथा उन पर पार्टी विभाजित करने का आरोप लगाया है। अतीत में यही ओली भारत

> **राजनेता नेपाल को वापस उथल-पुथल वाले समय में नहीं ले जाना चाहते हैं पर ओली के तानाशाही दृष्टिकोण ने नेपाल को भारी नुकसान पहुंचाया है। राजनीतिक रूप से लोकतंत्र ओली को पसंद नहीं है क्योंकि वे नेपाल में एक पार्टी शासन का सपना देख रहे हैं जहां उनका यूएमएल के भीतर या बाहर कोई राजनीतिक विरोधी न हो।**

विरोधी दृष्टिकोण अपना कर अपनी राजनीतिक स्थिति मजबूत करना चाहते थे तथा भारतीय मीडिया पर अपने देश के प्रति 'शत्रुतापूर्ण' दृष्टिकोण अपनाने का आरोप लगाते थे।

अतीत में ओली के जन संपर्क कार्यालय और विदेश नीति सलाहकार समूह ने सीमा विवाद पर भारत की घोर आलोचना की थी। अब ये कार्यालय नई दिल्ली से संबंध सुधारने की सभी तरकीबें आजमा रहे हैं। इसके साथ ही चीन के साथ दोस्ती की छवि के बावजूद ओली भारत से कोविड-19 वैक्सीनें मंगाने पर जोर दे रहे हैं। लेकिन भारत-नेपाल संबंधों में नया विकास इन परिवर्तनों के प्रति विश्वास पर आधारित होगा। दूसरी ओर ओली का चीन के प्रति पूर्वाग्रही दृष्टिकोण भारी आर्थिक नुकसान के कारण पैदा हुआ है। उन्होंने बीजिंग के साथ परस्पर कानूनी सहायता की संधि पर हस्ताक्षर किए थे जिससे नेपाल में रह रहे लगभग 20,000 तिब्बती शरणार्थियों का जीवन और अधिकार संकट में पड़ गया है। श्रीलंका में चीन के गलत कामों के परिणाम सामने आने के बावजूद वर्तमान नेपाली सरकार का बेल्ट एंड रोड इनीशियेटिव-बीआरआई के प्रति मोह बना हुआ है। भले ही ओली अपने कृत्यों को भारत और चीन के बीच संतुलनकारी रणनीति के रूप में पेश करें, पर उनके कार्यों से दूसरे संकेत मिलते हैं। नेपाल में ओली की राजनीतिक चालबाजियों के लिए चीन ने उदारता से पैसा दिया है। चीन से उनकी निकटता प्रदर्शित करने के लिए मदन भंडारी फाउंडेशन के माध्यम से मिलने वाला पैसा समुचित प्रमाण है।

वर्तमान घटनाक्रम को देखते हुए भविष्य अनिश्चित दिखता है। हालांकि, राजनेता नेपाल को वापस उथल-पुथल वाले समय में नहीं ले जाना चाहते हैं, पर ओली के तानाशाही दृष्टिकोण ने नेपाल को भारी नुकसान पहुंचाया है। राजनीतिक रूप से लोकतंत्र ओली को पसंद नहीं है क्योंकि वे नेपाल में एक पार्टी शासन का सपना देख रहे हैं जहां उनका यूएमएल के भीतर या बाहर कोई राजनीतिक विरोधी न हो। विदेश नीति के मोर्चे पर अपनी विशाल पनबिजली संभावनाओं को देखते हुए नेपाल बिजली पैदा करने में भारतीय विशेषज्ञता का लाभ उठा सकता है। परस्पर लाभदायक योजना से नेपाल की आर्थिक प्रगति का रास्ता खुलेगा। लेकिन नए समझौतों की तो बात दूर, नेपाल भारत के साथ 1996 में हस्ताक्षरित महाकाली जैसी संधियों को ही पुनर्जीवित करने का प्रयास नहीं कर रहा है जो दोनों देशों के बीच सहयोग को बढ़ावा दे सकती है। इस बीच बीआरआई और ट्रांस हिमालयन रेलवे का सपना दिखा कर चीन ने ओली को अपने पक्ष में किया है।

खोखली आर्थिक व विकास रणनीतियों के कारण ओली की महत्वाकांक्षायें नेपाल को अनिश्चित भविष्य की ओर धकेल रही हैं। इस पर नेपाल की जनता के साथ ही भारत समेत दुनिया के अन्य देशों को गहरी नजर रखनी होगी।

# प्रतिरोधी ढांचागत संरचना की अनिवार्यता

> **यह कोविड पश्चात उबरने की प्रक्रिया में योगदान करते हुए जलवायु प्रतिबद्धताओं को पूरा करने की प्रेरणा दे सकता है।**

**रिया राहीमान**
(लेखिका तकनीकी विशेषज्ञ हैं)



देश जलवायु परिवर्तन और चरम घटनाओं के प्रभाव से जूझ रहे हैं क्योंकि वे लोगों, बुनियादी ढांचे, अर्थव्यवस्थाओं और भविष्य के विकास के लिए विभिन्न जोखिमों का सामना करते हैं। चरम घटनाओं के कारण आर्थिक नुकसान का एक महत्वपूर्ण अनुपात बुनियादी ढांचे के सिस्टम को नुकसान और क्षति के लिए जिम्मेदार ठहराया जाता है, जिससे बुनियादी ढांचे के विकास के लिए आपदा और जलवायु लचीलेपन को एकीकृत करने की आवश्यकता पर जोर दिया जाता है। कोविड-19 महामारी के मामले में, हमने दुनिया भर में बुनियादी ढांचा क्षेत्रों पर अभूतपूर्व प्रभाव देखा है। भले ही इसने भौतिक बुनियादी ढांचे को सीधे नुकसान न पहुंचाया हो, लेकिन इससे अर्थव्यवस्थाओं पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ने के साथ, बुनियादी सुविधाओं की सेवाओं में रुकावट आई। प्रकोप लचीला बुनियादी ढांचे में निवेश करने की आवश्यकता का नवीनतम अनुस्मारक है। इसने विभिन्न क्षेत्रों और गरीबी, खराब स्वास्थ्य प्रणाली और अंतर्निहित सामाजिक कल्याण योजनाओं जैसे अंतर्निहित चालकों के लिए प्रणालीगत जोखिमों को उजागर किया और उन्हें समाप्त कर दिया। विभिन्न क्षेत्रों में पैदा हुए जोखिमों ने प्रणालीगत और कैस्केडिंग खतरों और कमजोरियों को समझने और संबोधित करने के लिए दृढ़ता से बाहर लाया।

वैश्विक वसूली के हिस्से के रूप में, बुनियादी ढांचे के निवेश को आर्थिक गतिविधियों को फिर से शुरू करने के उद्देश्य से प्रोत्साहन पैकेजों के एक अनिवार्य हिस्से के रूप में देखा जा रहा है। आर्थिक गिरावट के प्रभावों को कम करने के साथ-साथ रोजगार सृजित करने



और प्रतिस्पर्धा में सुधार लाने के प्रयास के रूप में देशों को बुनियादी ढांचे के क्षेत्रों में भारी निवेश की उम्मीद है। कोविड-19 रिकवरी की योजना बनाते समय स्वास्थ्य और आर्थिक निहितार्थ केंद्र स्तर लेते हैं, लेकिन जलवायु आपातकाल की तात्कालिकता को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। महामारी ने स्पष्ट रूप से लचीलेपन को मजबूत करने के लिए सिस्टम के जोखिमों पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता को स्पष्ट रूप से सामने लाया है, एक सबक जो कि ध्यान में रखना चाहिए, साथ ही जलवायु परिवर्तन के खिलाफ मार्ग बनाने के लिए। पेरिस समझौते के हिस्से के रूप में अपनी राष्ट्रीय जलवायु कार्य योजना प्रस्तुत करने वाले देशों के साथ, यह जलवायु कार्रवाई के लिए भी एक महत्वपूर्ण वर्ष है। यह महत्वपूर्ण है कि कोविड से उबरने की प्रक्रिया और क्लाइमेट एक्शन प्लान एक दूसरे के पूरक हैं।

कि वैश्विक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में बुनियादी ढांचे का निर्माण और संचालन 70 प्रतिशत है और गुणवत्ता के बुनियादी ढांचे का प्रावधान सभी सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) में 92 प्रतिशत लक्ष्यों की उपलब्धि को कम करता है। डिजास्टर रिस्क रिडक्शन (एसएफडीआरआर) के लिए सेंडाइ फ्रेमवर्क भी टिकाऊ विकास के लिए आधारशिला के रूप में लचीला बुनियादी ढांचे की भूमिका पर प्रकाश डालता है। चार विशिष्ट लक्ष्य एसएफडीआरआर में नुकसान में कमी से संबंधित हैं, वैश्विक आपदा मृत्यु दर में कटौती, प्रभावित लोगों की संख्या, आर्थिक नुकसान और बुनियादी ढांचे को नुकसान पर ध्यान केंद्रित करते हैं।

हालांकि, महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे का नुकसान कम करने पर एसएफडीआरआर लक्ष्य नुकसान में कमी पर तीन अन्य लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए एक महत्वपूर्ण शर्त है। इसे देखते हुए, वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं जैसे कि जलवायु परिवर्तन, एसडीजी और एसएफडीआरआर लक्ष्यों पर पेरिस समझौते के रूप में वितरित करने के अवसर के लिए बुनियादी ढांचे में निवेश और नीतियों को बढ़ाना चाहिए। हालांकि एसडीजी और एसएफडीआरआर लक्ष्य पर कुछ प्रगति की गई है, लेकिन उनसे मिलने की समग्र कार्रवाई आवश्यक गति से आगे नहीं बढ़ी है।

महामारी ने उनकी प्रगति को और पीछे धकेल दिया है। कोविड-19 रिकवरी का उपयोग इन वैश्विक लक्ष्यों पर प्रगति और एक स्वस्थ, समावेशी और जलवायु के अनुकूल भविष्य के निर्माण के अवसर के रूप में किया जा सकता है। आपदा और जलवायु-लचीले बुनियादी ढांचे में निवेश वैश्विक-प्रतिबद्धताओं को पूरा करने में बहुत आवश्यक आवेग प्रदान कर सकता है, जबकि कोविड संकट से उबरने की प्रक्रिया में योगदान भी कर सकता है।

## आप की बात

### पशुओं पर अत्याचार रोकें

**अमेरिका** के साऊथ कैरोलिना में एक कुत्ते को भौंकने से रोकने के लिए उसके मुंह पर बिजली के काम में उपयोग किया जाने वाला टेप लपेटने वाले व्यक्ति को पांच वर्ष की जेल की सजा सुनाई। संबंधी खबर कुछ माह पूर्व सुर्खियों में आई थी। जानवरों पर अत्याचार करने वालों पर अंकुश लगना चाहिए। देखा जाए तो कुत्ते खतरा सूंघने मे माहिर होते है। इनके प्रशिक्षण और देखभाल पर सुरक्षा बल गौर कर रहा है। सूंघने कि क्षमता के कारण कुत्ते दस्ते आपदा प्रबंधन में भरोसे लायक सिद्ध हुए हैं। आतंकवादियों द्वारा रखे जाने वाली विस्फोटक पदार्थों को सूंघ कर देश मे होने वाली जान - माल की हानि को ये कम करने मे अपनी अहम् भूमिका अदा करते हैं। विदेशों मे पालतू कुत्तों की भावनाओं को समझने कि दिशा मे जापान द्वारा मशीन भी ईजाद की है। कुत्तों के प्रति जापान ही नहीं भारत मे भी प्राचीन समय मे उनकी भावनाओं को समझा जाता रहा है। पांडवों के हिमालय जाते समय धर्मराज के संग कुत्ता भी साथ था। भारत में कुत्तों के लिये आज हर घर मे रोटी रखी जाती है। खेतों में ,घरों मे सुरक्षा हेतु पाला जाता है। विदेशों मे खासकर ब्रिटेन में कुत्ते की पूंछ काटे जाने का रिवाज है, जिस पर आवाज उठाई जानी चाहिए।

- **संजय वर्मा, मनावर, मप्र**

### राजनीति बनाम कोरोना

**बेलगाम** होती दिख रही, चुनाव के दौरान की राजनीति देश में बढ़ रहे कोरोना के मामलों में आग में घी का काम कर रही। पिछली बार भी मध्यप्रदेश में सरकार बन जाने तक, कोरो ना को हल्के में लिया गया, जिसका खामियाजा पूरा देश सख्त लॉक डाउन के रूप में पालन किया। गौरतलब है कि इतना सब कुछ होने के बावजूद, राजनीतिक पार्टियों के लिए, चुनाव को आयोजन कराना, कितना जायज है, इसका पता सभी देशवासी चुनावी रैलियों से बाखूबी देख सकते हैं। अब की बार भी उसी गलती को दोहराया जा रहा, चुनाव और सत्ता के प्रति बढ़ लालच देश को फिर से लॉक डाउन की ओर मुखातिब कर रहा।राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने ही कहा था, जो बदलाव हम संसार में देखना चाहते हैं, उसके लिए स्वयं अपने अंदर बदलाव लाए। यह कथन सिर्फ आम जनता पर नहीं बल्कि राजनेताओं पर भी लागू होती है।उनकी कथनी और करनी में लगातर बढ़ रही खाई को कम करना चाहिए। दावे और वादे के साथ साथ कामों को सफलतापूर्वक पूर्ण करना भी जिम्मेदारी है। बिहार हो या मुंबई, बच्चे हो या व्यापारी सभी इसका लोकतांत्रिक तरीके से विरोध कर रहे हैं।

- **अमन जायसवाल**, दिल्ली विश्वविद्यालय

### चुनाव में नहीं होता कोरोना

**सावधान!** मिस्टर कोरोना मैं चुनाव हूं समझे! चाहे मैं छोटा हूं चाहे मैं बड़ा हूं पर तुमसे बड़ा हूं। चाहे मैं पंचायत में हूं चाहे मैं नगर निगम में या फिर या फिर शहर में हूं या प्रदेश में. कहीं भी रहूं. मेरे क्षेत्र में कदम तो क्या अपनी बुरी नजर भी भूल से डालने की कोशिश मत करना। मेरे सुरक्षा कवच में सेंध लगाने की भूल भी मत कर बैठना, क्योंकि मैं चुनाव हूं और मेरा काम चुनकर नेता को कुर्सी पर बैठाना है। अगर तुमने मेरे एरिया में घुसपैठ करने की कोशिश की तो मैं तुमको दीवार में चुनकर दफ़न कर दूंगा। मेरे क्षेत्र में सिर्फ और सिर्फ नेता, मतदाता और रैली में भाग लेने वालों को ही मास्क ना लगाने की छूट इसलिए है क्योंकि तुम उनका कुछ नहीं बिगाड़ सकते। इसलिए कि मैं वहां हर पल व हर क्षण मौजूद हूं और उनपर मेरी पैनी नजर व मेरा सख्त सुरक्षा कवच बना हुआ है। जैसे कोई वस्तु वाटर प्रूफ होती है, शॉक प्रूफ होती है वैसे ही मेरा चुनाव क्षेत्र कोरोना प्रूफ है। इसलिए बेफिक्र होकर नेतागण रैलियां करें, भाषण दें, आम लोग उसमें बेझिझक भाग लें और मतदाता निश्चिंत होकर मतदान करें।

- **शकुंतला महेश नेनाव**, इंदौर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**दिल्ली** में छह लाख बच्चे सीबीएसई की परीक्षा देने जा रहे हैं। करीब एक लाख शिक्षक इसका हिस्सा होंगे। ये बड़े पैमाने पर केंद्र कोरोना के हाटस्पॉट बन सकते हैं।

- **अरविंद केजरीवाल**
दिल्ली के मुख्यमंत्री



**जलियांवाला** बाग हत्याकांड में शहीद हुए लोगों को श्रद्धांजलि। उनका साहस, वीरता और बलिदान हर भारतीय को शक्ति प्रदान करता है।

- **नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**मैं** निर्वाचन पैनल के प्रचार प्रतिबंधित करने वाले असंवैधानिक और अलोकतांत्रिक निर्णय के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करूंगी।

- **ममता बनर्जी**
मुख्यमंत्री पश्चिम बंगाल

# प्रवासी मजदूरों के लिए क्वारेंटाइन सेंटर बनाएं



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कोरोना के बढ़ते प्रसार को ध्यान में रखते हुए दूसरे प्रदेशों से पलायन कर रहे प्रवासी मजदूरों की व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए हैं। सीएम ने टीम-11 के अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश के जिन जिलों में प्रवासी मजदूर लौट रहें हैं उन जिलों में क्वारेंटाइन सेंटर की व्यवस्था जल्द से जल्द की जाए। प्रवासी मजदूरों की कोरोना जांच, क्वारेंटाइन, खाने पीने की व्यवस्था के विशेष इंतजाम करने के आदेश सीएम ने बैठक में दिए। प्रदेश में जिन जनपदों में प्रवासी मजदूर लौट रहे हैं उन जिलों में प्रवासी मजदूरों के लिए सभी व्यवस्था को लेकर नोडल अधिकरियों संग स्थानिय समिति जिलाधिकारी संग संवाद स्थापित करें जिससे समय पर सभी प्रकार की सुविधाएं प्रवासी मजदूरों को मिल सकें। विदित हो कि पिछले साल कोरोना काल के दौरान प्रदेश के श्रमिकों व कामगारों, ठेला, खोमचा, रेहड़ी लगाने वाले या दैनिक कार्य करने वाले सभी लोगों के भरण-पोषण की व्यवस्था को सुनिश्चित किया। इसके साथ ही निर्माण श्रमिकों को भी भरण पोषण भत्ता देने का कार्य किया गया है। सरकार ने कोरोना संक्रमण के दौरान प्रवासी कामगारों व श्रमिकों को सभी तरह की सुविधाएं पहुंचाई। जिसके तहत परिवहन निगम की बसों के जरिए लगभग 40 लाख प्रवासी कामगरों व श्रमिकों को उनके गृह जनपदों तक भेजनेए चिकित्सकीय सुविधाएं उपलब्ध कराने व उनको स्थानीय स्तर पर रोजगार दिलाने के लिए बड़े पैमाने पर व्यवस्था की गई।

## घर में ही रहकर रमजान के धार्मिक कार्य करें: योगी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने पवित्र रमज़ान माह के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। इसके साथ ही सीएम ने कहा है कि कोरोना संक्रमण के मद्देनजर लोग रमज़ान के दौरान घर में ही रहकर धार्मिक कार्य सम्पन्न करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि रमज़ान के पवित्र दिनों में रोज़ा, मानवता की सेवा, ईश्वर की बन्दगी जैसे नेक कार्यों से धैर्य, आत्म अनुशासन, सहनशीलता, सादगी आदि मूल्यों को बढ़ावा मिलता है। इससे परस्पर प्रेम और भाईचारे की भावना बलवती होती है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रदेश समरसता, भाईचारे और सांस्कृतिक एकता की मिसाल है। इसी विरासत और परम्परा को अक्षुण्ण रखते हुए कोरोना संक्रमण के मद्देनजर लोग रमज़ान के दौरान घर में ही रहकर धार्मिक कार्य सम्पन्न करें।

# हालात नहीं सुधरे तो लखनऊ में लगाना पड़ सकता है लॉकडाउन: बृजेश पाठक

**कानून मंत्री के सोमवार को अपर मुख्य सचिव चिकित्सा व स्वास्थ्य तथा प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा को भेजे गए व सोशल मीडिया में वायरल पत्र में जताई गई हैआशंका**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उत्तर** प्रदेश सरकार के कानून मंत्री ब्रजेश पाठक ने स्वास्थ्य महकमे के उच्चाधिकारियों को पत्र लिखकर स्वास्थ्य सेवाओं की चिंताजनक हालत की ओर ध्यान आकर्षित किया और कहा कि अगर हालात में जल्दी सुधार नहीं हुआ तो कोविड-19 रोकथाम के लिए लखनऊ में लॉकडाउन लगाना पड़ सकता है। कानून मंत्री ब्रजेश पाठक का सोमवार को अपर मुख्य सचिव चिकित्सा व स्वास्थ्य तथा प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा को भेजा गया कथित पत्र मंगलवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इस पत्र के भेजे जाने के बारे में जब पाठक से बातचीत की गई तो उन्होंने कहा, मैंने एक गोपनीय पत्र भेजा है। लेकिन उन्होंने पत्र में क्या लिखा है इस बारे कुछ भी बताने से इंकार कर दिया। सोशल मीडिया पर वायरल पत्र में पाठक ने लिखा है कि अगर कोविड-19 जनित परिस्थितियों को शीघ्र नियंत्रित नहीं किया गया तो हमें रोकथाम के लिए लखनऊ में लॉकडाउन लगाना पड़ सकता है। उन्होंने पत्र में लिखा है, अत्यंत कष्ट के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि वर्तमान समय में लखनऊ जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति अत्यंत चिंताजनक है। विगत एक सप्ताह से हमारे पास पूरे लखनऊ जनपद से सैकड़ों फोन आ रहे हैं, जिनको हम समुचित इलाज नहीं दे पा रहे हैं। पत्र में लिखा है, मुख्य चिकित्सा अधिकारी के कार्यालय में फोन करने पर बहुधा फोन का उत्तर नहीं मिलता। इसकी शिकायत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री से और अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य से करने के उपरान्त फोन तो उठता है किन्तु सकारात्मक कार्य नहीं होता। उन्होंने आगे लिखा है कि मरीज की जांच रिपोर्ट मिलने में चार से सात दिन का समय लग रहा है, एंबुलेंस नहीं मिल रही है। उन्होंने यह शिकायत की है, आज मेरे विधानसभा क्षेत्र के पद्मश्री पुरस्कार प्राप्त डॉ योगेश प्रवीण की अचानक तबियत बिगड़ गई। इसकी सूचना मिलने पर मैंने स्वयं मुख्य चिकित्सा अधिकारी से फोन पर बात की और उन्हें तत्काल एंबुलेंस व चिकित्सा मुहैया कराने का अनुरोध किया, किंतु खेद का विषय है कि कई घंटों बाद भी उन्हें एंबुलेंस नहीं मिली और समय से इलाज नहीं होने के कारण उनकी मृत्यु हो गई।

श्री पाठक ने कहा कि वर्तमान कोविड 19 जनित परिस्थितियों में जबकि प्रतिदिन 4 से 5 हजार कोरोना के रोगी जनपद में मिल रहे है, ऐसे में कोविड अस्पतालों में बैड की संख्या अत्यधिक कम है। लखनऊ में प्राइवेट पैथोलॉजी सेन्टरों में कोविड की जॉच बन्द करा दी गयी है एवं सरकारी अस्पतालों में कोविट की जाँच में कई दिनों का समय लग रहा है। चिकित्सा विभाग के एक बड़े अधिकारी से एक सप्ताह पूर्व मेरी बात हुयी थी, जिन्होंने मुझे बताया कि उन्हें प्रतिदिन 17000 किट जॉच हेतु चाहिए किन्तु मात्र 10000 जाँच किट ही उन्हें उपलब्ध हो पा रही है । उपरोक्त वर्णित वस्तुस्थिति के परिप्रेक्ष्य में मेरा अनुरोध है कि कोविड अस्पतालों में कोविड के मरीजों हेतु बैड की सख्या बढ़ाई जाये, कोविड जॉच की संख्या बढ़ाई जाये एवं पर्याप्त जॉच किट उपलवा करायी जाये। प्राइवेट अस्पतालों, संस्थानों एवं पैथालॉजी को कोविट जाँच का पुन: अधिकार दिया जाये। पूर्व की भाँति कोविड के रैण्डम टेस्ट शुरू किये जाये तथा आरटीपीसीआर की जॉच रिपोर्ट सम्बन्धित को 24 घण्टे के अन्दर पहले की तरह उपलब्ध करायी जाये। आईसीयू की संख्या बढ़ाई जाये एवं गम्भीर रोगियों को तुरन्त भर्ती करने की सुविधा प्रदान की जाये तथा कोविड रोगियों को लगने वाले रैमडेसिबिर इन्जेक्शन को पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराया जाये। उक्त के अतिरिक्त जो रोगी कोविड के पेशेन्ट नहीं है, अथवा जो हार्ट, किडनी, लीवर, कैन्सर, डायलसिस एवं अन्य गम्भीर रोगों से ग्रसित है, उनकी और भी अधिक दयनीय स्थिति है क्योंकि कोविड पैनडेमिक के कारण उन्हें समय से उचित इलाज नहीं मिल पा रहा है, ऐसे रोगियों को भर्ती किये जाने के इन्तजाग भी हमें गम्भीरता से देखना है। उपरोक्त कोविड जनित परिस्थितियों को यदि शीघ्र नियन्त्रित नहीं किया गया तो हमें कोविड की रोकथाम हेतु लखनऊ में लॉकडाउन लगाना पड़ सकता है।

## मुख्यमंत्री ने जानी हकीकत, अफसरों के कसे पेंच

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कोरोना** संक्रमण के सरकारी दावों के विपरीत कैबिनेट मंत्री ब्रजेश पाठक द्वारा लिखा गया पत्र आज सरकार और सियासत के बीच चर्चा के केंद्र रहा। पत्र को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी अपनी सरकार के मंत्री से बात की और हकीकत को जाना। उन्होंने पूरे मामले पर अधिकारियों के भी पेंच कसे हैं और कोरोना की जंग में किसी भी तरह की लापरवाही न होने की हिदायत दी है।

## डिस्कनेक्शन नहीं, फोन कॉल करें: श्रीकांत शर्मा

- कोविड 19 ब्याज माफी योजना का लाभ उपभोक्ताओं को घर बैठे मिले
- बिल संशोधन के मामलों का तत्काल हो निस्तारण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**ऊर्जा** एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत मंत्री श्रीकान्त शर्मा ने कहा कि कोविड 19 ब्याज माफी योजना का लाभ उपभोक्ता घर से ही ऑनलाइन आवेदन कर ले सकते हैं। इसमें कोई बाधा न आये यह यूपीपीसीएल चेयरमैन व प्रबंध निदेशक सुनिश्चित करें। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि उपभोक्ताओं का डिस्कनेक्शन न करें बल्कि फोन कॉल कर उन्हें 31 जनवरी तक के बिल पर सरचार्ज माफी की योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी पात्र उपभोक्ताओं को अगले 48 घंटे में कॉल करें।

ऊर्जा मंत्री ने मंगलवार को समीक्षा के दौरान 15 अप्रैल तक चलने वाली सरचार्ज माफी योजना की प्रगति से असंतुष्टि जताते हुए कहा कि यह योजना अधिक से अधिक घरेलू व कृषि ट्यूबवेल उपभोक्ताओं को इसका लाभ मिले इसलिए लाई गई। लेकिन अब तक इसका लाभ 25 फीसदी उपभोक्ताओं को ही मिल पाया है। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि इसका लाभ अधिक से अधिक उपभोक्ताओं तक पहुंचाने के लिए फोन कॉल कर उपभोक्ताओं को ऑनलाइन पोर्टल के जरिये घर बैठे पंजीकरण कराने और मूल राशि वर्तमान बिल के साथ चुकाने के लिए प्रेरित करें, जिससे की 31 जनवरी तक के बिल पर लगे सरचार्ज से उन्हें सौ फीसदी मुक्ति मिल जाये। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि योजना का ऑनलाइन लाभ लेने में कोई तकनीकी अड़चन व बिल में गड़बड़ी बाधा न बने। बिल संशोधन की शिकायतों का तत्काल निस्तारण हो और फोन पर ऑनलाइन प्रक्रिया को लेकर मार्गदर्शन करें। उपभोक्ता किसी भी तरह की शिकायत के लिए 1912 पर कॉल करें।

## प्रमोद तिवारी ने बार काउंसिल के पूर्व अध्यक्ष वीसी मिश्रा के निधन पर शोक जताया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता व पूर्व राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा है कि बार काउंसिल ऑफ इण्डिया तथा बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष एवं अधिवक्ताओं की सबसे सशक्त आवाज और लगभग 6 दशक तक उनका नेतृत्व करने वाले वीसी मिश्रा का निधन अपूर्णनीय क्षति है। ईश्वर उनकी आत्मा को चिरशांति प्रदान करे तथा अपने श्रीचरणों में स्थान दे तथा उनके परिवार को इस दारुण दु:ख को सहन करने की शक्ति दे । तिवारी ने कहा है कि अधिवक्ता के रूप में जब मैने अपना इनरोल कराने के लिए बार काउंसिल के सदस्य के रूप में उनसे अनुरोध किया था तो मुझे इस बात का हर्ष है कि उन्होंने मेरा इनरोल ही नहीं किया बल्कि मेरे घर आकर उन्होंने अधिवक्ता के रूप में मेरा पंजीकरण संख्या भी मुझे सौंपी थी ।

## राजधानी लखनऊ जलती चिताओं का शहर बन गया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में कोरोना संक्रमण से हाहाकार मचा हुआ है। सरकारी स्वास्थ्य सेवाएं चरमरा गई हैं। राजधानी लखनऊ जलती चिताओं का शहर बन गया है। कोरोना पर नियंत्रण का झूठा ढिंढोरा पीटने वाली भाजपा सरकार को जवाब देना होगा कि उसने लोगों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ क्यों किया। टीका, टेस्ट, डाक्टर, बेड, एम्बूलेंस सबकी कमी है और टेस्ट रिपोर्ट समय से न मिलने से गम्भीर रूप से बीमार इलाज के लिए सड़कों पर तड़प रहे हैं। दवाइयों की काला बाजारी पर रोक नहीं। खुद सरकार के एक मंत्री ने चिट्ठी लिख कर कोरोना अवधि में बदइंतजामी के हालात बयान किए है।

मुख्यमंत्री जी को क्या सबूत चाहिए। अखिलेश ने कहा कि कोरोना महामारी में कहीं कोई सुनवाई नहीं। जनता त्रस्त है परन्तु सरकार मदमस्त है। गोरखपुर में, राजधानी लखनऊ में और अतिविशिष्ट जनपद वाराणसी में हालात विचलित करने वाले हैं। बाबा राघव दास अस्पताल के बाहर संक्रमित युवक ढाई घंटे तड़पता रहा। अंतत: उसकी मौत हो गई। लखनऊ में मरीजों को एक अस्पताल से दूसरे अस्पताल तक दौड़ाए जाने से कइयों ने रास्ते में दम तोड़ दिया। वेंटीलेटर और बेड के अभाव में गम्भीर मरीज तड़पते रहते हैं। यशभारती और पद्मश्री सम्मान से सम्मानित सुप्रसिद्ध लेखक योगेश प्रवीण को तमाम प्रयासों के बाद भी समय से एम्बूलेंस नहीं मिल सकी और अस्पताल पहुंचने से पहले ही उनकी सांसे उखड़ गई। प्रधानमंत्री के क्षेत्र वाराणसी में भी सोमवार को 1347 केस मिले। वहां भी लोगों के हाल बेहाल हैं। अखिलेश ने कहा कि कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर में पुन: लॉकडाउन की आशंका से चिंतित मुम्बई जैसे बड़े महानगर में काम करने वाले उत्तर प्रदेश के श्रमिक बड़ी संख्या में पुन: वापस लौट रहे हैं। इनके रोटी रोजगार की समस्या तो सामने आएगी ही, उनमें जो संक्रमित हैं उनसे यह संक्रमण गांवों में फैलने की भी आशंका है। झांसी में ही जांच के दौरान 20 मरीज संक्रमित मिले। सरकार को संक्रमण रोकने के लिए कड़े कदम उठाने चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा के मुख्यमंत्री द्वारा आपदा में भी राजनीति और भ्रष्टाचार के अवसर तलाशने की वजह से ही आज प्रदेश में कोरोना महामारी नियंत्रण से बाहर हो गई है। उत्सव में डूबी सरकार का बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं पर ध्यान नहीं गया। इन बिगड़े हालात में भी मुख्यमंत्री स्टार प्रचारक बने घूम रहे हैं, उन्हें अपने पद की गरिमा और संविधान की ली गई शपथ को याद रखना चाहिए।

## मुठभेड़ में 50 हजार का ईनामी गोली लगने से जख्मी, गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के बहराइच जिले में रुपईडिहा पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान 50 हजार के ईनामी अपराधी अखलाक उर्फ अकलाख को गिरफ्तार किया। गोली लगने से जख्मी होने की वजह से उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसके कब्जे से एक तमंचा और कारतूस बरामद हुए। डीजीपी मुख्यालय के अनुसार बीते सोमवार की रात थाना रुपईडीहा पुलिस ने सूचना के आधार पर खैरहनिया जंगल तिराहा के पास से चेकिंग के दौरान बदमाशों को रोकने का प्रयास किया। बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। पुलिस की ओर से आत्मरक्षार्थ की गई कार्रवाई में गोली लगने से अखलाक घायल हो गया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके खिलाफ बहराइच व श्रावस्ती के विभिन्न थानों में हत्या का प्रयास, चोरी, आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस एक्ट आदि के आधा दर्जन मुकदमे पंजीकृत है।

## कानून मंत्री की चिट्ठी ने खोली कोरोना के इंतजामों को लेकर योगी सरकार की पोल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने कहा है कि कानून मंत्री बृजेश पाठक की चिट्ठी ने योगी सरकार की कोरोना महामारी को रोकने की तैयारियों एवं उपलब्ध सुविधाओं की कलई खोल कर रख दी है। कोरोना संक्रमण को लेकर योगी सरकार की उदासीनता व संवेदनहीनता उजागर हो गई है। कोरोना कंट्रोल करने में योगी सरकार अपना भरोसा जनता के बीच खो चुकी है। कांग्रेस पार्टी द्वारा लगातार इस सम्बन्ध में योगी सरकार पर लगाये जा रहे आरोपों की पुष्टि हो गई है।

उन्होंने कहा कि कानून मंत्री ने खुद उत्तर प्रदेश शासन के अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य व प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा को पत्र लिखकर कोराना संक्रमण को नियंत्रित न कर पाने एवं चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने में अपनी ही सरकार की विफलता पर चिन्ता व्यक्त की है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि लखनऊ के हालात बेहद खौफ नाक एवं चिन्ताजनक हैं। कानून मंत्री की यह चिट्ठी स्वास्थ्य व्यवस्था का हाल बयां कर रही है। उन्होंने कहाकि कानून मंत्री ने अपने पत्र में साफ कहा है, न एंबुलेंस है, न बेड और न ही जांच। लल्लू ने कहा कि मुख्यमंत्री कोरोना कन्ट्रोल में भरोसा खो चुके हैं और सरकार जनता का भरोसा खो चुकी है। प्रदेश में हाहाकार मचा हुआ है। टेस्टिंग, ट्रैकिंग, ट्रेसिंग, ट्रीटमेंट और वैक्सीनेशन की व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त है। सैंकड़ों की संख्या में लोग कोरोना महामारी से अपनी जान गंवा रहे हैं। शवदाह गृहों में शवों की अन्त्येष्ठि के लिए लम्बी कतारें लगी हैं और अंतिम संस्कार के लिए परिजन घण्टों प्रतीक्षा करने के लिए विवश हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस पार्टी शुरू से ही योगी सरकार को कोरोना महामारी से निपटने और प्रभावी कदम उठाने की मांग करती रही है लेकिन सरकार की संवेदनहीनता अपनी पराकाष्ठा को पार कर चुकी है। अगर तुलनात्मक अध्ययन किया जाए तो द्वितीय चरण में कोराना संक्रमण का प्रकोप चार गुना से अधिक बढ़ गया है।

## फर्जी जांच रिपोर्ट तैयार कराने वालों के खिलाफ सीएम करें सख्त कार्रवाई: सभाजीत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**आम** आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत सिंह ने कहा है कि लखनऊ के डीएम ने खुद यह सच्चाई बयां की है कोरोना से राजधानी में लोग सड़कों पर मर रहे हैं। इसके बाद सोमवार को आम आदमी पार्टी के यूपी प्रभारी संजय सिंह ने बेकाबू होते कोरोना संक्रमण को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और सरकार पर सवाल खड़े किए तो वायरस पर अंकुश लगाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से नए दिशा-निर्देश जारी किए गए।

उन्होंने कहा कि गनीमत है आम आदमी पार्टी के आवाज उठाने पर योगी आदित्यनाथ जाग तो गए। उन्होंने कहा कि सरकार की लापरवाही न सिर्फ जनता के लिए मुसीबत साबित हो रही है, बल्कि यह खुद सरकार के लिए भस्मासुर बन गई है। कानून मंत्री बृजेश पाठक, सुनील बंसल सहित भाजपा के कई नेता संक्रमित हो चुके हैं। सोमवार को आम आदमी पार्टी के नेता राज्यसभा सांसद संजय सिंह की ओर से कोरोना के नाम पर प्रदेश की जनता की जान से हो रहे खिलवाड़ का मामला प्रमुखता से उठाया गया तो योगी आदित्यनाथ की नींद टूटी। उनकी ओर से महामारी पर नियंत्रण को लेकर अब जिस संजीदगी का प्रदर्शन किया जा रहा है, उसकी जरूरत पहले से ही थी। पर चलिए, कहावत है कि देर आए दुरुस्त आए। अब भी अगर सरकार साफ नीयत और सही नीति के साथ कोविड प्रबंधन में जुट जाती है तो प्रदेश की जनता को बड़ी राहत मिल सकती है।

## उन्नाव में लगेगी प्रदेश की पहली सोलर प्रोडक्ट असेम्बली यूनिट

- उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत प्रेरणा ओजस के तहत की गई शुरुआत: शैलेन्द्र द्विवेदी

पायनियर समाचार सेवा, लखनऊ।


**प्रदेश** की पहली सोलर प्रोडक्ट असेम्बली यूनिट उन्नाव के हसनगंज ब्लाक में स्थापित की जा रही है। यह यूनिट कई घरों में उजाला करने के साथ ही साथ क्षेत्रीय महिलाओं के लिए रोजगार को बड़ा माध्यम बनने जा रहा है।

प्रेरणा ओजस के सीईओ शैलेन्द्र द्विवेदी ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत प्रेरणा ओजस की शुरुआत की गयी है जिसके अंतर्गत प्रदेश की पहली सभी सोलर प्रोडक्ट असेम्बली यूनिट की स्थापना जनपद उन्नाव के ब्लॉक हसंगज में मुख्य विकास अधिकारी सरनीत कौर बोक्रा के निर्देशन में स्थापना कर ली गयी है व साथ इस यूनिट में सोलर प्रोडक्ट असेम्बली के कार्य करने हेतु विभिन्न गांव से समूह की 25 महिलाओं का चयन कर लिया गया है और 15 व 16 अप्रैल को 2 दिवसीय महिलाओं के प्रशिक्षण का भी आयोजन किया गया है। इस यूनिट में सोलर से चलित सभी प्रोडक्ट की असेम्बली कार्य समूह की महिलाएं करेगी। इस यूनिट में सोलर लालटेन, सोलर टॉर्च, सोलर लैम्प, सोलर दीया, होम लाइटिंग सिस्टम इत्यादि प्रकार विभिन्न सोलर प्रोडक्ट बनेंग।

## सूखे तालाब, कुएं, झील और चेकडैम सब होंगे लबालब

- बुंदेलखंड में जून तक बना जाएंगे 106 चेकडैम तथा 126 तालाब
- झांसी के जिलाधिकारी खुद कर रहें है निर्माण कार्य की निगरानी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सूबे** की योगी सरकार जनता की समस्याओं का निदान करने के लिए एक साथ कई मोर्चों पर कार्य कर रही है। जिसके तहत वर्तमान में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सबसे अधिक ध्यान कोराना संक्रमण के फैलाव को रोकने और ज्यादा से ज्यादा लोगों को कोरोना से बचाव की वैक्सीन लगवाने पर है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री बुंदेलखंड में हर खेत को पानी और हर घर में नल पहुंचाने के अपने अभियान पर भी विशेष ध्यान दे दे रहे हैं। मुख्यमंत्री द्वारा दी जा रही इस तबज्जो के चलते जिलाधिकारियों की देखरेख में अब समूचे बुंदेलखंड में बारिश की बूंदों को बचाकर खेत तक पहुंचाने के लिए तमाम सूखे तालाबों को गहरा किया जा रहा है, पुराने कुओं का जीर्णोद्धार किया जा रहा है, नए तालाब, कुएं और चैकडैम भी बनाए जा रहे हैं। ताकि बुंदेलखंड की प्यासी धरती पर बने तालाब, चेकडैम, झील आदि को इस बरसात में लबालब भर कर फसलों को लहलहाया जाए और भीषण गर्मी के दौरान लोगों को कुओं, झील और तालाब के जरिए पीने का पानी मिल सके।

बुंदेलखंड में अपेक्षाकृत कम बारिश होती है। आये दिन सूखा पड़ना आम बात है। जिसका संज्ञान लेते हुए ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सूबे की सत्ता संभालने की बाद मुख्यमंत्री ने हर खेत को पानी मुहैया कराने के अपने संकल्प के तहत बुंदेलखंड में सिंचन क्षमता के विस्तार और वर्षा जल के संचयन पर जोर देना शुरु किया था। जिसके तहत बुंदेलखंड पैकेज के तीसरे चरण में कुल 269 चेकडैम और 219 तालाब बनाने का फैसला किया गया। लघु सिंचाई विभाग के जरिए यह निर्माण कार्य होना था। इनमें से 163 चेकडैम और 93 तालाब बीते वर्ष तक बना दिए गए और अब 106 चेकडैम तथा 126 तालाब बनाए जाने का कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है। आगामी जून माह तक यह निर्माण कार्य पूरा किए जाने का लक्ष्य रखा गया है।

लघु सिंचाई विभाग के अधिकारियों के अनुसार, बुंदेलखंड की सरजमीं पर व्यर्थ बह जाने वाले बारिश के पानी को रोकने के लिए बनाए जा रहे चेकडैम बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। बुंदेलखंड के सातों जिलों में चेकडेम का निर्माण बरसाती नालों पर किया जा रहा है। बारिश के दौरान इन नालों से बड़ी मात्र में पानी व्यर्थ बह जाता है, जिसे चेकडैम से रोक लिया जाएगा। इसके दो फायदे हैं। एक तो अधिक समय तक पानी रुके रहने से जमीन में रीचार्ज होता है वहीं तालाब, कुएं व नालों में एकत्र पानी सिंचाई के काम आता है। बनाए जा रहे इन चेकडैम और तालाबों से बुंदेलखंड की सूखती जमीन को काफी राहत मिलेगी।

झांसी के जिलाधिकारी खुद भी जिले में बनाए जा रहे चेकडैमम तालाब और कुओं के निर्माण पर नजर रख रहें है। हर हफ्ते वह खुद मौके पर जा कर तालाब, चेकडैम और कुओं के निर्माण की प्रगति का आंकलन कर रहे हैं। जिलाधिकारी वामसी के मुताबिक बुंदेलखंड में सूखा किसी से छिपा नहीं। यहां पर हर साल तालाब और जलाशय सूख जाते हैं। कुएं का पानी नीचे चला जाता है। बुंदेलखंड क्षेत्र में आने वाले हर जिले में पानी के लिए त्राहि त्राहि हो जाती है। जिसे ध्यान में रहते हुए सैकड़ों तालाबों को गहरा किया जा रहा है, नए तालाब और चेकडैम बनाए जा रहें हैं। झांसी में सूखे से निपटने के लिए वन विलेज, वन पॉन्ड योजना भी शुरु की गई है। इसके तहत 405 गांव के तालाबों को पुनर्जीवित किया गया है। इसके इसी तरह से बुंदेलखंड के जालौन, ललितपुर, हमीरपुर, महोबा, बांदा और चित्रकूट जिले में भी चेकडैमए तालाब और कुएं बनाने तथा उनका जीणोद्धार करने संबंधी कार्य किए जा रहे हैं।

अधिकारियों के अनुसार बुंदेलखंड के हर खेत को पानी पहुँचाने की मंशा के तहत महोबा, हमीरपुर और बांदा के करीब 45000 हेक्टेयर खेतों को सिंचित करने वाले अर्जुन सहायक नहर भी इसी साल पूरी हो जाएगी। इसके पूरा होने से 1.5 लाख किसानों को लाभ होगा। इसके अलावा भवानी बांध, रसिन, लखेरी, रतौली, बंडई, मसगांव एवं चिल्ली, कुलपहाड़ एवं शहजाद बांध स्प्रिंकलर सिंचाई परियोजना और जाखलौन नहर प्रणाली की पुर्नस्थापना से करीब ललितपुर, चित्रकूट, हमीरपुर, झांसी, महोबा की करीब 19000 हेक्टेयर अतिरिक्त भूमि सिंचित होगी और 16,000 अधिक किसान लाभान्वित होंगे। इन योजना और तालाब, चेकडैम और कुओं आदि के निर्माण तथा पुराने कुओं, तालाब आदि के कराए जा रहे जीर्णोद्धार को लेकर अधिकारियों का दावा है कि इस बार बुंदेलखंड में सूखे तालाब, कुएं, झील और चेकडैम सब लबालब भरे दिखाई देंगे।

## बंदियों के बाहर जाने पर लगे प्रभावी रोक: डीजी जेल

**लखनऊ।** प्रदेश में कोविड-19 के तेजी से बढ़ते संक्रमण को देखते हुए डीजी जेल आनंद कुमार जेल अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि बंदियों के बाहर जाने पर प्रभारी रोक लगाई जाए। उन्होंने अधिकारियों को अन्य कई दिशा निर्देश भी जारी किए हैं। डीजी जेल ने अधिकारियों से कहा है कि पूर्व की भांति जेलों में जिस प्रकार से मास्क एवं सैनिटाइजर का निर्माण, होम्योपैथिक दवाई का वितरण, काढ़ा का सेवन एवं इस्तेमाल किया गया वही व्यवस्था इस संकट की घड़ी में सुनिश्चित करें।

## अब ट्रूनेट मशीन के जरिए की जाएगी कोविड-19 की टेस्टिंग

- प्रदेश में अब तक की गई 37173548 सैम्पल की जांच

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने कहा है कि प्रदेश में बड़ी सं या में टेस्टिंग का कार्य करते हुए टेस्टिंग की क्षमता निरन्तर बढ़ाई जा रही है। गत एक दिन में कुल 218965 सै पल की जांच की गई। प्रदेश में अब तक कुल 37173548 सै पल की जांच की गई है। इसमें 97000 सै पलों की जांच आरटीपीसीआर के माध्यम से की गई है।

उन्होंने बताया कि अब ट्रूनेट मशीन के द्वारा कोविड-19 की टेस्टिंग की जाएगी। इसके लिए जनपदों में 300 ट्रूनेट मशीन उपलब्ध करा दी गई हैं। इसके अलावा 12 नए आरटीपीसीआर लैब अमेठी, औरैया, बिजनौर, कुशीनगर, देवरिया, मऊ, सिद्धार्थनगर, सोनभद्र, बुलन्दशहर, सीतापुर, महोबा तथा कासगंज में स्थापित करने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में कोविड संक्रमण की जांच तथा उपचार सरकारी अस्पतालों में निशुल्क किया जा रहा है ।

उन्होंने बताया कि प्रदेश में 95980 कोरोना के एक्टिव मामलों में से 49163 लोग होम आइसोलेशन में हैं। निजी चिकित्सालयों में 1446 लोग तथा शेष मरीज चिकित्सालयों में इलाज भी करा रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में विगत 24 घंटे में 3474 तथा अब तक 618293 लोग कोविड-19 से ठीक होकर डिस्चार्ज हो चुके हैं। प्रदेश में सर्विलांस टीम के माध्यम से 200486 क्षेत्रों में 530419 टीम दिवस के माध्यम से 32145274 घरों के 155818108 जनसं या का सर्वेक्षण किया गया है।

प्रदेश में 45 वर्ष से अधिक आयु वालों का कोविड वैक्सीनेशन किया जा रहा है अब तक 8018671 लोगों को वैक्सीन की पहली डोज दी गई तथा पहली डोज लेने वालों में से 1344110 लोगों को वैक्सीन की दूसरी डोज दी गई हैं।

# डीएम-एसपी ने कोविड-19 महामारी के रोकथाम व बचाव से संबंधित बैठक कर दिये निर्देश

संवाददाता। चित्रकूट

जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल तथा पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में कोविड-19 महामारी के रोकथाम एवं बचाव से संबंधित अधिकारियों के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि सर्विलांस टीम को सक्रिय किया जाए बाजार में सेनेटाइजर व दवा का छिड़काव, साफसफाई, मंडी समिति में व्यापारियों के साथ, सब्जी मंडी सीतापुर, कर्वी के व्यापारियों के साथ बैठक कराएं, गांव तथा शहर में गठित निगरानी समिति को सक्रिय करके हाउस टू हाउस सर्वे कराया जाए ताकि पता चल सके कि किस गांव में मरीजों की संख्या बढ़ी है तो कार्यवाही कराया जा सके एंबुलेंस के संचालन को बढ़ाया जाए पब्लिक ऐड्रेस सिस्टम लागू करके प्रचार प्रसार कराएं 45 वर्ष से ऊपर के लोग हैं उन्हें अधिक से अधिक वैक्सीनेशन के लिए जागरूक करें तहसीलवार गांव में कंटेनमेंट जोन बन रहे हैं वहां पर खाद्य सामग्री, सब्जी, दूध की होम डिलीवरी शुरू कराई जाए।

उप जिलाधिकारी कर्वी श्री राम प्रकाश को निर्देश दिया कि पूरे शहर में सैनिटाइज दवाओं आदि का छिड़काव करें रामघाट के क्षेत्र में विशेष ध्यान दिया जाए मानिकपुर, राजापुर में भी प्लान तैयार कराकर कराएं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी से कहा कि अग्निशमन अधिकारी को भी दवा आदि उपलब्ध करा दें ताकि वह भी गांव में छिड़काव का कार्य कराए। कोविड अस्पताल खोह पर भी सभी व्यवस्थाएं रहे चिकित्सकों की उपस्थिति व दवाओं की उपलब्धता बनी रहे खांसी, जुकाम, बुखार के मरीजों का शत प्रतिशत आरटी पीसीआर व रैपिड एंटीजन टेस्ट अवश्य कराया जाए, शहर व गांव में जो निगरानी समिति गठित है उन्हें सक्रिय किया जाए व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के साथ बैठक कराले, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन



कंट्रोल रूम में अधिकारियों, कर्मचारियों को निर्देश डीएम शुभ्रान्त कुमार शुक्ल

कराया जाए मास्क का लोग प्रयोग अवश्य करें स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाए।पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल ने कहा कि एक सप्ताह से कोविड-19 के मरीज अधिक बढ़ रहे हैं अधिक से अधिक लोगों का वैक्सीनेशन कराया जाए,बाहर से आने जाने वाले व्यक्तियों को बस स्टॉप, रेलवे स्टेशनों पर कोविड-19 की चेकिंग अवश्य कराएं जहां पर ज्यादा मरीज निकल रहे हैं उस क्षेत्र में बाहर से आने जाने वाले लोगों पर विशेष निगाह रखें कंटेनमेंट जोन बनाकर व्यवस्था सुनिश्चित कराएं, सर्विलांस टीम के माध्यम से कॉन्ट्रैक्ट ट्रेसिंग कराएं। 45 वर्ष से ऊपर के जो लोग हैं उन्हें आशा एएन एम चिन्हित कर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों पर वैक्सीनेशन कराएं जो होम आइसोलेशन में मरीज है उनके परिवार व अगल-बगल के घरों के लोगों का भी कांट्रैक्ट ट्रेसिंग कराया जाए जो मरीज संक्रमित पाए गए हैं उस गांव में निगरानी समिति के सदस्यों को अवगत कराया जाए ताकि जो उस व्यक्ति के संपर्क में लोग आए हैं उन्हें भी चिन्हित करके टेस्टिंग अवश्य कराएं जो शासन से गाइडलाइन दी गई है उसी के अनुसार अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए,कहा कि गत वर्ष कोविड-19 के दौरान लॉकडाउन के समय जो व्यवस्थाएं की गई थी उसी के अनुसार अनुपालन सुरक्षित कराया जाए स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक व अधिकारी/कर्मचारियों को बचा कर रखें पीपीटी किट अवश्य पहनें फैसिलिटी सेंटर पर बिना पीपी टी किट के न रहे सभी शासकीय कार्यालयों पर सैनिटाइज कराया जाए उसके लिए एक रोस्टर बनाया जाए। उप जिलाधिकारी से कहा कि पब्लिक ऐड्रेस सिस्टम को भी मुख्य चौराहों पर व्यवस्था कराएं तथा वाहनों के माध्यम से भी मुख्य शहर की गलियों में जाकर लोगों को जागरूक करें नगर क्षेत्र कर्वी, मानिकपुर तथा राजापुर में बिना मास्क लगाए लोगों को अधिक से अधिक चालान कराया जाए,सब्जी मंडी करवी सीतापुर तथा मुख्य बाजार पर सोशल डिस्टेंसिंग मास्क लगाने व स्वच्छता के संबंध में व्यवस्था सुनिश्चित करें वैक्सीनेशन के लिए लोगों को चिन्हित करके कंट्रोल रूम में भी सूची दें ताकि वह फोन करके वैक्सीनेशन के लिए लोगों को जागरूक करें कहा कि जो यह चार दिन का महोत्सव चल रहा है इसमें आज से ही वैक्सीनेशन पर प्रगति कराएं ताकि जनपद के निर्धारित लक्ष्य को पूर्ण कराया जा सके।

उन्होंने कंट्रोल रूम के अधिकारियों, कर्मचारियों को निर्देश दिए कि जो सूची ग्राम और शहर की निगरानी समिति की है वहां पर गांव से आए व्यक्तियों की जानकारी दूरभाष के माध्यम से करें तथा जो संक्रमित व्यक्ति हैं वह आइसोलेशन में हैं उनसे भी स्वास्थ्य आदि के बारे में जानकारी अवश्य की जाए मुख्य चिकित्सा अधिकारी से कहा कि आर आर टी की व्यवस्था कराएं मैन पावर को बढ़ाया जाए जो मरीज गंभीर बीमार हो तो उसे कोविड-19 सेंटर में भर्ती कराया जाए,होम आइसोलेशन में भर्ती मरीजों से कंट्रोल रूम से वार्ता प्रतिदिन करके उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी करें एंबुलेंस के संचालन का समय ठीक कराया जाए फैसिलिटी सेंटर में जो मरीज भर्ती हैं वहां पर चिकित्सक, दवा, साफ-सफाई, खाना पानी आदि व्यवस्थाएं अच्छी तरीके से रहे ताकि कोई समस्या न हो।

उप जिलाधिकारी से कहा कि ठेलियों के माध्यम से सब्जी दूध खाद्य सामग्री मुहल्ला वार बेचे जाने की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए तथा दुकानों पर गोला बनाकर ही सामग्री व्यापारी दें इसके लिए भी अलग से बैठक बुलाकर निर्देश जारी करें।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अमित आसेरी, उप जिलाधिकारी कर्वी राम प्रकाश, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 विनोद कुमार, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा0 आरके गुप्ता, जिला पंचायत राज अधिकारी राजबहादुर सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## पूल टेस्टिंग में सात लोगों की रिपोर्ट आयी पॉजिटिव

**जालौन (उरई)।** नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरीपुरा तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कोरोना पूल टेस्टिंग लगातार चल रही है। मंगलवार को 155 लोगों की जांच की गई जिसमें 7 लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव आयी है।नगर में चल रही कोराना टेस्टिंग के दौरान मंगलवार को नगर मोहल्ला हरीपुरा में संचालित नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सहन बिहारी गुप्ता के नेतृत्व में जांच की गई इस दौरान 63 जांचे की गई। इस दौरान नगर क्षेत्र में एक पत्रकार समेत 4 लोगों की पोजिटिव आयी है। जो चौधरयाना, खटीकान, भवानीराम व रावतान के निवासी हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रभारी डॉ मुकेश राजपूत व डॉ मोहसिन के नेतृत्व में चल रही जांचों में 92 जांचें हुई जिसमें जांच के दौरान ग्रामीण क्षेत्र के 3 लोगों की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आयी है जो ग्राम धनौराकलां, दहगुवां व अतरछला के निवासी हैं।

# जिला पंचायत सदस्यों ने तामझाम के साथ किए नामांकन

**उरई (जालौन)।** जिले में पंचायत चुनाव के तीसरे चरण में होना है। 26 अप्रैल को मतदान की तिथि निर्धारित की गई है जबकि इसके लिए नामांकन प्रक्रिया मंगलवार से शुरू हुई। पहले दिन ही बड़ी संख्या में उम्मीदवार नामांकन करने के लिए पहुंचे। कोरोना गाइडलाइन के साथ ही भीड़भाड़ को रोकने के लिए प्रशासन द्वारा कलेक्ट्रेट के सभी गेट बंद कर दिए गए थे उम्मीदवार व उनके प्रस्तावों को ही पैदल अंदर आने की अनुमति दी गई थी। एडीएम कोर्ट में आरओ डॉ अभय कुमार श्रीवास्तव के साथ ही पाँच एआरओ बनाए गए हैं। प्रत्येक एआरओ को नामांकन लेने के लिए पांच पांच वार्ड दिए गए हैं। जिन्होंने अपने अपने क्षेत्रों से संबंधित नामांकन पत्र जमा कराए।पहले दिन चुर्खी से भाजपा प्रत्याशी सरिता देवी पत्नी दिवाकर शास्त्री, बावली से निवर्तमान प्रधान अजय दीक्षित की पत्नी व रेंढर जिला पंचायत क्षेत्र से नरेश शाक्यवार समेत कुल उम्मीदवारों ने पर्चा दाखिल किए। नामांकन के दौरान भारी संख्या में एडीएम कोर्ट के बाहर अफरा-तफरी का माहौल रहा। अभी 15 अप्रैल को भी नामांकन दाखिल किए जाएंगे। इससे बड़ी संख्या में नामांकन होने की उम्मीद है। इसीक्रम में डकोर विकासखंड में प्रधान पद के लिये 580, ग्राम पंचायत सदस्य पदों के लिए 85 व क्षेत्र पंचायत सदस्य पद के लिए 315 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए।



# वृद्धाश्रम में जरुरतमंदों को वितरित किया वस्त्र


वृद्धों को वस्त्र वितरित करते बैंक संगठन के सदस्य

**हमीरपुर।** आज इलाहाबाद बैंक आफिसर्स एसोसियेशन के स्थापना दिवस पर वृद्धाश्रम में यूनियन द्वारा वस्त्र वितरण किया गया, इस मौके पर संगठन के राज्य उपाध्यक्ष सुनील यादव ने कहा कि यह कार्यक्रम राज्य व मंडल इकाई ने कोरोना काल में बहुत ही सावधानी पूर्वक कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

उन्होने कहा कि आश्रम के सभी वृद्ध सम्मानित व परम आदरणीय है बढ़ते शहरीकरण व नैतिक मूल्यों के क्षरण के कारण ही ऐसी परिस्थितया पैदा हो रहीहै। समाजके हरके ब्यक्ति को चाहिये कि वृद्धो को हर सुविधा मुहैया होनी चाहिये। ताकि उनका जीवन बेहतर हो सके। आश्रम के प्रबंधक जितेंद्र सिहं परमार ने बैक कर्मियों का आभार व्यक्त किया। दस माताओ को साड़ी व तीस वृद्ध पुरुषों को धोती कुर्ता प्रदान किया। इस मौके पर संदीप, शैलेंद्र, प्रताप सिंह, शिवमोहन, अंकेश, अमित, विनोद, सौरभ, शिवम, ऋषभ, महेंद्र, पूनम तिवारी डा एसके चक्रवर्ती आदि लोग शामिल रहे।

# खुलेआम नामांकन समय सीट में बीड़ी पीकर एआरओ ने कानून को दी चुनौती

**राठ( हमीरपुर )।** विकासखंड कार्यालय राठ में त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के तीसरे चरण के नामांकन के लिय तैनात किये गये काउंटर नंबर पांच के एआरओ जिम्मेदार पद पर होने के बावजूद नामांकन प्रक्रिया के दौरान खुलेआम बीड़ी पीकर सभी को चौका दिया आलम यह था कि वहा खड़े लोगो ने जब उसका विरोध किया तो उन्होने मुस्कराते हुये बीड़ी फेक दी यही नही वहा पर नियुक्त आरओ भूमि संरक्षण अधिकारी भीमसेन यह सब नजारा चुपचाप देखते रहे उन्होने एआरओ से दो शब्द कहने का साहस नही किया इस संबंध में जब आरओ भीमसेन से पूंछा गया तो उन्होने बिना कोई जबाव दिये फोन काट दिया। इस मामले का बीडियो भी जारी किया गया है। मामला पूरे जिले में चर्चा का बिषय बना हुआ है। जिले में यह पहला मौका है जब कोई अधिकारी न केवल कानून को चुनौती दे रहा है बल्कि कर्मचारी नियमावली को ताक में रख दिया है।



## क्विक न्यूज

### कोरोना पॉजिटिव आते ही युवक अस्पताल से भागा, पुलिस को दी गयी जानकारी

**मौदहा (हमीरपुर)।** मौदहा क्षेत्र में आज शाम सीएचसी में उस समय हड़कंप मच गया जब एक कोरोनो पाजटिव मरीज पाजटिव रिपोर्ट आने की भनक लगते ही अस्पताल से भाग खडा हुआ। नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उस समय हड़कंप मच गया जब ग्राम मांचा निवासी सुल्तान अली का पुत्र समीर अली नगर के सरकारी अस्पताल पहुंचा और उसने अपनी कोरोना जांच करवाई डॉक्टरों द्वारा उसकी कोरोना किट द्वारा की गई जिसकी रिपोर्ट 10 मिनट में आनी थी जैसे ही समीर को पता चला कि उसकी रिपोर्ट पाजटिव आयी है वह तुरंत अस्पताल से रफूचक्कर हो गया। डाक्टरो ने इस मामले की जानकारी पुलिस को दी है।

### जमानत जमा करने के लिये ट्रेजरी में पोर्टल बनाया गया

**हमीरपुर।** वरिष्ठ कोषाधिकारी दिनेश कुमार ने त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन के संबंध में निर्वाचन लड़ने वाले उम्मीदवारों को बताया कि त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन 2021 की जमानत धनराशि राजकोष डाट यूपी डाट एनआईसी डाट इन पोर्टल पर भी जमा किए जाने की व्यवस्था प्रारंभ कर दी गई है। ऑनलाइन शुल्क उक्त पोर्टल पर जमा की जा सकेगी। पोर्टल पर विभिन्न प्रक्रिया के द्वारा पोर्टल पर लॉगिन करने के बाद पोर्टल पर सर्वप्रथम पर विदाउट रजिस्ट्रेशन, इसके बाद डिपार्टमेंट का चयन तत्पश्चात डिवीजन,डिवीजन ट्रेजरी को सिलेक्ट करने के बाद जमाकर्ता का नाम पता धनराशि तथा चलाना आदि की डिटेल भरना होता है तथा इसके बाद सबमिट किया जाना होता है। उन्होंने बताया कि वर्णित प्रक्रिया के परिपालन से पंचायत चुनाव में भाग लेने वाले प्रत्याशियों द्वारा शुल्क जमा करने में होने वाली असुविधा, कठिनाई से बचा जा सकता है। चालान की वैधता का सत्यापन, वेरीफाई भी उक्त पोर्टल पर वेरीफाई चालान के माध्यम से किया जा सकेगा।तथा इसके माध्यम से स्टेटस पूर्ण होने संबंधी डिटेल भी देखा जा सकता है।

### पुलिस व्यवस्था न होने से सारे दिन लगा रहा जाम

**मौदहा (हमीरपुर)।** पुलिस व्यवस्था न होने के कारण मलीकुआं चौराहे से पुराने बस स्टैंड तक सारे दिन जाम लगा रहा।हालांकि सिसोलर थाना प्रभारी रीता सिंह लगातार माईक से कोविड नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करती रहीं लेकिन लोगों पर उनकी अपील का कोई खास प्रभाव नहीं पडा। पंचायत चुनाव के लिए आज से शुरू हुए नामांकन के चलते सुबह से ही कस्बे के ब्लॉक गेट से तहसील और स्टेट बैंक तक इतनी भयंकर भीड रही कि छोटे वाहनों की बात तो अलग है लोगों को पैदल चलकर निकलना भी मुश्किल हो गया और कस्बे के मुख्य मार्ग में खुलेआम कोविड नियमों की धज्जियां उड़ाई गई।जबकि इतने बड़े आयोजन के चलते कस्बे में यातायात पुलिस नहीं होने के साथ ही कोतवाली पुलिस की ड्यूटी महोबा में लगी होने के कारण पुलिस बल भी नाकाफी रहा जबकि सिसोलर पुलिस और मौदहा पुलिस के जवान लगातार लोगों की भीड कम करने के साथ ही जाम खुलवाने का प्रयास करती रही।

### सड़क हादसे में घायल प्रधान प्रत्याशी को पीटा, दो युवक गिरफ्तार

**मौदहा (हमीरपुर)।** बाइकों की भिडंत के बाद दो युवकों ने सडक हादसे में घायल प्रधान पद के प्रत्याशी को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया जिसे परिजनों और राहगीरों की सहायता से कस्बे के सरकारी अस्पताल लाया गया जहां पर घायल हुए प्रत्याशी का इलाज किया जा रहा है। मारपीट करने वाले दोनों युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भैंसता निवासी नरेंद्र यादव गांव से प्रधान पद का चुनाव लड रहे हैं उसी सिलसिले में वह कस्बे आये थे कस्बे से वापसी जाते समय रेलवे क्रासिंग के निकट उनकी बाईक दूसरी बाईक से भिड गई जिसके चलते दूसरी बाइक सवार युवकों ने उनके साथ मारपीट कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया जिन्हें परिजनों और राहगीरों द्वारा इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल लाया गया जहां पर उनका इलाज किया जा रहा है, मारपीट करने वाले दोनों युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।वहीं कोतवाली प्रभारी तारा सिंह पटेल ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है।

### स्टेट बैंक के ज्यादातर काउन्टरों से गायब रहे बैंक कर्मी, जनता में रोष

**हमीरपुर।** स्थानीय स्टेट बैंक में रोजाना अव्यवस्था बढ़ती जा रही है ज्यादातर काउन्टरों से कर्मी आज गायब रहे, यहा तक कि कर्मियों ने धन जमा करने व निकासी करने से मना कर दिया यदि किसी ग्राहक ने इसका कारण जाना चाहा तो उसे काउन्टर संख्या आठ में संपर्क करने को कह दिया जाता था। एक सप्ताह में स्टेट बैंक हमीरपुर में भारी अव्यस्था देखी जा रही है। ग्राहको की सुनने वाला कोई नही है यहा तक कि प्रबंधक के पास यदि कोई व्यक्ति शिकायत के लिये जाता है तो उसे काउन्टर पर जाने के लिये कह दिया जाता है जिससे यही नही उस काउन्टर मे संपर्क करने के लिये कहा जाताहै जिस काउन्टर में कर्मी नही बैठते है। आज पंचायत चुनाव के चालान जमा करने में भीड़ तो कम रही मगर तीन काउन्टरों से कर्मचारी गायब रहे है। जिससे जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। हालाकि आज ज्यदातर ग्राहको ने अपने अपने खाते स्टेट बैंक से हटाने के लिये निश्चित कर लिया है मगर कर्मचारियो का कहना है कि स्टेट बैंक में सरकारी धन इतना जमा हो जाता है कि जनता के पैसे की यहा पर आवश्यकता नही है जिससे जनता की कोई बात नही सुनी जाती है न ही जनता की परेशानी पर कोई ध्यान नही दिया जाता है। बताया जाता है कि जब से बैंक में नये कर्मचारी आये तब से जनता से अभद्रता होने लगी है। यहा तक कि यहा के कर्मचारी तो शासन व प्रशासन की हरेक बात को ताक में रख देते है। जिससे परेशानी बढ़ती जा रहीहै।

### पंचायत चुनाव में दिव्यांग महिला ने किया नामांकन

**मौदहा (हमीरपुर)।** पंचायत चुनाव का नशा लोगों के सर चढ़ कर नाचता है, इसका जीता जागता उदाहरण तब देखने को मिला जब एक दिव्यांग महिला अपना नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद विकासखंड परिसर से बाहर निकल रही थी। चुनाव का नशा बहुत ही खराब होता है, चुनाव में उतर जाने के बाद प्रत्याशी को सब लोग अपने समर्थक ही नजर आते हैं, उन्हें कोई भी विपक्षी नजर नहीं आता है। सिसोलर ग्राम पंचायत से एक दिव्यांग महिला राजकुमारी ने दोनों पैरों से रेंगते हुए प्रधान पद का नामांकन दाखिल कर पंचायत चुनाव में अपना उत्साह दिखाया है। जिसको विकासखंड परिसर में मौजूद लोग भी सराह रहे हैं। नामांकन पत्र दाखिल करने वालों में काफी महिलाएं घूंघट डाले भी नजर आईं।

### एसओजी टीम चुनी गई काप ऑफद वीक ललितपुर

**ललितपुर।** जनपद में विगत सप्ताह में समाज हित में किए गए सराहनीय कार्य और उत्कृष्ट कार्यशैली के लिए इस बार पुलिस विभाग में एसओजी टीम को कॉप ऑफद वीक चुना गया पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार ने एसओजी टीम को प्रमाण पत्र देकर बधाई दी और उनको प्रोत्साहित किया। बताते चलें कि निरीक्षक जितेंद्र सिंह चंदेल प्रभारी एसओजी टीम व आरक्षी अवधेश कुमार सी आई डब्लू के द्वारा माह अप्रैल के प्रथम सप्ताह में पूरी कर्तव्यनिष्ठा मेहनत से कार्य किया गया पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रत्येक सप्ताह में पुलिस विभाग मे सराहनीय कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों को काप ऑफद वीक से सम्मानित किया जाता है

# राष्ट्रीय जन उद्योग संगठन ने दी पूर्व सांसद श्यामाचरण गुप्ता को श्रद्धाजंलि

संवाददाता। चित्रकूट

**राष्ट्रीय जन** उद्योग व्यापार संगठन चित्रकूट के प्रमुख पदाधिकारियों द्वारा वरिष्ठ उद्योग पति पूर्व सांसद श्यामा चरण गुप्ता की श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। व्यापार संगठन कार्यालय में राष्ट्रीय महामंत्री संगठन शानू गुप्ता की अध्यक्षता में व्यापारियों द्वारा शोक सभा का आयोजन किया गया। पूर्व सांसद के जीवन परिचय को सभी ने याद किया राष्ट्रीय महामंत्री शानू गुप्ता व प्रदेश संगठन मंत्री विनोद केसरवानी, महिला जिलाध्यक्ष नीरू गुप्ता ने कहा कि श्यामा चरण गुप्ता उद्योग पति के साथ प्रखर समाजसेवी थे। सर्व समाज के हितों के लिए उन्होंने सेवा की। अपने कुशल व्यापार के माध्यम से देश-दुनिया में उन्होंने चित्रकूट का नाम रोशन किया। व्यापारियों के प्रेरणा स्रोत रहे। निडर,साहसिक व ऊर्जावान व्यक्तित्व के धनी थे,उनके कार्य हमेशा लोगों के लिए अनुकरणीय रहेगे।युवा मण्डल महामंत्री शेशू जायसवाल व युवा जिलाध्यक्ष उज्ज्वल गुप्ता ने कहा कि हम सभी उन्हें कभी नहीं भूल सकते। उनकी कमी हमेशा हमें महसूस होगी। इस क्षति की भरपाई कोई नहीं कर सकता। जिला उपाध्यक्ष रामनरेश अग्रहरि,नन्द किशोर गुप्ता व शकुन्तला गुप्ता व अमित गुप्ता ने कहा कि आगे बढ़ने का हमेशा मार्ग बताने वाले महान पुरुष को भगवान अपने श्री चरणों मे स्थान दें। सभी ने 2 मिनट का मौन धारण करके शोक व्यक्त किया। इस मौके पर मण्डल सचिव विनोद आर्य, जिला उपाध्यक्ष नन्द किशोर गुप्ता,जिला संगठन मंत्री अमित काजू गुप्ता,महिला जिला उपाध्यक्ष शकुन्तला गुप्ता,जिला मन्त्री रीता मिश्रा, जिला मंत्री संतोष गुप्ता,युवा जिला उपाध्यक्ष अतुल अग्रहरि,सचिव ओम शंकर केसरवानी,राम प्रकाश चौरसिया,रवि अग्रहरि,राजाराम विश्वकर्मा,संजय सोनी, आदि व्यापारी मौजूद रहें।




# 667 प्रत्याशियों ने दाखिल किये नामांकन

संवाददाता। जालौन (उरई)

**मंगलवार को** क्षेत्र पंचायत कार्यालय में प्रधान व बीडीसी के साथ ग्राम पंचायत सदस्य के पर्चा जमा होने को लेकर गहमागहमी रही तथा 667 पर्चे जमा हुए। पूरे दिन कार्यालय के आसपास मेला जैसा माहौल रहा जबकि दुकानें बंद होने से दुकानदारों को नुकसान हुआ।



मंगलवार को त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव प्रक्रिया में मंगलवार को नामांकन पत्रों की बिक्री के साथ जमा करने की शुरुआत हो गयी। पहले दिन ही जमा करने वालों की भीड़ लगी रही। ग्रामीण क्षेत्रों से पर्चा जमा करने आये प्रधान पद के उम्मीदवारों के अच्छी खासी भीड़ रहे। कई कई वाहनों में भरकर आये समर्थकों के कारण ब्लाक के बाहर मेला जैसा माहौल हो गया। इस दौरान शारीरिक दूरी व मास्क लगाने के नियम हवा हवाई साबित हुए तथा पुलिस भी मूकदर्शक बनी रही। क्षेत्र पंचायत कार्यालय में सुबह से ही भारी भीड़ रही हालांकि नामांकन पत्र जमा करने के लिए प्रत्याशी और उसके प्रस्ताविक को ही अंदर जाने दिया गया।इस दौरान गेट पर खड़े कोतवाली प्रभारी किसी भी व्यक्ति को बगैर मास्क के अंदर नहीं जाने दे रहे थे तथा गेट पर ही मोबाइल आदि प्रतिबंधित चीजे जमा करने के बाद अंदर जाने दे रहे थे। विकास खण्ड की 62 ग्राम पंचायतों के लिए नामांकन के पहले दिन कुल 667 नामांकन पत्र दावेदारों द्वारा जमा किये गए जिनमें प्रधान पद के 413 बीडीसी सदस्य के 232 ग्राम पंचायत सदस्यों के लिए कुल 22 नामांकन पत्र जमा हुए चुनाव अधिकारी शहाबुद्दीन ने बताया कि पहले दिन 667 पर्चा जमा हुए हैं तथा 15 अप्रैल को भी नामांकन पत्र जमा किये जायेंगे। **मुख्य गेट बंद होने से पशु अस्पताल,पुष्टाहार कार्यालय हुए प्रभावित** पंचायत चुनाव प्रक्रिया के दौरान प्रशासन ने क्षेत्र पंचायत कार्यालय के मुख्य दरवाजे को बंद कर दिया था तथा आम जनता को अंदर जाने से रोका जाने लगा था। प्रशासन की इस व्यवस्था के कारण कार्यालय परिसर में चल रहे पशु अस्पताल आने वाले पशुपालकों व बाल विकास पुष्टाहार कार्यालय के जुड़े लोगों तथा बैंक प्रशिक्षण केंद्र जाने वाले लोगों को असुविधा हुई तथा लोग नहीं जा सके जिसके कारण कामकाज प्रभावित हुआ। सोमवार को साप्ताहिक बंदी के कारण दुकानें बंद थी। मंगलवार को प्रशासन ने ब्लाक के आसपास की दुकानों को बंद करा दिया। भीड़ भाड़ होने के बाद भी खाने पीने समेत सभी दुकानें बंद होने के कारण दुकानदारों को आर्थिक नुकसान हुआ जिससे दुकानदारों में प्रशासन के प्रति नाराजगी रही।

# पहले दिन जिला पंचायत सदस्य के 305 आवेदन हुए जमा



- राठ में पर्चा दाखिल करने में रही भारी भीड़
- सोशल डिस्टेंसिग का नही कोई पालन

संवाददाता। हमीरपुर

**आज देर** शाम तक जिला पंचायत सदस्य पद के लिये 305 नामांकन पत्र जमा हुये है। जिसमे वार्ड संख्या 11 में सबसे ज्यादा 35 आवेदन पत्र जमा हुये है। जिसमे वार्ड संख्या एक में 14, दो में 27,तीनमें 25, चार में छह, पांच में 17, छह में 22, सात में 17, आठ में 28, नौ मे 13, दस में 8, 11 में 35 बारह में 27, 13 से 18, 14 में तेरह, पंद्रहवे वार्ड में 14, सोलह में 16, 17 में 12 आवेदन जमा किये गये है। इस प्रकार कुल मिलाकर 305 आवेदन जमा किये गये है।जरिया जिला पंचायत क्षेत्र से पहले दिन नामांकन के लिए मदन पासवान ने अपने सैकड़ों समर्थको के साथ जनपद हमीरपुर पहुंच कर अपना नामांकन पत्र दाखिल किया बताते चले की जनपद हमीरपुर की चर्चित सीट रही जरिया आरक्षित होने से मदन पासवान ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप मे पर्चा भरा है नामांकन कराने के लिए राष्ट्रीय लोधी युवा महासभा के राष्ट्रीय महासचिव महेन्द्र मंत्री सरीला अपने लवलश्कर के साथ मौजूद रहे जरिया क्षेत्र मै से आए शैकड़ो युवाओं ने मदन पासवान के समर्थन मै जमकर नारेबाजी की साथ मै दिनेश त्रिपाठी संदीप त्रिपाठी चंचल चोरसिया हिमांशु राजपूत, शिवकुमार राजपूत गजेन्द्र राजपूत विवेक प्रजापति श्याम बाबू श्रीवास, सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। स्वामी ब्रह्मानंद की समाधि पर माथा टेक व पंडित परमानंद, दीवान शत्रुघ्न सिंह व भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जिला पंचायत क्षेत्र रिहुँटा के समाजवादी पार्टी के अधिकृत प्रत्यशी रामसजीवन यादव ने सादगी से अपना पर्चा दाखिल किया। इस दौरान सपा के पूर्व राज्य मंत्री व पूर्व विधायक रामाधार राजपूत व जिला महासचिव अखिलेश यादव मौजूद रहे। इस दौरान सपा प्रत्याशी रामसजीवन यादव ने कहा पूरे देश मे वर्तमान सरकार किसान, नौजवान, व्यापारी विरोधियों नीतियों से काम कर रही है। भाजपा की नीतियों से किसान सबसे ज्यादा त्रस्त है। आज पूरे देश को लोहिया के विचारों और अम्बेडकर की नीतियों की जरूरत है जिस पर केवल और केवल पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव काम कर रहे हैं। कहा कि वह रिहुँटा की जनता के लिए जी जान से समर्पित हैं और हमेशा जो उनसे बनेगा वह करते भी रहेंगे।

वहीं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के तीसरे चरण के लिये विकासखंड राठ में सुबह से ही नामांकन पर्चा दाखिल करने के लिये उम्मीदवारों की भारी भीड़ रही। हालांकि भीड़ अधिक न हो इसके लिये प्रशासन ने विकासखंड गेट पर बेरीकेंटिग और कार्यालय गेट पर प्रवेश करने के लिये पुलिस बल तैनात किया था। एसडीएम अशोक कुमार, बीडीओ अशोक कुमार यादव और कोतवाल राजेशचंद्र त्रिपाठी कार्यालय गेट के बाहर खड़े होकर स्थिति का जायजा लेते रहे। नामांकन करने आये उम्मीदवारों की जांच पड़ताल करने के बाद ही उन्हे अंदर जाने दिया। इसके बावजूद भी दोपहर तक विकासखंड कार्यालय के सभी 12 काउंटरों पर नामांकन पर्चा दाखिल करने के लिये उम्मीदवार एक दूसरे से धक्का मुक्की करते दिखे। बहुत कम संख्या में लोग मास्क का प्रयोग करते दिखे। ऐसे में कोरोना संक्रमण फैलने की संभावनाएं और अधिक बढ़ गई है। जबकि शासन ने कोविड प्रॉटोकाल और सोशल डिस्टेंसिंग का सख्ती से पालन कराने के सख्त निर्देश दिये है। पंचायत निर्वाचन के लिये पर्चा दाखिल करने आये उम्मीदवारों को काउंटर नंबर 2 में धीमी गति से कार्य होने पर परेशानी का सामना करना पड़ा। धीमी गति से हो रहे कार्य से 2 नंबर काउंटर में उम्मीदवारों की भीड़ लग गई। भीषण गर्मी में लाइन में लगे उम्मीदवार बिलबिला उठे।

# नियंत्रण कक्ष व शिकायत प्रकोष्ठ को पूरी तरह से रखें सक्रियः प्रेक्षक

**रायबरेली।** उप्र राज्य निर्वाचन आयोग (पंचायत) द्वारा उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु प्रेक्षक राजेश कुमार त्यागी सचिव रेरा, व अतिरिक्त प्रेक्षक अपर आयुक्त न्यायिक रवि प्रकाश श्रीवास्तव ने निर्देश दिये है कि नियंत्रण कक्ष का प्रभारी तरीके से सक्रिय रखा जाये तथा आने वाली शिकायतों का समयबद्ध तरीके से निस्तारण किया जाए। प्रेक्षकों को सीडीओ अभिषेक गोयल व एडीएम (प्रशासन) राम अभिलाष द्वारा अवगत कराया गया कि त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन 2021 को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी (पं.)/ जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन 2021 में ग्राम पंचायत सदस्य, ग्राम पंचायत प्रधान, क्षेत्र प्रचायत सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्य के निर्वाचन को शान्तिपूर्ण एवं सफ्लतापूर्वक सम्पन्न कराने एवं निर्वाचन सम्बन्धी विभिन्न व्यवस्थाओं को समयान्तर्गत पूर्ण करने हेतु कलेक्ट्रेट स्थित जिला निर्वाचन कार्यालय, रायबरेली में नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रूम) व्यवस्था प्रभार अब रेखा शुक्ला जिला कार्य एवं संख्या अधिकारी मो.नं. 8787056726 प्रभारी अधिकारी नियंत्रण कक्ष की व्यवस्था नियुक्त किया गया है निर्देशित किया गया है कि सम्बन्धित अधिकारी राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशन/ पर्यवेक्षण के अनुरूप निर्वाचन हेतु निर्दिष्ट प्रक्रिया के अनुरूप निर्वाचन सम्पन्न करायेंगे।



सीडीओ/उप जिला निर्वाचन अधिकारी (पं.) अभिषेक गोयल ने बताया कि जिला निर्वाचन नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रूम) पूरी तरह से सक्रिय है। नियंत्रण तथा नियंत्रण कक्ष कर्मचारियों की देख-रेख में तीन शिफ्टों में 24 घण्टे कंट्रोल रूम सक्रिय है। नियंत्रण कक्ष का टेलीफोन नम्बर 0535-2203214, 0535-2204199, 0535-2204200 है। किसी भी प्रकार की पंचायत निर्वाचन सम्बन्धित शिकायत व गतिविधि की सूचना उपरोक्त नम्बरों पर तत्काल लेकर निस्तारण किया जा रहा है।

प्रेक्षकों ने पुलिस लाइन के ब्रीफिंग स्थल में आरओ, एआरओ, प्रभारी अधिकारी/सहायक प्रभारी अधिकारी निर्वाचन आदि अधिकारियों की बैठक करते हुए निर्देश दिये कि टीम भावना के साथ कार्य कर निर्वाचन को सकुशल सम्पन्न कराये। प्रेक्षक राजेश कुमार त्यागी ने प्रभारी अधिकारी निर्वाचन से उनके कार्यो के बारे में विस्तार से जानकारी ली। प्रेक्षकों व एडीजी एसएन साबत डीएम/जिला निर्वाचन अधिकारी वैभव श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने निर्वाचन को सम्पन्न कराने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों ने पुलिस कर्मियों को उचित दिशा निर्देश दिये।

# शिवगढ़ में चार की आई कोरोना पॉजिटिव रिपोर्ट, मचा हड़कम्प

**कोरोना से दो लोगों मौतों के साथ ही एक्टिव केसों की संख्या बढ़कर हुई इक्कीस**

**संवाददाता।** शिवगढ़,रायबरेली

**शिवगढ़ थाना** क्षेत्र में कोरोना का कहर रुकने का नाम नही ले रहा। मंगलवार को 2 महिला 2 पुरुष सहित 4 की कोरोना पॉजिटिव रिपोर्ट आने से क्षेत्र में हड़कम्प मच गया। शिवगढ़ क्षेत्र में कोरोना से हुई 2 मौतों के साथ एक्टिव केसों की संख्या बढ़कर 21 हो गई है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवगढ़ में तैनात स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी जयराम यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि मंगलवार को 2 महिला 2 पुरुष सहित चार की कोरोना पॉजिटिव रिपोर्ट आई है। जिसमें जगदीशपुर का रहने वाले 35 वर्षीय युवक,ढोढवापुर के रहने वाले 42 वर्षीय अधेड़, सिंहपुर की रहने वाली 40 वर्षीय महिला, शिवगढ़ की रहने वाली 55 वर्षीय महिला शामिल है। स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी जयराम यादव ने बताया कि कोरोना संक्रमित सभी मरीजों को होम आइसोलेशन में रखा गया है।

साथ ही उनके आस-पास के 20 घरों को कंटेनमेंट जोन घोषित किया गया है, जिसमें बाहरी व्यक्तियों का प्रवेश वर्जित है। तेजी से बढ़ते कोरोना के कहर से शिवगढ़ क्षेत्र में जहां लगातार कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या बढ़ रही है वहीं बीते 10 अप्रैल को सुगंध खेड़ा मजरे जड़ावगंज में 48 वर्षीय अधेड़ की व गोविंदपुर के रहने वाले 55 वर्षीय अधेड़ की 11 अप्रैल को लखनऊ में कोरोना से मौत हो चुकी है।

## क्विक न्यूज

### हॉकी-डण्डों से पीट-पीटकर युवक की निर्मम हत्या

**सुलतानपुर।** हॉकी डण्डों से युवक को पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया गया। घटना की सूचना लोगों को लगी को हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। हत्या के पीछे जमीनी रंजिश बताई जा रही है। लम्भुआ कोतवाली क्षेत्र के सकवा गांव के पास नहर में एक युवक का शव पड़ा मिला। शव मिलने की सूचना जंगल में आग की तरफ्फैल गई। देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना के बावत लोगों से पूछताछ किया तो युवक की शिनाख्त रईश पुत्र इंसार निवासी ग्राम सातनपुर थाना-कोतवाली देहात के रूप में हुई। मृतक दूध का व्यवसाय करता है। हत्या के पीछे जमीनी रंजिश बताई जा रही है। घटना के बावत थानाध्यक्ष लम्भुआ ने बताया कि प्रकरण में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की छानबीन की जा रही है, जल्द ही हत्यारे पुलिस गिरफ्त में होंगे।

### चार पहिया वाहन व बाइक की टक्कर में एक की मौत

**जगदीशपुर अमेठी ।** बैंक से पैसा निकालकर बाइक पर सवार होकर दो सगे भाई घर जाते समय चार पहिया वाहन की चपेट में आने से घायल हो गए घायलो को इलाज के लिए अस्पताल ले जाने पर जहाँ एक व्यक्ति को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया वही दूसरे की हालत गम्भीर देखकर डॉक्टरों ने ट्रामा सेंटर रिफ्र किया है ।कमरौली थाना क्षेत्र स्थित हाइवे रोड नम्बर दो के निकट पूरे सम्भू कोयलारा मुबारकपुर निवासी कदीर व कबीर दो सगे भाई बैंक से पैसा निकालने गए गए थे जहाँ से घर आते समय तेज रफ्तार चार पहिया वाहन की चपेट में आकर घायल हो गए घायलो को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराने पर डॉक्टरों ने कदीर उम्र लगभग 35 वर्ष को मृतक घोषित कर दिया वही घायल कबीर की हालत गम्भीर होने के चलते डॉक्टरों ने ट्रामा सेंटर रिफ्र किया है । इस सम्बंध में थानाध्यक्ष शिवा कांत पाण्डेय ने बताया कि चार पहिया वाहन को पकड़ लिया गया है वही मौका पाकर ड्राइवर भाग जाने में सफ्ल रहा जिसे जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा ।

### जमीनी विवाद में आधा दर्जन लोग घायल

**जगदीशपुर अमेठी ।** घर के दरवाजे पर पड़ी विवादित जमीन को लेकर दो पक्ष आपस मे भिड़ गए जिसके चलते आधा दर्जन लोग घायल हो गए सूचना पर पहुची पुलिस ने दोनों पक्षो की तहरीर पर मुकदमा लिखकर छानबीन जारी की है ।जगदीशपुर कोतवाली क्षेत्र के उरवा गांव निवासी राम दुलारे व रामकरन के बीच पुराने समय से घर के दरवाजे पर पड़ी जमीन का विवाद चला आ रहा था जो मंगलवार के दिन कहा सुनी के दौरान मारपीट में बदल गई जिसके चलते दोनों पक्ष से राम दुलारेएरामकरनएराजकरनएश्यामलालएत्रिभुवन व एक अज्ञात सहित छह लोग घायल हो गए घायलो की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा लिख छानबीन जारी की है।

### नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए उमड़ी भीड़

**जगदीशपुर** ब्लाक परिसर में नामांकन के पहले दिन मंगलवार को संभावित प्रत्याशियों व प्रस्तावको का जमावड़ा लगा रहा ।जहाँ उच्च अधिकारियों ने पहुंच कर नामांकन कार्य का जायजा लिया और समबन्धित अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए ।सुबह के समय नामांकन काउंटरों पर सबकुछ सामान्य रूप से चल रहा था किन्तु जैसे.जैसे समय बीतता गया वैसे वैसे नामांकन पत्र दाखिल करने वालों की भीड़ भी बढने लगी। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर उपनिरीक्षक महेंद्र सरोज अमृत लाल यादव भानू सिंह राममूर्ति प्रजापति व प्रतिमा अग्रहरि के साथ मौजूद रहा ।

### घंटों धूप में खड़े रहने के बाद मिले दर्शन

**तिलोईएअमेठी** सिंहपुर ब्लाक क्षेत्र के सुप्रसिद्ध आदि शक्तिपीठ माँ अहोरवा देवी के मंदिर पर नवरात्रि प्रथम दिन भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी ।पूजा करने के लिए लम्बी लाइनों व तेज धूप में घंटों बाद भक्त दर्शन कर पाए। परिसर में रात्रि से ही भक्तों का जमावड़ा हो गया था ।माँ अहोरवा के बारे में मान्यता है कि दिन भर में तीन रूप बदलतीं हैं सुबह में बाल्यकाल का रूप तो दोपहर में युवावस्थाका रूप तथा शाम को प्रौढ़ रूप में माँ दर्शन देतीं हैंद्यवयोवृद्ध पण्डित राम चन्द्र बतातें हैं कि माँ की मूर्ति के सामने खड़े होकर लगातार देखने से यह रूप प्रदर्शित होने लगतें हैं। देर शाम तक माँ अहोरवा के मंदिर पर भक्तों का तांता लगा रहा परिसर में सजी दुकानों पर दर्शनार्थियों ने प्रसाद के साथ ही अन्य खरीददारियां कीद्यकोरोना संक्रमण के चलते भक्तों को केवल मंदिर आँगन में ही प्रवेश दिया गया वहीँ से भक्त दर्शन कर सकेद्य

### तमंचे के साथ युवक गिरफ्तार

**सुलतानपुर।** कोतवाली नगर पुलिस टीम अभियुक्त अनिल यादव पुत्र शंकर लाल यादव निवासी-काशीराम कालोनी को एक तमंचा 315 बोर के साथ गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज कर जिला कारागार भेजा गया। दूसरी ओर पुलिस टीम अभियुक्त समीर खान पुत्र अब्दुल निवासी-तिलौरी, थाना-लालगंज, को 11 अदद एटीम के साथ गिरफ्तार कर अभियुक्त के विरुद्ध धारा-419,420,467,468, 471 भादवि पंजीकृत कर जिला कारागार भेजा गया।

### बिना परमीशन प्रचार में लगा वाहन सीज

**सुलतानपुर।** हलियापुर पुलिस टीम ने आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करने के आरोप में भोला नाथ गुप्ता पुत्र स्व. गजोधर गुप्ता, नरेश चन्द्र उपाध्याय पुत्र राम सुरेश उपाध्याय निवासीगण-पिपरी,थाना-हलियापुर को बिना परमिशन के बुलोरो वाहन से प्रचार करते हुये पाया इनके विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की गई। बुलोरो वाहन को सीज किया गया।

### खेत में लगी आग, ग्रामीणों ने आग पर पाया काबू

**शिवगढ़,रायबरेली।** शिवगढ़ थाना क्षेत्र में आग की घटनाएं रुकने का नाम नही रही। मंगलवार को गुमावां पुलिस चौकी अन्तर्गत मानपुर-अछई के बीच स्थित कंबाइन मशीन से कटे एक खेत में अज्ञात कारणों से आग लग गई किंतु ग्रामीणों ने आनन-फ्नन में आग पर काबू पा लिया जिससे नुकसान होने से बच गया। एक दिन पूर्व ही बीते रविवार को सायं काल गुमावा पुलिस चौकी अंतर्गत सातन का पुरवा मजरे नेरथुआ में राम आधार रावत के घर में अज्ञात कारणों से आग लग गई थी।

## बेहोशी हालत में मिला युवक, रेफर

**सुलतानपुर।** बेहोशी की हालत में खेत में पड़े युवक को ट्रामा सेंटर लखनऊ में भर्ती कराया गया है जहां इलाज चल रहा है। सूरापुर पुलिस चौकी के विजेथुआ राजापुर गांव निवासी बेहोश युवक के बाबा राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय ने सूरापुर चौकी में तहरीर दी है। कहा है कि अभिषेक पाण्डेय पुत्र भूपेंद्र पाण्डेय (22) लखनऊ में जीएसआरएम मेमोरियल एजूकेशन सोसायटी में बीफार्मा तृतीय वर्ष का छात्र है। कुछ दिन पहले वह घर आया था। सुबह दस बजे घर से बाहर निकला था और शाम तक जब घर वापस नहीं लौटा तो रात आठ बजे के करीब परिजनों ने उसके मोबाइल नंबर पर सम्पर्क किया। फोन पर अभिषेक ने रात दस बजे तक घर वापस आने की बात कही। दस बजे तक घर वापस नहीं लौटने पर परेशान होकर परिजनों ने उसके मोबाइल नंबर पर सम्पर्क करने का प्रयास किया किन्तु बात नहीं हो सकी। परिजन पूरी रात अभिषेक को खोजते रहे किन्तु कहीं पता नहीं लग सका। सुबह सात बजे के करीब गेहूं काटने जा रहे ग्रामीणों ने अभिषेक को बेहोशी की हालत में देखकर परिजनों को सूचना दी। घर से पश्चिम लगभग 500 मीटर की दूरी पर पड़े अभिषेक को परिजन जिला चिकित्सालय लेकर गए। जहां चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखकर बेहतर इलाज के लिए लखनऊ रेफ्र कर दिया।

### कोरोना का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है

**लालगंज रायबरेली।** क्षेत्र में कोरोना का कहर थमने का नाम नही ले रहा है। सीएचसी में आज 70 लोगो की कोरोना जांच की गई जिसमें 1 व्यक्ति संक्रमित पाया गया जबकि इस दौरान दो लोगो की मौत भी हो गई। लोगो की ढिलाई के चलते वैश्विक महामारी ने एक बार फ्रि विकराल रूप धारण कर लिया है। जिसके चलते क्षेत्र के लगभग एक दर्जन से अधिक लोगो की मौत भी हो चुकी है। लेकिन इसके बावजूद लोगो की लापरवाही थमने का नाम नही ले रही है। सीएचसी में टीका लगवाने के लिये लोगो की भारी भीड़ उमड़ रही है लेकिन टीके का अभाव सभी लोगो को उनके हक सें वंचित कर रहा है।

# पहले दिन ही बड़ी संख्या में प्रत्याशियों ने भरे नामांकन

**गौरीगंज, अमेठी।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की नामांकन प्रक्रिया शुरू होने के साथ नामांकन के पहले दिन ही बड़ी संख्या में उम्मीदवारों ने अपने अपने नामांकन पत्र दाखिल करते हुए चुनावी समर में ताल ठोक रहे हैं ।कलेक्ट्रेट पहुंचे जिला पंचायत सदस्य पद के प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया। इसके अलावा प्रधान बीडीसी व ग्राम पंचायतों के सदस्य पद के प्रत्याशियों ने अपने अपने विकास खंड कार्यालय पर नामांकन पत्र दाखिल किया । प्रदेश में चल रहे त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत तीसरे चरण में अमेठी में नामांकन प्रक्रिया मंगलवार से शुरू हो गई। सुबह आठ बजे से शुरू नामांकन दाखिल करने का क्रम शुरू हुआ जो दोपहर के तापमान बढ़ने के साथ ही कलेक्ट्रेट में चुनावी तापमान भी अचानक से बढ़ गया ।जिले की जिला पंचायत सदस्य पद के सभी 36 वार्डो के प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया ।नामांकन दाखिल करने का क्रम शाम पांच बजे तक जारी रहा ।चैत्र नवरात्र की शुरुवात के कारण अधिकतर प्रत्याशियों ने बताए गए शुभ मुहूर्त का विशेष ध्यान रखते हुए नामांकन पत्र दाखिल किया। आज नामांकन दाखिल करने वालों में सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष छोटेलाल यादव की पत्नी विद्या यादव चर्चित उद्योगपति राजेश मसाला पत्रकार व राजनेता अर्जुन सिंह भदौरिया उपमा सरोज वरिष्ठ नेता उदय राज यादव बसपा नेता महेंद्र यादव सहित अन्य राजनीतिक हस्तियों ने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। भाजपा के 15 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं।



भाजपा कार्यालय पर नामांकन करने पहुँचे भाजपा समर्थित प्रत्याशियों के साथ जिलाध्यक्ष व विधायक

भाजपा प्रत्याशियों में राजेश मसाला शीतला प्रसाद जयदेवी रजनी त्रिपाठी अर्जुन सिंह भदौरिया जमुना पासी शामिल हैं। जिले के सभी 13 विकास खंड मुख्यालयों पर ग्राम प्रधान क्षेत्र पंचायत सदस्य व ग्राम पंचायत सदस्य पद के प्रत्याशियों ने भी बड़ी संख्या में अपने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। फिहाल जिला पंचायत सदस्य पद के लिए राजनीतिक दलों द्वारा घोषित किए गए प्रत्याशियों के अतिरिक्त अन्य बागी कार्यकर्ता भी नामांकन पत्र दाखिल कर रहे है। वहीं जामों विकासखंड में ग्राम प्रधान के 316 क्षेत्र पंचायत सदस्य के 205 व ग्राम पंचायत सदस्य के 244 नामांकन पत्र दाखिल हुए नामांकन पत्र दाखिल करने का काम गुरुवार को भी जारी रहेगा।

## अम्बेडकर जयंती पर डीएम ने दी बधाई

**रायबरेली।** जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने संविधान शिल्पी भारत रत्न बाबा साहब डा0 भीमराव अम्बेडकर के 131 वीं जयंती 14 अप्रैल के अवसर पर जनपद वासियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके सुख और समृद्धि की कामना की है। जिलाधिकारी ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर ने समाज व देश के विकास के लिए आजीवन संघर्ष किया तथा आधुनिक भारत के निर्माताओं के अग्रिम पंक्ति वाले महान पुरूषों में से एक है। बाबा साहब के राष्ट्र के प्रति की गयी सेवाओं को कभी भी नही भुलाया जा सकता है। बाबा साहब का जीवन संघर्ष व जीवन पाठ आज भी ज्यादा प्रासंगिक है। बाबा साहब के प्रति सच्ची श्रंद्धाजलि है कि हमे मानवता के लिए सोचते हुए कोविड गाइड लाइन के साथ मास्क व सोशल डिस्टेसिंग का शत-प्रतिशत पालन करे बाबा साहब के कार्यो को याद करे तथा समाजिक दूरी बनाये रखें। ऐसा कोई कार्य न करे कि कोविड गाइड लाइन का उल्लंघन हों।

# अग्निकाण्ड से होने वाली घटनाओं के लिए निगरानी समिति गठित

**रायबरेली।** राहत उप्र शासन के क्रम में जनपद में अग्निकाण्ड से होने वाली घटनाओं के न्यूनीकरण के सम्बन्ध में 07 बिन्दुओं पर विस्तृत दिशा-निर्देशों निर्गत किये गये है। उक्त शासनादेश के प्रस्तर-2 में दिये गये निर्देशानुसार जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव की अध्यक्षता में जनपद व तहसील स्तर पर एक निगरानी समिति का गठन किया गया है। जिसमें एडीएम (वि0रा0), अपर पुलिस अधीक्षक, समस्त एसडीएम व जिला अग्निशमन अधिकारी को सदस्य नामित किया गया है। जनपद एवं तहसील स्तर पर एक-एक नोडल अधिकारी नामित किये जाने के लिए जनपद स्तर पर एसडीएम (न्यायिक) सदर जीतलाल सैनी एवं समस्त तहसीलों के तहसीलदारों को नोडल अधिकारी नामित किया गया है।

जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने गठित समिति के सदस्यों को निर्देश दिये कि है कि साप्ताहिक अनु.श्रवण की बैठक करने व जनपद में विगत 5 वर्षो में अग्निकाण्ड से हुई क्षति का विश्लेषण करते हुए अग्निकाण्ड के लिए अति संवेदनशील एवं संवेदनशील क्षेत्रों का चिन्हांकन किया जाये तथा उन क्षेत्रों में अग्निकाण्ड से बचाव हेतु विशेष निगरानी रखी जाए अग्निकाण्ड की घटनाओं को रोकने हेतु, क्या करे और क्या न करे एवं विस्तृत दिशा निर्देश प्रचारित-प्रसारित कराये। रिहाशी क्षेत्रों में अग्निकाण्ड की घटनाओं को रोकने हेतु विशेष निगरानी सुनिश्चित की जाये व बचाव के उपयोग की व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। ग्रमीण क्षेत्रो में अग्निकाण्ड की दुर्घटनाओं से बचाव हेतु प्रचार-प्रसार व जनजागरूकता हेतु सम्बन्धित लेखपाल को नामित किया जाए। ऐसे परिवार जो अभी भी फूस के मकानों में आवासित हो, उनका चिन्हांकन कर प्राथमिकता के आधार पर पात्रता के अनुसार शासकीय योजना के अन्तर्गत आच्छांदित कर उनका आवास पक्का किया जाए तथा दिये गये निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जाए।

डीएम ने गर्मी के दिनों में जब तेज पछुआ हवा चलती है तो गावों में अगलनी की घटनाएं बड़े पैमाने पर होती है। अग्निकाण्ड से बचाव हेतु क्या करे - रसाई घर यदि फूस का हो तो उसकी दीवाल पर मिट्टी का लेप अवश्य लगा दे। रसोई घर की छत ऊँची रखी जाये। आग बुझाने के लिए घर में बोरे में भरकर बालू अथवा मिट्टी तथा दो बाल्टी पानी अवश्य रखें। हवन आदि का काम सुबह नौ बजे से पहले सम्पन्न कर ले। मवेशियो को आग से बचने के लिए बिजली वायरिंग की समय पर मरम्मत करा लें। पटाखे जलाते समय पानी की बाल्टी तथा रेत की पर्याप्त व्यवस्था रखे। जहाँ तक संभव हो गर्मियों में दिन का खाना 9 बजे सुबह से पूर्व बना लें तथा रात का खाना शाम 6 बजे के बाद बनाएँ।

## चुनावो में प्रचार के आखिरी दिन प्रत्यासियों ने पसीना बहाया

**लालगंज रायबरेली।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनावो में प्रचार के आखिरी दिन प्रत्यासियों ने जमकर पसीना बहाया। सायं 5 बजे तक वाहनो के शोर व प्रत्यासियों की भीड़ से गांव गुलजार रहे। लालगंज तृतीय में दोनो पूर्व प्रत्यासियों के बीच एक बार फ्रि कांटे की टक्कर देखी जा रही है। मुख्य मुकाबला डा. अजीजुर्रहमान व बबलू यादव के बीच देखा जा रहा है। वही सरेनी चतुर्थ से शैलेंद्र अग्निहोत्री अपने प्रतिद्वद्वियो के बीच बढ़त बनाये हुए है। जनता के बीच उन्हे भरपूर समर्थन मिल रहा है। प्रधान पदो के लिये भी कई सीटो पर जमकर कांटे की टक्कर देखी जा रही है। सबसे रोचक मुकाबला कुम्हडौरा गांव निवासी पूर्व प्रधान शैलेंद्र सिंह व युवा समाजसेवी बच्चा सिंह के बीच करो या मरो की लडाई चल रही है। आलमपुर ग्रामसभा में कुंवर ब्रम्हप्रकाश द्वारा अजय चौधरी को समर्थन देने से विरोधियो का गणित गड़बड हो गया है। धन्नीपुर गांव में वरिष्ठ समाजसेवी धनपाल सिंह अपनी लोकप्रियता व सहज स्वभाव के चलते अपने विरोधियों पर भारी पड़ रहे है। चुनाव प्रचार के आखिरी दिन सभी प्रत्यासियों ने पूरे दिन धूप आदि में जमकर पसीना बहाया।

### जिलाधिकारी ने लगवायी कोविड वैक्सीन

**रायबरेली।** देश व प्रदेश सहित जनपद में चलरहे टीका उत्सव के अवसर पर डीएम वैभव श्रीवास्तव ने जिला अस्पताल के पुराना महिला अस्पताल में कोविड वैक्सीन की प्रथम डोज लगवाकर खुशी की मुद्रा में दिखाई पड़े। कोविड वैक्सीन लगने के उपरान्त उपस्थित सीएमओ डा. वीरेन्द्र सिंह, सीएमएस डा. एनके श्रीवास्तव, उप निदेशक सूचना प्रमोद कुमार, वरिष्ठ चिकित्साधिकारी डा. बीरबल अन्य चिकित्सकों ने जिलाधिकारी को शुभकामनाए देते हुए मंगलमय भविष्य की कामना की। कोरोना संक्रमण को मास्क सोशल डिस्टेसिंग व कोविड गाइड लाइन का पालन, जागरूकता व कोविड-19 वैक्सीनेशन से रोका जा सकता है। यह माह में पवित्र रमजान, नवरात्रि का प्रथम दिन, रामनवमी आदि पर्व के साथ ही संविधान शिल्पी भारत रत्न बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडकर का जन्म दिवस व महात्मा ज्योतिबा गोविन्दराव फूले की जयन्ती के साथ ही आज ही के दिन मेरा संघ लोक सेवा आयोग में सिविल सेवा परीक्षा का साक्षत्कार भी था।

# महिलाओं के पदों पर पुरुषों का कब्जा

**सुलतानपुर।** आधी आबादी को समाज में पुरुषों के बराबर खड़ा करने को भारतीय संविधान में आरक्षण की व्यवस्था है। पंचायत चुनाव महिलाओं की राजनीति में हिस्सेदारी का पहला पायदान है। इस पायदान पर भी पुरुष प्रधान समाज आज भी स्वीकारोक्ति नहीं देता। जिले के तकरीबन सभी ब्लाक में नजदीक से देखे तो महिला प्रत्याशी सिर्फजिला निर्वाचन आयोग के कार्यालय में दाखिल नामांकन पत्र में ही प्रत्याशी हैं, बैनर-पोस्टर और चुनाव प्रचार में सिर्फ उनके बेटे, देवर, पति, भसुर, पिता और ससुर का ही नाम है और अब बात इससे भी आगे निकल चुकी है, अनु. महिला, पिछड़ी महिला प्रत्याशियों की सीटों पर बकायदा पिछली और सामान्य वर्ग के लोग पूरी निर्लज्जता के साथ स्वयं चुनाव लड़ रहे हैं। पंचायत चुनाव में महिलाओं के लिए आरक्षित पदों पर पीछे के दरवाजे से पुरुषों ने कब्जा कर रखा है।

### जागरूक मतदाता चुनाव में सबक सिखाएं

समाजशास्त्री और साहित्सकार कलनयन पांडेय कहते हैं कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में महिलाओं को 33 फीसद आरक्षण सरकार ने दिया है लेकिन अखंडनगर, भदैया, पीपी कमैचा, धनपतगंतज, कूरेभार, कुड़वार, मोतिगरपुर समेत कई ब्लाक का अध्ययन किया तो आज भी स्थितियां ज्यादा नहीं बदली हैं। कोई ससुर अपनी बहु को प्रधान बनाना चाहता है पर, फोटो प्रचार के लिए पम्फ्लेट पर प्रकाशित करने से परहेज है। अनुसूचित जाति महिला प्रत्याशी की सीट पर पिछली जाति के पुरुष अपना नाम और चुनाव चिन्ह लगा कर चुनाव प्रचार कर रहे। जागरूक मतदाताओं को ऐसे लोगों को सबक सिखाने के लिए पहल करनी चाहिए।

### सिंबल में भी लिंग भेद

महिला समानात के क्षेत्र में काम करने वाले राजीव कहते तो निर्वांचन आयोग को ही कटघरे में खड़ा करते हैं। कहते हैं अनाज ओसाता हुआ किसान, निर्वांचन आयोग का चुनाव चिन्ह है, क्या महिलाएं किसानी नहीं करती हैं?

## सिलेण्डर फटने से चार झुलसे

**महराजगंज रायबरेली।** यूपी में इस समय पंचायत चुनाव जोर शोर से चल रहे है। प्रत्याशी अपनी जीत के लिए सभी जतन करने में जुटे है ।इसी कड़ी में रायबरेली में भी पंचायत चुनावों का मतदान 15 अप्रैल को होना है ।जिससे आज प्रत्याशियों के प्रचार का आखिरी दिन है ।जिले के महराजगंज तहसील के ज्यौना गांव में आज उस समय अफ्रा तफ्री मच गई ।जब प्रधान प्रत्याशी के चुनाव में लगे कार्यकर्ताओ के लिए भोजन बन रहा था और अचानक से सिलेंडर के पाइप ने आग पकड़ ली और सिलेंडर फ्ट गया जिससे मौके पर ही चार लोग झुलस गए ।ग्रामीणो ने उन्हें ईलाज के लिए सीएचसी महराजगंज पहुचाया लेकिन चिकित्सक ने उनकी हालत गंभीर देख उन्हें जिला अस्पताल रेफ्र कर दिया जिले के महराजगंज तहसील के ज्यौना गांव में आज उसमें अफ्रा तफ्री मच गई जब प्रधान पद के प्रत्याशी के कार्यकर्ताओं के लिए भोजन बन रहा था ।अचानक से सिलेंडर के पाइप ने आग पकड़ ली जब तक कोई कुछ समझ पाता आग सिलेंडर तक पहुच गई और वो फट गया।

# मुख्य सप्लाई की पाइप टूटने से बाधित हुई पेयजल व्यवस्था

**सुल्तानपुर।** सोमवार देर शाम पानी की सप्लाई के लिए बिछाई जा रही पाइप लाइन की खुदाई के दौरान मुख्य सप्लाई की पाइप टूट जाने से तिहाई शहर की पेयजल व्यवस्था ध्वस्त हो गई । मंगल वार से शुरू हो रहे चौत्र नवरात्रि के पहले दिन हजारों नागरिकों को अव्यवस्था कारण पेयजल के संकट से जूझना पड़ा मंगलवार को सुबह से ही क्षेत्रवासियों का दरियापुर व शास्त्री नगर के सभासदों के मोबाइल पर शिकायतों का बोझ बढ़ा तो जिम्मेदारों की खोज खबर शुरू हुई । जलकल के जेई पंकज वर्मा ने बताया जल निगम द्वारा ठेके पर पाइप लाइनों के बिछाने का काम शुरू किया गया है। जिसके ठेकेदार द्वारा पाइप लाइन बिछाने के लिए जे सी बी सी से सड़क खुदवाई गई। खुदाई के दौरान जेसीबी की चपेट में पाइप लाइन के आ जाने से पेयजल की पुरानी पाइप क्षतिग्रस्त हो गई । ठेकेदार व उनके कर्मचारियों की लापरवाही तो देखिये ट्यूबवेल तो बंद करा बिना सप्लाई बहाल किए छोड़-छाड़ कर चले गए। शास्त्री नगर व दरियापुर इलाके के हजारों परिवारों की पेयजल व्यवस्था ध्वस्त हो गई। यहां अफ्सरों ने मंगलवार से शुरू हो रहे त्योहारों का भी ध्यान नहीं दिया। नगर पालिका अध्यक्ष भी जनता में सफाई, पेयजल व मार्ग प्रकाश की समस्याओं से दूरी बना केवल मनमर्जी चलाने में व्यस्त है। सभासद राज देव शुक्ल व अजय सिंह ने अधिशासी अभियंता जल निगम को उत्पन्न हुई समस्या से अवगत कराया। अफ्सरों से शिकायत हुई तो दोपहर बाद जल निगम की टीम मौके पर पहुंची और पानी की सप्लाई बहाल कराने के प्रयासों में जुट गई। देर शाम तक शास्त्री नगर, विवेकानंद नगर, घोसियाना, दरियापुर, गोविंद नगर, फ्रीदी गली, अंबेडकर कॉलोनी, बौद्ध विहार जैसे दर्जनों मोहल्लों में पेयजल की समस्या बनी रही।

# किसान का बेटा बना बेसिक शिक्षा अधिकारी



**सुलतानपुर।** सिविल सर्विसेज की तैयारी कर रहे अवनीश कुमार तिवारी का यूपीपीसीएम परीक्षा में प्रथम प्रयास में ही बेसिक शिक्षा अधिकारी के पद पर चयन हुआ है। इनके चयन से परिजनों में खुशी का माहौल बना हुआ है। बंधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। अवनीश की कामयाबी जिले के लिए गर्व का विषय है, क्योंकि इन्होंने अपनी संपूर्ण शिक्षा दीक्षा एवं सिविल सर्विसेज की तैयारी सुलतानपुर में रहकर की। घाटमपुर गांव, कूरेभार के रहने वाले अवनीश के पिता रवि शंकर तिवारी एक किसान हैं जो खेती से किसी तरह अपने परिवार का गुजर बसर करते हैं। घर पर पक्की छत नही है, आने जाने के लिए साइकिल तकक नहीं है। पर बेटे को पढ़ाने के लिए अपना सब कुछ न्यौछावर कर दिया। अवनीश के बड़े भाई अभिषेक तिवारी ने अपनी प्राइवेट नौकरी से किसी तरह अपने परिवार और अवनीश की पढ़ाई का भार उठाया। इसी अभाव ने अवनीश को कुछ बड़ा कर दिखाने के लिए प्रेरित किया। केएनआई से विज्ञान से स्नातक किया। स्कॉलरशिप प्रोग्राम में इनका चयन हो गया। जिससे इनके अधिकारी बनने के सपने को उड़ान मिल गयी। उसी समय से तैयारी में जुट गए और कठिन तपस्या के बाद अंततः अपने लक्ष्य को प्राप्त किया। अवनीश तिवारी अपनी सफ्लता का श्रेय अपने माता पिता, बड़े भाई, सभी गुरुजनों एवं सहपाठियों को देते हैं।

### जिला समाज कल्याण अधिकारी बनीं अनामिका

लंभुआ कोतवाली में तैनात उपनिरीक्षक एनबी सिंह की बेटी अनामिका सिंह का जिला समाज कल्याण अधिकारी पद पर चयन हुआ है। अनामिका काा उत्तर प्रदेश में समाज कल्याण अधिकारी पद की सूची में तीसरा स्थान है। अनामिका 2021 में नेट की परीक्षा में भी अपना स्थान बना चुकी थीं। पुलिसकर्मियों ने बेटी की कामयाबी पर दरोगा को बधाई दी है।



# कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरू हुई नामांकन प्रक्रिया

संवाददाता। बाराबंकी

**त्रिस्तरीय** पंचायत चुनाव के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मंगलवार से शुरू हुई नामांकन प्रक्रिया के पहले दिन नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए दावेदारो की भारी भीड़ उमड़ पड़ी । उम्मीदवारो के साथ बडी संख्या मे समर्थक भी पहुच गये जिससे एडीएम कार्यालय से लेकर खंड विकास परिसर तक लोगो का जमावडा लग गया । जिसें तितर वितर करमे लिये पुलिस को कडी मशक्कत भी करनी पडी तब जाकर सामाजिक दूरी का पालन हो सका । इस दौरान डीएमए एसपी ने दौरा कर स्थित का जायजा लिया और आवश्यक दिशा दिये ।विदित हो कि पंचायत चुनाव मे सभी पदों के लिये ब्लाको एंव एडीएम कार्यालयको नामांकन स्थल बनाया गया था । आज इन समस्त नामांकन स्खल पर सुबह से ही उम्मीदवारों की भीड लग गयी जिसको देखते हुए पुलिस को कडा रुख अपनाना पडा जिसके बाद



स्थित बहाल हुई हमारे सिरौलीगौसपुर प्रतिनिधि के अनुसार खण्ड विकास अधिकारी टीजे पाण्डेय व एडीओ पंचायत धर्मेंद्र वर्मा के निर्देशन में कोविड प्रोटोकॉल के तहत नामांकन प्रक्रिया संपन्न हुई। 73 ग्राम पंचायतों के सैकड़ों लोगों ने नवरात्र के पहले दिन प्रधान क्षेत्र पंचायत सदस्य ग्राम पंचायत सदस्य आदि पदों के लिए अपने नामांकन पत्र जमा कराएं। नामांकन प्रक्रिया सुबह 8 बजे से शुरू होकर श्याम 5 बजे के बाद भी चलती रही। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तीसरे चरण में संपन्न होने वाले चुनाव के लिए भारी संख्या में लोगों ने अपना नामांकन पत्र जमा किया। विकासखंड सिरौलीगौसपुर परिसर में बने नामांकन काउंटरों में आठ पर प्रधान व ग्राम पंचायत सदस्य के पर्चे जमा हुए आठ काउंटर पर बीडीसी के लिए नामांकन पत्र जमा कराए गए ।करीब तीन बजे विकासखंड पहुंची मुख्य विकास अधिकारी एकता सिंह ने धूप में लगे काउंटरों को लेकर नाराजगी जताते हुए खंड विकास अधिकारी एवं एडीओ पंचायत को काउंटर बढ़ाने के साथ ही धूप वाले स्थान पर टेंट लगाने के निर्देश दिए हैं। नामांकन प्रक्रिया के पहले दिन नवरात्र पर्व की शुरुआत होने के चलते भारी भीड़ उमड़ने की संभावना जताई जा रही थी इसी आशंका के चलते पुलिस प्रशासन की तरफ से नामांकन स्थल पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए । नामांकन स्थल से दो सौ मीटर के दायरे को बैरिकेडिंग लगाकर सील कर दिया गया सुबह आठ बजे से शुरू हुई नामांकन प्रक्रिया देर शाम तक चलती रही। नामांकन के लिए काउंटर पर पहुंचने से पूर्व गेट पर बनाई गई कोविड.19 हेल्प डेस्क पर उम्मीदवारों का थर्मल स्कैनिंग एवं सैनिटाइजेशन कराने के बाद ही पटल पर पहुंचने दिया गया। उपजिलाधिकारी सिरौलीगौसपुर सुरेंद्र पाल विश्वकर्मा ने भी घंटों नामांकन स्थल पर मौजूद रहकर स्थिति पर निगरानी बनाये रखी।

## शिक्षकों में शोक की लहर

**करनैलगंज (गोंडा)।** नगर के कन्हैया लाल इंटर कॉलेज के पूर्व प्रवक्ता राम आधार सिंह व कॉलेज में कार्यरत अध्यापक नीरू सिंह के पिता के आकस्मिक निधन से अध्यापकों में शोक की लहर दौड़ पड़ी। दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए कन्हैया लाल इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डीपी मौर्य की अगुवाई में कॉलेज परिवार ने एक शोकसभा का आयोजन किया गया। जिसमें सभी अध्यापकों ने दो मिनट का मौन रख कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

क्षेत्र के प्रतिष्ठित अध्यापक रामआधार सिंह एक माह से बीमार चल रहे थे। पिछले कई वर्षों से इलाज चल रहा था। रविवार को तबियत ज्यादा बिगड़ी परिजन गोंडा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराए। रविवार की रात्रि इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। सोमवार की सुबह पार्थिव शरीर उनके निवास करनैलगंज पहुंचते ही क्षेत्रवासियों का तांता लग गया। दोपहर बाद उनका अंतिम संस्कार कटरा घाट पर हुआ।

# मतदान कल, पुलिस प्रशासन तैयार

● निष्पक्ष मतदान संपन्न कराना है:आईजी रेंज बस्ती

संवाददाता। संतकबीरनगर



पुलिस ब्रीफ करते आईजी रेंज बस्ती पायनियर

**त्रिस्तरीय** पंचायत चुनाव मतदान प्रथम चरण में जनपद संतकबीरनगर शामिल है। पुलिस प्रशासन ने सभी तैयारियां पूर्ण कर ली है। कार्मिक अधिकारी पीडी डीआरडीए प्रमोद कुमार यादव एवं मुख्य विकास अधिकारी अतुल मिश्र ने पिछले 3 दिनो तक लगातार हीरालाल रामनिवास स्नाकोत्तर महाविद्यालय में पीठासीन अधिकारियों को मतदान कराये जाने के लिए प्रशिक्षण दिया है। सभी अधिकारियों/कर्मचारियों की ड्यूटी बूथवार लगाने के साथ-साथ रिजर्व कर्मियो को भी पोलिंग पार्टी रवाना स्थल पर लिखित के रूप जिला निर्वाचन अधिकारी ने आदेश दिया है। जिला निर्वाचन अधिकारी दिव्या मित्तल एंव पुलिस अधीक्षक डॉ0 कौस्तुभ ने संयुक्त रूप से जनपद के समस्त अतिसंवेदनशील एवं संवेदनशील बूथो का निरीक्षण करके अधीनस्थो को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए बूथो पर व्यवस्थाओं को भी जॉचा है। सेक्टर एवं जोनल मजिस्ट्रेट को भी आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है। मंगलवार को आई0जी0 रेंज बस्ती अनिल कुमार राय पुलिस लाईन परिसर में पुलिस फोर्स को ब्रीफ करते हुए निर्देश दिया है कि निष्पक्ष मतदान सम्पन्न कराये जाने में किसी प्रकार की लापरवाही नही होनी चाहिए। सभी अधिकारी, कर्मचारी एवं पुलिस बल अपने ड्यूटी स्थल पर मुस्तैदी के साथ राज्य निर्वाचन आयोग के आदेशो का पालन करते हुए अपने दायित्व का निर्वहन करें। पुलिस फोर्स ब्रीफ में जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल एवं पुलिस अधीक्षक डॉ0 कौस्तुभ, अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह सहित जोनल सेक्टर मजिस्ट्रेट के अलावा पुलिस बल उपस्थित रहे।

# कंटेनमेंट जोन में सुरक्षात्मक उपाय करने के निर्देश

संवाददाता। बस्ती

**कोविड-19** संक्रमण को देखते हुए 45 साल से ऊपर के सभी लोगों को कोरोना का टीका लगवाने की कार्य योजना तैयार की जाए। कर्मचारीवार लक्ष्य निर्धारित कर इसकी नियमित रूप से मानिटरिंग की जाए। इसमें लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के विरूद्ध कार्यवाही प्रस्तावित की जाए। यह निर्देष डीएम सौम्या अग्रवाल ने दिए हैं। एकीकृत कमान्ड एवं कन्ट्रोल सेन्टर में कोविड-19 की समीक्षा बैठक में कहा कि 71 कन्टेनमेन्ट जोन बनाए गए हैं जिनमें सभी प्रकार के सुरक्षात्मक उपाय किए जाय। बनकटी, बस्ती सदर, विक्रमजोत में सक्रियता बढ़ाने की आवश्यकता बताया। समीक्षा में पाया कि दुबौलिया, मरवटिया, साऊंघाट में बैरिकेटिंग नहीं की गई है। कुछ जगहों पर सेनेटाइजेशन भी नहीं किया गया है। 71 कन्टेनमेन्ट जोन में 2154 घरों की 14046 जनसंख्या को देखते हुए



कोरोना वायरस से प्रभावित मरीज के आस-पास लगभग 25 लोगों की कोविड जॉच कराने, 45 साल के ऊपर के सभी लोगों को कोरोना का टीका लगाने के लिए निर्देषित किया। सभी बीडीओ को निर्देशित किया कि कोरोना का टीका लगवाए जाने की कार्य योजना तैयार करें। बाहर से आने वाले लोगों की सैम्पलिंग लगभग 50 प्रतिशत कराए जाने पर असंतोष व्यक्त किया। कहा कि 7 से 12 अप्रैल के बीच 251 नए केसेज आए हैं, इसलिए आवश्यक है कि जॉच में तेजी लाई जाय। आपूर्ति विभाग को निर्देशित किया कि कोटेदारों के माध्यम से लोगों को प्रेरित करके स्वास्थ्य केन्द्र पर टीकाकरण के लिए भिजवाएं। कोरोना मरीज के कान्टैक्ट ट्रेसिंग, जॉच, ट्रीटमेन्ट की समीक्षा की। सीएमएस मेडिकल डा0 जीएम शुक्ला को निर्देशित किया कि उनके अस्पताल में भर्ती सुगर के मरीज को इसके अनुसार नाश्ता एवं भोजन उपलब्ध कराएं। स्वयं भी वहां की व्यवस्थाओं की मानिटरिंग करते रहे। बैठक में सीडीओ डॉ0 राजेश प्रजापति, सीएमओ डा0 अनूप कुमार, ज्वाइंट मजिस्टेªट नन्द किशोर कलाल, एसीएमओ डा0 सीके वर्मा, डा0 फखरेयार हुसैन, डा0 अजीत कुमार कुशवाहा, एसडीएम आशाराम वर्मा, नीरज प्रसाद पटेल, आनन्द श्रीनेत, कृषि अधिकारी संजेश श्रीवास्तव, डीएसओ रमन मिश्र, पीडी कमलेश सोनी, सभी बीडीओ, प्रभारी चिकित्साधिकारी मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### एक और अवैध शस्त्र फैक्ट्री का हुआ खुलासा

**बाराबंकी** । क्षेत्र मे संचालित अवैध शस्त्र फैक्ट्री का रामनगर पुलिस ने भी खुलासा किया है । इससे पहले अन्य थानो की पुलिस कर चुकी है । मंगलवार को पकडे गये एक अभियुक्त के कब्जे से पुलिस ने दस निर्मित देशी तमंचा व आधा दर्जन खोखा कारतूस एंव भारी मात्रा मे शस्त्र बनाने के उपकरण मिले है जिसे पुलिस ने कब्जे मे लेकर करवाई की है । अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी ने मंगलवार को पुलिस लाइन सभागार मे जानकारी देते हुए बताया कि पंचायत चुनाव के दृष्टगत पुलिस अधीक्षक यमुना प्रसाद द्वारा सभी थानों को अपराधियो के विरूद्ध अभियान चलाकर कारवाई करने के निर्देश दिये गये है । जिसके क्रम मे रामनगर पुलिस को तब एक बडी सफलता हाथ लग गयी जबमैनुअल इंटलिजेंस के आधार पर पता चला कि थाना क्षेत्र के कजियापुर गांव के बाहर एक बाग मे अवैध शस्त्र फैक्ट्री संचालित है । इस पर जब प्रभारी निरीत्रक राम चन्द्र सरोज ने सीओ दिनेश कुमार दुबे की गेखरेख मे छापामारा तो सूचना सच निकली । मौके से एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया तो उसके पास मे दस निर्मित देशी तमंचा व आधा दर्जन खोखा कारतूस एंव भारी मात्रा मे शस्त्र बनाने के उपकरण मिले ण् इस पर पुलिस ने पकड मे आये अभियुक्त शिवराज चौहान निवासी जैतपुर थाना रामनगर के विरुद्ध शस्त्र अधिनियम की कारवाई कर जेल रवाना किया गया । एएसपी मे बताया कि अभियुक्त का लंबा अपराधिक इतिहास है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में नहर में डूबकर युवक की हुई मौत

**बाराबंकी।** शौच के लिये घर से बाहर खेत गए एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में नहर मे डूबने से मौत हो गई ग्रामीणों की सूचना पर पंहुची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से शव को नहर से निकलवाकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा है। मिली जानकारी के अनुसार थाना देवा के टेरा निवासी स्वर्गीय दूबर कुम्हार का अकेला बेटा संपत मंगलवार की सुबह करीब साढ़े सात बजे शौच के लिये गया था और दाउदपुर गांव से निकली छोटी नहर में पानी लेने के लिये गया था अचानक पैर फिसल जाने के बाद नहर में गिरकर डूब गया और काफी देर तक घर नही लौटा जिससे घर वालो ने इसकी जानकारी गाँव वालों को दी । गाँव वाले परिजनों के साथ हो लिये और ग्रामीणों ने नहर में इस बीच छलांग लगा दी तो संपत का शव नहर में बरामद हुआ नहर में शव मिलने की सूचना पर पंहुची देवा थाने की पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा है वहीं पोस्टमार्टम करवाने मुख्यालय स्थित पोस्टमार्टम हाउस आये रिश्तेदारो ने बताया कि घर का अकेला कमाने वाला था संपत और अभी हमारी कल ही उससे बात हुई थी तो बताया था कि अपनी पिपरमिंट की फसल में सिंचाई कर रहा हूं।वहीं अचानक इस तरह मौत हो जाने से परिजनों का रो.रोकर बुरा हाल है।

### गुरूद्वारा में मनाया गया बैसाखी पर्व

**संतकबीरनगर।** गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा सोसाइटी खलीलाबाद में बैसाखी का पर्व बड़ी धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। प्रात: पाठ साहिब की समाप्ति तदुपरांत कीर्तन अरदास के बाद चाय का लंगर संगत में वितरित किया गया। गुरुद्वारा के अध्यक्ष सरदार अजीत सिंह ने बताया कि आज ही के दिन 1699 ई0 में सिख धर्म के दसवें गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह महाराज ने पांच प्यारों को अमृत पान कराकर उनको सिंह सजाया जो कि अत्याचार जुल्म और अन्याय के खिलाफ लड़कर आता ताईयो को समाप्त कर सके। वैशाखी के दिन हम लोग खालसा पंथ साजना दिवस के रूप में मनाते हैं। कार्यक्रम में सतविंदर पाल सिंह, नरेंद्र सिंह, जीत सिंह, हरप्रीत सिंह, अमरजीत सिंह, जसविंदर सिंह, राजपाल सिंह, परमजीत सिंह, परविंदर सिंह, हरजिंदर कौर, कमलजीत कौर, रवनीत कौर, रंजीत कौर सहित श्रद्वालु गुरूद्वारा में उपस्थित रहे।

### मु.आरक्षी सतीश का हुआ निधन, दी गई श्रद्धांजलि

**संतकबीरनगर।** हे0का0 सतीश सिंह जो कि थाना दुधारा पर नियुक्त थे हार्टअटैक से गोरखपुर में निधन हो गया। रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित श्रृद्धांजलि कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक डॉ0 कौस्तुभ द्वारा नम आंखों से भावभीनी श्रंद्धांजलि व कन्धा दिया गया। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक सन्तोष कुमार सिंह, प्रतिसार निरीक्षक पंकज कुमार त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी / कर्मचारियों द्वारा भावभीनी श्रृद्धांजलि दी गयी। इसके अतिरिक्त हे0का0 सतीश सिंह के घर के सदस्यों सहित गाँव के अन्य लोग भी उपस्थित थे। पुलिस अधीक्षक डॉ0 कौस्तुभ द्वारा उनके परिजनो को ढ़ाढस बंधाया गया तथा अन्तिम संस्कार हेतु 4 हजार रुपये नकद, सरकारी गाड़ी व गार्द सहित ससम्मान अन्तिम संस्कार हेतु गृह जनपद रवाना करवाया।

### डीएम व एसपी ने भ्रमण कर रात्रि कर्फ्यू का लिया जायजा

**गोंडा।** तेजी से बढ़ते कोरोना मामले के दृष्टिगत जिलाधिकारी मार्कंडेय शाही ने जिले में रात्रि कर्फ्यू (रात्रि 9.00 से सुबह 6.00 बजे तक) की घोषणा कर दी है। जिसके शत-प्रतिशत अनुपालन हेतु जिलाधिकारी



श्री शाही व पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने प्रशासनिक/पुलिस अधिकारियों एवं पुलिस बल के साथ शहर क्षेत्र में भ्रमण कर रात्रि कर्फ्यू की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने कोविड-19 के दृष्टिगत शासन द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार बाजार व दुकानों को बंद कराकर लोगों को रात्रि कर्फ्यू का शत-प्रतिशत पालन करने हेतु निर्देशित किया।

## उप्र सिविल सेवा परीक्षा में तनवीर अहमद ने 13वां रैंक प्राप्त किया



**सेमरियावां (संतकबीरनगर)।** मंगलवार को देर शाम उत्तर प्रदेश सिविल सेवा परीक्षा का परिणाम आया जिसमें उजियार के लाल बाघनगर निवासी तनवीर अहमद ने परचम लहराया हैं उनका चयन डिप्टी कलेक्टर पद पर हुआ हैं। तनवीर अहमद का एसडीएम पद चयन होने पर परिजनों सहित क्षेत्र में खुशी का माहौल हैं आपको बता दे इससे पहल तनवीर अहमद का सिविल सेवा परीक्षा में सत्र 2019 में तहसीलदार के पद चयन हुआ था। मंगलवार को उत्तर प्रदेश सिविल सेवा परीक्षा का परिणाम आया जिसमें बाघनगर निवासी जोहरा फैज-ए-आम गर्ल्स इंटर कालेज के प्रबंधक डा.शकील खान के पुत्र तनवीर अहमद ने एक फिर कठिन परिश्रम के बल पर एसडीएम पद पर चयनित हुए हैं। एसडीएम पद पर तनवीर अहमद का चयन होने पर जहाँ परिजनों में खुशी की लहर हैं तो वहीं उजियार क्षेत्र के लोगो में खुशी का माहौल हैं। क्षेत्र को लोगो को जैसे ही तनवीर अहमद के सिविल सेवा परीक्षा में सफल होने की सूचना मिली उनके घर तथा सोशल मीडिया के माध्यम बधाइयां देने का सिलसिला शुरू हो गया। तनवीर अहमद की सफलता पर क्षेत्र के शुभचिन्तको ने बधाई दी है।

# त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव: गांवों में पहुंचने लगे परदेशी मतदाता रिझाने में जुटे उम्मीदवार

संवाददाता। बस्ती

**त्रिस्तरीय** पंचायत चुनाव की सरगरमी तेज हो गई है। जिले में चुनाव भले ही चौथे चरण में होना है लेकिन मतदाताओं को रिझाने के लिए उम्मीदवारों ने तरह- तरह के हथकंडे अपनाना शुरू कर दिया है। कहीं भण्डारा का आयोजन किया जा रहा है। कहीं मान मनुहार और कहीं दारू, मीट, मुर्गा, रूपयों का प्रलोभन। इन सबके बीच उम्मीदवार मतदाताओं की नब्ज टटोल रहे है। मतदाता उम्मीदवारों के लोक लुभावन बातों और उनके मनुहार को सुन रहा है लेकिन किसी के पक्ष में कुछ बोल नहीं रहा है। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में मौसम भी उम्मीदवारों की परीक्षा ले रहा है। चिलचिलाती धूप की तल्खी, खेतों में गेहूं की कटाई, मड़ाई का मौसम भी उम्मीदवारों के लिए किसी चुनौती से कम नहीं है। सुबह सबेरे ग्रामीण खेतों में निकल जा रहे है, ऐसे में प्रत्याषियों की भी दौड़ खेतो पगडंडियो तक हो रही है। कोरोना वायरस संकट के दूसरे लहर में गांव-गांव लाव लष्कर के साथ निकट रहे पंचायत पद के दावेदारों को यह भय भी सता रहा है कि यदि कोरोना का संकट बढ़ा तो उनका प्रचार अभियान प्रभावित होगा। कोरोना के खतरे के बीच मुम्बई, दिल्ली जैसे महानगरों में काम करने वाले मतदाता भी गांव पहुंचने लगे है। चुनाव लड़ रहे उम्मीदवार मतदाताओं को सहेजने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। अनेक गांवो में भण्डारा के आयोजन की भी खबर है ताकि बाहर से आए मतदाताओं को अपने पक्ष में प्रभावित किया जा सके। प्रषासन की कवायदों के बाद भी अनेक गांवों में बाहर से आए ग्रामीण पहुंचने लगे है। प्रषासन की ओर से निगरानी समितियों को सक्रिय किया गया है जो बाहर से आने वाले लोगो पर नजर रख सकें। बावजूद इसके चोरी छिपे लोग अपने घरों को पहुंच रहे है। यह अलग बात है कि चोरी छिपे घरों को पहुंचे परदेषी घरों में ही दुबके हुए है ताकि किसी को पता न चल सके। उनके घरों में चोरी छिपे रहने के पीछे कारण बताया जा रहा है कि यदि निगरानी समितियों की निगाह में वे आ गए और जांच में कहीं कोरोना निकल आया तो फिर उनके लिए मुष्किल हो जाएगी। उम्मीदवार भी बाहर से आए लोगों की जानकारी देने से बच रहे है। उन्हे आषंका है कि यदि उन्होंने इसकी सूचना दी और पता चल गया तो उनका वोट प्रभावित हो जाएगा। कहीं उनके पक्ष में माहौल न खराब हो जाए और वोटो का नुकसान हो जाए यह सोचकर उम्मीदवार खामोष है। चर्चा तो यह भी है कि परदेषी मतदाताओं को बुलाने के लिए उम्मीदवारों की ओर से वाहनो और उनके टिकट तक की व्यवस्था की जा रही है। परदेषी मतदाताओं को भी कोरोना महामारी का डर सता रहा है।

## कोविड का पालन करते हुए भक्तों ने किया मां के दर्शन

**संतकबीरनगर।** शक्ति की उपासना का नवरात्र पर्व मंगलवार से शुरू से शुरू हो गया। शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित माता के मंदिरों पर सुबह से ही पूजन-अर्चन के लिए लोग पहुंच गए। हर ओर देवी के जयकारे और घड़ी-घंटाल गूंजने लगे। घरों में कलश की स्थापना का कार्यक्रम पूरे दिन चलता रहा। जबकि माता का दर्शन और पाठ का क्रम सुबह से ही शुरू हो गया। यह क्रम लगातार नौ दिनों तक चलेगा। इस दौरान कोविड का पालन कराते हुए मंदिरों में लोगों को देवी के दर्शन कराया गया। चैत्र मास के शुक्ल पक्ष प्रतिपदा से नवरात्र पर्व मनाया जाता है। मंगलवार की सुबह में उठकर श्रद्धालु प्रथम मां शैलपुत्री के पूजन अर्चन के लिए स्नान आदि कर घरों से पूजा की थाल फूलों से सजाकर मंदिरों की ओर जाते दिखाई देने लगे। मंदिरों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही।

# प्रशिक्षित युवाओं को उद्योगों, सरकारी विभागों में दिलाया जाएगा प्रशिक्षण

संवाददाता। बस्ती

**आईटीआई** संस्थानों में प्रषिक्षित युवाओं को उद्योगों एवं सरकारी विभागों में 15- 15 दिन का प्रषिक्षण दिलाया जाएगा ताकि वे दक्षता हासिल कर सके। प्रषिक्षण पर भेजे जाने वाले प्रषिक्षित युवाओं को इसके लिए कोई मानदेय नहीं दिया जाएगा ।शिशिक्षु अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कलेक्टेªट सभागार में कार्यशाला का आयोजन किया गया। डीएम सौम्या अग्रवाल के निर्देष पर आयोजित कार्यषाला में विभागीय अधिकारियों, उद्यमियों ने हिस्सा लिया। संयुक्त निदेशक पुरूषोत्तम मिश्रा ने बताया कि भारत सरकार द्वारा डुएल सिस्टम ऑफटेªनिंग तथा प्रशिक्षार्थियों की ऑन जॉब टेªनिंग की योजना संचालित की गई है। आईटीआई संस्थानों में प्रशिक्षित युवाओं को टेªनिंग के लिए भेजा जाएगा लेकिन इसके लिए उन्हे कोई मानदेय नहीं दिया जाएगा। अप्रेन्टिस के लिए भेजे जाने पर उद्योगों या विभागों को निर्धारित धनराशि प्रशिक्षार्थी को देना होगा। इसमें से 15 सौ भारत सरकार, एक हजार रूपए मुख्यमंत्री शिक्षुता प्रोत्साहन योजना में उद्योगों को वापस कर दिया जाएगा। विभागों एवं उद्योगों से अपील किया कि अधिक से अधिक प्रशिक्षार्थियों को इस योजना में प्रशिक्षण दिलाएं। प्रधानाचार्य आईटीआई पीके श्रीवास्तव ने बताया कि भारत सरकार के पोर्टल पर 19 उद्योग एवं विभागों ने अपना पंजीकरण कराया है, जिसमें 76 विद्यार्थी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है। सुगर मिल बजाज ग्रुप अठ्दमा, में 7, विद्युत विभाग में 47, नलकूप में 2 को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिन संस्थानों या उद्योग में 30 से अधिक कर्मचारी कार्यरत है, उन्हें पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है।

# 29 वर्ष बाद अष्टधातु की मूर्तियां मंदिर में स्थापित


**गोंडा।** 29 वर्ष से कोतवाली के मालखाने में कैद भगवान श्रीराम, सीता व लक्ष्मण की मूर्तियों को मालखाने से निजात मिल गई। मूर्ति का रिलीज आर्डर मिलते ही पुलिस कर्मियों ने मूर्ति को निकालकर उन्हें नहलाया, नए बस्त्र सिलवा कर पहनाए, मिठाई का भोग लगा, कोतवाली परिसर में पूजन हुआ, प्रसाद बंटा उसके बाद भगवान को विदाई देकर उनके मंदिर में पुन: प्राण प्रतिष्ठा के लिए भेजा गया। कोतवाली करनैलगंज के मालखाने से 29 वर्ष बाद अष्टधातु की मूर्तियों को निकालकर मंदिर में स्थापित करने की तैयारी की जा रही है। जिससे ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त है। वर्ष 1964 में कोतवाली करनैलगंज के ग्राम रेवांरी वैशन पुरवा निवासी रामसिंह प्रधान के पूर्वजों ने अपने दरवाजे पर मन्दिर का निर्माण करवाया था। जिसमे स्थापित श्रीराम, लक्ष्मण व माता सीता की 32 किलोग्राम की अष्टधातु की मूर्ति स्थापित कर विधिवत प्राण प्रतिष्ठा भी करवाया था। जो लोगों के आस्था का केंद्र बन गया। श्रद्धालु बराबर मन्दिर में पूजन अर्चन करते चले आ रहे थे। अष्टधातु की बेशकीमती मूर्तियों पर चोरों की निगाहें गढ़ गई। और वह मौके की तलाश करने लगे। फरवरी 1992 की रात्रि चोर तीनो मूर्तियां चोरी कर ले गये। मगर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के बाद मूर्तियों को बरामद कर लिया। तब से मन्दिर में रहने वाले भगवान मालखाने में कैद हो गये। अपने पूर्वजों द्वारा बनवाई गई मंदिर का जीर्णोद्धार कराकर मंदिर में मूर्तियों को पुन: स्थापित कराने की मुहिम राजू सिंह ने तेज की। जिस पर बीते 5 मई को न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम गोंडा द्वारा मालखाने से मूर्तियों को निकालकर पुन: मंदिर में स्थापित कराने का आदेश पारित किया गया। जिसके अनुपालन में दीवान रजनीकांत सिंह व भूपेंद्र सिंह ने 29 वर्ष बाद माल खाने से मूर्तियों को निकालकर विधिवत स्नान कराते हुये तत्काल अंग वस्त्र सिलवा कर पहनाया।

# नहीं रहे समाजसेवी फूलचन्द्र अग्रवाल 'बाबूजी'

संवाददाता। गोंडा

**श्री हनुमान** बक्श चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक व समाजसेवी फूलचंद अग्रवाल बाबूजी (86 वर्ष) का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। यह जानकारी देते हुए उनके पुत्र व सीए पवन अग्रवाल ने बताया कि बाबूजी विगत 2 वर्षों से बीमार चल रहे थे, जिसमें मंगलवार की सुबह उनकी तबीयत बिगड़ने से हृदय गति रुक जाने से आवास पर ही स्वर्गवास हो गया। उनके निधन पर जिले में शोक की लहर दौड़ गई।

सीए पवन अग्रवाल ने बताया कि बाबूजी श्री हनुमान बक्श चौरिटेबल ट्रस्ट के माध्यम से विगत कई वर्षों से लगातार सामूहिक विवाह आयोजित कर निर्धन परिवार की सैकड़ों कन्याओं के धर्म पिता बन कर उनके हाथ पीले कराते रहे। उन्होंने अपने ट्रस्ट के सदस्यों के साथ मिलकर समाज में अंतिम



समाजसेवी स्व. फूलचन्द्र अग्रवाल बाबूजी

पायदान पर खड़े गरीब, दलित व वंचित लोगों को सदैव ऊपर उठाने का कार्य किया। साथ ही समाज को एक नई दिशा देने वाले समाजसेवियों, शिक्षकों, पत्रकारों व अधिवक्ताओं सहित जिले के संभ्रांत व गणमान्य नागरिकों को उनके कार्यों के लिये समय-समय पर सम्मानित करने का भी काम बाबूजी ने किया। पशु प्रेम व मानव सेवा के लिए आमजन को प्रेरित करते हुए बाबूजी ने ट्रस्ट के लोगों के साथ गांव-गांव जाकर वहां के सूखे तालाबों में पानी भरवाने की भी मुहिम चलाई। वहीं कई वर्षों तक अग्रवाल समाज के मुखिया के रूप में श्री रामजानकी धर्मदास समित के अध्यक्ष के रूप में समाज सेवा करते हुए आम जनमानस को जागरूक करने का कार्य किया। परिवारीजनों के अनुसार बाबूजी के पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार बुधवार को अयोध्या धाम में किया जाएगा। वहीं श्रद्धांजलि देने वालों का पूरे दिन तांता लगा रहा। शहर के गणमान्य नागरिकों, प्रबुद्धजनों, पत्रकारों, शिक्षकों व व्यवसायियों ने उनके आवास पर जाकर अंतिम दर्शन किए।

## कोरोना योद्धा बनकर सहयोग करें सभासद: वंदना त्रिवेदी

**गोंडा।** नगरीय क्षेत्रों में कोरोना वायरस से बचाव के दृष्टिगत डीएम के निर्देश पर सभी वार्डो के सभासदों को इफ्रारेड थर्मा मीटर व पल्स ऑक्सीमीटर उपलब्ध कराया गया है। महामारी के प्रसार को फैलने से रोका जा सके इसके लिए मंगलवार को प्रभारी अधिकारी नगर निकाय/नगर मजिस्ट्रेट वंदना त्रिवेदी ने जिले की दो नगर पालिकाओं नगर पालिका गोंडा एवं नगर पालिका करनैलगंज के सभासदों के बैठक कर उनसे सहयोग की अपील किया।

नगर मजिस्ट्रेट ने कहा कि वे लोग अपने अपने वार्ड में बाहर से आने वाले लोगों की सूचना कंट्रोल रूम व जिला प्रशासन को दें, जिससे कोरोना वायरस का फैलाव को रोका जा सके। आगे कहा कि कोरोना की सेकेंड स्ट्रेज बहुत ही खतरनाक है। मास्क व सैनिटाइजर का प्रयोग करने के साथ ही लोगों को सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने के लिए भी प्रेरित करें। कोरोना से प्रभावित व संदिग्धों की पहचान कर इसकी सूचना जिला प्रशासन को तत्काल दें।

पायनियर
लखनऊ, बुधवार, 14 अप्रैल, 2021



# मुख्तार अंसारी को बांदा जेल में तकलीफ, मांगा तख्त और कुर्सी

## गैंगस्टर कोर्ट में वीडियो कांफ्रेंसिंग से हुई पेशी

## अगली पेशी 11 जून को जुडिशियल रिमांड हुई स्वीकृत

**संवाददाता**। मऊ

**फर्जी** शस्त्र के आधार पर गैंगस्टर में वांछित मऊ से विधायक मुख्तार अंसारी की पेशी वीडियो कांफ्रेंसिग के माध्यम से बांदा जेल से कराई गई। इसमें मुख्तार ने जेल में तख्त, कुर्सी और फिजियोथेरिपिस्ट की मांग की। बताया कि कमर में दर्ज और अन्य परेशानियां हो रही है। मामले में गैंगेस्टर कोर्ट ने जेल मैनुअल के अनुसार सुविधाओं को उपलब्ध कराये जाने का आदेश दिया। कोर्ट ने गैंगस्टर के मामले में मुख्तार की जुडिशियल रिमांड मंजूर करते हुये पेशी की अगली तिथि 11 जून को निर्धारित की है।

मुख्तार के लेटर पैड पर जारी इसराइल अंसारी, अनवर सहजाद, सलीम व शाह आलम के शस्त्र लाइसेंस की सिफारिश की गई थी। इसी शस्त्र के आधारीय मामले में मुख्तार के खिलाफ गैंगस्टर के मामले में मंगलवार को पेशी कराई गई। पेशी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से दोहपर साढ़े 12 बजे शुरू हुई। डेढ़ बजे तक पेशी चली।

इसमें जेल अधीक्षक समेत अन्य अधिकारियों के समक्ष मुख्तार ने कमर में दर्द और अन्य परेशानियों की शिकातय की। कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर मेडिकल बोर्ड बना था। जिसने जांच कर कमर में दर्ज और अन्य परेशानियों से निजात पाने के लिये कुर्सीए तख्त और फिजियोथेरेपिस्ट की अनुशंसा की थी, लेकिन जेल प्रशासन उपलब्ध नहीं करा रहा है। इस पर अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश व गैंगस्टर कोर्ट के प्रभारी रामराज द्वितीय ने जेल अधीक्षक को जेल मैनुअल के अनुसार सुविधाएं उपलब्ध कराने का आदेश दिया।

शहर कोतवाल की ओर से आवेदन किया गया कि मुख्तार को व्यक्तिगत रुप से पेश किया जाये। इस पर मुख्तार के वकील दरोगा सिंह ने दलील दिया कि वह स्वास्थ्य व कोविड-19 को लेकर उनकी पेशी व्यक्तिगत रूप से नहीं कराई जा सकती। इस पर जज ने इस दरख्वास्त को मंजूर करते हुये वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से ही पेशी कराने का आदेश दिया। जज ने इस मामले में थाना दक्षिण टोला के गैंगस्टर मामले में मुख्तार की जुडिशियल रिमांड भी स्वीकृत कर ली।

## एसपी ने चुनाव ड्यूटी को जा रहे कर्मचारियों को किया रवाना

**चंदौली**। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के अन्य जनपदों में प्रथम एवं द्वितीय चरण के मतदान को सकुशल एवं शांतिपूर्ण सम्पन्न कराए जाने हेतु पुलिस अधीक्षक चन्दौली अमित कुमार द्वारा जनपद के पुलिस बल को ब्रीफ कर जौनपुर एवं आजमगढ़ के लिए रवाना किया। पुलिस अधीक्षक द्वारा चुनाव डयूटी हेतु जा रहे अधिकारियों, कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि अपने डयूटी पॉइन्ट पर सतर्क रहें, अपना और अपने असलहे का पूरा ध्यान रखेंए सम्बन्धित जिले के अधिकारीगण से प्राप्त दिशा-निर्देश का पूर्णतः पालन करेंएमतदान स्थल के आस.पास किसी भी प्रकार की अनावश्यक भीड़ कदापि एकत्रित न होने पाये एवं किसी भी बाहरी व्यक्ति से किसी प्रकार की सुविधाध्व्यवस्था न लेंए ना ही किसी भी प्रकार के प्रलोभन में पड़े तथा मतदान केंद्र पर किसी प्रकार की अव्यवस्था या मतभेद होने पर इसकी सूचना तत्काल सम्बन्धित अधिकारियों को दें।

# नवरात्र के पहले दिन हजारों श्रद्धालुओं ने लगायी गंगा में डुबकी



**संवाददाता**। चहनियां (चन्दौली)

**नवरात्र** के पहले दिन मंगलवार को हजारो श्रध्दालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगायी । वही व्रत रहकर मंदिरों देवालयों में दर्शन पूजन किया। मंगलवार को नवरात्र के शुरुआत के साथ साथ भारतीय नव वर्ष का भी शुभारभ हुआ । लोग भोर से ही व्रत रहकर बलुआ स्थित पश्चिम वाहिनी गंगा तट पर स्नान दान किया। वही मंदिरों देवालयों में दर्शन पूजन किया। क्षेत्र के महड़ौरा में महड़ौरी देवी एचहनियां स्थित दुर्गा मंदिरएचकिया बिहारी मिश्र में बंगला भगवती देवी, टाण्डाकला में मां घटवारी देवी,मथेला में मां काली देवी मन्दिर पर सुबह से ही भीड़ देखी गयी। बाजारों में भी काफी चहल पहल देखी गयी। कोरोना की परवाह किये बगैर आस्थावानों की भीड़ ज्यादा रही।

## ट्रांसफार्मर जलने से चहनियां कस्बा में लोग अंधेरे में

चहनियां (चन्दौली)। चहनियां स्थित कस्बा में 100 केबीए का लगा ट्रांसफार्मर जल गया । जिससे कस्बा में पीडीयू नगर मार्ग पर अंधेरा छा गया है । सबसे ज्यादा परेशानी नामांकन कर्मियों को होगी ।

चहनियां कस्बा में पीडीयू नगर मार्ग पर जलनिगम पानी टँकी के पास लगा 100 केबीए का ट्रांसफार्मर सोमवार को जल गया । इससे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, खण्ड विकास कार्यालय, पशु चिकित्सालय सहित कई घरों में अंधेरा छा गया है । सबसे बड़ी बात की खण्ड विकास कार्यालय में नामांकन चल रहा है।

किसी तरह से बैकल्पिक ब्यवस्था तो कर लिए है किन्तु उसमें भी लो वोल्टेज के कारण नामांकन करने में कर्मी परेशान दिखे । दूसरी तरफ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में फ्रीज में रखी महंगी दवाइयां भी बर्बाद होने का खतरा बना है । इस गर्मी में ट्रांसफर्मर जलने से कस्बा के एक तरफके लोग बेचैन हैं।

# पीसीएस उत्तीर्ण करके जिलापूर्ति अधिकारी बने शिवाकांत



**संवाददाता**। मऊ

**घोसी** ब्लाक अंतर्गत गोड़सरा गांव निवासी शिवाकांत ने कड़ी मेहनत व लगन के बल पर पीसीएस वर्ष 2020 की परीक्षा में सफलता हासिल करके जिला पूर्ति अधिकारी के रुप में चयनित होकर जिले का नाम रोशन किया है। शिवाकांत पाण्डेय की सफलता की सूचना मिलते ही जिले में खुशी की लहर दौड़ गया। शिवाकांत ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, गुरुजनों समेत इष्टमित्रों को दिया है। जिले के घोसी ब्लाक अंतर्गत गोड़सरा गांव निवासी शिवाकांत पाण्डेय के पिता ईश्वर दत्त पाण्डेय ने स्वदेशी काटन मिल में कर्मचारी के रुप में कार्यरत रहते हुए अपने पुत्र शिवाकांत को काफी कठिनाई के साथ पढ़ाया.लिखाया है। शिवाकांत ने वर्ष 2006 में हाई स्कूल की परीक्षा नगर के रामस्वरूप भारती इण्टर कालेज से उत्तीर्ण किया है। साथ ही साथ वर्ष 2008 में डीएवी इण्टर कालेज से इण्टर की परीक्षा उत्तीर्ण किया है। वर्ष 2012 में बीटेक कर के पीसीएस की तैयारी में लग गये। एक साधारण परिवार से होते हुए और जीवन के अनेक उतार चढाव का सामना करते हुए भी पिता के परिश्रमए त्यागए तपस्या और माँ के प्यार और विश्वास को सार्थक करने के लिए अथक परिश्रम और निष्ठा पूर्वक अध्ययनरत और प्रयासरत रह कर उत्तर प्रदेश पीसीएस 2020 में सफलता प्राप्त कर के जिलापूर्ति अधिकारी के पद पर चयनित हुए।

## बिजली विभाग का कैम्प 15 तक चलेगा

चहनिया (**चन्दौली**)। शासन के निर्देश पर बिजली विभाग द्वारा बिजली का बकाया बिल जमा करने एबिल में संशोधन , मीटर गड़बड़ी आदि की समस्यायों का निस्तारण करने के लिए मार्च से अभियान चलाया जा रहा है । यह अवधी बढाकर 15 अप्रैल तक कर दी गयी है । जे ई अजय कुमार पटेल ने बताया कि चहनियां स्थित विद्युत उपकेंद्र पर 14 व 15 अप्रैल को एक मुश्त समाधान योजना के तहत कैम्प का आयोजन किया गया है। जिसमे बकाया बिल जमा करना , बिल का संशोधन, मीटर गड़बड़ी आदि की समस्यायों का निस्तारण किया जायेगा । इसके बाद बिजली बिभाग का अभियान चलेगा । जो लोग नियम का उलंघन करते पाये गये या फिर निस्तारण नही कराया तो मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई किया जायेगा । इसमे किसी की पैरवी नही चलेगी ।

# पुलिस ने बीजपुर के प्रत्याशियों को पढ़ाया आचार संहिता का पाठ



**संवाददाता**। बीजपुर (**सोनभद्र**)

**त्रिस्तरीय** पंचायत चुनाव के मद्देनजर मंगलवार की सायं प्रभारी निरीक्षक बीजपुर देवतानंद सिंह ने बीजपुर ग्राम सभा के मुख्य बाजार में स्थित पंचायत भवन में प्रत्याशियों को आचार संहिता का पाठ पढ़ाया। उपस्थित प्रत्याशियों को प्रभारी निरीक्षक श्री सिंह ने आगाह किया कि यदि वे किसी भी मतदाता को प्रलोभन देते हुए पाए गए तो उन्हें प्रशासन किसी भी कीमत पर नहीं बख्शेगा। उनके खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी। वह चाहे कितनी ही पहुंच वाला क्यों ना हो। उन्होंने चुनाव के अन्य पहलुओं से भी प्रत्याशियों को अवगत कराया। बैठक में मुख्यरूप से उप निरीक्षक बृजेश कुमार पाण्डेय के साथ-साथ ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य व ग्राम सभा सदस्य आदि के प्रत्याशीगण उपस्थित थे।

# स्टेट बैंक के दो कर्मी कोरोना पॉजिटिव, बैंक बंद




**संवाददाता**। चहनियां (**चन्दौली**)

क्षेत्र में कोरोना संक्रमण के बढ़ने से हड़कम्प मच गयी है । मंगलवार को चहनियां स्टेट बैंक में दो कर्मियों की रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद बैंक को बन्द कर दिया गया । सोमवार तक 86 लोगों की रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव मिली है ।

पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष कोबिड 19 ज्यादा तेजी से बढ़ रहा है । क्षेत्र में सोमवार तक 86 लोगो की रिपोर्ट पॉजिटिव आ चुकी है । इसमें प्रभुपुर के बाल किशुन (80 वर्ष ) की कोबिड संक्रमण से मौत भी हो चुकी है । मंगलवार को चहनियां स्थित स्टेट बैंक के दो कर्मियों की रिपोर्ट पॉजिटिव आने से हड़कम्प मच गयी है । बैंक कर्मियों ने बैंक में ताला बंद कर दिया । क्षेत्र में लगातार कोबिड संक्रमण के बढ़ने से लोग दहशत में है ।

### जिले में दूसरे दिन फिर मिले 50 कोरोना पाजिटिव मरीज

**संवाददाता**। मऊ

**कोरोना** संक्रमित मरीजों की रफ्तार थमने का नाम नहीं ले रहा है। जिले में दिन-प्रतिदिन कोरोना पाजिटिव मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। मंगलवार को दूसरे दिन भी जांच के बाद 50 कोरोना पाजिटिव मरीज पाए गए। जिले में तेजी के साथ बढ़ रहे संक्रमितों के कारण पूरे दिन अफरा-तफरी मचा रहा। उधर जिले में कुल एक्टिव कोरोना पाजिटिव केस 392 पाए गए। जबकि कुल एक्टिव होम आईसोलेशन मरीजों की संख्या 303 है। वहीं कुल एक्टिव कन्टेनमेंट जोन की संख्या 182 है। उधर घोसी विधान सभा के विधायक विजय राजभर ने जिला महिला अस्पताल का निरीक्षण करके स्वास्थ्य सुविधाओं का गहनता के साथ जायजा लिया।

## विद्युत विभाग की लापरवाही से नहीं लगा ट्रांसफार्मर

**संवाददाता**। चहनियां (चन्दौली)

**इसे** विभागीय लापरवाही कहे या कुछ और कि प्राथमिक विद्यालय ड्योढ़ा विकास खंड चहनियां पर 10 केवीए का लगा ट्रांसफार्मर बिगत छह माह पूर्व बिजली विभाग के लोग बदलने के लिए ले गए जो आज तक नहीं लगाया गया । जबकि इसी विद्यालय पर त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव भी सम्पन्न कराना है ।

डयोढ़ा स्थित प्राथमिक विद्यालय पर विगत छह माह पूर्व 10 केबीए का ट्रांसफार्मर खराब हो गया था । विभाग को सूचना देने के बाद विभागीय लोग ट्रांसफर्मर को मरम्मत के नाम पर ले गये । प्रधानाध्यापक द्वारा बार-बार विभाग को अवगत कराया गया फिर भी बिजली विभाग के कान तक जूं तक नहीं रेंगा । जबकि यहां पर त्रिस्तरीय सामान्य पंचायत निर्वाचन 2021 का मतदान के लिए बूथ बनाया गया है।

# दुकानदार मास्क लगाने के साथ ही ग्राहकों को भी करें प्रेरित

## डीएम ने बढ़ते कोरोना मरीजो के दृष्टिगत एल-2 अस्पताल बनाने के लिए किया स्थलीय निरीक्षण

**संवाददाता**। मीरजापुर

**जिलाधिकारी** प्रवीण कुमार लक्षकार ने कोरोना मरीजों की बढ़ती संख्या के दृष्टिगत एवं कोरोना संक्रमण के रोकथाम व बचाव के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में सम्बन्धित अधिकारियो एवं व्यापार मण्डल के पदाधिकारियो के साथ अलग-अलग बैठक कर कोविड-19 के दिशा निर्देशो का शत प्रतिश पालन कराने का निर्देश दिया। जनपद के सभी नगर पालिकाओ के अधिशाषी अधिकारियो एव स्वास्थ विभाग के अधिकारियो के साथ बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी ईओ एवं मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित करते हुये कहा कि जहॉ भी कोरोना के मरीज पाये जा रहे पहॉ पर तत्काल दिये गये निर्देश के तहत कंटेनमेन्ट जोन बनाकर सेनिटाइजेशन कराया जाय तथा नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रो मे पर्याप्त मात्रा मे प्रतिदिन साफ-सफाई सुनिश्चित कराया जाय। उन्होने कहा कि कोरोना संक्रमण के बचाव निगरानी एवं जागरूकता के लिये बनाये गये ग्राम निगरानी समितियो एवं मोहल्ला निगरानी समितियो को तत्काल सक्रिय किया जाये तथा बाहर से आने वालो को कोरोना की जॉच कराया जाय। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित करते हुये कहा कि जिस व्यक्ति की जॉच की जाये उसका पूरा नाम पता मोबाइल नम्बर लिखा जाये ताकि पाजिटिव मरीज से तत्काल सम्पर्क कर उसे नियमानुसार इलाज की कार्यवाही सुनिश्चित कराया जा सके। मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि जनपद के ग्रामीण क्षेत्रा मे 912 ग्राम निगरानी समितियॉ बनायी गयी है तथा नगरीय क्षेत्रा मे विभिन्न नगर पालिकाओ मे 100 मोहल्ला निगरानी समितियॉ सक्रिय है। जिलाधिकारी ने कहा कि नगर क्षेत्र मे आशा, ए0एन0एम0 एवं नगर पालिका के कर्मी तथा ग्रामीण क्षेत्रो मे आशा, ए0एन0एम0 आंगनबाड़ी एवं ग्राम स्तरीय अधिकारी/कर्मचारी अपने क्षेत्र मे यह सुनिश्चित करेंगे कि यदि कोई बाहरी/प्रदेश के बाहर का व्यक्ति आता है तो उसकी सूचना तत्काल उपलब्ध कराये ताकि उसकी जॉच करायी जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि एन्टीजन एवं आर0टी0पी0आर0 की जॉच भी बढ़ीयी जाय। रेलवे स्टेशन एवं जेल मे भी जॉच टीम भेजकर कोरोना की जॉच करायी जाये।

व्यापार मण्डल के पदाधिकारियो के साथ बैठक करते हुये जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक दुकानो पर यह सुनिश्चित करे कि प्रत्येक दुकानदार स्वयं मास्क लगाये तथा आने वाले ग्राहको को मास्क लगाने हेतु प्रेरित करे। दुकानों के आस पास भीड़ इकटठा ना होने दें।

### दर्शनर्थियों को गर्भगृह में नहीं होगी प्रवेश अनुमति

**मीरजापुर**। जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार ने बताया कि कोविड-19 के जनपद में 500 से अधिक केस होने के कारण निर्देश दिए जाते हैं सभी दर्शनार्थी अनिवार्य रूप से मास्क पहनेंगे सैनिटाइजेशन व सोशल डिस्टेंसिंग का शत-प्रतिशत पालन किया जाएगा दर्शन के दौरान किसी भी दर्शनार्थी को गर्भ गृह में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। रात्रिकालीन कर्फ्यू के समय रात्रि नौ से प्रात: छह बजे तक दर्शन करने की अनुमति नहीं होगी रेलवे स्टेशन बस स्टेशन तक टैक्सी स्टैंड पर कोविड-19 जांच कराई जाएगी कोविड-19 पार्टी पाए जाने पर संबंधित दर्शनार्थियों को कोविड प्रोटोकॉल के अनुसार आइसोलेशन में भर्ती कराए जाने की कार्यवाही की जाएगी सभी दर्शनार्थियों से अपील/अनुरोध है कि तज.चबत/ एंटीजन जांच कराकर दर्शन हेतु आए नेगेटिव जांच रिपोर्ट जो 48 घंटे से अधिक पुरानी ना हो भी साथ लाए इसकी रेण्डमली चेकिंग भी की जाएगी।

## पाकेटमार को पकड़कर दर्शनार्थी ने पुलिस के हवाले किया

विन्ध्याचल (**मीरजापुर**) । नवरात्र के पहले दिन ही पाकेटमार अपनी साधना में सक्रिय दिखे । सोनभद्र से माँ विन्ध्यवासिनी के दर्शन को आये सियाराम तिवारी के अनुसार जब वे दर्शन के लिए कोतवाली गली में कतारबद्ध थे, उसी वक्त एक उचक्के ने उनका पर्स उड़ा दिया ।

उनके पीछे उनका पुत्र भी पीछे खड़ा था जिसने मौके पर ही उक्त पाकेटमार को पकड़ लिया । कोतवाली पर पूछताछ में उक्त पाकेटमार ने बताया कि मेरे साथ दो लोग और थे मैंने इनका पर्स निकालकर अपने उन साथियों को सुपुर्द कर दिया । उसने उन दोनों का नाम भी पुलिस को बताया ए पर घण्टो बीतने के बाद भी पुलिस उसके दोनों साथियो को पकड़ने में नाकाम रही । जबकि दोनों स्थानीय ही है । पीड़ित श्रद्धालु के पर्स में आठ हजार के करीब नगद व आधार कार्ड इत्यादि था ।

# आचार संहिता उल्लंघन पर की जाएगी कड़ी कार्रवाईः जिलाधिकारी

**संवाददाता**। मीरजापुर

**जिला** मजिस्ट्रेट /जिला निर्वाचन अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन 2021 के अंतर्गत नामांकन प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराने हेतु समस्त प्रत्याशियों से अपेक्षा की जाती है कि नामांकन पत्र दाखिल करने से पूर्व कोविड-19 के दृष्टिगत निम्न निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जाना आवश्यक है, नाम निर्देशन पत्रों को प्रत्याशी स्वयं या उसका प्रस्ताव प्रस्तुत कर सकता है। सदस्य जिला पंचायत हेतु नामांकन पत्र के साथ संलग्न होने वाले प्रारूप का विवरण नाम निर्देशन पत्र अनुलग्ने-1 प्रत्याशी द्वारा नामांकन पत्र के साथ उपलब्ध कराए जाने वाला शपथ पत्र जो नोटरी द्वारा सत्यापित हो। उन्होने कहा कि आरक्षित वर्ग के लिए प्रारूप-ब जाति प्रमाण पत्र के साथ नोटरी द्वारा सत्यापित जमानत धनराशि आरक्षित/ महिला वर्ग के लिए 2000 व आरक्षित वर्ग हेतु 4000 उम्मीदवार एवं प्रस्तावक द्वारा मतदाता सूची स्वप्रमाणित प्रति संलग्न की जाएगी। अदेय प्रमाण पत्र जिला पंचायत /क्षेत्र पंचायत / ग्राम पंचायत एवं अन्य प्रत्याशी द्वारा नामांकन दाखिल करते समय किसी प्रकार का जुलूस एवं भीड़ इकठठा नहीं करेगा, यदि किसी प्रत्याशी द्वारा आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किया जाता है तो उसके विरुद्ध आदर्श आचार संहिता में नहीं प्राविधानों के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी।

# ताजी सब्जी और फल खाएंः डा. कुंवर

## बच्चों और बुजुर्गों का करें देखभाल

**संवाददाता**। सोनभद्र

**बदलते** मौसम और वायरस कोविड-19 के बढ़ते संक्रमण के बीच हम सभी को अपने खानपान का विशेष ध्यान देना है। खास तौर पर ताजी सब्जी और ताजे फल ही खाने हैं। इससे हमारे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत रहेगी उक्त जानकारी देते हुये जनपद के जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ राम कुंवर ने बताया कि जनपद में कोविड-19 का टीकाकरण तेजी से चल रहा है। बुजुर्गों व बच्चों की सुरक्षा के प्रति हम सभी को बेहद सजग रहना है।

कोरोना संक्रमण की रफ्तार बढ़ रही है। इसमें लापरवाही घातक हो सकती है। ऐसे में सभी घर से बाहर निकलते समय मुंह और नाक को अच्छी तरह से ढककर निकले दो गज की दूरी बनाए रखने के साथ ही साबुन से हाथ धोते रहें। जिससे संक्रमण की जद मे आने से बचा जा सके। उन्होंने बताया कि बीते वर्ष रोग प्रतिरोधक क्षमता को सहीं रखकर हम सभी ने कोरोना को मात दिया था इसलिए खाने में हरी सब्जी या फल दूध अंडा तथा वेजिटेबल सूप जैसी चीजों का सेवन करते रहें। जिससे इम्युनिटी बरकरार रहे। बच्चों में बैक्टीरिया से फैलने वाली बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण अवश्य कराएं। वैक्सीनेशन से मौसम जनित बीमारियों से भी बचा जा सकता हैं।

### मजबूत रखें प्रतिरोधक क्षमता

आयुर्वेद के चिकित्सक डॉक्टर अरुण चौबे ने कहा कि लोग खानपान में पौष्टिक व सात्विक आहार लें और नियमित योग करें। इससे रोग प्रतिरोधक क्षमता बेहतर रहती है साथ ही बीमार होने की आशंका कम हो जाती है। प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए काढ़ा पी सकते हैं। इसके अलावा आयुर्वेद के अन्य उपायों को भी डॉक्टर की सलाह से अपना सकते हैं। दूध में हल्दी डालकर इस्तेमाल करना फायदेमंद होता है।

प्रतिदिन योग ध्यान व व्यायाम को जीवनशैली का हिस्सा बनाएं। खराब जीवनशैली के कारण मधुमेह व ब्लड प्रेशर जैसी बीमारियां होने लगती है। इसलिए प्रतिदिन लगभग एक घंटा योग ध्यान व्यायाम व पैदल चलना जरूरी है। इससे जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों से बचा जा सकता है यदि यह बीमारियां हैं तो उन्हें नियंत्रित रखा जा सकता है मधुमेह व ब्लड प्रेशर के मरीजों के लिए कोरोना संक्रमण ज्यादा खतरनाक है। इसलिए खुद को स्वस्थ रखना बहुत जरूरी है।

### भीड़ से बनाएं दूरी

बच्चों को भीड़ भाड़ वाले इलाकों से दूर रखने की जरूरत है जिससे वह लोगों के संपर्क में न आने पाए। बच्चों को इस महामारी के दौरान घर पर ही रखने की कोशिश करें। बच्चे किसी वस्तु या सतह को छूते हैं तो उनके हाथों को साबुन से अच्छी तरह से धोने की सलाह दें। कोरोना संक्रमण अभी टला नहीं है ऐसे में सभी को सावधानी और सतर्कता बरतने की आवश्यकता है।

### मास्क हर हाल में लगाएं

मास्क पहनने से कोरोना से तो बचाव होगा ही टीबी सहित कई बीमारियों से भी बचा जा सकता है। प्रदूषण से बचाव में भी मास्क सक्षम है। इसलिए प्रदूषण के कारण फेफड़ों की बीमारियों से भी बचाव होगा। लोगों को मास्क को अपने जीवन का हिस्सा बना लेना चाहिए। देश में अभी चुनावी रैलियां बहुत हो रही है इनमें लोगों की भारी भीड़ देखी जा रही है। इस भीड़ में हजारों ऐसे लोग होते हैं जो मास्क नहीं पहने होते हैं। इस वजह से कोरोना का संक्रमण तेजी से फैला है।

यदि लोग सहयोग नहीं करेंगे और अपनी जिम्मेदारी नहीं समझेंगे तो संक्रमण की इस लहर को थामना यदि असंभव नहीं तो बहुत कठिन तो हो ही जाएगा।

## कलश रखने के साथ शुरू हुई मां दुर्गा की आराधना

बीजपुर (**सोनभद्र**)। स्थानीय थानाक्षेत्रान्तर्गत स्थित विभिन्न ग्राम सभाओं में चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिन मंगलवार को समूचे नवरात्रि भर ब्रत धारण करने वाले ब्रतधारी पुरुष महिला एवं बच्चे वैश्विक महामारी कोविड-19 के कारण अपने अपने घरों में ही कलश रखकर मां दुर्गा की आराधना शुरू कर दिए हैं। कोविड-19 के चलते इस वर्ष नवरात्र के प्रथम दिन विगत वर्षों की तुलना में विभिन्न ग्राम सभाओं में स्थित दुर्गा मंदिरों के साथ साथ अन्य मंदिरों में भी दर्शनार्थियों की संख्या कम देखने को मिल रही थी।

अधिकांश ब्रतधारियों द्वारा घरों में ही नवरात्र के प्रथम दिन शैलपुत्री देवी माँ की आराधना विधि विधान से की गई। ग्रामीण क्षेत्रों में श्रद्धालुओं द्वारा अपने अपने घरों में जवारी भी रखी गई। रात्रि के समय जवारी रखे गए घर के आसपास के लोग वहाँ एकत्र होकर मां दुर्गा की आराधना चैता गीत गाकर करते हैं।

# कोविड कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल सेन्टर पर दर्ज कराएं शिकायतः डीएम

**संवाददाता**। सोनभद्र

**जनपद** में कोरोना संक्रमण के मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी होने पर जिला प्रशासन स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य संबंधित विभागीय अधिकारियों के द्वारा जिलाधिकारी अभिषेक सिंह के निर्देश पर सभी प्रकार की आवश्यक गतिविधियों जैसे सैम्पलिंग टेस्टिंग कॉन्ट्रेक्ट ट्रैसिंग सेनटाइजेशन कन्टेंटमेंट जोन निर्माण सोशल डिस्टेंसिंग मॉस्क लगाये जाने के अनुपालन में कार्यवाही अधिक संवेदनशीलता दक्षता कुशलता से सुनिश्चित की जा रही है ताकि जनपदवासियों को कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाया से जा सके। इसी क्रम में जनपद में कोविड-19 के बढ़ते संक्रमण को दृष्टिगत रखते हुये होम आइसोलेशन विंग लगातार सक्रिय है।

जिसमें पर्याप्त चिकित्सक व स्टॉफ नर्स फार्मसिस्ट के द्वारा होम आईसोलेशन के मरीजों की मानिटरिंग नियमित रूप से दिन में दो बार उनके स्वास्थ्य के सम्बन्ध में फीडबैक ली जाती है। इसी के साथ साथ होम आइसोलेशन विंग के द्वारा वेक्सीनेशन होम क्वारंटीन सेनेटाइजेशन व अन्य सम्बंधित हेल्प लाइन कॉल का निस्तारण भी किया जा रहा है। इसी प्रकार जनपद में कोविड-19 के बढ़ते संक्रमण को देखते हुये पर्याप्त चिकित्सक व फार्मासिस्ट की आरआरटीम के द्वारा कोविड धनात्मक मरीजों के घर भ्रमण कर उपचार से सम्बन्धित परामर्श दिया जाता है और दवाईयों का वितरण किया जा रहा है और होम आइसोलेशन विंग के द्वारा उनकी निरन्तर रूप से फीडबैक ली जाती है।

### एनसीएल में शुरू हुआ कोविड वैक्सीन उत्सव



**सोनभद्र**। भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड में केन्द्र सरकार के आहवान पर मुख्यालय में एक वृहद् कोविड वैक्सीन उत्सव का शुभारम्भ किया गया। यह अभियान 15 अप्रैल तक चलेगा। कोविड के खिलाफ कंपनी के प्रयासों को तेजी देते हुए एवं टीकाकरण हेतु अन्य को प्रेरित करने के आलोक में सीएमडी एनसीएल प्रभात कुमार सिन्हा एवं एनसीएल की प्रथम महिला संगीता सिन्हा ने पहली वैक्सीन लगवाकर इस वृहद टीकाकरण अभियान की शुरुआत की। इस अवसर पर एनसीएल सीएमडी प्रभात कुमार सिन्हा ने सभी एनसीएल कर्मियों एवं लोंगों से पात्रता के अनुसार टीका लगवाने का आग्रह किया।

# बेल्हा में रात्रि 9 बजे से प्रातः 6 बजे तक रहेगा नाइट कर्फ्यूः डीएम

● फुटकर दुकानों को प्रातः 7 बजे से सायं 7 बजे तक संचालित किया जाए ●बिना मास्क लगाये प्रवेश प्रतिबन्धित ●प्रत्येक व्यक्ति सार्वजनिक स्थल पर एक दूसरे से सामाजिक दूरी बनाये रखें: जिला मजिस्ट्रेट

**प्रतापगढ़।** जिला मजिस्ट्रेट डा. नितिन बंसल ने कोविड-19 संक्रमण के बढ़ने के दृष्टिगत विभिन्न आदेश पारित किये है। अग्रिम आदेशों तक रात्रि 9 बजे से प्रात: 6 बजे तक नाइट कर्फ्यू रहेगा जिसमें व्यक्तियों का आवागमन पूर्णतया प्रतिबन्धित होगा। केवल आवश्यक सेवाओं एवं वस्तुओं (फल, सब्जी, दूध, एलपीजी, डीजल, पेट्रोल एवं दवा) की आपूर्ति एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों व त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन कार्य में लगे कार्मिक पर नाइट कर्फ्यू का प्रतिबन्ध नही रहेगा। स्थानीय मण्डी में अलग-अलग दुकानों को अलग-अलग समय पर खोला जाये तथा फुटकर दुकानों को प्रात: 7 बजे से सायं 7 बजे तक संचालित किया जाये। सभी प्रमुख मंडियों में प्रात: 4 बजे से प्रात: 8 बजे के बीच में ट्रकों की आवाजाही निर्बाध रूप से करायी जाये। रात्रिकालीन के सरकारी/ अर्द्ध सरकारी कार्मिक एवं निजी क्षेत्र के कार्मिक को छूट रहेगी। नाइट कर्फ्यू के दौरान रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन एयर पोर्ट पर आने जाने वाले व्यक्ति अपना टिकट दिखाकर आ-जा सकेगें एवं हर प्रकार की माल वाहक गाड़ियों के आने-जाने पर कोई प्रतिबन्ध नही होगा। किसी भी सार्वजनिक स्थल पर बिना अनुमति के पॉच व पॉच से अधिक व्यक्ति एक साथ एकत्र नही होगें और न ही कोई एकत्र करायेगा। कोई भी व्यक्ति बिना अनुमति के किसी प्रकार का जुलूस नही निकालेगा, न ही चक्का जाम करेगा और न ही किसी को ऐसा करने हेतु दुष्प्रेरित करेगा। 60 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्ति, सह-रूग्णता (एक से अधिक बीमारियों से ग्रसित), गर्भवती स्त्रियॉ और 10 वर्ष की आयु से नीचे के बच्चे सिवाय ऐसी परिस्थितियों के जिनमें स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं हेतु बाहर निकलना जरूरी हो, घरों के अन्दर ही रहेगें। सरकारी/निजी चिकित्सालयों, कार्यालयों, न्यायालयों, मंदिर, मस्जिद एवं चर्च आदि में बिना मास्क लगाये प्रवेश प्रतिबन्धित रहेगा। प्रत्येक व्यक्ति सार्वजनिक स्थल पर एक दूसरे से सामाजिक दूरी (06 फिट से अधिक की दूरी) बनाये रखेगा। सार्वजनिक स्थल पर थूकना जुर्माने के साथ दण्डनीय होगा। कोविड-19 के दृष्टिगत कोई भी व्यक्ति बिना मास्क के अपने घर से बाहर नही निकलेगा।

समस्त एसडीएम ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर तथा नगरीय क्षेत्रों में प्रत्येक वार्ड पर एक-एक नोडल अधिकारी/ कर्मी की तैनाती करायें जो ग्राम निगरानी समिति के माध्यम से यह सुनिश्चित करेगें कि बाहर से आने वाले लोग अपनी-अपनी जांच करवाये तथा जांच का परिणाम आने तक अपने घर में ही रहेगें। कन्टेक्ट ट्रेसिंग को तीव्र गति से किया जाये तथा जो भी व्यक्ति पाजिटिव आये उनके समस्त कान्टेक्ट (औसतन 25-30) 48 घंटे के अन्दर चिन्हित करते हुये उनकी जांच करायी जाये। सभी सरकारी एवं निजी कार्यालयों में कोविड हेल्प डेस्क स्थापित किया जाये। पब्लिक एड्रेस सिस्टम को पुन: क्रियाशील करते हुये लोगों को कोविड संक्रमण से बचने के लिये सावधानी का संदेश निरन्तर दिया जाये। भीड़-भाड़ न होने दी जाये और इस हेतु पुलिस द्वारा आवश्यक कदम उठाये जाये। कोई बंदी जेल से बाहर जाये तो कारागार प्रशासन यह सुनिश्चित करें कि सोशल डिस्टेसिंग के नियमों का अनुपालन हो तथा जब बंदी वापस आये तो उसकी कोविड जांच करायी जाये।

डीएम ने कन्टेनमेन्ट जोन के बाहर समस्त सामाजिक, शैक्षिक, खेल, मनोरंजन, सांस्कृतिक आदि कार्यक्रमों में लोगों के इकट्ठा होने के व्यवस्था के सम्बन्ध में आदेशित किया है कि किसी भी बन्द हॉल, कमरे की निर्धारित क्षमता का 50 प्रतिशत, किन्तु एक समय में अधिकतम 50 व्यक्तियों तक ही फेस मास्क की अनिवार्यता रहने एवं थर्मल स्कैनिक, सेनेटाइजर व हैण्डवाश की उपलब्धता की अनिवार्यता तथा खुले स्थान/मैदान पर ऐसे स्थानों के क्षेत्रफल की 50 प्रतिशत से कम क्षमता तक, किन्तु एक समय में अधिकतम 100 व्यक्तियों तक ही फेस मास्क, सोशल डिस्टेसिंग, थर्मल स्कैनिंग व सैनेटाइजर एवं हैण्डवाश की उपलब्धता की अनिवार्यता के साथ हो। कक्षा 1 से 12 तक के विद्यालय 30 अप्रैल तक बन्द रहेगें। आनलाइन के माध्यम से कक्षायें संचालित की जायेगी। बोर्ड परीक्षाओं/प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु छात्रों, परीक्षार्थियों, शिक्षकों एवं विद्यालय कर्मियों का विद्यालय में आने की अनुमति होगी प्रत्येक छात्र, शिक्षक एवं कर्मी द्वारा मास्क का प्रयोग एवं कोविड-19 के प्रोटोकाल का पूर्णतया पालन कराते हुये विद्यालय द्वारा परीक्षा संचालित की जायेगी।

## बैंक में सहायक शाखा प्रबंधक से मारपीट, अफा-तफरी

**लालगंज,प्रतापगढ़।** कोतवाली के भटनी बाजार स्थिति बीओबी बैंक में मंगलवार को डीडी बनवाने गये दो युवकों से सहायक प्रबंधक से कहा सुनी हो गयी। कहा सुनी ने मारपीट का भी रूप ले लिया। इस पर नाराज बैंक कर्मियों ने दोनो आरोपियों को एक कमरें में बंद कर पुलिस को सूचना दिया। इधर बैंक में मारपीट से अफरा-तफरी मच गयी। अलीपुर गांव के सुनील कुमार सरोज तथा रंजीत सरोज बैंक में डीडी बनवाने गये थे। किसी बात को लेकर शाखा के सहायक प्रबंधक वैभव शुक्ला से इनकी कहा सुनी होने लगी। आरोप है कि युवको ने सहायक प्रबंधक की पिटाई कर दी। चौकी इंचार्ज राजेश शुक्ला फोर्स के साथ बैंक पहुंचे। पुलिस आरोपियों को हिरासत में लेकर कोतवाली ले आई है। चौकी इंचार्ज का कहना है कि शाखा प्रबंधक की तहरीर मिलने पर केस दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाई की जायेगी।

## क्विक न्यूज

### डीएम ने पांच गुण्डों को 6 माह के लिए किया जिला बदर

**देवरिया ।** जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय द्वारा 12 अप्रैल को भिन्न.भिन्न थाना के 5 गुण्डों को 6 माह के लिये जिला बदर करने का आदेश पारित किया गया। चन्द्रपाल पुत्र जमुना निवासी पिपरा भानमति थाना सलेमपुर को सन्तकबीर नगर, झामलाल उर्फ अब्दुल कयूम पुत्र अयूब अहमद निवासी मेहरौना थाना लार को सिद्धार्थनगर, प्रद्युम्न चौहान पुत्र रामप्रताप चौहानए निवासी करायल उपाध्याय थाना बरहज को सिद्धार्थनगरए छोटू हरिजन पुत्र पूर्णवासी निवासी करायल उपाध्याय थाना बरहज को महराजगंज तथा विशाल कुमार सिंह पुत्र मुन्ना सिंह उर्फ हरिश्चन्द्र सिंह निवासी ग्राम किला चौराहा, शंकर नगर मझौलीराज थाना सलेमपुर को सिद्धार्थनगर जनपद जिला बदर किया गया है। उपरोक्त पांचो गुण्डों के संबंध में संबंधित थानाध्यक्ष द्वारा 3/4 गुंडा अधिनियम के अन्तर्गत आख्या प्रस्तुत की गयी थी, जिस पर जिला मजिस्ट्रेट आशुतोष निरंजन द्वारा सुनवायी कर गुण.दोष पर आदेश पारित करते हुए पांचो अभियुक्तों को 6 माह के लिये जिला बदर करने का आदेश पारित किया गया।

### चंद्र प्रकाश ने पीसीएस में चयनित होकर जिले का बढ़ाया मान

**श्रावस्ती/जमुनही।** तहसील जमुनहा के ग्राम लखाही खास निवासी चंद्र प्रकाश तिवारी ने पीसीएस में चयनित होकर जनपद का मान बढ़ाया है चंद्र प्रकाश ने अपने अंतिम प्रयास में यह सफलता हासिल की है। वह कई वर्षो से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी लखनऊ में रहकर कर रहे थे। रविवार को घोषित यूपी पीसीएस की अंतिम रिजल्ट में उनका चयन सीडीपीओ के पद के लिए हुआ है, वह अपनी उपलब्धि का श्रेय अपने आदर्श चिकित्सक पिता डॉ घनश्याम तिवारीए अपनी माता व अपने गुरुजनों को दिया है।। उनके पीसीएस में चयनित होने पर स्थानीय लोग उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना कर रहे है।

### 925 ग्राम चरस के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** पंचायत चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने व अपराधों की रोकथाम हेतु पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य द्वारा दिये गए दिशा निर्देश दिए के क्रम मे थाना मल्हीपुर पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम द्वारा चेकिंगध्गश्त के दौरान पिलर संख्या 636 के निकट अभियुक्त राजेश यादव उर्फशर्मा पुत्र रामदयाल यादव निवासी टिटिहिरिया थाना सिरसिया श्रावस्ती के कब्जे से 0.925 ग्राम अवैध चरस बरामद कर गिरफ्तार किया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना सिरसिया पर मुअसं 80/2021 धारा 8/23 एनडीपीएस एक्ट में पंजीकृत कर जेल रवाना किया गया।

### अवशेष जलाने से लगी आग में दूसरे किसान की फसल नष्ट

**श्रावस्ती।** सिरसिया विकास खण्ड सिरसिया के ग्राम चिल्हरिया में मंगलवार को दोपहर गेहूं के खेत में आग लग गई जिसमें अर्जुन प्रसाद पुत्र राम मिलन की दो बीघे गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। ग्रामीणों ने किसी तरह से आग पर काबू पाया। बताया जा रहा है कि किसी ने अपने खेत में फसल का अवशेष जलाया था। जिसके कारण यह आग फैल गई और गेहूं की फसल को अपने आगोश में ले लिया। भड़की आग को देख आस पास खेतों में फसल काट रहे किसानो ने इकट्ठा होकर अरहर की झाड़ व लाठी डंडों से पिट कर आग बुझाने का प्रयास शुरू कियाए साथ ही खेत मे पहले से बंधे पम्पिंग सेट को चला कर और ट्रैक्टर से चारो ओर खेत की जुताई करते हुए आग पर काबू पाया।

### सीडीओ ने लिया नामांकन कार्यो का जायजा

**देवरिया।** मुख्य विकास अधिकारीध्उप जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत शिव शरणप्पा जीएन आज त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के नामांकन प्रक्रियाओं का जायजा लिया एवं आर ओ एआर ओ सहित खंड विकास अधिकारी आदि को नामांकन प्रक्रिया को आयोग के निर्देशानुसार पूरी तत्परता व सजगता से कराये जाने का निर्देश दिया। मुख्य विकास अधिकारी श्री जी एन विकास खंड भलुअनी में नामांकन कार्यो का जायजा लिया। इस दौरान उन्होने न्याय पंचायत वारध्एआरओवार बनाये गये नामांकन पटलो का एक.एक कर निरीक्षण किया तथा चल रही प्रक्रियाओं की जानकारी किए। उन्होने निर्देश दिया कि चेकलिस्ट अनुसार प्रपत्रों की चेकिंग अवश्य ही कर ली जाये। इस अवसर पर बीडीओ आलोक दत्त उपाध्याय, आर ओध्सेवायोजन अधिकारी वकील अहमद अंसारी एवं अन्य संबंधित एआरओगण, ब्लाक कर्मी आदि प्रमुख रुप से उपस्थित रहे।

### ट्रक-बाइक की टक्कर में मासूम समेत महिला की मौत

**प्रतापगढ़।** थाना बाघराय क्षेत्र के बिहार बाजार में मंगलवार सुबह ट्रक और बाइक के बीच टक्कर में एक महिला और उसके मासूम पोते की मौत हो गयी, जबकि उसका बेटा और बहू घायल हो गये हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार बाघराय निवासी फूलचन्द्र बाइक से अपनी माँ, पत्नी व बेटे के साथ प्रयागराज गया था और घर लौटते समय बिहार बाजार के पेट्रोल पम्प के सामने ट्रक और मोटरसायकिल के बीच टक्कर हो गई, टक्कर में जहां उमराइन देवी (70) और उसके पोते सृजन उर्फसचिन (आठ) की मौत हो गयी वहीं उमराइन देवी का बेटा फूलचन्द्र (35) और बहू ममता देवी (30) गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही करते हुए शवों को कब्जे में लेकर अन्त्य परीक्षण के लिए भेजा।

### सीओ की फटकार पर आरोपी पर एससी एक्ट का मुकदमा

**लालगंज,प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने सीओ की फटकार पर आरोपी के खिलाफछेड़छाड़ तथा धमकी व दलित उत्पीड़न का केस दर्ज किया है। कोतवाली के नया का पुरवा नारायणपुर निवासी सूरज सरोज ने दी गयी तहरीर में कहा है कि बीती ग्यारह अप्रैल को दिन में एक बजे आरोपी गांव के कुलदीप पटेल ने उसकी लड़की को मोबाइल पर अश्लील मैसेज भेजकर परेशान किया। आरोपी ने पीड़िता को कई दिनो से घर से आते जाते समय अश्लील हरकत से परेशान करता रहा। पीड़ित ने जब आरोपी से मिलकर उलाहना दिया तो कुलदीप ने उसका सर्ट फाड़ दिया। गाली देते हुए शिकायत करने पर जांनलेवा धमकी दी। सीओ से की। सीओ की फटकार पर कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी कुलदीप पटेल के खिलाफसोमवार की रात केस दर्ज किया।

### पांच नामजद तथा दो अज्ञात के खिलाफ बलवा का केस

**लालगंज,प्रतापगढ़।** पुलिस ने रंजिशन मारपीट में चार नामजद तथा दो अज्ञात आरोपियों के खिलाफबलवा मारपीट गाली गलौज व धमकी का केस दर्ज किया है। पूरेदीनाथ फकीरशाह का पुरवा निवासी धर्मवीर ने दी गयी तहरीर में कहा है कि बीती बारह अप्रैल को रात साढ़े ग्यारह बजे गांव के सुरेश, गोविंदा , दिनेश, कमला तथा दो अन्य अज्ञात लोगों पर एक राय होकर लाठी डंडे से लैस होकर मारपीट की बात कही है। आरोपियों ने पीड़ित को गाली देते हुए जानलेवा धमकी भी दी। पुलिस ने आरोपी सुरेश समेत सात के खिलाफकई गम्भीर धाराओं में केस दर्ज किया है।

### मंदबुद्धि के आठ वर्षीय बालक ने लगाई फांसी, मौत

**लालगंज,प्रतापगढ़।** मंदबुद्धि के मासूम बालक ने मंगलवार की सुबह घर की दूसरी मंजिल पर टीन सेड से दुपट्टा गले में लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक बालक का पिछले तीन चार महीने से मनोरोग का परिजन इलाज करा रहे थे। कोतवाली के वनकटिया निवासी रामदुलारे के पुत्र दिब्यांसु 08 ने घर की दूसरी मंजिल पर टीनसेड में दुपट्टा का फंदा लगाकर सुबह नौ बजे आत्महत्या कर ली। परिजन बालक की तलाश करने निकले तो उसका शव देख चीख पड़े। ग्रामीणों ने तथा परिजनों ने पुलिस को बताया कि बालक का मनोरोग का इलाज चल रहा था।

# मतदान के दौरान बाधा पहुंचाने वाले के विरुद्ध होगी कड़ी कार्यवाहीः जिला निर्वाचन अधिकारी



**श्रावस्ती।** आगामी 15 अप्रैल को जनपद में होने वाले पंचायत चुनाव को स्वतंत्रए निष्पक्षए एवं शांतिपूर्ण मतदान करायेंगे। जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट चुनाव के पूर्ण जिम्मेदार एवं महत्वपूर्ण कड़ी हैंए अपने.अपने क्षेत्रों में मतदान कार्य समय से लेकर मतदान समाप्त होने तक निरन्तर भ्रमणशील रहते हुए प्रत्येक गतिविधियों पर नजर रखेंगे तथा समय से सूचनाओं का आदान.प्रदान करेंगे। मतदान प्रक्रिया प्रारम्भ होने के के दौरान यदि कोई भी व्यक्ति या प्रत्याशी किसी भी मतदाता को अपने पक्ष में वोट करने के लिए डराने.धमकाने की शिकायत मिले तो तत्काल मतदाताओं को डराने धमकाने वाले व्यक्ति के विरूद्ध विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाय। इसके साथ ही मतदान प्रक्रिया में यदि कोई भी व्यक्ति बाधा उत्पन्न करने की कोशिश करता है तो उनके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाय। उक्त निर्देश पुलिस लाइन में जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेटों एवं पुलिस के अधिकारियों एवं पुलिस कर्मियों के साथ बैठक करने के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारीध्जिला मजिस्ट्रेट टी0के0 शिबु ने दिया है। उन्होंने कहा कि अपने क्षेत्र के सभी पीठासीन अधिकारियों के सम्पर्क में बने रहें और अपने क्षेत्र में बराबर भ्रमण कर प्रत्येक गतिविधियों पर नजर रखें। मतदान दिवस के दिन प्रात:काल ही अपने सभी पोलिंग पार्टियों को फोन द्वारा तैयार कर दें ताकि 7 बजे से मतदान प्रत्येक दशा में शुरू करा दिया जाए। पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य ने कहा कि यदि कोई आकस्मिकता आती है तो 112 नम्बर डायल करके सूचित करें तथा अपने उच्चाधिकारियों को भी अवगत करायेगें। मतदान के दिन मतदान केन्द्रों के निकट और आस.पास कोई भीड़ नही होने दिया जायेगाए तथा मतदान केन्द्र के निकट कोई झण्डाए प्रतीक अथवा प्रचार सामग्री प्रदर्शित नही की जायेगी और न ही कोई खाद्य पदार्थ दिये जायेगें।

## डीएम ने ड्यूटी से अनुपस्थित चल रहे तीन एआरओ का अप्रैल का रोका वेतन

**देवरिया।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव कार्य को सकुशल सम्पन्न कराये जाने में नियुक्त तीन एआरओ जो अपने कार्य स्थल से अनुपस्थित चल रहे है उनका वेतन माह अप्रैल को डीएम आशुतोष निरंजन ने अवरुद्ध करते हुए अनुपस्थितो से स्पष्टीकरण भी तलब किया है। विकास खंड सलेमपुर में तैनात एआरओ सुरेन्द्र सिंह, पर्यवेक्षक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भलुअनीए विनोद कुमार यादव सहायक विकास अधिकारी कृषि जिनकी ड्यूटी विकास खंड पथरदेवा में एआरओ पर लगायी गयी थी तथा रविन्द्र मिश्रा अवर अभियंता मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य को अपने तैनाती स्थल विकास खंड बनकटा में अनुस्थित रहने पर जिलाधिकारी ने अत्यन्त गंभीरता से लेते हुए यह कार्यवाही की है तथा तीन दिन के अन्दर अपनी स्थिति स्पष्ट किये जाने के निर्देश में कहा है कि क्यो न आप सभी की चुनाव कार्य में लापरवाही मानते हुए कार्यवाही हेतु चुनाव आयोग को प्रेषित कर दिया जाये।

## गर्मी के मौसम में पेयजल की समस्याओं के समाधान के लिये स्थापित किया कंट्रोल रुम

● पेयजल की समस्याओं के समाधान के लिये इन नम्बरो का कर सकते है प्रयोग

**देवरिया।** जिला विकास अधिकारी श्रवण कुमार राय ने बताया है कि गर्मी के इस मौसम में पेयजल की समस्या के त्वरित निस्तारण हेतु जनपद में कन्ट्रोल रुम स्थापित किया गया हैए जो 24 घंटे कार्य करेगीए जिसमें तीन पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी गयी हैए जिन्हे अपने दायित्वों का निर्वहन निष्ठापूर्वक किये जाने एवं आने वाले समस्याओं का त्वरित समाधान कराये जाने का निर्देश दिया गया है।

इस कन्ट्रोल रुम का नम्बर 05568.229600 है तथा लगाये गये कर्मियों के विवरण में प्रत्येक पाली में दो.दो कर्मी लगाये गये है। प्रथम पाली प्रात: 6 बजे से अपरान्ह 2 बजे तक जिसमें अविनाश आर्य कनिष्ठ सहायक ग्राम विकास विभाग मोबाइल नम्बर 9125937432ए बहादुर प्रसाद कार्यालय डीपीआरओ मोबाइल नम्बर 9984893841 की ड्यूटी लगायी गयी है। दूसरी पाली दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक जिसमें भाष्कर मिश्रा जल निगमए मोबाइल नम्बर 9140283036 एवं राजकुमार खरवार कार्यालय डीपीआरओ मोबाइल नम्बर 7906913833 तैनात किये गये है। तृतीय पाली रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक संचालित होगीए जिसमें नवनीत मिश्रा कार्यालय डीपीआरओ मोबाइल नम्बर 8960519064 एवं विजय कुमार कार्यालय डीपीआरओ मोबाइल नम्बर 7007918999 है। उन्होने कन्ट्रोल रुम के नम्बर को प्रचलित करते हुए ग्रामीण क्षेत्रो में पेंजल से जुडी समस्याओं के समाधान के लिये इन नम्बरो पर सम्पर्क किये जाने की अपेक्षा सभी से की है।

# प्रत्याशियों की हर गतिविधियों पर रखी जायेगी पैनी नजरः एडीएम

**जौनपुर।** एडीएम वित्त एवं राजस्व राम प्रकाश ने बताया कि त्रिस्तरीय सामान्य पंचायत निर्वाचन 2021 के सकुशल संपादन हेतु संवेदनशील/ अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों को चिन्हित किया गया हैए जिस पर जिला प्रशासन की विशेष नजर रहेगी। जनपद के 1746 ग्राम पंचायतों को 214 सेक्टर एवं 37 जोन तथा 6 सुपर जोन में विकसित किया गया है। सभी सेक्टर/जोनल एवं सुपर जोनल मजिस्ट्रेट लगातार भ्रमणशील रहकर मतदान की कार्यवाही पर कड़ी निगाह रखेंगे। पुलिस अधिकारियों की भी तैनाती की गई है। पुलिस प्रशासन का रेस्पांस टाइम 05 मिनट रहेगा। 230 अतिसंवेदनशील बूथों एवं अन्य संवेदनशील बूथों को वीडियोग्राफी के माध्यम से कवर किया जायेगा। प्रत्याशियों की हर गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जायेगी। मतदान के सकुशल संपादन में शांति एवं कानून व्यवस्था प्रभावित करने वाले तत्वों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जायेगी। पंचायत निर्वाचन.2021 में मतदान 15 अप्रैल 2021 की दृष्टिगत मतदान के 48 घंटे पूर्व 13 अप्रैल की सायंकाल 6 बजे से चुनाव प्रचार.प्रसार बंद हो गया। सभी प्रत्याशी चुनाव आदर्श आचार संहिता का पालन करेंगे तथा मतदान केंद्र से 200 मीटर के अंदर कोई भी व्यक्ति टेंट आदि नहीं लगायेंगे और न ही विचार करेंगे तथा कोविड.19 की गाइडलाइंस का पालन सुनिश्चित करते हुए मतदान की कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी।

### 37 हुए जिला बदर तो 75 को चुनाव के दिन थानों देनी होगी हाजिरी

**जौनपुर।** जनपद में पंचायत चुनाव की प्रक्रिया को शान्ति पूर्वक संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने आज पंचायत चुनाव में अशान्ति पैदा करने की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों के चिन्हित 37 लोगों को 15 दिवस के लिये जिला बदर किया गया है। तो 75 लोगों को चुनाव के दिन थानों पर हाजिरी लगाने का हुक्म दिया है।

## अज्ञात कारणों से लगी आगए 50 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख

**संवाददाता।** सुइथाकला, जौनपुर

**सरपतहां** थाना क्षेत्र के रुधौली गांव में मंगलवार को दोपहर अज्ञात कारणों से गांव निवासी सुदामा कांत तिवारी की गेहूं के खेत में आग लग गयी। आग इतनी भयावह थी कि देखते ही देखते गंगादीन तिवारी, राजबली तिवारी, गनेश तिवारी, पलकधारी, तिलकधारी, सूबेदार, रामनाथ तिवारी, भूपेन्द्र यादव, अंगद यादव, भोला यादव, पप्पू यादव, मगरु यादव समेत दर्जनों किसानों की तैयार गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। स्थानीय लोगों द्वारा आग बुझाने का काफी प्रयास किया गया लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका। मुख्यालय से अग्नि शमन दल के आने पर ही आग पर काबू पाया गया। अग्निकांड की सूचना पर राजस्व टीम मौके पर पहुंचकर आग से हुई क्षति का जायजा लिया।

# कोविड-19 के रोकथाम के लिए जिलाधिकारी ने सीएमओ को दिया निर्देश

●महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानो में कार्यरत 45 वर्ष से ऊपर के कर्मचारियों को प्राथमिकता से लगाए टीका ● साथ ही संदिग्धो के चिन्हाकन के लिये बनाये सैम्पलिंग की व्यवस्था

**संवाददाता।** देवरिया

**डीएम** आशुतोष निरंजन ने मुख्य चिकित्साधिकारी को जनपद में महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों/संस्थानो में संदिग्ध कोविड मरीजो का चिन्हाकन कराये जाने एवं कोविड.19 की रोकथाम में लगे राजकीय कर्मियों को संक्रमण से बचाने के लिये 45 वर्ष से ऊपर के कार्मिकों को कोविड का वैक्सीनेशन कराये जाने व नियमित रुप से छिडकाव एवं सैनिटाइजेशन की व्यवस्था कराये जाने का निर्देश दिया है।

डीएम ने कहा है कि जनपद में महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानो/संस्थानो यथा कलक्ट्रेट, सत्र न्यायालय एवं दीवानी न्यायालय परिसर, विकास भवन, तहसील, जिला कारागार, पुलिस लाईन, मण्डीए जिला अस्पताल पुरुष एवं महिलाए वृद्धाआश्रमए राजकीय बाल संरक्षण गृह, रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन इन सभी महत्वपूर्ण संस्थानो में नियमित रुप से संदिग्ध कोविड मरीजो के चिन्हांकन हेतु सैम्पलिंग की व्यवस्था की जाये।

जिलाधिकारी श्री निरंजन ने कहा है कि कोविड के प्रभाव के रोकथाम में अग्रणी भूमिका निभा रहे महत्वपूर्ण विभागो के कार्मिकों को इसके संक्रमण से बचाया जाना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। अत: जनपद के प्रत्येक तहसील, थानाए विकास खंड कार्यालय, नगर निकाय, कलक्ट्रेट, विकास भवन, पुलिस आफिस, पुलिस लाइन, जिला कारागार एवं स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न इकाईयों के सभी कार्मिकों की कोरोना जांच प्राथमिकता पर किया जाये तथा इन महत्वपूर्ण इकाईयों के 45 वर्ष से ऊपर के कार्मिकों का कोविड वैक्सीनेशन प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित कराया जाये। इन इकायों में नियमित रुप से छिडकाव एवं सैनिटाइजेशन की व्यवस्था कराये जाने का निर्देश उन्होने दिया है।

साथ ही उन्होने यह भी कहा है कि इसका समयबद्ध अनुपालन सुनिश्चित हो तथा संबंधित कार्यालयाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष से अपेक्षित सहयोग भी आवश्यकतानुसार प्राप्त किये जाये। जिलाधिकारी ने अनुपालन के साप्ताहिक आख्या कैम्प कार्यालय पर प्रत्येक सोमवार को सायं 7 बजे अनिवार्य रुप से उपलब्ध कराये जाने का निर्देश भी दिया है।

# पंचायत चुनावः प्रचार के दौरान पैसा मुर्गा शराब के साथ अब खूनी खेल हो गया है शुरू

**जौनपुर।** पंचायत चुनाव के दौरान ही गांव की सरकार बनने के पहले जनपद में खूनी खेल शुरू हो गया है। प्रत्याशीयो के उपर हमलों की खबर आने लगी है। जिला प्रशासन शान्ति और सौहार्द बनाये रखने के लिए पूरी कोशिश कर रहा है। उसके कोशिशों का असर चुनाव लड़ने वालों सहित समर्थकों के उपर नहीं है। चुनाव के लिये मतदान की तिथि जैसे जैसे करीब आ रही है रंजिश खूनी स्वरूप लेने लगी है। चुनावी रंजिश भी गम्भीर स्वरूप लेती नजर आ रही है। एक ही दिन में जिले के दो थाना क्षेत्र में प्रत्याशियों के उपर हमले की घटनाओं ने चुनावी रंजिस में खूनी खेल को बल प्रदान करते हुए पुष्टि करती है। विकास खण्ड बदलापुर के वार्ड संख्या 22 से जिला पंचायत सदस्य के चुनाव लड़ रहे संजय कुमार के उपर 12 अप्रैल की रात्रि लगभग 08 बजे के आसपास नकाबपोश बदमाशो द्वारा प्राण घातक हमला हुआ। थाना बदलापुर में मुकदमा दर्ज किया गया। साथ ही पहले सीएचसी बदलापुर पर उपचार कराने के बाद जिला अस्पताल भेजा गया है। घटना को लेकर इलाके में तनाव की स्थिति बनी हुई है। पुलिस घटना के बाद छान बीन करने के साथ ही कानून व्यवस्था बनाये रखने का दावा कर रही है। इसके अलावां थाना जफराबाद क्षेत्र स्थित शंकर गंज बाजार में 12 अप्रैल की रात्रि को लगभग 8.30 बजे प्रधान पद के लिये चुनाव लड़ रहे दिनेश चौहान नामक प्रत्याशी के उपर प्राण घातक हमला किया गया। बाइक सवार बदमाशो ने चाकू से प्रधान प्रत्याशी के उपर प्रहार किया बताया जा रहा है कि पीछे से कई बार चाकू घोंपने के बाद बदमाश भाग गये। थाना प्रभारी ने प्रत्याशी दिनेश चौहान को उपचार हेतु भेजने के बाद तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर छान बीन शुरू कर दिया है। इसके अलावां खबर है कि गांव पंचायत के इस चुनाव में कुछ गांव के प्रत्याशी गण अपने समर्थकों को शराब पिला कर अपने विपक्षी चुनाव लड़ने वालों को भद्दी भद्दी गलियों से नवाजने के साथ चुनाव में अशांति पैदा करने की भी पूरी कोशिश कर रहे है। ऐसी घटना विकास खण्ड धर्मापुर के ग्राम उत्तरगावां में प्रधान पद के लिये चुनाव लड़ रही अनीता पाल के पति सुशील पाल द्वारा अपने समर्थकों से कराया जा रहा है। यहां भी चुनावी रंजिश गम्भीर स्वरूप लेती नजर आ रही है। इस तरह ये घटनाएं संकेत दे रही है कि पंचायत के इस चुनाव में मतदान के दिन क्या हो सकता है। पुलिस विभाग की ओर से 107/16 की कार्यवाही करके पाबन्द करने का काम किया जा चुका है लेकिन प्रशासन की इस कार्यवाही का कोई भी असर चुनाव लड़ने वालों पर नहीं नजर आ रही है। जो भी हो गांव की सरकार पर कब्जा पाने के लिए अब शराब मीट मुर्गा एवं पैसा के जरिए वोटों की खरीद फरोख्त के साथ उपरोक्त घटनायें खूनी खेल का भी संकेत करने लगी है।

## डीएम व एसपी ने प्रत्याशियों एवं ग्रामीणों के साथ की बैठक

जौनपुर। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा एवं पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर ने इंग्लिश मीडियम प्राइमरी स्कूल बभनियाव मछलीशहर में प्रत्याशियों एवं ग्रामीणों के साथ बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि कोरोना का संक्रमण तेजी से फैल रहा है। कोविड.19 के नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि दूसरे प्रदेशों से आने वाले व्यक्तियों को 07 दिन क्वारेंटाइन में रखे। लोग खुद तो बचें और लोगों को भी संक्रमित होने से बचायें। उन्होंने कहा कि प्रत्याशी मतदाताओं को प्रलोभन न देंए विकास के मुद्दे पर चुनाव लड़ें। उन्होंने प्रत्याशियों को निर्देश दिया कि पोलिंग एजेंट साफसुथरी छवि के लोग ही बनाये जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्याशी अपने बूथों पर गड़बड़ी न होने दें। किसी भी प्रकार की समस्या हो तो कंट्रोल रूमए संबंधित उप जिलाधिकारी, सेक्टर मजिस्ट्रेट, जोनल मजिस्ट्रेट एवं अन्य अधिकारियों को सूचना दें। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि प्रत्याशी अपने प्रचार.प्रसार आचार संहिता के नियमों के अंतर्गत ही करें। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति के मत को प्रभावित करने वाले के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि मतदाता निर्भीक होकर मतदान करें। पुलिस अधीक्षक ने मतदाताओं से कहा कि वे मतदान करने के बाद अपने घर जाएं कही भीड़ न लगाएं। उन्होंने सभी को आश्वस्त किया कि ईमानदारी एवं निष्पक्षता से चुनाव सम्पन्न कराया जायेगा।

## चुनाव में कार्मिक कर्तव्य का ईमानदारी से करें निर्वहनः प्रेक्षक



**जौनपुर।** प्रेक्षक ओम प्रकाश आर्या एवं अतिरिक्त प्रेक्षक रमेश चन्द्र द्वारा सोमवार की देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव निर्वाचन प्रक्रिया निष्पक्षए पारदर्शी एवं सफलतापूर्वक संपन्न कराये जाने हेतु प्रशासन द्वारा की गई तैयारियों की समीक्षा बैठक की। अतिरिक्त प्रेक्षक द्वारा निर्देश दिया गया कि पोलिंग पार्टियां समय से अपने बूथ पर पहुंचे। उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि कोई भी मतदान कार्मिक किसी भी प्रत्याशी के घर न रुके, न ही कोई आवभगत कराएं। प्रेक्षक ने निर्देश दिया कि चुनाव निष्पक्षए पारदर्शी एवं सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिये गंभीरता पूर्वक सभी प्रकार की तैयारी पूर्ण कर ली जाए। चुनाव में लगे कार्मिक अपने कर्तव्य का ईमानदारी से निर्वहन करें। सभी प्रभारी अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक बूथ पर आवश्यक सामग्री समय से पहुंच जाएं। सेक्टर और जोनल मजिस्ट्रेट यह सुनिश्चित करें कि चुनाव के दिन मतदाता सूची को लेकर कोई विवाद उत्पन्न न हो। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डाण् राकेश कुमार को निर्देशित किया कि सभी बूथों पर कोविड.19 के प्रोटोकॉल का पालन कराया जाए। उन्होंने कहा कि बूथ पर पीठासीन अधिकारी को किसी भी प्रकार की समस्या होती है तो उसकी सूचना सेक्टर मजिस्ट्रेट को तुरंत दें। चुनाव में लगे सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के बीच संवाद होता रहे। निर्वाचन तिथि की शाम तक सभी प्रकार की तैयारियां पूर्ण कर ली जाए। सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं जोनल मजिस्ट्रेट समय से पहले अपने बूथों पर पहुंचकर स्थिति की जानकारी लें। प्रेक्षक द्वारा निर्देश दिया गया कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी टीम वर्क में कार्य करें। चुनाव प्रक्रिया में लगाये जा रहे कैमरों की स्टोरेज क्षमता अधिक रहे। उन्होंने जिला निर्वाचन अधिकारी को निर्देश दिया कि वीडियोग्राफरो का भी प्रशिक्षण कराया जाए। जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने बताया है कि चुनाव संबंधी सभी प्रकार की तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। कार्मिकों को प्रशिक्षण दे दिया गया हैए सेक्टरए जोनल मजिस्ट्रेट तैनात कर दिए गए हैं। कार्मिकों को बूथ तक ले जाने के लिए बसों की व्यवस्था की जा रही है। सकुशल चुनाव सम्पन्न कराने के लिए कंट्रोल रूम स्थापित कर दिया गया है। स्ट्रांग रूम में सीसीटीवी की पर्याप्त व्यवस्था कर ली गई है। संवेदनशील अतिसंवेदनशील, अतिसंवेदनशील प्लस बूथों पर कैमरे लगाए जा चुके हैं। पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर ने बताया कि सकुशल चुनाव सम्पन्न कराने के लिये पुलिस के द्वारा सभी प्रकार की तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। दो सीआरपीएफए चार पीएससी की कंपनियां लगाई गई हैं।

## सिद्धार्थ बनेंगे नाडा के महानिदेशक

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी सिद्धार्थ सिंह लोंगजाम राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के अगले महानिदेशक होंगे। वह नवीन अग्रवाल की जगह लेंगे। लोंगजाम अभी खेल मंत्रालय में संयुक्त सचिव हैं और अभी निलंबित चल रही राष्ट्रीय डोप परीक्षण प्रयोगशाला (एनडीटीएल) के सीईओ की भूमिका भी निभा रहे हैं। भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी अग्रवाल ने 2016 में नाडा का प्रभार संभाला था और वह अब जम्मू एवं कश्मीर पुलिस में वापस जाएंगे। अग्रवाल ने अपने कार्यकाल का आकर्षण देश के लगभग 60 एलीट खिलाड़ियों के खिलाड़ी जैविक पासपोर्ट (एबीपी) को तैयार करने को बताया। उन्होंने कहा कि यह डोपिंग के दंश को रोकने के लिए बड़ा कदम होगा।

## हाकी: बलबीर सिंह जूनियर का निधन

**चंडीगढ़।** एशियाई खेल 1958 रजत पदक विजेता भारतीय हॉकी टीम के सदस्य बलबीर सिंह जूनियर का यहां 88 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। दो जून 1932 को जालंधर के संसारपुर में जन्मे बलबीर सिंह जूनियर छह वर्ष की उम्र से हॉकी खेलना सीखे। उनका 1951 में पहली बार भारतीय टीम में चयन हुआ। वह 1962 में भारतीय सेना से जुड़े और सेना की टीम के लिए खेलते रहे। वह 1984 में मेजर के पद से रिटायर होने के बाद चंडीगढ़ में बस गए थे। उनकी बेटी मनदीप सामरा ने कहा कि मेरे पिता ने रविवार को तड़के दिल का दौरा पड़ने से दम तोड़ा। उनका बेटा कनाडा में है और कोरोना महामारी के कारण पिता के अंतिम संस्कार में भाग नहीं ले सका।

## खाली पार्क से गुजरी ओलंपिक टॉर्च

**टोक्यो।** कोरोना संक्रमण के मामले बढने के कारण टोक्यो ओलंपिक की टॉर्च रिले यहां मंगलवार को लगभग खाली पड़े पार्क से गुजरी। सरकार ने बताया कि ओसाका में कोरोना संक्रमण के 1099 नए मामले आए हैं जो जापान के दूसरे सबसे बड़े शहर में एक दिन में सर्वाधिक मामलों का रिकॉर्ड है। टॉर्च रिले तीन सप्ताह पहले शुरू हुई थी और 23 जुलाई को ओलंपिक उद्घाटन समारोह तक इसे टोक्यो पहुंचना है। ओसाका ने पिछले सप्ताह ही टॉर्च रिले सड़क पर नहीं कराने और लोगों के प्रवेश पर रोक लगाने का फैसला किया था। अधिकांश धावक बस से पार्क में पहुंचे और छोटी दूरी तय की। उनके साथ सुरक्षा अधिकारी भी थे और पीछे एस्कॉर्ट वाहन चल रहा था।

## मेदवेदेव मोंटे कार्लो मास्टर्स से बाहर

**मोनाको।** दूसरी रैंकिंग वाले दानिल मेदवेदेव ने कोरोना वायरस जांच में पॉजिटिव पाए जाने के बाद मोंटे कार्लो मास्टर्स टेनिस से नाम वापिस ले लिया। एटीपी ने कहा कि मेदवेदेव को पृथकवास में रखा गया है। टूर्नामेंट निदेशक और एटीपी मेडिकल टीम उनकी हालत पर नजर रखे हुए है। मेदवेदेव ने कहा कि मोंटे कार्लो में नहीं खेल पाना निराशाजनक है। मेरा फोकस अब रिकवरी पर है और मैं जल्दी से टूर पर लौटना चाहता हूं।

## सैमसन को वाइड यॉर्कर डालने की रणनीति थी

**मुंबई।** राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ पंजाब किंग्स को आईपीएल में चार रन से रोमांचक जीत दिलाने वाले तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने कहा कि उनकी रणनीति शानदार फॉर्म में चल रहे संजू सैमसन को वाइड यॉर्कर डालने की थी। सैमसन 63 गेंद में 119 रन बनाकर रॉयल्स को जीत के करीब ले ही गए थे लेकिन आखिरी गेंद पर कैच दे बैठे। तेज गेंदबाज अर्शदीप ने आखिरी ओवर में रॉयल्स को 13 रन नहीं बनाने दिए। अर्शदीप ने कहा कि मैंने खुद पर भरोसा रखा। सहयोगी स्टाफ तथा गेंदबाजी कोच ने भी मुझसे यही कहा कि रणनीति पर टिके रहो और अगर चकमा देना है तो बल्लेबाज को दो, कप्तान को नहीं। अर्शदीप ने 35 रन देकर तीन विकेट लिए। उन्होंने आखिरी गेंद पर सैमसन को आउट करके टीम को जीत दिलाई।

## सर्जरी के बाद आर्चर ट्रेनिंग की तैयारी में

**लंदन।** स्टार तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर को इस हफ्ते ट्रेनिंग शुरू करने के लिए हरी झंडी मिल गई है लेकिन इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में उनकी वापसी को लेकर कोई तारीख तय नहीं की है। आर्चर का ट्रेनिंग शुरू करना इंडियन प्रीमियर लीग टीम राजस्थान रॉयल्स के लिए अच्छी खबर है जिसे इस तेज गेंदबाज के टूर्नामेंट के दूसरे हाफ में खेलने की उम्मीद है। ईसीबी बोर्ड ने मंगलवार को कहा कि 29 मार्च को दाएं हाथ के आपरेशन के बाद यह तेज गेंदबाज अच्छी तरह से उबर रहा है। ईसीबी ने विज्ञप्ति में कहा कि इंग्लैंड और ससेक्स के गेंदबाज जोफ्रा आर्चर को उनके हाथ का उपचार कर रहे विशेषज्ञ ने ट्रेनिंग शुरू करने की स्वीकृति दे दी है क्योंकि 29 मार्च को आपरेशन के बाद वह अच्छी तरह उबर रहे हैं। विज्ञप्ति के अनुसार कि अभी हालांकि कोई फैसला नहीं किया गया है कि आर्चर प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में कब वापसी करेंगे।

## बेंगलुरू का त्रिभुवन आर्मी से मुकाबला

**बम्बोलिम।** बेंगलुरू एफसी की टीम एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) के प्रारंभिक चरण दो में नेपाल की टीम त्रिभुवन आर्मी एफसी के खिलाफ मुकाबले के लिए बुधवार को यहां मैदान में उतरकर एक नए युग की शुरूआत करेगी। फरवरी में नए कोच नियुक्त हुए मार्को पेज्जाओली की देखरेख में यह टीम का पहला प्रतिस्पर्धी मुकाबला होगा। कोच ने कहा कि मैं अपने पहले मुकाबले के लिए बहुत उत्सुक हूं। खिलाड़ी लय में हैं और हमारी तैयारी अच्छी है। गोवा के खिलाफ मैत्री मैच में उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया। वे टीम में अच्छे प्रदर्शन के लिए, एक दूसरे पर दबाव डाल रहे हैं और यह देखना अच्छा है। उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए महत्वपूर्ण मैच है क्योंकि पिछले साल हम सत्र की शुरूआत में प्रतियोगिता से बाहर हो गए थे। इस बार हम ग्रुप चरण तक पहुंचना चाहते हैं। उसी दिशा में पहला कदम नेपाल की टीम को हराना है और मेरा मानना है कि हमारे पास ऐसा करने के लिए पर्याप्त क्षमता है।

## टीमों की अनदेखी से दुखी था: हर्षल

**चेन्नई।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के तेज गेंदबाज हर्षल पटेल ने मंगलवार को खुलासा किया कि 2018 की आईपीएल नीलामी में टीमों द्वारा अनदेखी से वह अपमानित महसूस कर रहे थे जिसने उन्हें अपनी बल्लेबाजी पर काम करने के लिए प्रेरित किया जिससे कि वह प्रभावी आलराउंडर बन सकें। 30 साल के इस क्रिकेटर को 2018 में दिल्ली कैपिटल्स ने 20 लाख रुपए के उनके आधार मूल्य पर खरीदा था लेकिन उन्हें खेलने के अधिक मौके नहीं मिले। पटेल ने आनलाइन प्रेस कांफ्रेंस के दौरान कहा, 2018 आईपीएल में काफी लोगों ने रुचि नहीं दिखाई और इससे मैं मायूस हो गया, मैंने इसे अपमान के रूप में लिया क्योंकि मैं ऐसा खिलाड़ी बनना चाहता था जो मैच विजेता हो और उसकी काफी मांग हो। उन्होंने कहा कि इसके बाद मैंने महसूस किया कि अगर मैं अपनी बल्लेबाजी पर काम करूं और लोग मेरी बल्लेबाजी पर भरोसा करने लगे तो मैं प्रभावी खिलाड़ी बन सकता हूं। मैंने बल्लेबाजी में हमेशा अच्छा किया है लेकिन कभी इस पर अधिक ध्यान नहीं लगाया। पटेल ने मुंबई इंडियन्स के खिलाफ पिछले शुक्रवार को आईपीएल में पहले मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ डेथ ओवरों में शानदार गेंदबाजी करते हुए पांच विकेट चटकाए जिसकी बदौलत उनकी टीम दो विकेट से जीत दर्ज करने में सफल रही।

## अगली बार सैमसन हमें जीत दिलाएगा: सांगा

**मुंबई।** राजस्थान रॉयल्स टीम के निदेशक कुमार संगकारा ने पंजाब किंग्स के खिलाफ आईपीएल मैच में आखिरी गेंद पर स्ट्राइक अपने पास रखने के संजू सैमसन के फैसले का बचाव करते हुए कहा कि उसे जिम्मेदारी लेते देखना अच्छा लगा। कप्तान सैमसन ने 63 गेंद में 12 चौकों और सात छक्कों की मदद से 119 रन बनाए लेकिन आखिरी गेंद पर अर्शदीप सिंह को छक्का लगाने के प्रयास में आउट हो गए। पंजाब ने यह मैच चार रन से जीता। रॉयल्स को आखिरी दो गेंद में पांच रन चाहिए थे लेकिन पांचवीं गेंद पर सैमसन ने रन लेने से इनकार करके क्रिस मौरिस को वापिस भेज दिया। संगकारा ने वर्चुअल प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि संजू को भरोसा था कि वह टीम को जीत तक ले जाएगा और वह करीब करीब ले भी गया। आखिरी गेंद पर वह पांच या छह रन पीछे रह गया वरना वह छक्का ही होता। उन्होंने कहा कि संजू को ऐसा करते देखकर अच्छा लगा। आप एक रन से चूकने की बात कर सकते हैं लेकिन मेरे लिए अहम बात खिलाड़ी का खुद पर भरोसा और प्रतिबद्धता है।

# जीत की लय बनाए रखने उतरेगी रायल चैलेंज बेंगलौर

### सनराइजर्स हैदराबाद के साथ मुकाबला आज

भाषा। चेन्नई



**जीत** के साथ आगाज करने वाली विराट कोहली की रॉयल चैलेंजर्स बेंगलौर का इरादा इंडियन प्रीमियर लीग में बुधवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ इस लय को कायम रखने का होगा। आरसीबी ने पांच बार की गत चैम्पियन मुंबई इंडियंस को हराकर अपने अभियान का आगाज किया। वहीं डेविड वार्नर की कप्तानी वाली सनराइजर्स को पहले मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स ने मात दी।

पहले मैच में शानदार प्रदर्शन के बाद आरसीबी की बल्लेबाजी प्रतिभाशाली देवदत्त पडीक्कल की वापसी से और मजबूत होगी। पडीक्कल कोरोना संक्रमण से उबर चुके हैं और अब खेलने के लिए पूरी तरह से फिट है। वह 22 मार्च को कोरोना संक्रमण की चपेट में आए थे और पृथकवास पर थे। पडीक्कल बुधवार को नहीं भी खेल पाते हैं तो आरसीबी के लिए कोहली और वाशिंगटन सुंदर पारी की शुरूआत करेंगे। आरसीबी आने वाले मैचों में मोहम्मद अजहरूद्दीन और आस्ट्रेलियाई लेग स्पिनर एडम जाम्पा को उतार सकता है। आरसीबी के लिए बल्लेबाजी का दारोमदार एबी डिविलियर्स और कोहली पर होगा जबकि आस्ट्रेलियाई हरफनमौला ग्लेन मैक्सवेल भी अपनी उपयोगिता साबित करना चाहेंगे। पहले मैच में वह सहज दिखे और कप्तान कोहली समेत टीम प्रबंधन का उन्हें समर्थन हासिल है।


कर्नाटक के 20 वर्ष के खब्बू बल्लेबाज पडीक्कल ने पिछले सत्र में 15 मैचों में टीम के लिए सर्वाधिक 473 रन बनाए थे। अपने पहले ही सत्र में उन्होंने पांच अर्धशतक जड़े थे। इसके बाद सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में छह मैचों में 218 और विजय हजारे ट्रॉफी में सात मैचों में 737 रन बनाए। पहले मैच में नाकाम रहने के बाद रजत पाटीदार और सुंदर सनराइजर्स के खिलाफ योगदान देना चाहेंगे। मुंबई के खिलाफ मैच में आरसीबी के सभी गेंदबाज किफायती साबित हुए। हर्षल पटेल ने 27 रन देकर पांच विकेट लिए और वह इस प्रदर्शन को दोहराना चाहेंगे। दूसरी ओर सनराइजर्स के दोनों सलामी बल्लेबाज रिधिमान साहा और वॉर्नर केकेआर के खिलाफ नाकाम रहे। वे लय में लौटने की कोशिश करेंगे। सनराइजर्स वॉर्नर के साथ पारी की शुरूआत के लिए जॉनी बेयरस्टो को भी उतार सकते हैं। बेयरस्टो ने पहले मैच में अर्धशतक जमाया जबकि मनीष पांडे ने 44 गेंद में 61 रन का योगदान दिया।

केन विलियमसन का इस मैच में भी खेलना संभव नहीं है क्योंकि कोच ट्रेवर बेलिस ने कहा कि उन्हें पूरी तरह फिट होने में समय लगेगा। भुवनेश्वर कुमार ने केकेआर के खिलाफ काफी रन दिए लेकिन वह ज्यादा समय खराब फॉर्म में रहने वाले गेंदबाजों में से नहीं हैं।

# दर्शकों के बिना होगा इंडिया ओपन मारिन और मोमोता बड़े सितारों में

### टूर्नामेंट 11 मई

संवाददाता। नई दिल्ली



**ओलंपिक** चैम्पियन कैरोलिना मारिन और दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी केंतो मोमोता यहां 11 से 16 मई तक होने वाले इंडिया ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट में भाग लेंगे जो कोरोना महामारी के कारण दर्शकों के बिना खेला जाएगा।

चार लाख डॉलर ईनामी राशि का यह टूर्नामेंट तोक्यो ओलंपिक के आखिरी क्वालीफिकेशन टूर्नामेंटों में से है। इसमें चीन समेत 33 राष्ट्रीय संघों के 228 खिलाड़ी भाग लेंगे। भारतीय बैडमिंटन संघ ने हालांकि कहा है कि देश में कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों को देखते हुए यह टूर्नामेंट जैविक रूप से सुरक्षित माहौल में खेला जाएगा जिसमें दर्शकों और मीडिया को प्रवेश की अनुमति नहीं रहेगी। बाइ ने एक विज्ञप्ति में कहा, दक्षिण अफ्रीका, ब्राजील, मध्य पूर्व और यूरोपीय देशों से आने वाले सभी खिलाड़ी और अधिकारी सात दिन पृथकवास में रहेंगे। उन्हें तीन मई को दिल्ली पहुंचना होगा। बाकी देशों से खिलाड़ी और अधिकारी छह मई को आकर चार दिन के पृथकवास में रह सकते हैं। कोर्ट पर तीन बार की विश्व चैम्पियन मारिन महिला एकल वर्ग में प्रबल दावेदार होंगी। इसमें अकाने यामागुची, पी वी सिंधु, कोरिया की अन से यंग और थाईलैंड की पोर्नपावी चोचुवोंग भी भाग लेंगी। भारत के 48 खिलाड़ी (27 महिला 21 पुरुष) टूर्नामेंट खेलेंगे जबकि मलेशिया का 26 सदस्यीय दल इसमें भाग लेगा। चीन के भी 10 खिलाड़ी इसमें भाग ले रहे हैं। पुरुष वर्ग में दो बार के विश्व चैम्पियन मोमोता, गत चैम्पियन विक्टर एक्सलसन, एंडर्स एंटोंसेन, आल इंग्लैंड चैम्पियन ली जिया ली इसमें खेलेंगे। भारतीय दल में दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी किदाम्बी श्रीकांत, बी साइ प्रणीत, एचएस प्रणय और पारुपल्ली कश्यप शामिल होंगे। पुरुष युगल में दुनिया की दसवें नंबर की जोड़ी चिराग शेट्टी और सात्विक साइराज रंकिरेड्डी चुनौती पेश करेंगे जबकि महिला युगल में एन सिक्की रेड्डी और अश्विनी पोनप्पा पर दारोमदार होगा। पोनप्पा और सात्विक मिश्रित युगल में भी साथ खेलेंगे। टूर्नामेंट से नाम वापिस लेने की आखिरी तारीख 19 अप्रैल है जबकि 20 अप्रैल को ड्रॉ निकाले जाएंगे। दिल्ली सरकार तीन और छह मई को आगमन पर आरटी पीसीआर टेस्ट करेगी जो नौ और 14 मई को फिर किए जाएंगे।

# भुवनेश्वर बने आईसीसी के महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी



**दुबई।** भारत के अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार को इंग्लैंड के खिलाफ मार्च में सीमित ओवरों की श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन के लिए आईसीसी महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। भुवनेश्वर ने तीन वनडे में 4.65 की औसत से छह विकेट लिए जबकि पांच टी20 में 6.38 की औसत से चार विकेट चटकाए। उन्होंने आईसीसी द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा कि लंबे और दर्दनाक ब्रेक के बाद भारत के लिए फिर खेलने की खुशी थी। मैंने इस दौरान अपनी फिटनेस और तकनीक पर काफी काम किया। भारत के लिए फिर विकेट लेकर अच्छा लग रहा है। भुवनेश्वर यह पुरस्कार पाने वाले लगातार तीसरे भारतीय क्रिकेटर बन गए। जनवरी में पहला पुरस्कार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को मिला था जबकि फरवरी में आफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने पुरस्कार जीता था। भुवनेश्वर के अलावा अफगानिस्तान के लेग स्पिनर राशिद खान और जिम्बाब्वे के सीन विलियम्स भी दौड़ में थे।

## विलियमसन को चौथी बार रिचर्ड हैडली पदक

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन को मंगलवार को देश के वार्षिक क्रिकेट पुरस्कारों में सभी प्रारूपों में अच्छे प्रदर्शन के लिए छह साल में चौथी बार प्रतिष्ठित सर रिचर्ड हैडली पदक के लिए चुना गया और साथ ही वह साल के सर्वश्रेष्ठ टेस्ट क्रिकेटर भी बने। डेवोन कॉनवाय को अपने पहले ही अंतराष्ट्रीय सत्र में साल का सर्वश्रेष्ठ पुरुष एकदिवसीय और टी-20 अंतराष्ट्रीय क्रिकेटर चुना गया। कोविड-19 महामारी के कारण लगातार दूसरे साल इन पुरस्कारों का आयोजन आनलाइन किया गया। आईसीसी के नंबर एक टेस्ट बल्लेबाज विलियमसन ने घरेलू सत्र में शानदार प्रदर्शन की बदौलत रेडपाथ कप के साथ दो पुरस्कार अपने नाम किए।

# हैमस्ट्रिंग के बाद शरीर की काफी देखभाल की जरूरत: रोहित

संवाददाता। चेन्नई

**मुंबई** इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा है कि पिछले आईपीएल के दौरान लगी हैमस्ट्रिंग चोट के बाद से उनके शरीर को काफी रख रखाव की जरूरत है ताकि वह पूरी तरह से फिट रहें। रोहित पिछले साल आईपीएल के कुछ मैचों और आस्ट्रेलिया दौरे के शुरूआती हिस्से से बाहर रहे थे।

उन्होंने मुंबई इंडियंस द्वारा ट्विटर पर डाले गए वीडियो कैप्टंस कॉर्नर में कहा कि पिछले तीन चार महीने से यही कर रहा हूं। मैं पिछले आईपीएल में चोटिल हुआ था लिहाजा अपने शरीर के निचले हिस्से के काफी रख रखाव की जरूरत है। पहले मैच में मुंबई इंडियंस की हार के बाद खिलाड़ियों द्वारा की जा रही मेहनत के बारे में रोहित ने कहा कि हमें इस पर गर्व है।

हम फिटनेस पर काफी मेहनत करते हैं। चाहे मैच हारे या जीते लेकिन तैयारी अहम है। उन्होंने कहा कि कल का मैच खेलने वाले कुछ तेज गेंदबाज फिटनेस अभ्यास के लिए आए। यह हमेशा अच्छा रहता है और हमें इस पर गर्व है। हम अतिरिक्त प्रयास करते हैं और यही वजह है कि हमें नतीजे मिलते हैं। रोहित ने टीम के आपसी तालमेल के बारे में कहा कि हम समूह के रूप में ही चीजें करते हैं। बाहर जाना हो, मैच खेलना हो, फिटनेस अभ्यास या बैठकें। हम हमेशा कोशिश करते हैं कि समूह के रूप में करें। खेल के बारे में काफी बातचीत होती है और यह तालमेल बना रहता है। उन्होंने कहा कि हर साल नए चेहरे और स्टाफ टीम में आता है और हम चाहते हैं कि सभी मुंबई इंडियंस की संस्कृति में ढल सकें। आपसी एकजुटता होना जरूरी है। अब तक 200 आईपीएल मैच खेल चुके रोहित ने कहा कि यह अच्छा रिकॉर्ड है। उम्मीद है कि आगे 200 और खेल सकूंगा। मुंबई इंडियंस को अब मंगलवार को कोलकाता नाइट राइडर्स से खेलना है।

## इससे बेहतर नहीं कर सकता था: सैमसन

**मुंबई।** संजू सैमसन के शतक के बावजूद राजस्थान रॉयल्स को इंडियन प्रीमियर लीग में सोमवार को यहां पंजाब किंग्स के खिलाफ बड़े स्कोर वाले मैच में चार रन से हार का सामना करना पड़ा जिसके बाद टीम के इस कप्तान ने कहा कि वह रॉयल्स को जीत दिलाना पसंद करते लेकिन इससे बेहतर कुछ नहीं कर सकते थे। पंजाब किंग्स ने कप्तान लोकेश राहुल के 50 गेंद में पांच छक्कों और सात चौकों की मदद से 91 रन और दीपक हुड्डा (28 गेंद में 64 रन, छह छक्के, चार चौके) के साथ उनकी तीसरे विकेट के लिए 105 रन की तेजतार साझेदारी की बदौलत छह विकेट पर 221 रन बनाए। इसके जवाब में राजस्थान रॉयल्स की टीम आईपीएल कप्तानी पदार्पण में शतक बनाने वाले पहले बल्लेबाज बने संजू सैमसन (119 रन, 63 गेंद, 12 चौके, सात छक्के) के ताबड़तोड़ शतक के बावजूद सात विकेट पर 217 रन ही बना सकी।

## आईपीएल टीमों के लिए कोरोना परीक्षण की जिम्मेदारी न्युबर्ग डायग्नोस्टिक्स को

भाषा। नई दिल्ली

13 अप्रैल (भाषा) भारत की चौथी सबसे बड़ी पैथोलॉजी कंपनी न्युबर्ग डायग्नोस्टिक्स इंडियन प्रीमियर लीग की सभी टीमों के सदस्यों का कोविड-19 आरटी-पीसीआर परीक्षण कर रहा है। दिशा निर्देशों के अनुसार सभी खिलाड़ियों, प्रबंधन टीम, प्रसारण दल, राज्य और केंद्रीय क्रिकेट समिति के सदस्य, मैदानकर्मियों, होटल स्टाफ और इवेंट मैनेजमेंट टीम का परीक्षण किया जा रहा है। परीक्षण विभिन्न होटलों में हो रहे हैं जहां टीमों को बायो बबल में रखा गया है। नियमित अंतराल पर अन्य स्टाफ सदस्यों के लिए स्टेडियम में परीक्षण किया जा रहा है।

टीमों की स्क्रीनिंग मुंबई और चेन्नई में शुरू हो चुकी है, जहां शुरूआती मैच खेले जा रहे हैं। इससे पहले न्युबर्ग डायग्नोस्टिक्स ने चेन्नई में भी आईपीएल की नीलामी के दौरान स्क्रीनिंग की थी।

# भारतीय महिला क्रिकेट टीम इंग्लैंड में खेलेगी एक टेस्ट

भाषा। लंदन

**भारतीय** महिला क्रिकेट टीम जून-जुलाई में इंग्लैंड दौरे के दौरान ब्रिस्टल में एक टेस्ट मैच खेलने के अलावा तीन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय और इतने ही टी-20 अंतराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला खेलेगी। टेस्ट मैच ब्रिस्टल काउंटी ग्राउंड में 16-19 जून तक खेला जाएगा और इसके साथ इंग्लैंड की टीम के गर्मियों के सत्र की शुरुआत होगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने इसी साल महिला टीम के टेस्ट मैच की पुष्टि की थी लेकिन मेजबान बोर्ड ने इसकी तारीख और स्थल की घोषणा मंगलवार को की। भारतीय महिला टीम 2014 के बाद पहली टेस्ट क्रिकेट खेलेगी जबकि इंग्लैंड ने पिछला टेस्ट 2019 में एशेज श्रृंखला के दौरान खेला था।

एकमात्र टेस्ट के बाद तीन एकदिवसीय और तीन टी20 अंतराष्ट्रीय मैच खेले जाएंगे। दौरे का अंत 15 जुलाई को चेम्सफोर्ड में होगा। घरेलू कार्यक्रम की घोषणा के बाद इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी टॉम हैरिसन ने कहा कि हम गर्मियों के व्यस्त सत्र को लेकर उत्सुक हैं, यह इंग्लैंड की महिला टीम के लिए महत्वपूर्ण साल होगा और हम भारत तथा न्यूजीलैंड की मेजबानी को लेकर उत्सुक हैं। उन्होंने कहा कि दो अंतराष्ट्रीय श्रृंखलाओं के बीच में द हंड्रेड टूर्नामेंट खेला जाएगा जबकि गर्मियों में राशेल हेहोई फ्लिंट ट्रॉफी और नए क्षेत्रीय टी-20 टूर्नामेंट का भी आयोजन होगा। हैरिसन ने कहा कि 2022 आईसीसी महिला विश्व कप के करीब होने के कारण यह बेहद महत्वपूर्ण है कि इंग्लैंड टीम इसके लिए अच्छी तैयारी कर पाए। टीम को अक्टूबर में पाकिस्तान का दौरा भी करना है।

# मौजूदा दौर के क्रिकेटर अनुभव के साथ बेखौफ हो रहेः सौरव गांगुली



संवाददाता। कोलकाता

**भारतीय** क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली का मानना है कि जीवन के विभिन्न पहलुओं से मिला अनुभव ऋषभ पंत और हार्दिक पांड्या जैसे मौजूदा दौर के क्रिकेटरों को निडर बना रहा है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष ने कहा कि ऐसे कई खिलाड़ी हैं जो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में आने से पहले ही पूरी तरह तैयार दिखे और ऐसा अनुभव के साथ होता है।

गांगुली ने एक कार्यक्रम में कहा कि मुझे लगता है कि मौजूदा दौर के खिलाड़ियों को अधिक मौके मिल रहे हैं। यह उन्हें निडर बनने में मदद करता है, क्योंकि इससे उन्हें एहसास होता है कि चीजें उनके पास उपलब्ध हैं। अगर वे प्रयास करते हैं और सफल होने के लिए जुझारूपन दिखाते हैं तो वे सफल होंगे। इसलिए वे बेखौफ हैं। गांगुली ने इसके बाद ऋषभ पंत और हार्दिक पंड्या जैसे खिलाड़ियों का उदाहरण देकर समझाया। उन्होंने कहा कि आप इस वर्तमान भारतीय क्रिकेट टीम को ही देखिए। ऋषभ पंत, हार्दिक पांड्या और कुछ युवा तेज गेंदबाज जो इस स्तर पर आए हैं, वे अंतरराष्ट्रीय मैच में उतरने के साथ ही उसकी चुनौती के लिए तैयार रहते हैं। बाएं हाथ के इस पूर्व बल्लेबाज ने कहा, वे सिर्फ प्रतिभा के मामले में ही नहीं बल्कि मानसिक तौर पर भी तैयार रहते हैं जो काफी जरूरी है। देश के सर्वश्रेष्ठ कप्तानों में से एक रहे गांगुली ने कहा कि खिलाड़ी के लिए कई बार नर्वस (परिस्थितियों से परेशान होना) होना अच्छा है क्योंकि इससे वह बेहतर क्रिकेटर बनकर उभरता है।

## ईरान के परमाणु संवर्द्धन केंद्र पर हमले से वियना वार्ता संकट में पड़ेगी: विदेश मंत्री

एपी। दुबई

**ईरान** के विदेश मंत्री जवाद जरीफ ने चेतावनी दी कि नातान्ज में देश के मुख्य परमाणु संवर्द्धन केंद्र पर हुए हमले से वियना में विश्व के शक्तिशाली देशों के साथ उसके परमाणु समझौते को लेकर चल रही वार्ता संकट में पड़ सकती है। जरीफ की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब अमेरिका ने इस बात पर जोर दिया कि नातान्ज परमाणु संवर्द्धन केंद्र में रविवार को हुई घटना से उसका कोई लेना-देना नहीं है। वहीं, इजराइल ने भी इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन व्यापक स्तर पर यह माना जा रहा है कि उसने सेंट्रीफ्यूज को नुकसान पहुंचाने वाले इस हमले को अंजाम दिया। जरीफ ने तेहरान में कहा कि अमेरिकियों को जानना चाहिए कि ना तो प्रतिबंध ना ही नुकसान पहुंचाने वाली गतिविधियां उनके लिए वार्ता की गुंजाइश बनाएंगी। उन्हें जानना चाहिए कि ए हरकतें उनके लिए हालात को सिर्फ मुश्किल ही बनाएंगी। खबरों में ईरान से वियना वार्ता से बाहर निकलने, सभी परमाणु प्रतिबद्धताएं स्थगित करने, इजराइल के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करने और नुकसान पहुंचाने वाली गतिविधि के पीछे मौजूद घरेलू नेटवर्क की पहचान करने का अनुरोध किया है।

# अमेरिका ने राणा के प्रत्यर्पण संबंधी भारत के अनुरोध को लेकर समर्थन दोहराया

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका** के राष्ट्रपति जो बाइडन के नेतृत्व वाले अमेरिकी प्रशासन ने देश की एक अदालत के समक्ष ताजा अभिवेदन में पाकिस्तानी मूल के कनाडाई कारोबारी तहव्वुर राणा को मुंबई में 2008 में हुए आतंकवादी हमलों के मामले में प्रत्यर्पित किए जाने के भारत के अनुरोध को लेकर अपना समर्थन दोहराया है।

अमेरिकी सरकार के सहायक अटॉर्नी जॉन जे लुलेजियान ने इस मामले में लॉस एंजिलिस में अमेरिका डिस्ट्रिक्ट कोर्ट की जज जैकलीन चुलजियान को सोमवार को पत्र के माध्यम से जानकारी दी। जज ने मामले की सुनवाई के लिए 24 जून की तारीख तय की है। लुलेजियान ने पत्र और उसके साथ सौंपे दस्तावेज में प्रत्यर्पण के प्रमाणन संबंधी अनुरोध के पक्ष में अमेरिका के जवाब के समर्थन में घोषणा की। लुलेजियान ने दोहराया कि 59 वर्षीय राणा का भारत में प्रत्यर्पण भारत और अमेरिका के बीच हुई प्रत्यर्पण संधि के अनुरूप है। भारत-अमेरिका प्रत्यर्पण संधि के मुताबिक, भारत सरकार ने राणा के औपचारिक प्रत्यर्पण का अनुरोध किया है और अमेरिका ने प्रत्यर्पण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। अमेरिका सरकार ने दलील दी है कि भारत प्रत्यर्पण के लिए राणा सभी मापदंडों को पूरा करता है।

लुलेजियान ने कहा कि अमेरिका राणा को भारत प्रत्यर्पित करने के लिए प्रमाणन का अनुरोध करता है। उन्होंने कहा, प्रत्यर्पण अनुरोध में संभावित कारण स्थापित करने के लिए पर्याप्त सबूत हैं और राणा ने भारत के अनुरोध को काटने के लिए कोई सबूत नहीं दिया है।

## कोविड-19 महामारी के दौरान यौन हिंसा में बढ़ोतरी हुई

**संयुक्त राष्ट्र।** कोविड-19 महामारी के कारण पिछले वर्ष लिंग आधारित हिंसा में बढ़ोतरी देखी गई और कई देशों में यौन हिंसा को युद्ध की क्रूर युक्ति एवं राजनीतिक दमन के तौर पर इस्तेमाल किया गया। यह बात सोमवार को संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने एक रिपोर्ट जारी कर कही।

रिपोर्ट में 18 देशों का जिक्र है जहां के बारे में संयुक्त राष्ट्र का कहना है कि उसे सत्यापित सूचना प्राप्त हुई। इसमें 52 पक्षों का जिक्र है जिन पर हिंसाग्रस्त क्षेत्रों में बलात्कार या यौन हिंसा के अन्य प्रारूप का इस्तेमाल करने का ठोस संदेह है। इसमें कहा गया है कि 70 फीसदी से अधिक सूचीबद्ध पक्ष सतत षड्यंत्रकारी हैं।

# आशा की एक झलक

**अभिषेक कुमार कहते हैं कि उन्नत कृत्रिम मेधा यानी उन्नत एआई-संचालित निगरानी प्रणालियों का जब कुशलता से उपयोग किया जाए तो उसमें समाज में सुरक्षा वापस लाने की क्षमता होती है**





एक सुरक्षित शहर यकीनन एक आकर्षक और समृद्ध स्थल का संकेतक है, जहां सभी निवासी और आगंतुक शांति से रहते हैं, काम करते हैं और यात्रा करते हैं, यह जानते हुए कि वे सुरक्षित हैं। हालांकि यह अवधारणा स्वप्न जैसी प्रतीत होती है, मगर यह कुछ अत्याधुनिक निगरानी खिलाड़ियों के भविष्यवादी दृष्टिकोण के कारण लगातार विकसित हो रही है। ये खिलाड़ी वास्तविक समय, गतिशील और सकारात्मक एआई आधारित वीडियो निगरानी प्रणाली बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। यह हमें उत्पादक होने के दौरान सुरक्षित महसूस करते हुए धीरे धीरे उस सपने के करीब लाता है। ऐसे कई तरीके हैं जिनसे ये प्रणालियाँ हमारे जीवन में बदलाव ला सकती हैं लेकिन निम्नलिखित कुछ प्रमुख क्षेत्र हैं जहाँ निगरानी प्रणाली वास्तव में एक खेल-परिवर्तक हो सकती है, विशेष रूप से भारत में।

## निवासियों की सुरक्षा

हाल के समय तक, जब भी हम सुरक्षा के बारे में सोचते थे, तो हमारा दिमाग किसी पुलिस चौकी या बिल्डिंग के प्रवेश द्वार पर खड़े किसी व्यक्ति पर चला जाता था। इस संबंध में, मानवीय त्रुटियों, चूक और लापरवाही के लिए कभी-कभी फंस जाना असंभव नहीं है। यह परिदृश्य कवच में एक झंकार पैदा करता है, है न? हमें अपने हमवतनों पर भरोसा है, लेकिन उन पर पूरी तरह निर्भर रहना नासमझी हो सकती है। हमें उनके समर्थन के लिए तकनीकी हस्तक्षेप की आवश्यकता है। इसलिए, एक स्वचालित निगरानी प्रणाली सक्रिय भूमिका में आती है।

सही निगरानी प्रणाली एक आवासीय क्षेत्र में आगंतुकों की निगरानी कर सकती है ताकि किसी के भी प्रवेश करने और निकल कर जाने का स्पष्ट रिकॉर्ड हो। यह लोगों पर पैनी नजर रख सकता है, यह सुनिश्चित करने के लिए कि वे सुरक्षित हैं। और यह सेंधमारी, चोरी और हिंसा जैसी अन्य प्रमुख घटनाओं का भी पता लगा सकता है। इस तरह की प्रणालियां तत्काल सुरक्षा कर्मियों के साथ सजगता बढ़ाती है, जिससे फिर त्वरित प्रतिक्रिया होती है।

## विचाराधीनों की व्यक्तिगत स्वतंत्रता सुनिश्चित करना

हम जानते हैं कि दोषी साबित होने तक व्यक्ति निर्दोष माना जाता है। इसलिए, एक अच्छी मिसाल कायम करने के लिए, हमें अपने पुलिस स्टेशनों और अदालतों के संभव हद तक डिजिटलीकरण के साथ शुरूआत करनी चाहिए। तूतीकोरिन पुलिस स्टेशन में पुलिस कर्मियों द्वारा एक पिता और पुत्र की अत्यधिक चर्चित हत्या, इन निगरानी प्रणालियों की आवश्यकता पर प्रकाश डालती है। एनसीआरबी के आंकड़ों में कहा गया है कि 2001 और 2018 के बीच 1,700 से अधिक हिरासत में मौतें हुईं। 2014 और 2018 के बीच 452 हिरासत में मौतें हुईं, जिसमें कोई भी पुलिस अधिकारी जिम्मेदार नहीं पाया गया। निगरानी प्रणालियां पूरे भारत में हर जगह हैं और उन्हें हमारी अदालतों व पुलिस स्टेशनों में तैनात करने से हमारे संस्थानों में लोगों का अधिक विश्वास होगा। साथ ही, आदर्श रूप से, वीडियो फुटेज को स्थानीय रूप से संग्रहीत नहीं किया जाना चाहिए और उन्हें सीधे पुलिस मुख्यालय में भेज दिया जाएगा ताकि छेड़छाड़ को रोका जा सके।

## महिला सुरक्षा

महिलाओं की सुरक्षा सिर्फ एक प्राथमिकता नहीं बल्कि उससे बढ़कर होनी चाहिए। 2017 में एक रौंगटे खड़े करने वाली घटना का पुन: उल्लेख करते हैं, जहां पुणे इंफोसिस के परिसर में सुरक्षा गार्ड द्वारा एक 25 वर्षीय महिला के साथ बलात्कार किया गया था और उसके कार्यालय में गला घोटकर उसकी हत्या कर दी गई थी – जो उस भयानक खतरे को प्रदर्शित करता है जिसका महिलाएं रोजाना सामना करती हैं। इस मामले में, अपराधी पकड़ा गया लेकिन उन अन्य लोगों के बारे में क्या है जो ऐसे अपराध करके साफ बच निकलते हैं? क्या हमें ऐसी भयानक घटनाओं को बार-बार दोहराने से रोकना नहीं चाहिए? बेंगलुरु सिटी ने घोषणा की है कि यह महिलाओं की सुरक्षा के लिए 16,000 सीसीटीवी कैमरे स्थापित करेगा, लेकिन कार्यस्थलों को भी नियम का पालन करने की आवश्यकता है। उन्हें कार्यस्थल में महिलाओं के लिए सुरक्षा उपायों को बढ़ाने की आवश्यकता है ताकि वे उस निरंतर भय से मुक्त होकर अपने सपनों को पूरा कर सकें जो लगातार उन्हें डराता रहता है।

## यातायात प्रबंधन

नवीनतम निगरानी तकनीक के कारण यातायात निगरानी और प्रबंधन एक नए स्तर पर पहुंच गए हैं। यात्री काम करने के लिए बाहर निकलने से पहले नवीनतम ट्रैफिक रिपोर्ट प्राप्त करने हेतु अब समाचारों पर नजर डाल सकते हैं। व्यस्त सड़कों, ट्रैफिक सिग्नलों और व्यस्त चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। कैमरों का उपयोग ट्रैफिक की निगरानी, पैटर्न डेटा की रिकॉर्डिंग, ट्रैफिक के समग्र अवलोकन और चालान जारी करने के लिए किया जाता है। हालांकि, यह बुनियादी ढांचा काफी हद तक महानगरीय शहरों तक ही सीमित है।

भारत में दुर्घटना से मृत्यु और चोरी की दर सबसे ज्यादा है। छोटे शहरों में ट्रैफिक कैमरे लगाकर ड्राइवरों से सावधानी बरतने और नियमोल्लंघनों को हतोत्साहित करने के लिए आग्रह किया जाएगा। परिवहन अधिकारी सड़क बंद होने या दुर्घटनाओं के मामले में वाहन के प्रवाह की निगरानी के लिए भी उनका उपयोग कर सकते हैं। वे केवल अपराधी की नंबर प्लेट की जानकारी लेकर होने वाले उल्लंघनों के लिए स्वचालित टिकट जारी करके ऐसा करते हैं।


## आतंकवाद को रोकने के लिए

अफसोस की बात है कि भारत आतंकवाद से अंजान नहीं है। अतीत में हमारे देश में कई हमले हुए हैं और हमने हाल ही में 2008 में कुख्यात मुंबई हमलों की 12वीं वर्षगांठ मनाई है, जहां 171 लोगों ने अपनी जान गंवाई और 239 घायल हुए। इन भयावह उदाहरणों ने हमारे सामने उच्च तकनीक निगरानी की आवश्यकता प्रदर्शित की है। नवीनतम तकनीक के साथ, आधुनिक निगरानी प्रणाली चेहरे की पहचान जैसी सुविधाओं से लैस हैं। इसे ज्ञात अपराधियों व संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान करने हेतु सरकार और पुलिस रिकॉर्ड से जोड़ा जा सकता है। जब इसे शहरों के आसपास विभिन्न स्थलों पर स्थापित किया जाता है, तो यह वांछित व्यक्ति की पहचान कर सकता है या लोगों में व्यापक स्तर पर हड़कंप पैदा किए बिना खतरे के बारे में अधिकारियों को सूचित कर सकता है।

उपर्युक्त बिंदुओं के अध्ययन के बाद, यह देखना सरल हो जाता है कि निगरानी अब एक विकल्प नहीं है, बल्कि आज की दुनिया में एक आवश्यकता है। ताकि हमारे बच्चे सुरक्षित रूप से बाहर खेल सकें, महिलाएं स्वतंत्र रूप से आ-जा सकें या अकेले अपने कार्यालय में बैठ सकें, और उनके पास आने वाले वही लोग हों जो मदद की पेशकश करना चाहते हैं। उन्नत कृत्रिम मेधा या एआई-चालित निगरानी प्रणालियां हमें आशा की एक झलक देती है। और जब इसका कुशलता से उपयोग किया जाता है, तो वे समाज में सुरक्षा वापस लाने की क्षमता रखती हैं।

**(लेखक ऑनकैम के क्षेत्रीय निदेशक हैं।)**

# सोनू सूद को पंजाब के कोरोना वायरस टीकाकरण कार्यक्रम के लिए ब्रांड एंबेसडर बनाया गया



**चंडीगढ़।** अभिनेता सोनू सूद को पंजाब के कोरोना वायरस टीकाकरण कार्यक्रम के लिए ब्रांड एंबेसडर बनाया गया है। सूद ने पिछले साल कोरोना वायरस संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए लगाए गए लॉकडाउन के दौरान प्रवासियों को उनके गृह राज्यों में पहुंचाने में मदद की थी। अभिनेता ने कोविड-19 महामारी के बीच हजारों जरूरतमंद लोगों को भोजन भी उपलब्ध कराया था। पंजाब के मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने अभिनेता से अपने आवास पर मुलाकात करने के एक दिन बाद रविवार को यह घोषणा की। मुख्यमंत्री ने ट्वीट किया, मुझे इस बात को साझा करने में खुशी हो रही है कि सोनू सूद हमारे कोविड-19 टीकाकरण अभियान के ब्रांड एंबेसडर होंगे। मैं हमारे अभियान को हर पंजाबी तक पहुंचाने और सभी को जल्द से जल्द टीकाकरण करवाने की अपील करने के लिए उन्हें धन्यवाद देता हूं। सिंह ने कहा कि टीका लगवाने लिए लोगों को प्रेरित करने के लिए उनसे (सूद) बेहतर कोई और आदर्श नहीं है। उन्होंने कहा, पंजाब में लोगों के बीच बहुत झिझक है। उनके बीच सोनू की लोकप्रियता और पिछले साल महामारी के बाद से हजारों प्रवासियों को उनके घरों तक पहुंचाने के बाद एक आदर्श के रूप में सामने आए सोनू की अपील से मदद मिलेगी। सूद ने कहा कि वह खुद को टीकाकरण कार्यक्रम के लिए ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किए जाने से खुश और सम्मानित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं अपने गृह राज्य के लोगों के जीवन की रक्षा के लिए पंजाब सरकार के इस अभियान में कोई भी भूमिका निभाने के लिए धन्य महसूस कर रहा हूं।



लंदन में बाफ्टा फिल्म समारोह में अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा और उनके पति निक जोनस

# अमेरिकी गायिका मैरी मिलबन ने हिंदू नववर्ष की बधाई दी

**वाशिंगटन।** लोकप्रिय अमेरिकी गायिका एवं अभिनेत्री मैरी मिलबन ने संस्कृत श्लोक पढ़कर भारत और अमेरिका समेत दुनियाभर में मौजूद भारतीयों को हिंदू नव वर्ष की बधाई दी। हिंदू कैलेंडर के अनुसार मंगलवार को नव वर्ष का पहला दिन है। भारत में विभिन्न राज्यों में उगादी, गुड़ी पड़वा और बैसाखी का त्योहार मनाया जा रहा है। मिलबन ने एक वीडियो में मंत्रोच्चार कर भारत और दुनियाभर में मौजूद भारतीय समुदाय को बधाई दी। मिलबन (39) ने वीडियो जारी करने के बाद कहा, मेरे प्यारे भारत और दुनियाभर में मौजूद भारतीय समुदाय के लोगों को नव वर्ष की बधाई। उन्होंने कहा, पिछले वर्ष दीपावली पर प्रस्तुति देने के बाद मैं भारत में पारंपरिक त्योहारों और धार्मिक रीति-रिवाजों के बारे में और जानना चाहती थी। भारतीय संस्कृति और भारत से मेरा संबंध मेरे अध्ययन और हिंदी सीखने से बढ़ा है। मिलबन ने पिछले साल ओम जय जगदीश हरे गाते हुए एक वीडियो जारी किया था और दीपावली की बधाई दी थी। जल्द ही उनका यह वीडियो चर्चा में आ गया था और 10 लाख से अधिक लोगों ने उसे देखा था। उन्होंने हिंदी और भारतीय संस्कृति के अपने शिक्षक डॉक्टर मोक्षराज का आभार व्यक्त किया था।



# अभिनेत्री तबस्सुम कोविड-19 से उबरीं, जल्द मिलेगी अस्पताल से छुट्टी

**मुंबई।** एक सप्ताह से अधिक समय पहले कोविड-19 से संक्रमित पाई गईं दिग्गज अभिनेत्री और टॉक शो की मेजबानी करने वाली तबस्सुम अब ठीक हो गई हैं। उनकी जांच रिपोर्ट निगेटिव आई है और उन्हें एक या दो दिन में अस्पताल से छुट्टी मिल जाएगी। उनके बेटे और अभिनेता-फिल्म निर्माता होशांग



गोविल ने यह जानकारी दी। 76 वर्षीय अभिनेत्री मार्च के अंत में अपने घर पर अपने डिजिटल शो 'तबस्सुम टॉकीज' की शूटिंग कर रही थीं, जिसके ठीक दो दिन बाद उन्हें कोरोना वायरस से संक्रमित पाया गया। होशांग ने पीटीआई-भाषा को बताया, उनका रक्तचाप थोड़ा अधिक था, इसलिए हमने उनकी कोविड-19 जांच करवाने का फैसला किया। तब यह पता चला कि वह संक्रमित हैं, लेकिन गंभीर रूप से प्रभावित नहीं हुईं। सुरक्षा के लिहाज से, हमने उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया। उन्होंने कहा, 'पिछले आठ-नौ दिनों से उनका अस्पताल में इलाज चल रहा था। कल, उनकी जांच रिपोर्ट निगेटिव आई है और शायद आज या कल उन्हें छुट्टी मिल जाएगी। तबस्सुम को दूरदर्शन के लंबे समय से चलने वाले शो 'फूल खिले हैं गुलशन गुलशन' की मेजबानी के लिए जाना जाता है।

# कोर्ट में यादगार अभिनय करने वाले वीरा साथीदार की कोविड-19 से मृत्यु



**नागपुर (महाराष्ट्र)।** अभिनेता-कार्यकर्ता वीरा साथीदार की कोविड-19 संबंधी समस्याओं के चलते मंगलवार को मृत्यु हो गई। उन्हें राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म कोर्ट में यादगार अभिनय के लिए जाना जाता है। साथीदार (62) को कोरोना वायरस से संक्रमित होने के बाद अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), नागपुर में भर्ती कराया गया था। अस्पताल के एक अधिकारी ने बताया कि अभिनेता को पिछले सप्ताह अस्पताल में भर्ती कराया गया था और मंगलवार तड़के तीन बजकर 42 मिनट पर उन्होंने अंतिम सांस ली। फिल्म कोर्ट का निर्देशन करने वाले चैतन्य तम्हाने के मुताबिक, अभिनेता को अस्पताल में वेंटिलेटर पर रखा गया था। तम्हाने ने बताया, वह वेंटिलेटर पर थे। यह काफी दुर्भाग्यपूर्ण खबर है। इस पर विश्वास करना मुश्किल है कि वह अब नहीं रहें। निर्देशक ने कहा, वह न सिर्फ अभिनेता, कार्यकर्ता और एक कवि थे, बल्कि एक बेहतरीन इंसान भी थे। कोर्ट 2016 में ऑस्कर पुरस्कारों के लिए भारत की ओर से आधिकारिक प्रविष्टि थी। इस फिल्म के अलावा उन्होंने दो और लघु फिल्मों में काम किया था।

# कोरोना मुक्त होने के लिए बप्पी लाहिरी ने भगवान को दिया धन्यवाद

**मुंबई।** संगीतकार एवं गायक बप्पी लाहिरी ने रविवार को बताया कि वह कोरोना वायरस के संक्रमण से मुक्त हो गए हैं तथा उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए 68 वर्षीय गायक ने यह जानकारी साझा की। वह चलते-चलते, डिस्को डांसर और शराबी समेत कई अन्य फिल्मों में संगीत देने के लिए जाने जाते हैं। लाहिरी ने अपनी एक तस्वीर के साथ लिखा, भगवान और अपने प्रिय लोगों के आशीर्वाद से मैं घर आ गया हूं। कोविड-19 से संक्रमित होने के बाद एहतियात के तौर पर संगीतकार को ब्रीच कैंडी अस्पताल में इस महीने की शुरुआत में भर्ती कराया गया था। पोस्ट में उन्होंने अस्पताल के कर्मियों और प्रशंसकों के प्रति आभार प्रकट किया। मुंबई में शनिवार को कोविड-19 के 9,330 नए मामले सामने आए और 28 लोगों की मौत हो गई। इसके साथ ही यहां कुल संक्रमितों की संख्या बढ़कर 5,10,512 हो गई और मृतकों की संख्या बढ़कर 11,944 हो गई।

# आर माधवन अब भी बरत रहे हैं सावधानी

**मुंबई।** अभिनेता आर माधवन ने रविवार को कहा कि वह कोरोना वायरस संक्रमण से उबर चुके हैं लेकिन अब भी अत्यधिक सावधानी बरत रहे हैं। अभिनेता ने ट्विटर पर कहा कि उनकी मां कोरोना वायरस से संक्रमित नहीं पाई गई हैं। माधवन (50) ने लिखा, फिक्र और दुआ करने के लिए आप सभी का शुक्रिया। अम्मा समेत घर पर सभी लोग एक बार फिर कोविड-19 से पीड़ित नहीं पाए गए। उन्होंने कहा, हालांकि हमने संक्रमण का चरण पूरा कर लिया है लेकिन फिर भी हम सभी अत्यधिक सावधानी, एहतियात बरत रहे हैं और घर पर भी सभी नियमों का पालन कर रहे हैं। ईश्वर की कृपा से हम सभी अब स्वस्थ हैं। माधवन ने 25 मार्च को ट्विटर पर खुद के कोविड-19 से पीड़ित होने की खबर दी थी। उनकी अगली फिल्म रॉकेट्री : द नाम्बी इफेक्ट होगी जो निर्देशक के तौर पर भी उनकी पहली फिल्म होगी।

